सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 6:03
अधिकतम तापमान : 26.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-259 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 28 फरवरी 2024
17 शाबान, 1445 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



# भाजपा ने जीती आठ सीटें




## राज्यसभा चुनाव

- सपा को मिली दो सीटें
- कर्नाटक में कांग्रेस को तीन, भाजपा को एक सीट, हिमाचल में भाजपा जीती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश की 15 सीटों पर मंगलवार को राज्यसभा चुनाव संपन्न हो गए। यूपी में राज्यसभा की 10 सीटों पर चुनाव हुए जिनमें 8 सीटों पर भाजपा और 2 सीटों पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों को जीत हासिल हुई हैं। इन सभी 10 सीटों के लिए 395 मतदाताओं ने मतदान किया है. राज्यसभा चुनाव के परिणाम देर शाम तक सामने आए।

राज्यसभा चुनाव में बीजेपी के सभी प्रत्याशियों सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह, चौधरी तेजवीर सिंह, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, संगीता बलवंत और आगरा के मेयर नवीन जैन की जीत हो गई है। वहीं समाजवादी पार्टी से जया बच्चन और पीडीए के उम्मीदवार रामजीलाल सुमन के भी राज्यसभा चुनाव में विजय हो गए हैं। कर्नाटक में राज्यसभा की 4 सीटों पर हुई वोटिंग में कांग्रेस के अजय माकन, नासिर हुसैन और जीसी चंद्रशेखर जीते। वहीं बीजेपी के नारायण बंदिगे ने जीत दर्ज की। हिमाचल प्रदेश की एक सीट पर भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन ने कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी को हराया है। दोनों को 34-34 वोट मिले थे। टॉस से विजेता का फैसला हुआ। वहीं सपा के तीसरे नंबर के प्रत्याशी पूर्व आईएएस अलोक रंजन हार गए हैं। बता दें, उत्तरप्रदेश में 10 राज्यसभा सीटों पर चुनाव हुए. इन 10 सीटों के लिए 399 मतदाताओं में से कुछ कुल 395 वोटरों ने वोट किया. पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति की पत्नी महाराजी देवी ने मतदान नहीं किया था।

### राज्यसभा चुनाव परिणाम से पहले सपा में मची भगदड़

वहीं इससे पहले यूपी की 10 राज्यसभा सीटों के लिए मंगलवार को जैसे ही मतदान शुरू हुआ समाजवादी पार्टी में भगदड़ मच गई। पार्टी के मुख्य सचेतक और ऊंचाहार से विधायक मनोज पांडेय ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके अलावा चार अन्य सपा विधायकों ने भी जय श्रीराम के उद्घोष के साथ क्रॉस वोटिंग कर डाली।



# टीपी चंद्रशेखरन हत्या मामले के सभी दोषियों को उम्रकैद

## फैसला

- 2012 में की गई थी हत्या
- चंद्रशेखरन की विधवा पत्नी ने दायर की थी अपील याचिका




**कोच्चि।** केरल से जुड़े 2012 के टीपी चंद्रशेखरन हत्या मामले में दोषी ठहराए गए सभी लोगों को हाईकोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है।

मामले की सुनवाई कर रही खंडपीठ ने कहा कि नौ दोषी तब तक किसी भी छूट के हकदार नहीं होंगे, जब तक कि वे 20 साल जेल में नहीं काट लेते। हाईकोर्ट ने सभी आरोपियों की सजा बरकरार रखी, जिन्हें हत्या के मामले में ट्रायल कोर्ट ने दोषी ठहराया था। गौरतलब है कि चार मई, 2012 को ओंचियाम में रिवोल्यूशनरी मार्क्सवादी पार्टी (आरएमपी) के नेता चंद्रशेखरन की हत्या से संबंधित मामले में दो अन्य आरोपियों को बरी करने के फैसले को भी रद्द कर दिया था और उन्हें आपराधिक साजिश के लिए दोषी ठहराया था। बता दें अदालत दोषियों द्वारा उनकी दोषसिद्धि और सजा को रद्द करने की मांग करने वाली कई अपीलों पर विचार कर रही थी। इस दौरानआरोपियों की सजा बढ़ाने की राज्य की अपील पर भी सुनवाई की। टी पी चन्द्रशेखरन की विधवा पत्नी केके रेमा द्वारा एक और अपील याचिका दायर की गई थी, जिसमें बरी किए गए अन्य आरोपी को दोषी ठहराने की मांग की गई थी।

# विपक्ष को अपने परिवार की है चिंताः पीएम मोदी

## निशाना

- 2024 में एक नया इतिहास रचने जा रहा है
- मेरे लिए तमिल भाषा और तमिल संस्कृति बहुत विशेष रही है



**तिरुपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी केरल यात्रा के बाद मंगलवार को एन मन एक मक्कल पदयात्रा के समापन समारोह में शामिल होने के लिए तमिलनाडु के तिरुपुर पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राज्य का कोंगु क्षेत्र कई मायनों में भारत की विकास गाथा का प्रतिनिधित्व करता है।

उन्होंने कहा कि 'कोंगु' क्षेत्र भारत के जीवंत कपड़ा और उद्योग केंद्रों में से एक है। उन्होंने कहा कि 2024 में आज तमिलनाडु की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, क्योंकि तमिलनाडु देश में विकास की राजनीति का, नई राजनीति का सबसे नया सेंटर बनने जा रहा है। 2024 में तमिलनाडु एक नया इतिहास रचने जा रहा है।

मोदी ने कहा कि आज इतनी बड़ी संख्या में लोगों की यहां उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि वे हमें आशीर्वाद देना चाहते हैं। मैं यहाँ केवल केसर का सागर देख सकता हूँ! मैं आप सभी को इस अपार प्रेम और विश्वास के लिए हृदय से धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि जो लोग दिल्ली के वातानुकूलित कमरों में बैठे हैं, जो लोग भारत को तोड़ने की व्यर्थ कोशिश कर रहे हैं, उन्हें यहां आना चाहिए और देखना चाहिए कि तमिलनाडु इतिहास रचने जा रहा है। जो लोग गठबंधन करते हैं उन्हें ध्यान देना चाहिए कि तमिलनाडु भारत के भाग्य का नेतृत्व करने जा रहा है। कहा कि एन मन एन मक्कल यात्रा को यहां अभूतपूर्व प्यार और समर्थन मिला।

### तमिलनाडु हमेशा बीजेपी के दिल में रहा है

मेरे लिए तमिल भाषा और तमिल संस्कृति बहुत विशेष रही है। संयुक्त राष्ट्र में मैंने जो तमिल कविता पढ़ी थी, उसके बारे में विदेशों तक में पूछा जाता है। उन्होंने कहा कि मैंने मेरे संसदीय क्षेत्र में काशी तमिल संगमम करवाया, उसे लेकर भी लोग सवाल पूछते हैं। मैंने सेंगोल को देश की संसद के सबसे ऊंचे मंच पर स्थापित किया, इसे लेकर भी लोगों को जिज्ञासा होती है। मोदी ने कहा कि बीजेपी भले ही तमिलनाडु में कभी सत्ता में न रही हो, लेकिन तमिलनाडु हमेशा बीजेपी के दिल में रहा है।

# ईडी ने केजरीवाल को जारी किया 8वां समन



- 4 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने आठवां समन जारी किया है। ईडी ने केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में चार मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। अधिकारी ने इस बात की जानकारी दी है।

केजरीवाल लगातार ईडी के समन से दूरी बनाते रहे हैं। इससे पहले धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए थे।

इसी के बात से केजरीवाल को आठवां समन जारी किया गया है। अगर अदालत इस संबंध में आदेश देगी तो वह ईडी के समक्ष पेश होंगे। समन पर केजरीवाल के पेश नहीं होने को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शहर की एक अदालत का रुख किया।


उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने शिष्टाचार भेंट की।

### पूर्व सांसद जयाप्रदा फरार घोषित

**रामपुर।** रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा को कोर्ट ने फिर से बड़ा झटका दिया है। आचार संहिता उल्लंघन के दो मामलों में फरार घोषित करते हुए उनकी गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं। अब गिरफ्तारी के लिए सीओ के नेतृत्व में टीम गठित की जाएगी। टीम को छह मार्च को पूर्व सांसद को कोर्ट में पेश करना होगा। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ केमरी और स्वार थाने में आचार संहिता के उल्लंघन के दो मामले दर्ज किए गए थे। इनमें विवेचना के बाद पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। स्वार में दर्ज एक मामले में गवाही पूरी हो चुकी है, जबकि केमरी के मामले गवाही होना शेष है।

# आचार संहिता लगने से पहले लागू होगा सीएए

## अधिनियम

- तीन मुल्कों के छह प्रवासी समुदायों को मिलेगी भारत की नागरिकता




**नई दिल्ली।** देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के नियम जल्द लागू होने जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इसके लिए तमाम औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, अब सीएए नियम लागू होने का काउंटडाउन शुरू हो गया है। संभव है कि अगले सप्ताह नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियम लागू हो जाएंगे। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले तीन मुल्कों के छह गैर मुस्लिम प्रवासी समुदायों के लोगों को भारत की नागरिकता मिलने की राह प्रशस्त हो जाएगी। सूत्रों के अनुसार, सीएए नियमों को लागू करने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया गया है। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले देश में सीएए के नियम लागू हो जाएंगे। पिछले माह केंद्रीय गृह मंत्रालय को नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के नियमों को तैयार करने के लिए लोकसभा में अधीनस्थ कानून पर संसदीय समिति की तरफ से एक और विस्तार मिला था। पहले के सेवा विस्तार की अवधि 9 जनवरी को खत्म हो गई थी। सीएए के नियम तैयार करने के लिए गृह मंत्रालय को सातवीं बार विस्तार प्रदान किया गया था।



## एक मार्च से शुरू होगी गेहूँ खरीद, बटाईदारों से भी खरीदा जाएगा गेहूँ

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** किसानों को शासन की मंशानुरूप न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत (एम.एस.पी.) का लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से जनपद के 156 सरकारी क्रय केन्द्रों पर 01 मार्च से गेहूँ क्रय शुरू होगी। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जनपद में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत (एम.एस.पी.) पर सरकारी क्रय केन्द्रों पर 01 मार्च से गेहूँ क्रय शुरू होगी। आगामी रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत गेहूँ खरीद में 100 कुन्तल तक गेहूँ विक्रय हेतु मात्रा के सत्यापन की जरूरत नहीं होगी। आगामी खरीद सत्र में बटाईदारों के माध्यम से भी गेहूं खरीद की जायेगी। कृषक बन्धुओं को छनाई /उतराई के लिए लेबर मद में लिया जाने वाला रु0 20 रु0 प्रति कुन्तल चार्ज एमएसपी के अलावा उनके आधार लिंक बैंक खाते में प्रेषित किया जायेगा।


### डीएम की अपील, क्रय केंद्रों पर बेचे गेहूं की फसल, उठाएं एमएसपी का लाभ

डीएम ने कृषक बन्धुओं से अनुरोध करते हुए कहा कि न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत (एमएसपी) पर गेहूँ खरीद योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु अधिकाधिक संख्या में पंजीकरण करायें और सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय कर 48 घण्टे के भीतर अपने आधार लिंक्ड बैंक खाते में भुगतान प्राप्त करें।डीएम ने बताया कि यदि कृषक पंजीयन में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो जनपद में स्थापित कन्ट्रोलरूम मो0नं0 6396239116 या सम्बन्धित तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या विपणन निरीक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं। गेहूँ कृषक पंजीयन की प्रक्रिया 01 जनवरी से शुरू है। कृषक बन्धुओं से अपील है कि अपने पंजीयन समय से करा लें। बताते चले कि जनपद खीरी में कृषक बन्धुओं के सुविधा के दृष्टिगत कुल 156 गेहूँ क्रय केन्द्र डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अनुमोदित किये हैं, जो कि गतवर्ष की तुलना में 13 केन्द्र अधिक हैं, जिले में लखीमपुर सदर 41, गोला 35, पलिया 13, मोहम्मदी 22, मितौली 14, निघासन 12, धौरहरा 19 क्रय केन्द्र स्थापित किए गए है। आगामी रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के तहत गेहूँ का समर्थन मूल्य 2275 रु. प्रति कुन्तल नियत है, जो कि गतवर्ष रबी विपणन वर्ष 2023-24 से 150 रु. प्रति कुन्तल अधिक है।

### डिप्टी आरएमओ ने बताई गेहूं खरीद प्रक्रिया

डिप्टी आरएमओ संतोष कुमार पटेल ने खरीद प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय हेतु कृषक बन्धुओं को खाद्य विभाग के पोर्टल द्यह्य.ह्वश्च.द्द1.द्बठ्ठ अथवा विभाग के मोबाइल एप ह्वश्च द्मह्यड्डठ्ठ द्बह्लह्लड्ड पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीकृत किसानों से ही गेहूँ क्रय किया जायेगा। गेहूँ विक्रय हेतु इच्छुक कृषक खरीद प्रारम्भ होने से पूर्व ही पंजीकरण करायें एवं न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना का लाभ उठायें। गेहूँ विक्रय हेतु कृषक बन्धु किसी भी जनसुविधा केन्द्र, साइबर कैफे या स्वयं से अथवा सरकारी क्रय केन्द्रों पर जाकर निःशुल्क पंजीकरण करा सकते हैं। जनपद में स्थिति सभी मण्डी समितियों में भी निःशुल्क पंजीयन की व्यवस्था है। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में पूर्व में पंजीकरण करा चुके कृषकों को गेहूँ विक्रय हेतु पुनः पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु उक्त पंजीकरण को संशोधित कर पुनः लॉक कराना होगा।

## ऑनलाइन व्याख्यान का किया गया आयोजन



**लखीमपुर खीरी।** युवराज दत्त महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा "The Challenging and Fascinating World of High Energy Physics " विषय पर प्रोफेसर मधुकर मिश्र (BITS PILANI) का ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया प्रोफेसर मिश्रा हाई एनर्जी फिजिक्स, पार्टिकल फिजिक्स के क्षेत्र में स्थापित शोधकर्ता हैं और CERN जैसे महत्वपूर्ण शोध संस्थान से जुड़े रहे हैं। इस व्याख्यान शृंखला की आवश्यकता और भूमिका के बारे में बताते हुए महाविद्यालय के आदरणीय प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत कुमार पाल ने कहा की इस तरह के व्याख्यान महाविद्यालय में निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे और ऐसे व्याख्यान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनिवार्य हैं जो विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम विषय और संस्थान की सीमाओं के बाहर होने के लिए प्रेरित करते हैं इस व्याख्यान का संयोजन भौतिक विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर बृजेश शुक्ला तथा गणित विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री मोहम्मद आमिर ने किया द्य सेमेस्टर 6 की छात्रा साक्षी वर्मा, आयवी गुप्ता तथा छात्र राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं सेमेस्टर 2 और 4 के छात्रों लाइबा अंसारी और शिवम रस्तोगी ने मुख्य वक्ता प्रोफेसर मधुकर मिश्रा से अपने प्रश्न भी किए द्ध इस व्याख्यान में अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जे एन सिंह, रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष मोहम्मद नजीफ ,जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉक्टर ओ0पी0सिंह, वनस्पति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर सत्येंद्र पाल सिंह अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा प्रोफेसर ज्योति पंत, असिस्टेंट प्रोफेसर दीपक बाजपेई, विभागाध्यक्ष भौतिकी डा0 इष्ट विभु, प्रोफेसर डी के सिंह, डा डी एन मालपानी, प्रोफेसर नीलम त्रिवेदी, प्रोफेसर एस के पाण्डेय एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## मॉकड्रिलः शारदा नदी में पलटी नाव, डूबे लोग, एनडीआरएफ ने किया रेस्क्यू





*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता एवं 11- राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरफ) के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में जनपद खीरी में एक मॉक का संचालन हुआ, जिसमे नदी, तालाब या बाढ़ में डूबने कि घटना पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एवं जिला प्रशासन की टीमों ने मिलकर एक संयुक्त मॉक अभ्यास किया। इसमे पानी में डूब रहे कई व्यक्तियों को रेस्क्यू किया गया।

### डीएम की अध्यक्षता में हुआ टेबल टॉप मॉक अभ्यास

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने संबंधित विभागों की बैठक ली, जिसमें मॉक अभ्यास की सम्पूर्ण रूपरेखा तैयार हुई। डीएम ने मॉक ड्रिल की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए संबंधित विभाग को सौपे गए उत्तरदायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया। इस मॉक अभ्यास के प्रथम चरण में टेबल टॉप द्वारा एनडीआरएफ अधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, सिंचाई, फायर सर्विस, पीएसी, पुलिस, होमगार्ड, स्वास्थ्य, राजस्व एवं अन्य सम्बंधित विभाग के जिम्मेदार अफसरों ने हिस्सा लिया।

### प्रशासन ने एनडीआरएफ के साथ की आपात स्थिति से निपटने की तैयारी

### आपदा के दौरान घबरायें नहीं, करें ये उपाय

द्वितीय चरण में शारदा बैराज पर नदी किनारे मॉक ड्रिल अभ्यास के दौरान नदी को पार करते हुए एक नाव के पलट जाने का दृश्य रखा गया, जिसमे दस से पंद्रह लोग सवार थे। घटना की सूचना नजदीकी प्रत्यक्षदर्शी प्रशासन को देते हैं फिर प्रशासन त्वरित ही सर्च एवं रेस्क्यू के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम को एवं अन्य एजेंसियों को बुलाता है। इसमें सर्वप्रथम स्थानीय गोताखोरों एवम ग्रामीणों की कि मदद ली जाती है। फिर तत्काल एनडीआरएफ की टीम लखनऊ से घटनास्थल पर पहुचती है और फिर सभी डूबे हुए व्यक्तियों को बाहर निकाल लिया जाता है। इसमें सभी एजेंसियों ने आपसी तालमेल एवं समन्वय से राहत एवं बचाव कार्य को पूरा किया।अभ्यास में मौजूद एनडीआरएफ के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ से आये उप कमांडेंट अनिल कुमार पाल ने बताया कि अभी हाल में ही कई दुर्घटनाये हुई हैं, जिसमे कासगंज की ट्रेक्टर ट्राली वाली घटना में कई लोगों कि मृत्यु हो गई, ऐसी घटनाओं को ध्यान में रखते हुए ये मॉक अभ्यास किया गया है। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य यही है कि इस तरह कि घटना होने पर किस तरह से बचाव कार्य किया जाये और सभी एजेंसियों को कैसे रेस्पोंस करना है।

### एडीएम बोले, आपदा से निपटने के लिए हमेशा मानसिक रूप से रहे तैयार

अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी आपदा से निपटने के लिए हमेशा मानसिक रूप से तैयार रहना चाहिए और आपदा से बचाव के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। ग्रामीणों को बताया गया कि समस्या आने पर घबराना नहीं चाहिए बल्कि संयम बरतते हुए उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग करते हुए इससे निपटने का प्रयास करें।

### सीपीआर प्रशिक्षणः मॉक ड्रिल में जाना ऑक्सीजन देकर जान बचाने का तरीका

मॉक ड्रिल में बताया कि कई बार किसी व्यक्ति की अचानक सांस रुक जाती है या फिर कार्डिएक अरेस्ट की स्थिति में किसी को सांस नहीं आती है। इस अवस्था में उसे सीपीआर दिया जाता है, जिसकी वजह से लोगों की जान बचाई जा सकती है। एक तरह से सीपीआर में बेहोश व्यक्ति को सांसें दी जाती हैं, इससे फेफड़ों को ऑक्सीजन मिलती है। साथ ही इससे शरीर में पहले से मौजूद ऑक्सीजन वाला खून संचारित होता रहता है। सीपीआर कोई दवा या इंजेक्शन नहीं है। यह एक तरह की प्रक्रिया है, जिसे मरीज के शरीर पर इस्तेमाल किया जाता है। इस प्रक्रिया में व्यक्ति की सांस रुक जाने पर सांस वापस लाने तक या दिल की धड़कन सामान्य हो जाने तक छाती को दबाया जाता है, जिससे शरीर में पहले से मौजूद वाला खून संचारित होने लगता है। साथ ही इस प्रक्रिया में मरीज के मुंह में मुंह से सांस भी दी जाती है। आज इसी तरह के तरीके जवानों को समझाए गए, जिससे किसी भी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है।

### मॉक अभ्यास में इनकी रही मौजूदगी

इस मॉक अभ्यास में 11 एनडीआरएफ के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ से आई एनडीआरएफ की 30 सदस्यीय टीम में निरीक्षक अजय सिंह यादव, निरीक्षक जितेंद्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक रंजन जायसवाल सहित तमाम रेस्क्यूर एवम गोताखोर शामिल रहे द्ध जिला प्रशासन की और से एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार, तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह, आपदा बाबू रामनरेश भार्गव, अन्य अधिकारीगण एवं तमाम आपदा मित्र भी उपस्थित रहे।

## जन सुनवाई आने वाली शिकायतों का निस्तारण किया जाना अति महत्वपूर्ण कार्यः नगर आयुक्त संजय चौहान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** (अहमद रज़ा) नगर आयुक्त संजय चौहान ने शहर में



आबादी के निकट जहां नाले खुले हैं वहां नालों को स्लैब रखवाकर कवर कराने तथा नालों के टूटे किनारों को ठीक कराने के निर्देश निर्माण विभाग को दिए हैं। उन्होंने सीवर लाइन वाली कॉलोनियों व मुख्य मार्गो पर मेन हॉल के टूटे ढक्कनों को ठीक व व्यवस्थित कराने के भी निर्देश दिए। नगरायुक्त ने जनसुनवाई के दौरान आज आई शिकायतों का निस्तारण और गत सप्ताह आई शिकायतों की समीक्षा करते हुए दिए। आज कुल चार शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से तीन शिकायतों का निस्तारण तत्काल कराया गया। वार्ड 46 के कुछ घरों तथा राघवपुरम में पानी में मिट्टी आने की शिकायत पर जलकल विभाग को समस्या के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि वहां रिबोर या नया टयूववैल लगाया जा रहा है तो तब तक प्रभावित क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कराएं। उन्होंने कहा कि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना निगम का दायित्व है। वार्ड 33 की सीवर लाइन समस्या के सम्बंध में उन्होंने जलनिगम से प्रगति की जानकारी लेने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने कहा कि जनसुनवाई में आयी जिन शिकायतों के निस्तारण या कार्य पूरा करना दर्शाया जाए उनकी आख्या के साथ कार्य पूर्ण होने के फोटो भी मंगाए जाएं। नगरायुक्त ने ईईएसएल द्वारा स्ट्रीट लाइट में सुधार की समीक्षा करते हुए और अधिक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने नाले-नालियों पर अवैध कब्जा ना होने देने के भी निर्देश दिए।

आज जनसुनवाई के दौरान आयी शिकायतों के दौरान वार्ड 60 राज कॉलोनी के अब्दुल जब्बार ने स्ट्रीट लाइट ठीक कराने का प्रार्थना पत्र दिया जिस पर ईईएसएल कंपनी के इंजीनियर को अवगत कराकर लाइट ठीक करा दी गयी। वार्ड 32 खानआलमपुरा निवासी ने अपनी गली में सड़क व नाली की साफ सफाई कराने की गुहार लगायी,जिस पर सफाई निरीक्षक व सफाई कर्मचारी भेजकर तुरंत सफाई करा दी गयी।

## अवैध तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद कर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना पसगवां पुलिस द्वारा एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद करके अभियुक्त अमन कुमार पुत्र मुनेश कुमार निवासी ग्राम सह्लिया थाना पसगवां जनपद खीरी को ग्राम उदयपुर से गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में मु0अ0सं0 83/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया।

### खाली प्लाट से एक नवजात शिशु का शव हुआ बरामद

**लखीमपुर खीरी।** सलेमपुर कोन स्थित वृद्धाश्रम के पास एक खाली प्लाट से एक नवजात शिशु का शव बरामद हुआ। शव को कुत्ते नोच रहे थे। किसी राहगीर ने देखा तो पुलिस को सूचना की। मामले की जानकारी मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा सलेमपुर के पास स्थित एक वृद्धाश्रम के निकट खाली प्लाट से एक नवजात शिशु का शव बरामद हुआ शिशु के शव के हाथ और पैर नहीं थे इससे आशंका जताई है कि कुत्तों ने हाथ-पैर नोच खाए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सड़क दूधली में किया मिशन शक्ति कार्यक्रम

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति कार्यक्रम का 6 दिवसीय कार्यक्रम सड़क दूधली में आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं को स्वावलंबी बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल सहारनपुर के जिला अध्यक्ष जयवीर राणा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों को जागरूक करना है। उन्हें स्वावलंबी बनाना है। इसके अलावा महिलाओं के प्रति हिंसा करने वाले लोगों की पहचान उजागर करना, महिलाओं को राज्य में सुरक्षित महसूस करना है। मिशन के अंतर्गत महिलाओं और बच्चों से संबंधित मुद्दों पर जागरूक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## कैसरगंज लोकसभा सीट पर राजनीतिक समीकरण दिलचस्प



*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** कैसरगंज लोकसभा सीट पर राजनीतिक समीकरण दिलचस्प रहे हैं। 1952 में नेहरू के करीबी रहे सरदार जोगेंद्र सिंह यहां चुनाव जीतने में कामयाब रहे। वहीं, 1977 से लेकर 2014 के दौरान यहां से 5 बार समाजवादी पार्टी, 3 बार बीजेपी, 2 बार कांग्रेस और एक बार भारतीय लोकदल कैंडिडेट को जीत हासिल हुई। राना वीर सिंह और रुद्रसेन चौधरी से लेकर बेनी प्रसाद वर्मा यहां से चुने गए। सातवीं और आठवीं लोकसभा में राना वीर सिंह ने कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की। वहीं, जनता लहर में रुद्रसेन चौधरी ने कामयाबी पाई। 1989 में भी वह जीतने में सफल रहे। 90 के दशक में कैसरगंज मुलायम सिंह यादव के सबसे करीबी रहे बेनी प्रसाद वर्मा की संसदीय सीट के रूप में चर्चा में आया। बेनी ने ही समाजवादी पार्टी का नामकरण किया था। 1996, 1998, 1999 और 2004 लगातार 4 बार बेनी बाबू इस सीट से सांसद निर्वाचित हुए।

जातिगत समीकरणों को देखें तो कैसरगंज में कुछ इलाके राजपूत बहुल हैं, वहीं गोण्डा वाला हिस्सा ब्राह्मण बहुल है। हालांकि यह बैलेंसिंग फैक्टर है, क्योंकि राजपूत और ब्राह्मणों का वोट एकमुश्त गिरना मुश्किल है। 2009 से पहले कुर्मी बहुल होने की वजह से बेनी का यहां अच्छा प्रभाव था लेकिन नए परिसीमन में जातिगत समीकरण बदल चुके हैं। जीत-हार में दलित वोटों की निर्णायक भूमिका हो सकती है। कैसरगंज में अल्पसंख्यक वोटर भी अच्छी-खासी तादाद में हैं।2011 जनगणना के मुताबिक कैसरगंज तहसील की 8 लाख 24 हजार 786 आबादी मे से करीब तीन लाख चार हजार नौसौ बयासी मुस्लिम आबादी है नये परिसीमन के बाद से बृजभूषण शरण सिंह का ही वर्चस्व रहा वह लगातार तीन बार सांसद चुने गए है वह जिस पार्टी मे रहे उसी को जीत नसीब हुआ अन्य दलों के प्रत्याशी केवल मुकाबले और गिनती तक ही सीमित रहे।इस सीट पर एक बार सपा और दो बार भाजपा से वह सांसद रहे और हैट्रिक जमाया है इस बार अभी तक इस सीट पर किसी दल ने प्रत्याशी नही घोषित किया है पर सभी दलों को भाजपा के घोषित उम्मीदवार का बेसब्री से इंतजार है। इस सीट पर नये समीकरण के बाद बृजभूषण शरण सिंह को टक्कर देने वाले प्रत्याशी नही दिखाई दिए है।ऊंट किस करवट बैठेगा यह भविष्य का प्रश्न है पर कैसरगंज मौजूदा सांसद अन्य दलों और उनके प्रत्याशियों की अपेक्षा हर माह हर दिन संसदीय क्षेत्र में सक्रिय रहना अन्य दलों के प्रत्याशी के लिये चुनाव में मुश्किलों से दो चार होना पडता है।

**लोकसभा कैसरगंज मे अब तक के निर्वाचित सांसद**

1957: भगवान दीन (कांग्रेस)
1962: बसंत कुंवरि (स्वतंत्र पार्टी)
1967: शकुंतला नायर (भारतीय जनसंघ)
1971: शकुंतला नायर (भारतीय जनसंघ)
1977: रुद्रसेन चौधरी (भारतीय लोक दल)
1980: राना वीर सिंह (कांग्रेस)
1984: राना वीर सिंह (कांग्रेस)
1989: रुद्रसेन चौधरी (बीजेपी)
1991: लक्ष्मी नारायण मणि त्रिपाठी (बीजेपी)
1996: बेनी प्रसाद वर्मा (एसपी)
1998: बेनी प्रसाद वर्मा (एसपी)
1999: बेनी प्रसाद वर्मा (एसपी)
2004: बेनी प्रसाद वर्मा (एसपी)
2009: बृजभूषण शरण सिंह (एसपी)
2014: बृजभूषण शरण सिंह (बीजेपी)
2019: बृजभूषण शरण सिंह (बीजेपी) है 2024 के सभी प्रत्याशियों को बृजभूषण रुपी विशाल वट वृक्ष से टक्कर फिर लेना होगा अब देखना है कि इस राजनीतिक विशाल वट वृक्ष को कौन कितना टक्कर देगा यह एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

## ऐहार की मांडवी शुक्ला और लखनऊ के मोक्ष ने मारी बाजी

*अवधनामा संवाददाता*

**लालगंज रायबरेली।** श्री संकट मोचन कमेटी ऐहार द्वारा आयोजित दो दिवसीय संकट मोचन कप बैडमिंटन प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पांच वर्गों में खेला गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने के साथ-साथ कमेटी को 21000 रुपए भी भेंट किया। वहीओपन गर्ल्स सिंगल में फाइनल मुकाबला रायबरेली की नंदिनी एवं ऐहार की मांडवी शुक्ला के मध्य बहुत ही शानदार मुकाबला हुआ जिसमें मांडवी शुक्ला ने जीत हासिल कर विजय प्राप्त की ।अंडर 15 बालक वर्ग का मुकाबला ऐहार के अक्षत बाजपेई एवं रायबरेली के अंकित के मध्य खेला गया जिसमें अंकित ने जीत दर्ज की। सबसे ज्यादा रोमांचक मुकाबला 45 प्लस का खेला गया जिसमें लखनऊ की युगल जोड़ी मनोज और मनीष तो दूसरी ओर ऐहार के अखिलेश और



आशीष युगल जोड़ी के मध्य हुआ जिसमें लखनऊ की टीम ने जीत हासिल की ।ओपन सिंगल्स का मुकाबला जो इस टूर्नामेंट के आकर्षण का केंद्र रहा ,यह मुकाबला लखनऊ के धर्मवीर और लखनऊ के ही खिलाड़ी मोक्ष के मध्य खेला गया दोनों राजधानी के जाने-माने खिलाड़ी थे । बहुत ही रोमांचक मुकाबला रहा और इस मुकाबले में मोक्ष ने जीत दर्ज की। ओपन सीनियर्स डबल का मुकाबला कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम के खिलाड़ी रिशु , सोहन एवं धर्मवीर व मोक्ष लखनऊ के मध्य खेला गया।जिसमें से कानपुर की टीम ने अपना परचम लहराया और जीत दर्ज की ।इस कार्यक्रम में खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन एवं पुरस्कार वितरण करने के लिए नामचीन समाजसेवी भाजपा के वरिष्ठ नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी और शील्ड प्रदान कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और कहा खिलाड़ी कितना भी कमजोर हो,

लेकिन संघर्ष उसे मजबूत बनाता है। टूर्नामेंट मे बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड प्रखर शुक्ला को प्रदान किया गया जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में सबसे शानदार प्रदर्शन किया।

## मामूली कहासुनी में युवक पर धारदार हथियार से हमला, मौत

**रामपुर मनिहारान।** नगर के मोहल्ला पीपल तला में मामूली कहासुनी को लेकर हुए विवाद में एक युवक की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला निवासी सावेज पुत्र राशीद का आरोपी मुन्ताजिर पुत्र आबिद के साथ किसी बात को लेकर कल शाम कहा सुनी हो गई थी जिसको आसपास के लोगों के द्वारा मामला शांत कर दिया गया था परंतु आज मंगलवार सुबह आरोपी मुन्तजिर पुत्र आबिद के द्वारा सावेज को देखते ही उसकी गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल और खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा,तुरन्त घटना की सूचना पुलिस को सूचना दी गई आनन-फानन में मौके पर पहुँची पुलिस के द्वारा गंभीर रूप से घायल सावेज पुत्र राशीद 26 वर्ष को सीएचसी ले जाया गया जहां उसकी हालत को अत्यधिक गंभीर देखते उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## पैदल यात्रा की शुरुआत अपने गृह जनपद गोंडा से शुरू किया और मथुरा में यात्रा समाप्त करेंगे



*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** जनपद गोंडा के ब्लॉक मनकापुर थाना मोतीगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत गढ़ी माजरा नगरा निवासी शैलेंद्र प्रताप सिंह दो दिन पहले अपने घर से पैदल यात्रा करते हुए अयोध्या पहुंचे और अयोध्या से उन्होंने वृंदावन के लिए पैदल यात्रा के लिए निकल पड़े आपको बताते चलें कि शैलेंद्र सिंह एक किसान के बेटे हैं जो उत्तर प्रदेश के जनपद गोंडा के थाना मोतीगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत गढ़ी के मजरा नगरा गांव निवासी हैं और वर्तमान में कई वर्षो से भारतीय जनता पार्टी बलरामपुर कार्यालय प्रभारी भी हैं अभी एक माह पहले इनकी मां का निधन भी हो गया था उनके काम क्रिया करने के बाद शैलेंद्र सिंह ने पैदल अयोध्या जाने की सोच बनाई 2 दिन पहले उन्होंने मोतीगंज से पैदल अयोध्या के लिए रवाना हो गए उन्होंने दूरभाष पर हमारे संवाददाता मोहम्मद सुलेमान को बताया कि मैं अयोध्या में पहुंचकर श्री राम जन्मभूमि का दर्शन किया और उसके बाद अयोध्या से वृंदावन के लिए पैदल यात्रा पर निकल पड़ा हूं जब उनसे हमारे संवाददाता ने पूछा कि रास्ते में आपको जाने में कोई दिक्कत या परेशानी तो नहीं हो रही है तो उन्होंने कहा सब भगवान की कृपया है और भगवान के भरोसे मैं पैदल यात्रा पर अयोध्या श्री राम जन्म भूमि स्थल से पैदल वृंदावन के लिए निकल पड़ा हूं और यह हमारी सोच काफी दिनों से थी कि मैं अयोध्या से पैदल यात्रा वृंदावन तक करूंगा लेकिन बीच में मेरी मां का तबीयत खराब हो गया और उनका निधन हो गया जिससे मैं पैदल यात्रा नहीं कर सका अपनी मां का काम क्रिया करने के बाद मैं अयोध्या के लिए निकल पड़ा और अयोध्या में दर्शन करने के बाद मैं वृंदावन पैदल यात्रा पर जा रहा हूं हमारा साथ भगवान श्री राम दे रहे हैं हमें ना कोई परेशानी है ना कोई चिंता उन्होंने बताया कि मैं आज मंगलवार को वृंदावन पहुंच जाऊंगा उसके बाद यहां से मथुरा तक पैदल यात्रा करूंगा उसके बाद वापस अपने गृह जनपद गोंडा अपने निवास स्थान पर वापस लौटूंगा!

## ग्राम चौपाल में जन समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारी नामित

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने माह मार्च 2024 के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ''ग्राम चौपाल'' (गाँव की समस्याए गाँव में समाधान) के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। निर्धारित रोस्टर के अनुसार 01 मार्च 2024 को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 विकासखंड जगतपुर में, जिला विकास अधिकारी विकासखंड सरेनी में तथा विकासखंड खीरों में उपायुक्त, श्रम रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। इसी प्रकार 08 मार्च को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 सतांव में, जिला विकास अधिकारी महराजगंज में, उपायुक्त, श्रम रोजगार लालगंज में। 15 मार्च को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 अमावां में, जिला विकास अधिकारी डलमऊ में, उपायुक्त, श्रम रोजगार हरचंदपुर में। 22 मार्च को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 शिवगढ़ में, जिला विकास अधिकारी सलोन में एवं उपायुक्त, श्रम रोजगार ऊँचाहार में। 29 मार्च को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 छतोह में, जिला विकास अधिकारी बछरावां में तथा उपायुक्त, श्रम रोजगार डीह के किसी एक आयोजित ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर समस्याओं का निस्तारण करायेंगे।

### लाइनमैन ने एसडीएम से लगाई वेतन दिलवाए जाने की गुहार

**महराजगंज रायबरेली।** लाइनमैन ने उपजिलाधिकारी से वेतन दिलवाए जाने की लगाई गुहार राजेश पुत्र नन्हा निवासी पुरे तालेबंद मंजरे खैहरना ने महराजगंज उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि विद्युत विभाग में संविदा पर लाइनमैन के पद पर तैनात कार्यरत था। जिसके पूर्व में वेतन काट काट कर दिया जाता रहा है ।उसके बाद प्रार्थी को लगभग 6 माह से वेतन देना बंद कर दिया उसके बाद प्रार्थी ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की तो जेई अन्य कर्मचारी के द्वारा प्रार्थी से अभद्रता की गई ।बहुत शिकायत के बाद अगले माह 10 जनवरी से प्रार्थी को पुनः पावर हाउस पर काम पर वापस रख लिया गया तब से प्रार्थी की उपस्थिति नहीं दर्ज की गई जब प्रताप ने वेतन संबंध में एसडीओ से बात की तो यह कहकर टाल दिया गया कि आपका वेतन बाद में मिल जाएगा लेकिन विभाग के अधिकारियों के कारण प्रार्थी को वेतन नहीं मिल रहा है।

## सड़क किनारे खड़ी ट्रक मे घुसी कंटेनर



*अवधनामा संवाददाता*

**नवाबगंज गोंडा।** सरयूघाट चौकी अंतर्गत लोलपुर हाइवे पर गोरखपुर से उन्नाव जा रही कंटेनर मंगलवार सुबह सड़क किनारे खड़ी ट्रक मे पीछे से घुसी कंटेनर ड्राइवर गंभीर रूप से घायल इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते मे मौत। इस घटना बाबत सरयूघाट चौकी इंचार्ज संजीव सिंह ने बताया कि घटना बाद मौके पर पहुची पुलिस नेगंभीर रुप से घायल कंटेनर ड्राइवर को पहुंचाया अस्पताल इलाज दौरान मौत।

मिलीं जानकारी अनुसार सरयूघाट चौकी अंतर्गत लोलपुर हाइवे पर मंगलवार सुबह एक कंटेनर जो कि गोरखपुर से वापस उन्नाव जा रही थी वह जैसे ही हाइवे पर पहुची तभी सड़क किनारे पहले से खडे अग्यात वाहन से टकरा गयी जिससे कंटेनर ड्राइवर सुनील कुमार यादव 49 पुत्र जटाशंकर यादव निवासी बुढवल खालसा रामपुर जनपद उन्नाव गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की सूचना पर पहुचे सरयूघाट चौकी इंचार्ज संजीव सिंह ने गंभीर रूप से घायल ड्राइवर को तत्काल अस्पताल पहुंचाया पर वहा इलाज के दौरान ड्राइवर की मौत होगया। इस घटना बाबत सरयूघाट चौकी इंचार्ज संजीव सिंह ने कहा कि इस दुर्घटना मे कंटेनर चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई है।

# मैंने 200 रुपए दिहाड़ी का काम किया

- पार्टी नेतृत्व तय करेगा अमेठी से कौन लड़ेगा : स्मृति ईरानी
- लोग मेरा आज देखते हैं



**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अमेठी में किए गए गृह प्रवेश से अपनी बात की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि जब वह 2014 में अमेठी आईं थीं तब उन्हें ठीक ढंग का किराए का घर तक नहीं मिला। मैं एक सीमेंट गोदाम के ऊपर एक कमरे में रहती थीं। अब मेरा वहां पर घर है।

## अमेठी की लड़ाई मामूली लड़ाई नहीं

2014 में जब मैं अमेठी गई तो केंद्र में यूपी की सरकार थी और राज्य में सपा की सरकार थी। मुझे पता था कि मेरे लिए यह चुनाव कितना कठिन होना है। दस साल पहले एक बच्चा नौ और एक बच्चा 11 साल का था। तब हमारे लिए अमेठी को चुनना वाकई कठिन फैसला था। नौ साल के बच्चे को छोड़कर आना एक चुनौतीपूर्ण काम था। स्मृति ईरानी ने कहा कि यह पार्टी नेतृत्व तय करेगा अमेठी से कौन लड़ेगा, लेकिन इतना तय है जो भी अमेठी से लड़ेगा भाजपा से ही दिल्ली पहुंचेगा। जहां तक उनका अनुमान है कि गांधी परिवार अमेठी से नहीं लड़ेगा। अमेठी में संघर्ष है। गांधी परिवार संघर्ष से बचता है। राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान कार्यक्रम पर पूछे गए सवाल के जवाब में स्मृति ईरानी ने कहा कि यह अच्छा लगा कि गांधी परिवार ने यह पहली बार स्वीकार्य कर लिया है कि राजनीति उनके लिए एक दुकान है। हमारे लिए यह सेवा है। ईरानी ने कहा कि मैंने क्रिकेटर मनोज प्रभाकर की कंपनी में दो सौ रुपए दिहाड़ी पर फेयरनेस क्रीम बेचती थी। मैंने दिल्ली में ही 1800 रुपए महीने का बर्तन घिसने का काम करती थी। स्मृति जुबिन ईरानी ने कहा कि मैं सात साल की थी, जब घर छोड़ना पड़ा था। मां के साथ हम तीन बहनें थीं। जब घर से निकाला जा रहा था, उस घर के सामने मैं खड़ी रही। मां ने कहा कि क्या ताक रही हो घर को। मैंने मां से कहा कि एक दिन आएगा, जब मेरी इतनी औकात होगी कि जिस घर से तुम्हें निकाला है, वो घर मैं खरीद सकूं। मुझे याद है कि तब मुझे कसकर चांटा पड़ा था क्योंकि मेरी मां ने मुझसे कहा था कि हम एक ऐसी आर्थिक पृष्ठभूमि से हैं, जहां न कोई ऐसे सपने देखता है, न बयां करता है। शायद उन्हें इस बात की तकलीफ थी कि मैं ऐसा सपना न देखूं, जिससे दिल टूटे।

### वायनाड भी छोड़ देंगे राहुल

स्मृति ईरानी ने कहा अमेठी तो दूर की बात है मेरी पास ऐसी खबरें आ रही हैं कि राहुल वायनॉड भी इस बार छोड़ देंगे। गांधी परिवार का इतिहास चुनौती से जूझने वाला नहीं रहा है।

### मैं यूपी मुंबई से नहीं आई

ईरानी ने कहा कि यह गलतफहमी है कि मैं यूपी मुंबई से आई हूं। मेरे दादा मुरादाबाद से हैं। मेरा यूपी का टच हमेशा से रहा है। मैं कहीं बाहर से नहीं आई हूं। मैं अमेठी के हर गांव में रुकती हूं। बिना गाजा-बाजा के जाती हूं। बिल्कुल शांति से काम करती हूं। 2014 में अमेठी के 60 फीसदी बूथों में बूथ संभालने वाले लोग नहीं मिलते थे। बूथ पर बैठना अपने आप में एक रिस्की काम होता है। 2024 में अब अमेठी में 60 हजार लोग बूथ संभालने वाले हैं।

## मां के रोल को तवज्जो देना चाहिए : गंजूधर

**लखनऊ।** मिनिस्ट्री ऑफ टॉक की फाउंडर गीतिका गंजूधर ने कहा कि कई बार महिला को करियर और परिवार के बीच में एक हो चुनना होता है। यह हमें देखना होता है कि हमारी प्राथमिकता क्या है। मैंने यह तय किया जब बच्चों को उनकी मां की जरूरत ज्यादा हो तब हमें मां के रोल को तवज्जो देना चाहिए। गीतिका ने कहा कि ऐसा हमेशा नहीं होता कि ताकतवर महिला हमेशा महिला के साथ खड़ी हो। कई बार ऐसा भी होता है कि एक महिला जब ताकवर हो जाती है तो वह मर्द की तरह बिहेव नहीं कर सकतीं। गीतिका ने कहा कि यह एक गलत धारणा है कि महिलाएं पैसे मैनेज नहीं कर पातीं और वह दूसरों पर डिपेंड रहती हैं। महिलाएं अपनी पैसों को मैनेज कर सकती हैं। ओसीकम बायो सॉल्यूशंस की संस्थापक और सीईओ अनुराधा आचार्य ने कहा कि पैसे का प्रबंधन बड़ी बात होती है। जैसे एक महिला घर में पैसों का प्रबंधन करती है वैसे ही वह बाहर की दुनिया को भी मैनेज कर सकती है। कई सारी महिलाएं सफल बैंकर हैं।

# सालाना अंजुमन वार्षिकोत्सव इजलासे आम हुआ सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सोमवार को मदरसा खादीजतुल कुबरा निस्वा कालेज नौगढ़ में सालाना अंजुमन वार्षिकोत्सव) व इजलास ए आम ब हुस्न संपन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि फजिलातुशशेख मौलाना जनाब डॉक्टर अब्दुल गफ्फार साहब सल्फी बनारस व विशिष्ट अतिथि फजिलातुशेख मौलाना परवेज याकूब मदनी जिलई जमीयत अहले हदीस के नाजिम जनाब वसीउल्ला अब्दुल हकीम मदनी, जलालुद्दीन वजीराबादी, मोहम्मद हाशिम सल्फी, हाफिज अरमान अलियावी, हाफिज मोहम्मद रफीक रहमानी, मौलाना ईसा बेलाल साहब फैजी, शमसुल हक वजीराबादी, सरफराज सेराजी, नियाज़ अहमद फैजी आदि उलेमा हजरात का संबोधन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कुरान पाक की तिलावत से शुरू हुई, हम्द पाक मौलाना ईसा बेलाल फैजी, नात पाक मौलाना अरमान अलियावी ने ब खूबी अंजाम दिए। सबसे पहले सुबह 11 बजे नेशनल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने अलग अलग कार्यक्रम पेश किए, जिसमे देश पर मर मिटने, और अशिक्षा दूर करने और आपसी भाई चारा कायम रखने जैसे ड्रामा भी पेश किया गया।

दोपहर 3 बजे से मदरसा खदीजतुल कुबरा निस्वा कॉलेज नौगढ़ की छात्राओं ने दिल को छू जाने वाले केरत, हम्द, नात, उर्दू हिन्दी वा इंग्लिश की तकरीरें पेश करके सबका दिल जीत लेने जैसे कार्यक्रम पेश किया। अंग्रेजी में तकरीर शाहनुमा कमरुद्दीन,और फरहत जहां ने अपने अपने अंदाज पेश किए, बच्चों के उत्साह के लिए पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में आस पास के लोगो की बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सुनने के लिए रात्रि 1 बजे तक जमे रहे कार्यक्रम का समापन अपने दुआ ए कलमात से मेहमाने आज़ाजी मौलाना जलालुद्दीन वजीराबादी ने की कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी काबिले तारीफ रही। कार्यक्रम के आयोजक वा मदरसा खदीजतुल कुबरा निस्वा कॉलेज के अख्तर कमाल मेकरानी आए हुए सभी लोगों को सम्मानित करते हुए दिल से शुक्रिया अदा करते हुए कार्यक्रम का समापन कर दिया गया।

## ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन बाजार के सभागार मे मंगलवार को ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बीडीओ अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अपने अपने गांवो मे सभी प्रधान साफ सफाई के लिए ग्रामीणों को जागरूक करे। अपने घरों के आसपास जल जमाव न होने दे। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करे। अधीक्षक डॉ अमित चौधरी ने कहा कि सभी ग्राम प्रधान अपने गांव मे मच्छर निरोधक दवाओं का छिड़काव करवा दे। क्योंकि मलेरिया डेगू आदि बीमारियों के होने का खतरा रहता है। बीसीपीएम रमाकांत चतुर्वेदी, खण्ड प्रेरक मोहम्मद नदीम हसन प्रधान पंकज वर्मा, प्रदीप मोदनवाल, धर्मेंद्र कुमार, अरविन्द मणि, त्रिपाठी वसीर मोहम्मद, भारत, अरवाज, मनोज कुमार, रिंकू पांडेय, गंगाराम यादव, अरबिन्द पाण्डेय, अब्दुल हकिम, महेश प्रसाद, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, निजामुद्दीन, कमलेश चौरसिया, जितेन्द्र श्रीवास्तव सहित तमाम प्रधान मौजूद रहे।

## कालपी विधायक का सपाइयों ने फूंका पुतला

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** राज्यसभा चुनाव में कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी के द्वारा क्रास वोटिंग की खबरों से आक्रोशित सपा कार्यकर्ताओं ने उनका पुतला फूंक कर विरोध जताया। पिछले कुछ महीनो से दल बदलने का नेताओं में ट्रेंड सा चल पड़ा है जिसको लेकर कई नेता आए दिन इस पार्टी से उसे पार्टी लगातार आ जा रहे हैं। कांग्रेस के बड़े नेता विनोद चतुर्वेदी मौके की नजाकत के अनुसार सपा में शामिल हो गए थे। जहां उन्होंने कालपी से लोगों को भरोसा जीतते हुए सीट भी विधायक की जीती। लेकिन विधायक की जीत के बाद लगातार उनका रुख भाजपा की तरफ देखने को मिल रहा था।

## 3285 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**कुशीनगर।** जिले में 150 केंद्रों पर चल रहे बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो रही है। मंगलवार को हाई स्कूल व इंटर की परीक्षा में कुल 3285 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सख्ती से परीक्षा संपन्न हो रही है। अब तक अनुचित साधन का प्रयोग करने वाले व नकलची नही पकड़े गए है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम पाली में 150 केंद्रों पर परीक्षा संपन्न हुई। इस दौरान हाई स्कूल गणित विषय में पंजीकृत कुल छात्रों की संख्या 44227 थी जिसमें से 2815 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में ही व्यवसायिक वर्ग इंटर में पंजीकृत कुल बच्चों कि संख्या 708 थी जिसमें से 33 अनुपस्थित मिले। इस तरह से प्रथम पाली में कुल 2848 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। द्वितीय पाली में 116 केंद्रों पर परीक्षा संपन्न हुई। गृह विज्ञान इंटर में कुल 5424 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें से 409 छात्र अनुपस्थित रहे।

# महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर चंबल संग्रहालय की तरफ से संकल्प सभा का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** चंबल संग्रहालय ने चौरैला के बीहड़ों में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर संकल्प सभा का आयोजन किया। चंबल अंचल के रहवासियों नें अपने लड़ाका पुरखे आजाद को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद की गाथा जन-जन के लिए प्रेरणा का स्रोत है। क्रांतिकारी ही नही बल्कि क्रांतिकारियों का नायक बनने के लिए ऊँची शिक्षा- दीक्षा कि जरूरत नही, बल्कि उसके लिए क्रांति के प्रति अगाध विश्वास के साथ अदम्य साहस और अभूतपूर्व त्याग बलिदान कि जरूरत है।

शिक्षा व ज्ञान में पहुंच रखने वाले क्रांतिकारियों साथियो से सिद्धांत व ज्ञान को निरंतर सीखते रहने की जरूरत है। इसका सबसे बड़ा सबूत महान राष्ट भक्त क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद हैं। शिक्षा ज्ञान कि कमी के बावजूद वे क्रांतिवीरों के सेनानायक बने। काकोरी केस के शहीदों राम प्रसाद 'बिस्मिल', अशफाकउल्लाह खान, ठाकुर रोशन सिंह और राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी की फाँसी के बाद आजाद ही दल में सबसे वरिष्ठ थे। संगठन का पुनर्गठन अब उनका ही दायित्व था। अंग्रेजों से आजाद और उनके साथी क्रांतिकारी दल का अंतिम लक्ष्य अंग्रेजों को भगाना ही नहीं बल्कि शोषणविहीन, वर्ग एवं जातिविहीन, समतामूलक समाज की स्थापना था। संकल्प सभा को विश्वात्मा वन महाराज, उपेन्द्र सिंह परिहार, प्रत्यूष रंजन मोनू, शैलेन्द्र सिंह परिहार, डॉक्टर शाह आलम राणा, कपिल तिवारी, महंत रामदास, सद्दीक अली,फूल सिंह परिहार, अभिषेक मिश्रा आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महेशचंद्र दुबे ने किया। इस अवसर पर संजय दुबे, रिंकू परिहार, अभिषेक, वैभव रंजन, आदिल खान, हरीशचंद्र परिहार, योगेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। चंबल परिवार प्रमुख डॉ. शाह आलम राना ने काकोरी एक्शन शताब्दी वर्ष समारोह का पोस्टर जारी करते हुए कहा कि दुनियां में हर दिन ट्रेन में चैन पुलिंग होती रहती है लेकिन वह हमेशा इतिहास नहीं बन पाती।

# आपूर्ति निरीक्षक मुंडेरा पहुंच बच्चों का लिया क्लास



अवधनामा संवाददाता

**बोदरवार, कुशीनगर।** शत् प्रतिशत निपुण लक्ष्य प्राप्त करने की सरकारी मंशा के मद्देनजर उन्नीस पैरामीटर बिन्दुओं पर जांच करने कंपोजिट विद्यालय मुंडेरा पहुंचे आपूर्ति निरीक्षक बैजनाथ सिंह ने विद्यालय के जांच के साथ साथ बच्चों को पाठ पढ़ाकर एक संदेश भी दिया।

कप्तानगंज बीआरसी के पेमली न्याय पंचायत अंतर्गत संचालित कंपोजिट विद्यालय मुंडेरा में उन्नीस पैरामीटर बिन्दुओं की कप्तानगंज खाद्य एवं रसद विभाग के आपूर्ति निरीक्षक बैजनाथ सिंह ने बहुत ही गहनता से जांच की। इस दौरान विद्यालय के रख रखाव, साफ सफाई, डेस्क ब्रेंच, शौचालय, दिव्यांग शौचालय, मीड डे मील, मीनू आदि बिन्दुओं के साथ साथ कक्षावार बच्चों की दक्षता को परखा। हर कक्षा के अंदर आपूर्ति निरीक्षक ने बच्चों की क्लास ली। उन्होंने ने छ्, सात और आठ के बच्चों को बोर्ड पर लिखकर सवाल समझाया तो पांच, चार, तीन, दो और एक के बच्चों को एक अनुभवी शिक्षक की तरह गतिविधि कराई। बच्चों की क्लासवाईज दक्षता से आपूर्ति निरीक्षक काफी संतुष्ट नजर आए। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक गंगेश्वर त्रिपाठी, सहायक अध्यापक मनोज कुमार मद्धेशिया, शिक्षा मित्र अनीता सिंह, यगवेन्द्र मिश्र, रसोइया सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य प्रत्येक पात्रधारी को मिले योजनाओं का लाभ : नवरंग



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा मथौली कस्बा के वार्ड नंबर नौ सिरसिया में स्थित कंपोजिट विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में लोगों को भाजपा को जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष नवरंग सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके और उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकारी योजनाओं और लाभ को उन लोगों तक पहुंचाना है, जो पीछे रह गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना भाजपा सरकार में समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। समस्त योजनाओं का जिक्र करते हुए उपस्थित लोगों से लाभ लेने का अपील किया। इसके पूर्व विकसित भारत संकल्प यात्रा एलईडी वैन का स्वागत किया जिसके माध्यम से योजनाओं के बारे में प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

वही गर्भवती महिलाओं का गोद-भराई कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, पशु पालन विभाग, कृषि विभाग सहित तमाम विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन सभासद प्रतिनिधि दिनेश राव ने किया जबकि अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष अदालत प्रसाद आर्य ने की। इस दौरान सभासद प्रिंस मद्धेशिया, हेमंत सिंह, मनीष कुमार सिंह, प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता, कृष्णा साहनी, लिपिक हरे राम शर्मा, श्रीराम कुशवाहा, रामू प्रजापति, आकाश चौरसिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## देवनगर चौराहे पर महापुरुष की प्रतिमा रखी जाने को लेकर हुई तकरार



**जालौन अवधनामा संवाददाता।** एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन द्वारा देवनगर चौराहे पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा रखे जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है । विद्यार्थी परिषद सहित अन्य संगठनों ने स्वामी विवेकानंद की मूर्ति रखे जाने की मांग की है । मौके पर पहुंचे प्रशासन ने उक्त मामले को शांत कराकर मूर्ति रखे जाने की परमिशन के लिए कहा है। पूरा मामला उस समय तूल पकड़ने लगा जब एम एल सी प्रतिनिधि आरपी निरंजन ट्रैक्टर में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा को लेकर देव नगर चौराहे पर आए और चौराहे पर उस प्रतिमा को स्थापित करने लगे, जिसकी भनक विद्यार्थी परिषद के सत्यम याज्ञिक, आदित्य हृदय कैलिया, अनूप दीक्षित, हर्ष गुप्ता अनुराग तिवारी विश्व हिंदू परिषद, मानवेंद्र परिहार बजरंग दल, आदि एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं को हुई तो वह तत्काल मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कहा कि इस स्थान के लिए पूर्व से ही स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा की मांग की जा रही है इसके लिए कई बार ज्ञापन भी दिए गए थे। इस बीच दोनों के बीच बहस शुरू हो गई जिसकी सूचना मिलते ही एसडीएम अतुल कुमार, सीओ राम सिंह, कोतवाल विमलेश कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने मामला शांत कराकर देवनगर चौराहे पर स्थापित मूर्ति के परमिशन के लिए कहा । मिली जानकारी के अनुसार अभी तक उक्त स्थान पर कोई भी मूर्ति स्थापित करने की परमिशन नहीं है जिसके चलते सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा भी स्थापित नहीं हो सकी।

# स्कॉलर प्राइड एकेडमी में वार्षिक उत्सव मनाया गया



राम किशोर अवस्थी

**गाजियाबाद।** आज एसपी यादव ने छोटे से स्कूल से शुरु किया और तीन स्कूल बना दिया। बच्चो ने ऐसी परफॉर्मेंस दिया जिसे देखकर अभिवावक मंत्र मुग्ध हो गए। भ्रष्टाचार पर इंग्लिश ड्रामा ऐसा बच्चो ने प्रस्तुति की जिसे देखकर सभी अभिवावक गड़ तालियों से बच्चो का स्वागत किया। पूर्व मेयर प्रत्याशी पुष्पा रावत ने बच्चो का कार्यक्रम देख कर 11000 रूपए स्कॉलर प्राइड एकेडमी को भेट किया। बता दे कि दुरियाई ग्राम में भी बच्चो का वार्षिक उत्सव में बहुत ही अच्छा परफॉर्मेंस दिया जिसे देख कर सभी ग्राम वासी ने एसपी यादव जी की मेहनत व स्टाफ की मेहनत की भूरि भूरि प्रशंशा किया। आज एसपी यादव जी ने साबित कर दिया की मेहनत करने वाले हमेशा सक्सेज होते हैं। जिस प्रकार से एस पी यादव जी बच्चो के साथ मेहनत करते हैं । उसके अनुसार बच्चो से फीस नहीं मिल पाती बड़े बड़े स्कूलों में मोटी रकम जमा करने के बाद बच्चो में कोई इंप्रूवमेंट नही दिखता हैं। आभिवावक से अनुरोध करेगें की एसपी यादव जी की मेहनत के अनुसार स्कूल की फीस टाइम से जमा करे जिससे बच्चो पर ज्यादा ध्यान दे जिससे आपके बच्चो का विकास सुचारू रूप से हो।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम अब्दुल रशीद था। अब मैंने अपना नाम बदल कर अब्दुर रशीद कर लिया है। अब मुझे अब्दुर रशीद के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

**अब्दुर रशीद पुत्र अब्दुल वदूद निवासी केसार, पोस्ट रेहरा कलां, थाना कठेला समय माता, तहसील इटवा, ज़िला सिद्धार्थनगर।**

## स्वास्थ्य विभाग को मिलीं 50 नई एएनएम और 33 लैब टेक्नीशियन

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य विभाग को 50 नई एएनएम और 33 लैब टेक्नीशियन मिले हैं। इनके अभिलेखों की जांच पूरी कर इनकी तैनाती भी कर दी गई। सभी एएनएम और एलटी ग्रामीण क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग दे रहे हैं। इनकी तैनाती से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार सुविधाएं बढ़ रहीं हैं। इन स्वास्थ्य सेवाओं का जन समुदाय को लाभ मिल रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. राजेश झा ने बताया कि जिले में 50 एएनएम, 33 लैब टेक्नीशियन की तैनाती ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों पर की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में 428 स्वास्थ्य उपकेंद्र संचालित हैं, जिसमें 245 स्वास्थ्य उपकेंद्रों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आरोग्य मंदिर) में उच्चीकृत किया गया है। इनके माध्यम से जनसमुदाय को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। सीएमओ ने बताया कि 111 नए स्वास्थ्य उपकेंद्रों को संचालित किए जाने के लिए दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं, जिन्हें शीघ्र ही सम्बंधित गाँव में संचालित किया जायेगा। शुरू में यह उपकेंद्र किराये के भवन में संचालित किए जायेंगे और बाद में नए भवन का निर्माण किया जाएगा। डॉ. झा ने बताया कि जिले में मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। शहरी क्षेत्र में तीन नए पीपी सेंटर संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें अबतक 1300 से अधिक सुरक्षित प्रसव कराये गए हैं। इसके अलावा हर माह एक, नौ, 16, 24, तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) वाली गर्भवती को चिन्हित कर उनको स्वास्थ्य देखभाल का उचित परामर्श दिया जाता है। इसके साथ ही ई रुपी वाउचर के माध्यम से आबद्ध अल्ट्रासाउन्ड सेंटर पर गर्भवती की जाँच कराई जा रही है।

# अवसाद में हैं यूपी के युवा, सरकार गंभीर नहीं : ज्ञानेन्द्र पाण्डेय

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** यूपी के युवा अवसाद में हैं, नशे का शिकार हो रहे हैं, डिग्रियां जलाकर सुसाइड कर रहे हैं। नौकरी पाने के लिये सड़कों और सरकारी महकमों के दफ्तरों पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। योगी सरकार न तो उन्हे नौकरी दे रही है और न ही लोकतांत्रिक तरीकों से प्रदर्शन करने दे रही है। प्रदर्शनकारी छात्रों व अभ्यर्थियों के साथ पुलिस जानवरों जैसा व्यवहार कर रही है।

यह बातें बस्ती कांग्रेस के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' ने प्रेस को जारी अपने बयान में कहा। उन्होने कहा संवैधानिक परंपराओं पर भाजपा सरकारों का विश्वास नही रहा। बाबा साहब डा. अम्बेडकर के बनाये रास्तों पर चलने की बजाय सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है। कानून सभी के लिये बराबर नही रहा। जो सत्ता के साथ है उसके लिये कानून मायने नही रखते। इलेक्टोरेल बाण्ड के जरिये उद्योगपति मित्रों को अवैध तरीके अपनाकर धनार्जन की छूट दी गई है। हजारों छात्र लोकसेवा आयोग के दफ्तर के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। धरनास्थल की बिजली तक काट दी गई। इतनी घटिया सोच वाली सरकारें कभी लोकतंत्र का सम्मान नही कर सकतीं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा अवैध तरीकों से चुनावी चंदे के जरिये जुटाये गये धन से सांसदों, विधायकों की खरीद फरोख्त की जा रही है। दूसरी ओर पद और धन के मोह में नेताओं की निष्ठा भी जवाब दे रही है। परिस्थितियां दुर्भायपूर्ण हैं। उन्होने राज्यसभा चुनाव में सपा विधायकों द्वारा की गई क्रास वोटिंग को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कहा पिछड़ों दलितों का वोट लेकर लोग नेता बन जाते हैं और लालच में आकर वोटरों को धोखा देकर उनके विश्वास की कीमत लगा देते हैं। इससे गंदी परंपरा कुछ नही हो सकती। कांग्रेस अध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी के इण्डिया गठबंधन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनने पर खुशी जाहिर की है और नेतृत्व को धन्यवाद दिया है, कहा राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी यूपी की राजनीति में नये अध्याय की शुरूआत करेगी। कांग्रेस पार्टी का एक एक कार्यकर्ता पूरी ताकत से गठबंधन उम्मीदवार को जिताने के लिये अपना योगदान देगा।

## पुलिस ने तीन तस्करों को दबोचा



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** अंतर्राज्जीय अवैध गांजा तस्करी करने वाले गैंग का पुलिस में खुलासा किया है। पुलिस अभियुक्तों के पास से 40 किग्रा जिसकी कीमत 10 लाख रुपए है के साथ तीन तस्करों को भी दबोच लिया। तस्करों में एक बाल अपचारी को भी गिरफ्त में लिया गया है। बता दें कि जिले अवैध मादक पदार्थो की बिक्री, निष्कर्षण व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ला थाना कोतवाली पडरौना मय पुलिस टीम द्वारा मिश्रौली नहर पुलिया के पास से तीन अभियुक्तों अशरफ आलम पुत्र रशीद मिया निवासी ग्रा0 रूपही टाड थाना भितहां पं0 चम्पारण बिहार, इरफान अली पुत्र बाबू जान मिया निवासी ग्रा0 रूपही टाड थाना भितहां प0 चम्पारण बिहार व प्रेम पटेल पुत्र भोज पटेल निवासी ग्रा0 रूपही टाड थाना भितहां प0 चम्पारण बिहार को गिरफ्तार किया गया एवं एक अन्य बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। उक्त अभियुक्तों के कब्जे से कैरी बैग में 40 किग्रा अवैध गांजा (कीमत लगभग 10 लाख रुपये) व जामा तलाशी से 560/- रूपये नगद बरामदगी की गयी है। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्तो ने पूछ-ताछ में बताया कि यह अवैध गांजा उनके द्वारा पं0 बंगाल, उड़ीसा आदि राज्यों से कम दाम में लाकर जनपद कुशीनगर के आस-पास के जनपदों व बिहार राज्य में लेकर जाकर अधिक मूल्य पर बेच देते हैं।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा पालिसी नं. 296314677, 296314678 शाखा डुमरियागंज में हैं, जिसमें मेरा नाम जौवाद अली पुत्र मुरसली ग्राम करैली पोस्ट असनहरा जिला बस्ती जो की पूर्व में था। अब मेरा वास्तविक नाम मो. अकबर पुत्र मुर्सलीन खान हैं। जो की अभिलेखों में भी दर्ज हैं। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाता हैं। इस नाम व पता से मेरे गांव में कोई अन्य व्यक्ति नही हैं। न ही रह रहा हैं। इस सम्बंध में अगर किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 30 दिनों के अन्दर आपत्ति करें।

**मो. अकबर पुत्र मुर्सलीन खान ग्राम करैली, पोस्ट असनहरा, जिला बस्ती**

अवधनामा
लखनऊ, बुधवार, 28 फरवरी, 2024



# अविवि में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के



समाज कार्य विभाग में मंगलवार को सिफ्सा एवं एनएचएम के संयुक्त तत्वाधान में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिला चिकित्सालय के मनोचिकित्सक डा0 मुकेश पाठक ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को जागरुक करते हुए बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति को आंतरिक एवं बाह्य दोनों ही प्रकार से संतुलित करता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का सामाजिक व्यवहार भी कहीं न कहीं मानसिक स्वास्थ्य पर ही निर्भर करता है। व्यक्ति की संतुलित मानसिक स्थिति ही उसे जीवन के नकारात्मक एवं विषम परिस्थितियों से बाहर निकालने में मदद करती है।कार्यशाला में नोडल अधिकारी डॉ0 दिनेश कुमार सिंह ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य संबंधित तथ्यों से जागरूक किया। इसी क्रम में डॉ0 प्रज्ञा पांडेय ने बताया कि तनाव व चिंता को अपने मित्र व परिवार के साथ साझा करने की सलाह दी। कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रभात कुमार सिंह ने किया। अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन पल्लव पांडेय द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के उपरांत सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्र त्रिपाठी, सीमा तिवारी, पीयूष साहू अभिषेक वर्मा, प्रदीप वर्मा, रंजीत कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# विश्व हिन्दू परिषद की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल व प्रबंध समिति की त्रिदिवसीय बैठक संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** विश्व हिन्दू परिषद की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल व प्रबंध समिति की त्रिदिवसीय बैठक मंगलवार को कार सेवक पुरम् में संपन्न हो गई। बैठक में देश की वर्तमान स्थिति पर चर्चा कर हिंदू समाज के समक्ष खड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए संगठन के विस्तार की योजनाएं भी बनाई गई।विश्व हिन्दू परिषद के नव निर्वाचित महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बैठक में देश विदेश से पधारे प्रतिनिधियों ने अनेक विषयों पर चर्चा के साथ यह संकल्प लिया की भगवान श्री राम का भव्य मंदिर तो बन गया, अब हम संगठन, समाज और हिंदुओं में रामत्व के प्रसार के साथ संस्कारित व सबल समाज की पुनर्स्थापना करेंगे। उन्होंने बताया इसके लिए विहिप के इस षष्ठीपूर्ति वर्ष के अंत तक देश भर में लगभग एक लाख स्थानों तक अपने कार्य का विस्तार करेंगी। विहिप महामंत्री ने कहा कि सेवा कार्यो का विस्तार, गौ रक्षा व गौ संवर्धन के साथ धर्मातरण को रोकने व घर वापसी के कार्य को और गति देने के बारे में भी बैठक में विस्तार से चर्चा हुई। विदेशों में बसे हिंदुओं के साथ संपर्क व समन्वय को और अधिक मज़बूत बना कर उनकी समस्याओं के यथोचित समाधान के लिए भी अनेक देशों से आए प्रतिनिधियों ने अपनी कार्य योजना बताई। बागड़ा ने बताया कि समान नागरिक संहिता लागू करने पर उत्तराखंड सरकार का अभिनंदन करते हुए प्रन्यासी मंडल ने आशा व्यक्त की शेष राज्य भी एक सशक्त समान नागरिक संहिता लाएंगे जिससे देशवासियों के बीच भेदभाव समाप्त हो कर सभी बच्चों व महिलाओं को समान अधिकार मिल सकें। धर्मातरण रोकने के लिए कुछ राज्यों ने कठोर कानून बनाए हैं लेकिन अन्य राज्य भी इस बारे में आगे बढ़े, इस बात पर भी प्रन्यासी मंडल ने चिंतन किया।

उन्होंने बताया नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियम जारी होते ही कार्यकर्ता पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से धर्म आधारित उत्पीड़न का शिकार हिंदू जैन, सिख, बौद्ध बंधु भगिनियों की नागरिकता के संदर्भ में भी शीघ्रता के साथ कार्रवाई करें, ऐसा भी निवेदन हुआ।त्रिवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया के अंतर्गत विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में वर्तमान कार्याध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार तथा नवीन महामंत्री के रूप में वर्तमान संयुक्त महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा को निर्वाचित किए जाने पर भी सदन ने हर्ष व्यक्त किया। साथ ही विहिप के केंद्रीय संगठन महामंत्री के रूप में वर्तमान महामंत्री मिलिंद परांडे और सह संगठन महामंत्री के रूप में विनायक राव देशपांडे की नियुक्ति को भी सदन ने स्वीकृति प्रदान की। प्रेसवार्ता में विहिप के नवनिर्वाचित अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार भी उपस्थित रहे।

## सिविल लाइन स्थित साई बाबा मंदिर पर भंडारा

**अयोध्याधाम।** सिविल लाइन नॉर्मल स्कूल प्रांगण मैं स्थापित श्री श्री साई मंदिर का 23 व वार्षिक स्थापना दिवस 29 फरवरी को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा प्राप्त जानकारी के अनुसार नॉर्मल स्कूल के परिसर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के सामने मनाया जाएगा मंदिर के पुजारी महंत ऋषि साई ने बताया कि 29 फरवरी दिन बृहस्पतिवार को एक विशाल शोभा यात्रा दोपहर 1:00 निकल जाएगी जो सिविल लाइन चौकी रेकाबगंज हनुमानगढ़ी चौक पुनः होते हुए मंदिर परिसर के लिए वापस होगी जो पुष्पराज चौराहे होते हुए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के सामने मंदिर परिसर में समाप्त होगी।

## क्रांतिकारियों ने अपने लिए नही,अपनों के लिए कुर्बानी दिया: सत्यभान सिंह

**अयोध्या ।** शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट द्वारा अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस पर आज नन्द कान्वेंट स्कूल में श्रद्धांजलि अर्पित करके स्कूल के प्रबंधक राजेश नन्द की अध्यक्षता में मनाया गया।संचालन मालती तिवारी ने किया। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद को नमन करते हुए शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि क्रांतिकारियों ने अपने लिए नही,अपनों के लिए कुर्बानी दिया।आज शहीदों की बजह से हमें आजादी मिली है।महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद से अंग्रेजी हुकूमत बहुत डरती थी।आजाद एक निर्भीक व निडर आंदोलन कारी थे।साथ ही साथ संगठन कर्ता भी थे।आज ही के दिन अल्फ्रेड पार्क इलाहाबाद में अंग्रेजो से लड़ते हुए अपनी कुर्बानी दिया। अनिता यादव ने कहा कि क्रांतिकारियों की शहादत से आज हमें सीख लेनी चहिये।आज हम आजाद है,खुली हवा में अगर सांस ले रहे है तो इनकी ही बदौलत हैं।

# सांसद महिला प्राइज मनी खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन एक मार्च को

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सांसद महिला प्राइज मनी खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्यसभा सांसद व महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दर्शना सिंह एक मार्च को 12 बजे करेंगी। प्रतियोगिता का



समापन 3 मार्च को प्रदेश सरकार की बाल विकास एवं महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य करेंगी। आयोजन की जिम्मेदारी भाजपा महिला मोर्चा को सौंपी गई है। प्रतियोगिता आयोजन को लेकर सांसद लल्लू सिंह ने महानगर महिला मोर्चा की पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ लोक सभा कार्यालय पर बैठक की। बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में सांसद ने कहा कि खेल में प्रतिभाग करने से शारीरिक के साथ मानसिक विकास भी होता है। इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से प्रतिभाओं को मंच मिलता है। सरकार के प्रयासों से खिलाड़ियों में निखार आया है। जिसका परिणाम स्वरुप आज अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी बेहतर हो गया है। आयोजक मंडल के सदस्य अनुप दुबे ने बताया कि आयोजन एक से तीन मार्च के बीच मकबरा स्थित डा भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में किया जाएगा। इस दौरान कबड्डी, खोखो, रस्साकशी, 100, 200, 400, 800 दौड़, 100 गुणा 4 रिले, लांग जंप का आयोजन होगा।

# एकदिवसीय रबी किसान मेला व गोष्ठी तथा प्रदर्शनी का आयोजन, किसान सम्मानित

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत पल्हरी प्रक्षेत्र प्रांगण में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत की उपस्थिति में एकदिवसीय रबी किसान मेला एवं गोष्ठी तथा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उप कृषि निदेशक, शोध अरविन्द कुमार, उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, जिला कृषि अधिकारी राजित राम, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार, भूमि सरंक्षण अधिकारी, गोमती आदि उपस्थित रहे। सांसद ने मेले में लगे कृषकोपयोगी स्टालों का अवलोकन कर दीप प्रज्जवलन किया। उप कृषि निदेशक, शोध द्वारा प्राकृतिक खेती के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य एवं भूमि शोधन तथा बीज शोधन के बारे में जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि वर्तमान में अधिक रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से हमारी मृदा पर अत्यन्त विपरीत प्रभाव पड़ा है, जिस सुधार हेतु आवश्यक है कि हम लोग मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरकों के साथ जैविक विधियों का प्रयोग करें। उप कृषि निदेशक द्वारा मिलेट्स फसलों की विविधिताओं एवं लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा कृषि रक्षा रसायनों के प्रयोग को कम करने के साथ ही आईपीएम के बारे में विशेष जानकारी दी गई। सांसद उपेन्द्र सिंह रावत द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में विशेष रूप से बताते हुये प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, राशन वितरण, आयुष्मान कार्ड आदि से कृषकों के जीवन आये परिवर्तन के बारे में बताते हुये कहा गया कि वर्तमान सरकार उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, शौचालय, राशन एवं अन्य समस्त क्षेत्रों में उत्तरोत्तर उत्थान के लिये कृतसंकल्प है एवं सरकार की योजनाओं से अभी तक जो भी पात्र कृषक अवशेष हैं उन्हें सभी योजनाओं से संतृप्त करने का प्रयास भी किया जा रहा है। उनके द्वारा कृषकों को आश्वस्त किया गया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार कृषकों के कल्याण हेतु शत-प्रतिशत प्रयास किया जा रहा है एवं सभी के सहयोग



से हम अपने देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को अवश्य पूर्ण करेंगे। इस अवसर पर 30 कृषकों को विभिन्न क्षेत्रों उत्कृष्ट योगदान करने हेतु प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## मऊ के युवक पर डराने धमकाने की रिपोर्ट दर्ज

**बाराबंकी।** जिले की रहने वाली एक युवती ने मऊ निवासी युवक पर बातचीत न करने पर अभद्रता करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार आभा सिंह पुत्री स्व लल्लू सिंह नि मुजीबपुर थाना कोतवाली देवा ने बताया कि रोहित सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी मिर्जापुर पोस्ट मिसरौली, जिला- मऊ से उसकी पूर्व में दोस्ती के नाते बात चीत होती रही है। इसी दौरान पता चला कि रोहित शराबी किस्म का है। इसका पता चलते उसने बात करना बंद कर दिया गया। 15 फरवरी को शाम रोहित सिंह उसके घर पर आ गया और कहा कि बात क्यों नहीं करती हो। ऐसा बोलते हुए गाली गलौज की व जान से मारने की धमकी दी। तब से रोहित अपने व अन्य नम्बरों से भी फोन करके उस को तथा रिश्तेदारों को परेशान करता है तथा रोहित सिंह व उसके पिता अजय सिंह द्वारा फोन से ही गाली व धमकी भी दी जा रही है।

# भारत का मुसलमान किसी के बहकने में आने वाला नहीं है :डॉक्टर इंद्रेश कुमार

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉक्टर इंद्रेश कुमार राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संरक्षक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच विश्व शांति के दूत के दिशा निर्देशन में आज पुनः एक बार अयोध्या में मुस्लिम समाज ने रचा इतिहास जहां एक तरफ राष्ट्रीय सद्भावना मंच और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के शाह मलंग प्रकोष्ठ ने मिलकर के एक संयुक्त विशाल जनसभा बुलाई जिसका संबोधन करते हुए डॉक्टर इंद्रेश कुमार ने कहा कि आज भारत का मुसलमान राममय हो चुका है । ये वह मुस्लिम है जिन्होंने भारत के राम मंदिर के लिए कठिन संघर्ष किया हक के साथ आओ और भव्य राम मंदिर का निर्माण करो पूरे देश में जगह-जगह संगोष्ठियां किया जिसके परिणामस्वरूप श्री राम जन्मभूमि में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ और पुनः यह मुस्लिम समाज के लोग लगातार अपने राम का दर्शन करने आ रहे हैं। और पूरे उल्लास के साथ करते रहेंगे । एनआरसी से भारत का मुसलमान खुश है और यह कानून सबके लिए और सर्व समाज के विकास के लिए है। अब भारत का मुसलमान किसी के बहकने में आने वाला नहीं है और जो राष्ट्र का विकास करेगा जो सबका साथ सबका विकास चाहेगा उसी के साथ भारत का मुसलमान खड़ा रहेगा। जनसभा संबोधन के बाद विशाल रैली के साथ डॉक्टर इंद्रेश कुमार जी ने प्रभु भगवान श्री राम के भव्य दर्शन किए।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से साध्वी कल्पना राष्ट्रीय संयोजक राष्ट्रीय सद्भावना मंच चांदनी शाह बानो राष्ट्रीय संयुक्त का शाह मलंग प्रकोष्ठ डॉक्टर ताहिर शाह प्रोफेसर मोहम्मद अहमद ला लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ मुख्य रूप से मुस्लिम धर्मगुरु सोनू बाबा वारसी अमरोही, जायदा बेगम शाह, फातिमा अली, नूरजहां शाह, रोशन जहाँ, खालिदा बानो , इस्लान शाह, मुनीर शाह, रौनक अली, मुहम्मद शमी खान, नकीर कुरेशी आदि लोग मौजूद रहे।

# गठबंधन निश्चित रूप से भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने में सक्षम रहेगा: सुधीर पाराशर





*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूँ।** कांग्रेस के लोकसभा कोऑर्डिनेटर सुधीर पाराशर पूर्व घोषित कार्यक्रमानुसार बिल्सी पहुंचे जहां उनका स्वागत स्थानीय कांग्रेसियों द्वारा फूल मालाएं पहनाकर किया गया।इसके उपरांत एक बैठक का आयोजन किया गया। मंगलवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह की अध्यक्षता में नगर पालिका बिल्सी ग्राउंड में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद लोकसभा कोऑर्डिनेटर सुधीर पाराशर ने बैठक मे उपस्थित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि बदायूं लोकसभा के समस्त ब्लॉकों पर अध्यक्ष और न्याय पंचायत तक का गठन है।उन्होंने कहा अब सभी न्याय पंचायत अध्यक्षों को जल्द से जल्द अपने बूथ लेवल पदाधिकारी का चयन करना है जिससे कि आने वाले समय में लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस का संयुक्त प्रत्याशी भारी मतों से विजई हो सके। उन्होंने सपा कांग्रेस गठबंधन का स्वागत करते हुए कहा कि यह गठबंधन निश्चित रूप से यहां से भारतीय जनता पार्टी की सरकार को उखाड़ने में सक्षम रहेगा और इसमें हर पदाधिकारी कार्यकर्ता की जिम्मेदारी होगी की मजबूती के साथ कांग्रेस सपा गठबंधन की प्रत्याशी को चुनाव लड़वाय कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह ने आश्वासन दिया कि बूथ लेवल अधिकारी जल्द से जल्द पूरे कर लिए जाएंगे उन्होंने कहा कि निष्क्रिय भूत लेवल अधिकारी को बदलकर सभी ब्लॉकों के जिला संगठन सचिव एवं ब्लॉक अध्यक्ष न्याय पंचायत अध्यक्ष आने वाले 15 दिन के अंदर बूथ लेवल अधिकारियों की लिस्ट जिला कांग्रेस कमेटी को सौंप देंगे वही लिस्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित कर दी जाएगी। इस मौके पर फरहान हुसैन,मोइन खान,मुकर्रम अली,सगीर अहमद,भुवनेश कुमार कृष्ण वीर राम कश्यप,जयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## मऊ के युवक पर डराने धमकाने की रिपोर्ट दर्ज

**बाराबंकी।** जिले की रहने वाली एक युवती ने मऊ निवासी युवक पर बातचीत न करने पर अभद्रता करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार आभा सिंह पुत्री स्व लल्लू सिंह नि मुजीबपुर थाना कोतवाली देवा ने बताया कि रोहित सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी मिर्जापुर पोस्ट मिसरौली, जिला- मऊ से उसकी पूर्व में दोस्ती के नाते बात चीत होती रही है। इसी दौरान पता चला कि रोहित शराबी किस्म का है। इसका पता चलते उसने बात करना बंद कर दिया गया। 15 फरवरी को शाम रोहित सिंह उसके घर पर आ गया और कहा कि बात क्यों नहीं करती हो। ऐसा बोलते हुए गाली गलौज की व जान से मारने की धमकी दी। तब से रोहित अपने व अन्य नम्बरों से भी फोन करके उस को तथा रिश्तेदारों को परेशान करता है तथा रोहित सिंह व उसके पिता अजय सिंह द्वारा फोन से ही गाली व धमकी भी दी जा रही है।

# तनुज ने किया वादा, सांसद बने तो बाराबंकी को कृषि विश्वविद्यालय की देंगे सौगात

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी पर इण्डिया गठबन्धन का फैसला ऐतिहासिक है। आपकी मेहनत से चुनाव परिणाम भी ऐतिहासिक होगा। सभी घटक दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़कर भाजपा को करारी शिकस्त देंगे। किसान की कर्जमाफी, पुरानी पेंशन की बहाली, अन्नदाता को एमएसपी की गारण्टी, महिला सुरक्षा, नौजवानाअें के लिये रोजगार, गैस सिलेण्डर बढ़ती महंगाई को प्रमुख मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ा जायेंगा। उक्त उद्गार पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने आज कांग्रेस संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों की चुनाव तैयारी बैठक में अपने ओबरी आवास पर व्यक्त किये। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन तथा संचालन कांग्रेस महासचिव के.सी.श्रीवास्तव ने किया। संभावित कांग्रेस उम्मीदवार प्रदेश कांग्रेस के महासचिव तनुज पुनिया ने कहा कि मैं उत्तर प्रदेश में इण्डिया



गठबन्धन के घटक दल समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय, प्रदेशीय, जनपदीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ कि उनका सहयोग हमारी उम्मीदों से कही ज्यादा मिल रहा हैं। हम इस प्रेम सौहार्द को बढ़ाकर साथ में कन्धे से कन्धा मिलाकर चुनाव लड़कर नफरत पैदा करने वाली ताकतों को परास्त करके संसदीय क्षेत्र में जीत का नया इतिहास रचकर विकास के नये रास्ते खोलेंगे। संसदीय क्षेत्र बाराबंकी कृषि प्रधान संसदीय क्षेत्र हैं। जिसमें यहा का किसान कई तरह की नगदी की फसल बोकर भी सही जानकारी न होने के कारण जो लाभ फसल का उसे मिलना चाहिये उसे नही मिल पा रहा हैं। उसके लिये एक कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना यदि आपके आर्शीवाद से हमारे हाथों में संसदीय क्षेत्र की आवाम ने ताकत दी तो पहली कोशिश होगी इस देश को किसान का कर्जा कांग्रेस पार्टी की यूपीए सरकार ने माफ किया था।

## गाइड नोट्स के सहारे दे रहे थे एलएलबी एग्जाम, वीडियो वायरल

**बाराबंकी।** जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक लॉ कॉलेज में हो रहे एलएलबी एग्जाम में छात्रों की सामूहिक नकल का वीडियो सामने आया है। वीडियो में साफ नजर आ रहा कि परीक्षार्थी गाइड और नोट्स के साथ एलएलबी का एग्जाम दे रहे हैं। जिस युवक ने सामूहिक नकल होने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है, उसका आरोप है कि कॉलेज प्रशासन ने उसका मोबाइल छीन लिया और मुकदमा करने की भी धमकी दी है। यह मामला व वीडियो सार्वजनिक न होता अगर कॉलेज प्रशासन छात्र का मोबाइल छीनकर उसे धमकी न देता। मामला सफदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित सिटी लॉ कॉलेज से जुड़ा है। वायरल हुए वीडियो में साफ नजर आ रहा कि कॉलेज में एलएलबी के इम्तेहान चल रहे हैं।

# हादसे में घायल अधेड़ व्यक्ति की मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** ट्रैक्टर की टक्कर से टूटे बिजली के खम्भे की चपेट में आकर घायल हुए अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना व कस्बा जैदपुर में इटाहुआ गांव से सामान लाद कर ट्रैक्टर-ट्राली आ रही थी। मोहल्ला वसी नगर के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली बिजली के खम्भे से टकरा गई थी। जिससे खम्भा टूटकर गिरा। खम्भे के पास ही खड़ा अनीस पुत्र मो. सिराज इसकी चपेट में आकर गंभीर घायल हो गया था। अनीस की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर को सीज कर चालक को हिरासत में ले लिया।

## पांच करोड की निर्माण परियाजेनाओं का सांसद ने किया शिलान्यास

**अयोध्या।** पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में आयोजित समारोह में सांसद लल्लू सिंह ने लगभग 5 करोड़ की लागत से निर्माण परियोजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें 35 सड़को का निर्माण होना है। नगर निगम, सोहावल, हैरिंग्टनगंज व अमानीगंज ब्लाक की 6-6 सड़कें मिल्कीपुर ब्लाक में दो, मसौधा में आठ तथा पूरा बाजार ब्लाक की 7 सड़कें शामिल है। जिनकी कुल लागत 4 करोड 10 लाख है। पूराबाजार में गांधी स्मारक की लागत 33.75 लाख तथा रूदौली में लोधी स्मारक की लागत 36.48 लाख का निर्माण होना है। कम्पोजिट विद्यालय बीकापुर में किचन शेड तथा शौचालय की लागत 10.50 लाख, सोहावल ब्लाक के सुरवारी में किचन तथा शौचालय लागत 8.5 लाख व सिवार में किचन शेड लागत 7.25 लाख का निर्माण होना है। सभी निर्माण कार्य ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराया जाएगा। आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि सड़कें किसी क्षेत्र के विकास का पैमाना होती है। आवागमन की सुविधा होने से क्षेत्र में व्यापार की सम्भावनाएं बढ़ती है।

# डपिंग यार्ड से गाड़ियों को खड़ा करने की समस्या होगी दूर

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** लक्ष्मीपुर ब्लाक में मंगलवार को जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने डपिंग यार्ड का उद्घाटन किया। डंपिंग यार्ड का निर्माण ग्राम पंचायत नई कोट थाना नौतनवां में लगभग 02 एकड़ भूमि पर किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि ने उद्घाटन डंपिंग यार्ड की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। विभिन्न मामलों में जब्त गाड़ियों हेतु डंपिंग यार्ड न होने से गाड़ियों को थाना परिसर और नजदीकी सड़कों पर खड़ा करना पड़ता था। इससे ट्रैफिक जाम के साथ्क्कसाथ थानों में जगह की कमी और गंदगी भी समस्या पैदा होती थी। इसी के दृष्टिगत यार्ड का निर्माण किया गया और अब भारत-नेपाल सरहद पर कस्टम, एसएसबी और एआरटीओ की ओर से वाहनों को पकड़ने के बाद खड़ा करने को लेकर समस्या दूर होगी। साथ ही अन्य मामलों में भी जब्त वाहनों को यार्ड में खड़ा किया जाएगा। डपिंग यार्ड में गार्ड रूम, शौचालय और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के साथ सीसीटीवी कैमरा भी स्थापित किया गया है। यार्ड के निर्माण की कुल



कीमत 7 लाख 80 हजार रुपए है, जिसमे 06 लाख रुपए का कार्य ग्राम निधि के माध्यम से और शेष कार्य मनरेगा के माध्यम से कराया गया है। उद्घाटन के दौरान डीपीआरओ यावर अब्बास, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, नायब तहसीलदार नौतनवा सौरभ श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान नई कोट सहित मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

## गन्ना पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण आज से

**महराजगंज।** महराजगंज जनपद में कार्यरत समस्त गन्ना पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 28 फरवरी दिन बुधवार से जिला गन्ना अधिकारी महराजगंज कार्यालय में उ0 प्र0 गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराईच गोरखपुर द्वारा आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी जिला गन्ना अधिकारी महराजगंज ओम प्रकाश सिंह यादव ने दी। उन्होंने ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में घुघुली सिसवा गड़ौरा फरेन्दा गन्ना विकास परिषद में कार्यरत सभी पर्यवेक्षक व गन्ना विकास निरीक्षक भाग लेंगे। प्रशिक्षण दो दिन का होगा। गन्ना किसान संस्थान के सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि इस प्रशिक्षण में गन्ना प्रजातियां, बुवाई की विधियों, संतुलित उर्वरको के प्रयोग, पेड़ी गन्ना प्रबंध, गन्ने में कीट रोग नियंत्रण व शासन की गन्ना विकास योजनाओ आदि पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण देने के लिए सेवरही गन्ना शोध संस्थान के वैज्ञानिक सहायक निदेशक, सिसवा चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक व आकाशवाणी गोरखपुर कृषि प्रसारण अधिकारी भाग लेंगे। इसका उद्देश्य गन्ने की उत्पादकता एवं चीनी परता में वृद्धि करना तथा कृषकों की आय बढ़ाना है।


## कार्यालय, अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या

पत्रांक : 396/वि.प्रा. अयो.-अभि./2023-24 दिनांक : 27.02.2024

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

कार्यालय-अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा ठेकेदारों (ओपेन टू आल) से निम्नानुसार प्रतिस्पर्धात्मक अल्प कालीन निविदा के माध्यम आमन्त्रित की जाती है। विस्तृत नियम व शर्तो की जानकारी कार्यालय कार्य दिवस में अभियन्त्रण अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य (जी.एस.टी. सहित) | निविदा प्राप्त करने की तिथि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अयोध्या के विभिन्न स्थानों पर कच्ची पार्किंग का निर्माण कार्य। | 8,26,400.00 | 16,600.00 | 1180.00 | 05.03.2024 | 10 दिन |

नोट -1 विस्तृत जानकारी कार्यालय कार्य दिवस में अभियन्त्रण अनुभाग से तथा प्राधिकरण की बेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।
2 टेण्डर डालने से पूर्व टेण्डर कास्ट व अर्नेस्टमनी प्राधिकरण कोष, सचिव अयोध्या विकास प्राधिकरण में NEFT/RTGS के माध्यम से खाता सं0-029005501009 (IFSC CODE-ICIC0000290 आई0सी0आई0सी0आई0 शाखा नियॉवा फैजाबाद में अथवा www.ayodhyda.in के माध्यम से आनलाइन जमा करना अनिवार्य होगा।
3. विस्तृत जानकारी etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

(आलोक कुमार सिंह) अधिशासी अभियन्ता | (सत्येन्द्र सिंह) सचिव | (विशाल सिंह) उपाध्यक्ष

# विश्व की सबसे बड़ी होम्योपैथी पुस्तक का हुआ विमोचन

अवधनामा संवाददाता



- 2466 पेज की पुस्तक का हुआ विमोचन
- होम्योपैथी के इतिहास में पहली बार होम्योपैथी पुस्तक का हुआ विमोचन

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** 25 फरवरी को होम्यो फ्रेंड्स 19 में होम्योपैथिक साइंटिफिक सेमिनार और अवार्ड सेरेमनी का आयोजन उत्तराखंड के हरिद्वार के वानप्रस्थ आश्रम में किया गया। साइंटिफिक सेमिनार में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड सहित सैकड़ो वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी वी सैकड़ो पुस्तकों के लेखक सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर भास्कर शर्मा द्वारा लिखित होम्योपैथिक विश्व की सबसे बड़ी होम्योपैथी पुस्तक होम्योपैथिक एनसाइक्लोपीडिया होम्योपैथिक मैटेरिया मेडिका 2466 पेज का विमोचन उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर दिनेश चंद्र शास्त्री जी, पूर्व निदेशक होम्योपैथी उत्तर प्रदेश प्रोफेसर बीएन सिंह, डॉ मजूलेंद्र प्रताप सिंह जी ने विमोचन किया। हर्ष की बात है कि भारत में पहली बार दुनिया के सबसे बड़ी होम्योपैथी मैटेरिया मेडिका जिसका नाम होम्योपैथी एनसाइक्लोपीडिया मैटेरिया मेडिका है। यह पुस्तक अपने आप में कई खूबियां से परिपूर्ण है जैसे 1400 से अधिक औषधीय का संपूर्ण वर्णन जिसमें भारत एशिया तथा यूरोप के ऐसे दुर्लभ औषधीय का भी संकलन किया गया है जिसमें प्रत्येक औषधि का रासायनिक गुणसूत्र के साथ एनाटॉमी फिजियोलॉजी पैथोलॉजी बेस्ड गाइडिंग सिंपटम के साथ विस्तृत वर्णन बहुत ही रोचक तथ्यों के साथ किया गया हैद्य डॉक्टर भास्कर शर्मा ने बीएचएमएस पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए पुस्तक टेक्स्ट बुक ऑर्गनॉन ऑफ़ होम्योपैथिक मेडिसिन, होम्योपैथिक रिपोर्टरी एंड केस टेकिंग, होम्योपैथिक फार्मेसी, प्रैक्टिस ऑफ होम्योपैथिक मेडिसिन, द ह्यूमन एनाटॉमी, द ह्यूमन फिजियोलॉजी, जनरल पैथोलॉजी, होम्योपैथिक साइकोलॉजी, ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी, टेक्सबुक ऑफ़ बायोकेमेस्ट्री, होम्योपैथिक मैटेरिया मेडिका भाग एक भाग दो भाग तीन, होम्योपैथिक थैरेपीयूटिक्स,कैंसर एंड होम्योपैथी, होम्योपीडिया मैटेरिया मेडिका आदि 156 पुस्तकों का लेखन किया है।

## खण्ड शिक्षा अधिकारी ने की प्रधानाध्यापक के संग बैठक

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंहा ने मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय वाजिदपुर में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ मासिक समीक्षा बैठक कर विभागीय कार्यो की समीक्षा किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में अन्य दिनों की अपेक्षा नौनिहालों की कम उपस्थिति मिलने, कक्षा- कक्ष में प्रिंट रिच मैटेरियल का उपयोग नही करने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने शिक्षकों से विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण बेहतर बनाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान यू-डायस अपडेशन, डी बी टी पर सीडेड व अनसीडेड का निस्तारण,आपरेशन कायाकल्प, विद्यालय में रैम्प, रेलिंग, प्रकाश, जलापूर्ति व्यवस्था,कम्पोजिट ग्रांट का शत-प्रतिशत उपयोग, स्मार्ट क्लास व मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन समेत अहम बिंदुओं की समीक्षा की। बैठक में शिक्षक संघ अध्यक्ष राजेश यादव, मित्रसेन वर्मा, किरन चौधरी, संजय सिंह, अनिल यादव, निशात अहमद, अलकमा, राजेश वर्मा, सुहैल अहमद, राजाराम वर्मा, अरविंद यादव समेत तमाम शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# स्काउटिंग गतिविधि से होता है छात्रों का चरित्र निर्माण: एडी बेसिक

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** बेसिक शिक्षा परिषद में जिला अधिकारी की अध्यक्षता में स्काउट और गाइड के तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन कंपोजिट विद्यालय - जनियाजोत विकास क्षेत्र - बांसी में गतिमान है, जिसमें 5 विकास खण्ड के कुल 89 छात्र एवं छात्राएं सम्मिलित हैं। विकास क्षेत्र- बर्डपुर के पूर्व माध्यामिक विद्यालय - बूड़ा से 10, डुमरियागंज के पूर्व माध्यमिक विद्यालय - गौहनिया राज से 19, खुनियाँव के कंपोजिट विद्यालय गौरडीह से 8, लोटन के पूर्व माध्यमिक विद्यालय - फुलवरिया से 17 एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय - नेतवर से 14 एवं कंपोजिट जनियाजोत 21 छात्र शामिल हैं। जांच शिविर का पहले दिन शुभारंभ जिला स्काउट मास्टर महेश कुमार ने ध्वज शिष्टाचार से प्रारम्भ किया। तदोपरांत स्काउटिंग का इतिहास स्काउट मास्टर कुलदीप कुमार, प्रथम सोपान की गांठें राजित कुमार, प्राथमिक सहायता अभिषेक यादव, देखभाल करना जितेंद्र कुमार ने बताया तथा रात्रि कालीन सत्र में कैंपफायर का आयोजन जिला गाइड कैप्टन श्रीमती अर्चना वर्मा एवं जिला प्रशिक्षण गाइड डॉ. इफ्तेखारून निसा ने किया। शिविर के दुसरे दिन बीपी सिक्स एवं योगाभ्यास का शिक्षण महेश कुमार ने बताया तथा द्वितीय सोपान की गांठें अमित कुमार शुक्ल ने बताया तथा वर्दी विषय की जानकारी महेश कुमार ने दिया। शिविर के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी बांसी अखिलेश कुमार सिंह के अगुवाई में एडी बेसिक संजय शुक्ला का आगमन हुआ, जिसमें महेश कुमार ने स्कार्फ पहनाकर एडी बेसिक का स्वागत एवं वंदन कर स्काउटिंग गतिविधियों की जानकारी साझा किया। एडी बेसिक ने छात्रों को संबोधित करते हुए स्काउट और गाइड से होने वाले लाभ एवं आगे की प्रगतिशील शिक्षण में मिलने वाले वेटेज की जानकारी देते हुए अपना आशिर्वाद दिया और शिविर की शानदार सफलता हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय की सराहना किया। इस अवसर पर प्रीति गौतम, महेश प्रसाद, अनिल कुमार, सुम्बुल अनीस, स्तुति मिश्रा, संगीता चौधरी, सोनल श्रीवास्तव, रंजना चौधरी, शान्ति, अनारमती, सुशीला आदि की उपस्थिति रही।

# रोडवेज बस और ट्रक की भिड़ंत में डुमरियागंज के एक व्यक्ति की मौत और एक घायल

अवधनामा संवाददाता

- प्रयागराज से बस्ती आ रही बस का बस्ती जिले के कप्तानगंज के पास ट्रक से सामने हुई भीषण टक्कर
- बस के पीछे से भी एक आने ट्रक ने मारी तेज टक्कर
- डुमरियागंज नगर पंचायत के हबीबुल्ला नगर वार्ड निवासी सगीर अहमद के रूप में हुई मृतक की पहचान

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मुकदमे की पैरवी के लिए हाईकोर्ट गए व्यक्ति की इलाहाबाद से लौटने के दौरान सड़क हादसे में जान चली गई। उनके साथ गए एक अन्य युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा बस्ती जिले के कप्तानगंज के पास रोडवेज बस और ट्रक की भीषण टक्कर से हुआ।

मृतक व्यक्ति को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बस्ती भेजा गया है, वहीं घायल युवक का इलाज चल रहा है। डुमरियागंज नगर पंचायत के हबीबुल्लानगर वार्ड निवासी सगीर अहमद (70 साल) सोमवार की सुबह अपने साथ डुमरियागंज के ही कृष्णानगर वार्ड निवासी खालिद (करीब 22 साल) को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट में मुकदमे की पैरवी के सिलसिले में वकील से मिलने गए थे। जहां से वह सोमवार की रात रोडवेज बस से बस्ती के लिए वापस घर आ रहे थे। बस बस्ती जिले के कप्तानगंज के पास पहुंची थी कि तेज रफ्तार से रोडवेज बस को चला रहे ड्राइवर ने सामने जा रही ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बस में सवार 33 यात्रियों में करीब 14 यात्री घायल हो गए। वहीं बस में बाएं तरफ आगे बैठे सगीर अहमद के सर और पैर के साथ ही पूरे शरीर में गंभीर चोट लगने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। खालिद के बाएं हाथ की दोनों हड्डी टूट गई। हादसे की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने मृतक सगीर अहमद और खालिद को बस्ती जिला अस्पताल भेज दिया। जहां खालिद का इलाज चल रहा है। इधर सगीर अहमद के घर हादसे की सूचना मिलने पर उनके परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए। जहां सगीर अहमद के पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। वहीं डॉक्टरों ने बताया कि खालिद के हाथ का ऑपरेशन किया जाएगा। इस संबंध में डुमरियागंज इंस्पेक्टर मुकेश राय ने बताया कि बस्ती में हुई दुर्घटना की जानकारी है। हादसे में डुमरियागंज निवासी एक व्यक्ति की मौत हुई है, मृतक की पहचान हबीबुल्लाहनगर वार्ड निवासी सगीर अहमद के रूप में हुई हैं, घटना की सूचना उनके परिजनों को है।

# जामिया इस्लामिया खैरुल उलूम डुमरियागंज के 31 छात्र बने हाफ़िज, छह को मिली आलिम की उपाधि

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** जामिया इस्लामिया खैरुल उलूम डुमरियागंज के तत्वाधान में खैर कैंपस डुमरियागंज नगर पंचायत स्थित बनगवां बरई में वार्षिकोत्सव का आयोजन सोमवार की रात किया गया। जिसमें कुरआन पाक को मौखिक याद करने वाले 31 छात्रों व दीनी शिक्षा में निपुण होने वाले 6 छात्रों को उपाधि प्रदान की गई। वार्षिकोत्सव में अलग-अलग विषयों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

इस मौके पर अपने मुख्य अतिथि संबोधन में शब्बीर अहमद मदनी ने कहा कि तकनीकी शिक्षा व व्यावसायिक शिक्षा दोनों मदरसे के बच्चों के लिए जरूरी है। बदलते परिवेश में धार्मिक शिक्षा के साथ तकनीकी शिक्षा हासिल कर बच्चे देश व दुनिया में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। वही मदरसे के प्रबंधक डॉक्टर फैजान अहमद ने कहा कि दीनी व दुनियावी दोनों तालीम साथ लेकर चलना चाहिए शिक्षा ग्रहण करने के लिए हमें किसी भी संघर्ष से गुजरना पड़े तो इससे पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक आलिम हमेशा नेकी का रास्ता बताता है और तरक्की का मार्ग ही शिक्षा है। कार्यक्रम को अब्दुल रहमान लैसी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज सभी अभिभावको को अपने पाल्यो को मोबाइल के प्रयोग के प्रति सचेत रहना चाहिए मदरसे किसी से कम नहीं है। अपने बच्चों को मदरसे में दाखिला कराए। कार्यक्रम को अब्दुल आस वहीदी, हाफिज अब्दुल समी मदनी, अब्दुल कुद्दुस मदनी, सनाउल्लाह सल्फी, अब्दुल रशीद मदनी, मोहम्मद इब्राहिम मदनी, अब्दुल सत्तार सिराजी, फखरुद्दीन नदवी आदि ने भी संबोधित किया। प्रोग्राम का संचालन अब्दुल्लाह सल्फी व अध्यक्षता अब्दुल कुद्दूस मदनी ने की। जबकि इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरआत तिलावते कुरआन पाक से मोहम्मद इमरान ने किया। हम्द पाक मोहम्मद अमीन ने पेश किया। अंत में इस वर्ष 31 छात्रों में मो इब्राहिम, अबुल आस, अफरोज अहमद, सुहेल अहमद, नदीम, हम्माद, मो सालिम, सलाउद्दीन, अब्दुल साद आदि को हाफ़िजे कुरआन व सफीउर्रहमान, मो अकरम, अहमद नबील, हिफजुर्रहमान, सइदुर्रहमान , मो इमरान को आलिम की उपाधि प्रदान की गई तथा मुख्य अतिथि द्वारा पगड़ी बांधकर छात्रों का हौसला अफजाई किया गया। इस मौके पर डा मो अयूब सर्जन, इ. इरशाद अहमद, फैय्याज अहमद, रियाज़ अहमद, आफताब जिगर, जमाल अहमद, अतिकुर्रहमान, अफजाल अहमद, अब्दुल हफीज नदवी, फखरुद्दीन खान, जियाफत हुसैन, मोईद् खान, शाहरुख अहमद, डॉ वासिफ,डा सगीर अहमद, शमीम आदि लोग मौजूद रहे।

## दलित युवक की तहरीर पर तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** मालीपुर पुलिस ने दलित युवक की तहरीर पर तीन आरोपियों के विरुद्ध एससी एसटी मारपीट आदि की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। मालीपुर थाना के रामपुर दुबे गांव निवासी अभिषेक कुमार ने पुलिस को तहरीर दिया कि वह रविवार को बाल कटवाने के लिए धवरूवा बाजार गया हुआ था। बाल कटवाने के दौरान वहां मौजूद अभय सिंह निवासी गुवावा जमालपुर, सचिन यादव निवासी बीबीपुर व राजन निवासी धवरूवा उसका मजाक उड़ाने लगे और विरोध करने पर तीनों एक जुट होकर जाति सूचक गालियां देते हुए लात घूसों से उसकी पिटायी कर दी।मारपीट से उसे गम्भीर चोटें आयीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल किया इस बीच सभी आरोपी वहां से फरार हो गए। थानाध्यक्ष प्रियंका पांडेय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध अनुसूचित जाति,जनजाति अधिनियम समेत अन्य अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

## गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा के दूसरे दिन जप, ध्यान व प्रज्ञा पुराण कथा कार्यक्रम का आयोजन

**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** कुदरहा कस्बे में निजी मैरेज हाल में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में चल रही तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा



पुराण कथा के दूसरे दिन मंगलवार को जप, ध्यान व प्रज्ञा पुराण कथा कार्यक्रम का आयोजित किया गया। जिसमे वातावरण को शुद्ध रखने के लिए हवन भी किया गया। महायज्ञ गुरु सत्यनारायण शर्मा के ने नेतृत्व मे हवनोत्सव कार्यक्रम शुरु हुआ। जिसमे मंत्रोचार के द्वारा हवन किया गया। उहोंने ने भगवान सूर्य को समर्पित गायत्री मंत्र के महात्म को विस्तार से बताते हुए कहा कि गायत्री मंत्र के माध्यम से ही अपनी बुद्धि को सनमार्ग पर चलाए जा सकता है। आज भौतिक दृष्टि से संपन्न होते हुए भी लोगों को चैन और सुकून नहीं मिल पा रहा है। इसके लिए हम सब को प्रगतिशील जीवन में वाणी का मधुर होना नितांत आवश्यक है। जिस प्रकार हाथ पैर चलने से पेट भरता है और जीवन कर्म चलता है ठीक उसी प्रकार वाणी के मुखर होने से पारस्परिक सहयोग बढ़ता है। समाज संपर्क बनता है और प्रगति का अवरुद्ध द्वार खुलता है। लोक सेवा में सबसे बड़ा परमार्थ किसी भी दिशा धारा को शालीनता की दिशा में मोड देता है। इसके लिए वाणी का मुखर होना अति आवश्यक है। वातावरण को शुद्ध रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाए और हवन करके। कार्यक्रम आयोजन विजय स्वर्णकार, रतनाकर पांडेय, अनिल अग्रहरि, सीताराम चौरसिया, राकेश सोनी, देवेंद्र कुमार, मनोज, पंकज, सनोज, रमेश सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# महिला समूह एवं केयर टेकर मानदेय न मिलने का आरोप

अवधनामा संवाददाता



**आलापुर (अंबेडकरनगर)।** विकास खण्ड जहांगीरगंज अंतर्गत गांवों में बने सामुदायिक शौचालय पर नियुक्त महिला समूह एवं केयर टेकर महिलाओं में ग्राम पंचायत खरूवांव की केयर टेकर को मानदेय न देने और केयर टेकर के काम न करने का झूठा आरोप लगाकर नोटिस जारी करने पर भारी आक्रोश व्याप्त हो रहा है।

भुजहवा माता मन्दिर पर जुटी समूह एवं केयर टेकर महिलाओं ने बताया कि खरूवांव की केयर टेकर की नियुक्ति हम सभी लोगों के साथ हुई थी और वह तीन साल से लगातार अपनी ड्यूटी करती चली आ रही है लेकिन गांव की राजनीतिक द्वेष भावना से ग्रस्त ग्राम प्रधान एवं सचिव तीन साल से केयर टेकर रीता निषाद को मानदेय नही दिया केयर टेकर ने जब मानदेय न मिलने की शिकायत जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी से कर दिया तो पहले तो उससे शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया और जब केयर टेकर ने शिकायत वापस नहीं लिया तो उसको केयर टेकर पद से निकालने की नोटिस सचिव व प्रधान ने जारी कर दिया। इस बात की लिखित जानकारी केयर टेकर ने मुख्य विकास अधिकारी को दिया तो बीते दिनों मुख्य विकास अधिकारी स्वयं ब्लाक मुख्यालय पर पहुंचकर खरुवांव की केयर टेकर को मानदेय देने के लिए सचिव को फटकार लगाई थी और सचिव से पूछा था कि महिला तीन साल से ड्यूटी नहीं कर रही है क्या तो इसका ज़बाब सचिव के पास नही था इसने मानदेय न मिलने की शिकायत कर दिया तो नोटिस जारी कर रहे हो। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट आदेश दिया था कि केयर टेकर को मानदेय देना सुनिश्चित करें और कोई केयर टेकर हटाई नहीं जाएगी फिर भी सचिव ने मानदेय नहीं दिया बल्कि केयर टेकर के मोबाइल फोन को ब्लाक कर दिया और पुलिस बल भेजकर एवं अन्य तरह से केयर टेकर को परेशान कर रहे हैं । केयर टेकर महिलाओं एवं समूह की महिलाओं ने कहा कि खरूवांव की केयर टेकर के साथ अन्याय हो रहा है जिसे हम लोग बर्दास्त नहीं करेंगे हम लोग सड़क पर धरना प्रदर्शन अनशन शुरू कर देंगे और इस अन्याय के खिलाफ माननीय मुख्यमंत्री जी एवं जिलाधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी से मिलेंगे। यदि शासनादेश,मुख्य विकास अधिकारी के आदेश कि बिना मेरी अनुमति के कोई केयर टेकर हटाया नहीं जायेगा का अनुपालन नहीं किया गया और केयर टेकर को शीघ्र मानदेय नहीं दिया गया तो हम लोग धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर हो जाएंगे। केयर टेकर महिलाओं ने बताया कि बीते 23अगस्त को महिला समूह की केयर टेकर महिलाओं को ब्लाक मुख्यालय पर खरूवांवा ग्राम प्रधान के दबंग पति एवं उनके साथियों ने मानदेय मांग करने की बात पर ही केयर टेकर महिलाओं को ब्लाक पर दौड़ा दौड़ा कर मारा पीटा था जिसमें दो महिलाओं को गंभीर चोटे आई थी। जिसका मुकदमा अपराध संख्या 287/23 गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है दबंग प्रधान पति के दबाव में सचिव और अन्य कर्मचारी रीता निषाद के ऊपर झूठा आरोप लगा कर नोटिस जारी किया है जिसे ब्लाक मुख्यालय पर आए मुख्य विकास अधिकारी ने केयर टेकर से बात करने के बाद नहीं माना और स्पष्ट आदेश दिया कि केयर टेकर को मानदेय देना सुनिश्चित करें और किसी भी केयर टेकर को हटाया नहीं जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी के न्यायपूर्ण आदेश पर सभी केयर टेकर महिलाओं एवं समूह की महिलाओं ने खुशी जताई थी लेकिन दबंग प्रधान पति और सचिव द्वारा जो सामाजिक मानसिक शोषण किया जा रहा है और मानदेय न देकर नौकरी से निकाल देने की धमकी दी जा रही है।

## स्वास्थ्य विभाग मे भ्रष्टाचार चरम सीमा पर 47 एएनम की जोइनिंग मामले में स्टेनो की कार्यशैली सुर्खियों मे

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिले का स्वास्थ्य विभाग एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। इस बार एएनएम की ज्वाइनिंग और सब सेंटर एलॉटमेंट में 30000/ का घूस लिए जाने की बात कही जा रही है। सूत्रों के अनुसार, यह पैसा सीएमओ के स्टेनो द्वारा मागा जा रहा है। मन चाहा उपकेंद्र पाने की इच्छुक एएनएम सीएमओ के स्टेनो को 30000/ को देकर खुश हैं, वहीं जो एएनएम मांगी गई रकम दे पाने में असमर्थ हैं उन्हें मन चाहा उपकेंद्र नही दिया जा रहा है और वे काफी नाराज और हलकान हैं। पूरे प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में 17000 नई एएनएम की ज्वाइनिंग और तैनाती होनी है। इस जिले के 8 ब्लॉकों में 47 एएनएम की नियुक्ति की जानी है। जिले के हेल्थ डिपार्टमेंट में इस समय घूसखोरी का खेल खेला जा रहा है। जानकार सूत्रों के अनुसार एएनएम की तैनाती लकी ड्रॉ के तहत किया जाना चाहिए। आरोप है कि ऐसा न करके स्वास्थ्य विभाग के मुखिया के स्टेनो द्वारा प्रति एएनएम 30000 की माग की जा रही है। सूत्रों के अनुसार सीएमओ का स्टेनो विभाग के अन्य कर्मियों से सीधे मुंह बात भी नही करता है। अपने को ऊंची पहुंच वाला कह कर विभागीय कर्मियों में अपनी हनक बनाता है। इस समय एएनएम ज्वाइनिंग पोस्टिंग में इस स्टेनो का अलग ही रुतबा बन गया है।

हेल्थ डिपार्टमेंट में चल रहे घूसखोरी की तरफ एएनएम और उनके संरक्षकों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है। इन सभी ने मांग की है कि विभागीय नियमानुसार एएनएम तैनाती लकी ड्रॉ मॉडल से की जानी चाहिए। ऐसा करने से विभाग में चल रही घूसखोरी पर नियंत्रण लग सकता है। इस बाबत जब हमने सीएमओ डॉ राजकुमार से बात किया तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि वह बड़ी इमानदारी से कार्य कर रहे हैं। विभागीय कार्यो के संपादन में पारदर्षिता बरतते हैं। वह किसी कर्मचारी चाहे स्टेनो हो या फिर कोई अन्य के कहने पर कोई काम नहीं करते हैं। जो भी करना रहता है, स्वयं करते है।इस तरह स्पष्ट रुप से कहकर सीएमओ डॉ राजकुमार ने स्टेनो मुकेश कुमार कुशवाहा को क्लीन चिट दे दी।

# इमामे ज़माना की आमद पर पोखरिया पर हुई महफ़िल

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के हल्लौर पोखरियाल डीह स्थित अतवार खानसामा के आवास पर ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई की अध्यक्षता में बीती रात इमामे ज़माना अस की आमद के मुसर्रत मौके पर जश्ने इमामें अस्र अलैहिस्सलाम का आयोजन किया गया। जिसमें मुकामी शायरो ने इमामे ज़माना अस की शान में कलाम व कसीदे पढ़कर खूब वाहवाही बटोरी। महफ़िल का संचालन अफसर हल्लौरी ने किया। महफ़िल के कन्वीनर मासूम हैदर अलीगढ़ रहे।

सोमवार शाम महफ़िल का आगाज़ शकील अहमद के तिलावते कलाम पाक से हुआ। ततपश्चात अम्बर मेंहदी ने नात ए पाक पेश करते हुए कहा कि तैबा के ताजदारे मुहम्मद की बात कर, महमूदे किरदिगारे मुहम्मद की बात कर, पेश किया तो लोग वाहवाही बोल उठे। इसके बाद बाकायदा तौर पर महफ़िल शुरू हुई जिसमें शमशाद, फलक, साबिर, बेताब, नफीस, आले रज़ा, अज़ीम सज्जादी, अर्श, हसन जमाल, साबिर, खुलूस, हानी, मुम्ताज़, काविश, कैफ़, सैफ़ी, लकी, जिगर ने अपने अपने अंदाज में एक से बढ़कर एक कलाम पेशकर महफ़िल में रौनक बिखेर दी। महफ़िल के बीच बीच मे नारे हैदरी या अली और नारे सलवात की सदा फिज़ाओ में गूंजती रही। अंत में ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने तकरीर करते हुए कहा कि जो अपने वक़्त के इमाम की मारेफत न हासिल करे और मर जाए गोया जेहालत की मौत मरा। इसीलिए हमारा अक़ीदा और ईमान है कि इमामे ज़माना पर्दा ए ग़ैब में हैं और इज़्ने खुदा से ज़ाहिर होंगे यानी ज़हूर फरमाएंगे। इमाम पर्दा ए ग़ैब में रहकर हमारी हिदायत ऐसे ही फरमा रहे हैं जैसे बादलों में रहकर भी सूरज दुनिया को उजाला बख्शता है बग़ैर हुज्जते खुदा के निज़ामे कायनात एक पल भी नहीं चल सकता। अंत मे शिया मुसलमानों के आखरी इमाम इमामें ज़माना अस की जिंदगी पर विस्तार से फजायल बयान किया। महफ़िल के दौरान क़सीम पाल, पप्पू पल्सर, सन्जू मास्टर, गुलाम अब्बास, राजू प्रेस, दीपू मास्टर मुल्ला जी, बशीर, सदलू, काज़िम रज़ा, शम्स हैदर, महफूज़ मैक्स, तसकीन, शबाब, मंटू बबलू, हैदर, शबाब, मनव्वर, फैज़ान सहित तमाम लोग मौजूद रहे। महफ़िल आयोजक अतवार ने आये हुए सभी शायरो व सामईन ज़ाकिर का शुक्रिया अदा किया।

# हल्लौर के पेश इमाम मौलाना मोहम्मद हसन बने उर्दू प्रवक्ता, लोगों ने दी बधाई

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तेजी सी भागती दौड़ती जिंदगी में आदमी अपने सपनों को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास या फिर ये कहें कि कोशिश करता है. कई बार उसकी कोशिशें सफल तो कई बार उसकी कोशिशें नाकाम होती हैं। दरअसल, असफलता या फिर कहें नाकामी हमेशा उन्हें ही मिलती है जो अपने जीवन में किसी चीज को पाने की कोशिश करता है। ऐसा ही एक मामला हल्लौर के पूर्व इमाम ए जुमा व जमात मौलाना मोहम्मद हसन इब्ने आले हसन का है जिनका तालुल्क किसान परिवार रखने वाले व मस्जिद में नमाज़ पढ़ा कर अपना व परिवार का गुजारा करते आ रहे थे। बीच बीच मे सफल जीवन के लिए नौकरी की भी कोशिशें करते रहे। अंततः मौलाना मोहम्मद हसन को सफलता मिल ही गई और वे बिहार के जिला पश्चिमी चंपारण के बगहा विद्यालय में उर्दू प्रवक्ता के पद पर आसीन हुए। बताते चले कि मौलाना मोहम्मद हसन ग्राम अफजलपुर (सुडारी) अकबरपुर अम्बेडकर नगर यूपी की प्रारंभिक शिक्षा मांटेसरी स्कूल लोरपुर अम्बेडकर नगर में करने के बाद वसीका अरबी कालेज फैज़ाबाद से मौलवी (आलिम फ़ाज़िल) की डिग्री हासिल की। इसके बाद शिया कालेज लखनऊ से बीए किया। डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्विद्यालय से एमए बीएड यूपीटीईटी, सीटीईवी करने के बाद धार्मिक उच्च शिक्षा के लिए ईरान भी गए। इसके बाद सिद्धार्थनगर के कस्बा हल्लौर एक अगस्त 2018



से 3 दिसंबर 2023 तक धर्मगुरु (इमामे जुमा व जमात) के रूप में अपना योगदान दिया। बीते दिनों बिहार राज्य में एसटीईटी परीक्षा में पास हुए जहाँ बीपीएससी टीआरई-2 में उर्दू टीचर (प्रवक्ता) के पद पर नियुक्त हुए। दिनांक 18.02.2024 को रामपुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगहा जिला पश्चिमी चंपारण बिहार में कार्यभार ग्रहण किया है। मौलाना मोहम्मद हसन के उर्दू प्रवक्ता की पोस्ट हासिल होने पर कस्बे के मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब, मौलाना अली अब्बास, सिकरेट्री ज़मीर हसन, मासूम हैदर, शीबू लारा, तशबीब हसन, काज़िम रज़ा, कामयाब हैदर, तसकीन हैदर, नायाब नेता, ताक़ीब रिज़्वी, अज़ीम हैदर, शकील अहमद, जमाल हैदर, पप्पू पल्सर, इन्तेज़ार हुसैन शबाब, शाहिद रिज़्वी, खुशबू, नफीसुल हसन, कैफी रिज़्वी, अफसर मेंहदी, हाशिम रिज़्वी, अर्शी रिज़्वी, आफताब, मोहम्मद हैदर, अमानत, मुन्नू सहित तमाम लोगो ने मुबारकबाद दी है।

# विश्व युवा महोत्सव में रूस जाएगी बुद्ध भूमि की बेटी अंजली सचान

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** रूस में आयोजित होने वाले युवा महोत्सव में प्रतिभाग करने हेतु बुद्ध भूमि की होनहार बेटी अंजली सचान को आमंत्रण मिला है। जनपद निवासी एवं विकास क्षेत्र बर्डपुर के एक परिषदीय विद्यालय में शिक्षिका सावित्री चौधरी ने बताया कि उनकी पुत्री अंजली सचान राजस्थान के वनस्थली विद्यापीठ में जीव विज्ञान विषय में डाक्ट्रेट की पढ़ाई कर रही है। फ्रैंच भाषा में डिप्लोमा कोर्स पूर्ण कर चुकी अंजली को विश्व युवा महोत्सव में रूस जाने का आमंत्रण कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद मिला है, जिससे उनके पिता रविन्द्र चौधरी सहित पूरे परिवार एवं शुभचिन्तकों में खुशी की लहर है। विश्व युवा महोत्सव युवा विमर्श पर आधारित विश्व का सबसे बड़ा कार्यक्रम है, जो इस बार रूस के सोची शहर में आयोजित किया जा रहा है। एक से आठ मार्च तक होने वाले इस महोत्सव में विश्व भर से लगभग बीस हजार युवा प्रतिभाग करेंगे। इस वर्ष महोत्सव का प्रमुख विषय युवा विकास अवधारणा पर आधारित है। महोत्सव में प्रतिभाग के लिए भारत के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित कुल तीन सौ साठ युवा उन्तीस फ़रवरी को इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट नयी दिल्ली से एक साथ उड़ान भरेंगे। अंजली अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता और परिजनों के साथ अपने फ्रैंच भाषा के शिक्षक डाक्टर मनीष रंजन को देते हुए युवा महोत्सव में रूस जाकर वहाँ के जनजीवन एवं संस्कृति को देखने के लिए लालायित है।

## क्रिकेट और बैडमिन्टन में भारत

खेल की दुनियां से दो उत्साह खबरों ने अश्वस्त किया है कि खेल की दुनियां में भारत का भविष्य उज्जवल है। क्योकि दोनो खबरों के नायक नायिका नौजवान खिलाड़ी है। भारत ने बैजबाल का मास्टर कहे जाने वाले इंग्लैण्ड से पहला मैच हारने के बाद लगातार दो मैच जीतकर 2-1 की बढ़त बना ली है। चौथा जितने के कगार पर है। वही एशियाई चैम्पियन में अनमोल परब, अश्मिता चालिहा, गायत्री गोपीचन्द और त्रिशा जैली जैसी नौजवान, युवतियो ने जीत का झन्डा गाड़ा एशियाई चैम्पियनचिप पहली बार अपने नामकर महिला खेलो में भी भारत की बुलन्दी का इजहार जोरदार तरीके से कर दिखाया है। भारत में महिला पुरूष भेदभाव को लेकर बहुत बात की जाती है। स्थिति बदल गई है। महिला और पुरूष क्रिकेटरो के परिश्रमिक में कार्ड भेद नहीं है। इसलिये महिलायें भी खुलकर आ रही है।

क्रिकेट टीम में जो खिलाड़ी जलवाफ़रोज हुये वे है यशस्वी जसवाल शुभमन गिल, सरफ़राज खान, ध्रुव जुरेल है। क्रिकेट में बार बार कोहली रोहित शर्मा, चेतेश्वर पुत्रारा अजिक्या रहाडे केएल राहुल श्रेस अय्यर ताश के पत्ते की तरह फेटेज जा रहे थे। दर्शको को इन्हीं को देखने की आदत हो गई है। पहले टेस्ट में कोहली, राहुल और ऊपर जो भरोसेमन्द बैटर है न होने की वजह से भारत हार गया था। पहले टेस्ट हारने के बाद लगा भारतीय कोच का पुराने खिलाड़ियों को बुलाना पड़ पड़ेगा। भारतीय प्रबन्धन टीम ने दाव खेलते हुये नौजवान खिलाड़ियो पर भरोसा जताते हुये उतारा जिसने चमत्कार दिखा कर चकित कर दिया। पहला मैच हारने के बाद लगता था अब टेस्ट मैचो में भारत का जलवा खत्म हो जायेगा। पर नई ब्रिगेड ने पूरी तरह अश्वस्त किया है भविष्य का भार सफ़लता पूर्वक उठाने में वे सक्षम है। इग्लैण्ड से पांच टेस्ट की श्रृंखला अगर जीत लेते है ऐसी आशा है तो भारत का सिक्का तो जमेगा ही भविष्य की आशा पर मोहर लग जायेगी। यश्वसी जैसवाल ने लगातार दो मैचो में दोहरे शतक बनाकर एलान कर दिया। भारत का भविष्य नौजवानो के कन्धों पर सुरक्षित है। सरफ़राज ने जिस तरह की भूख रनों के लिये दिखाई वह उनके भविष्य को अश्वस्त करता है। ध्रुव जरेल ने ऋषभ पन्त जैसे होनहार वीकेट कीपर की अनुपस्थिति को पूरी योग्यता के साथ पूरा कर दिखाया। पन्ते जैसे होनहार वीकेटकीपर और बल्लेबाज चोट से उबरने में लगे है। बैडमिन्टन की एशियाई चैम्पिनयशिप में 17 वर्षीय अनमोल लिहाने धामकेदार उपस्थिति दर्ज कराई है। ये सब भविष्य के ओर सुनहरा संकेत है।

इग्लैण्ड के पूर्व कैप्टन नाजिर हुसैन और माइकेल ने इग्लैण्ड के बैज बाल स्टाईल को रद्द करते हुये कहा खेल हालात के अनुसार खेलना चाहिये। बनी बनाई राजनीति जिसमें आक्रमण पर जोर रहता हर समय नहीं अपनाना चाहिये। बैजबाल जून 2022 मे लार्ड के मैदान पर कैप्टन स्टोक्स और कोच ब्रेन्डम मैकुलम द्वारा लान्च किया गया था। जिसके द्वारा इग्लैण्ड ने न्यूजीलैन्ड हरा दिया था। तबसे 14 टेस्ट मैचो में इग्लैण्ड ने लगातार तूफ़ान मचाया था। बैजबाल टर्निग पिच पर काम नहीं किया। भारतीय बालर के सामने इग्लैण्ड के रीट पहले टेस्ट के बाद नतमस्तक होती जा रही है। भारत को दो टेस्ट और खेलने है। सबकि निगाहे दोनो मैचो पर जमी है। कैप्टन स्टोक्स ने रणनीति बदलने की बात कही है। भारत बाकी दो मैच जीत लेता है तो बैजबाल का हौआ हमेशा के लिये समाप्त हो जायेगा। विशेषज्ञों के अनुसार बैजबाल इग्लैण्ड, आस्टेलिया में काम कर सकता है। भारत में नहीं। देखना है आगे इग्लैण्ड कैसे निपटता है।

## विकसित भारत का पर्याय है स्वदेशी तकनीकी


डॉ. शंकर सुवन सिंह

भारत ऋषि परंपरा का देश रहा है। युग को चार भागों में विभाजित किया गया है- सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलयुग। ये सभी युग अपनी विशेष तकनीकी और प्रौद्योगिकी के लिए जाने जाते हैं। प्राचीन भारत में विज्ञान का विकास तब हो चुका था। प्राचीन भारत के लोगों में विज्ञान के प्रति गहरी रूचि थी। उपनिषद में उल्लेख है कि प्राचीन भारतीय लोग ज्ञान प्राप्त करने के लिए बहुत उत्सुक रहते थे। वायु स्थिर क्यों नहीं रह सकती ? मनुष्य का मस्तिष्क विश्राम क्यों नहीं करता ? पानी क्यों और किसकी खोज में बहता है? प्राचीन भारत के लोगों का दर्शन से घनिष्ठ सम्बन्ध था। दर्शन का सम्बन्ध अनुभूति से है।

प्राचीन काल के ऋषि मुनियों ने अपनी अनुभूतियों के द्वारा नए नए आविष्कार को जन्म दिया। इसका एक उदाहरण त्रेतायुग का पुष्पक विमान है। ऋषि वाल्मीकि की रामायण के अनुसार, पुष्पक विमान का प्रारूप एवं निर्माण विधि ब्रह्म ऋषि अंगीरा ने बनाई थी। पुष्पक विमान की कार्य क्षमता और उसके निर्माण का श्रेय भगवान् विश्वकर्मा को जाता है। तत्पश्चात भगवान् विश्वकर्मा ने पुष्पक विमान को भगवान् ब्रह्मा को उपहार स्वरुप सौंप दिया था। उसके बाद ब्रह्मा ने यह विमान कुबेर को भेंट स्वरुप दे दिया था। रावण ने अपने छोटे भाई कुबेर से बलपूर्वक उसकी सोने की नगरी लंका और पुष्पक विमान को ले लिया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार यह विमान मन्त्रों के जरिये चलता था। ये विमान एक प्रकार का अंतरिक्ष यान था। ये सोने की धातु का बना था। इसे अपने मन की गति से असीमित चलाया जा सकता था। यह विमान यात्रियों की संख्या और वायु के घनत्व के अनुसार अपना आकार छोटा या बड़ा कर सकता था। पुष्पक विमान की शक्ति और क्षमता के आगे आधुनिक विमान तुच्छ प्रतीत होता है। पुष्पक विमान का विद्युत चुम्बकीय प्रभाव इतना शक्तिशाली था कि यदि आज के समय में ये उड़ान भरे तो विद्युत और संचार जैसी व्यवस्थाएं ध्वस्त हो जाएगी। हाल ही में 5000 वर्ष पुराने विमान को अफगानिस्तान की गुफाओं में पाया गया है। दावा किया जाता है कि ये पुष्पक विमान ही है। यह जहां पाया गया है वहाँ इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव (विद्युत चुंबकीय तरंग) का प्रभाव बहुत ज्यादा था जिसकी वजह से इस यान के पास जा कर कोई भी व्यक्ति वापस नहीं लौटा। पौराणिक कथाओं के अनुसार पुष्पक विमान स्ट्रेंज एनर्जी (अजीब ऊर्जा) से घिरा हुआ रहता था। श्रीलंका में भी रावण के सोने की लंका को पुरातत्व विभाग ने खोज लिया है और रामायण काल के 50 स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है। इससे साबित होता है कि त्रेतायुग में स्वदेशी तकनीकी या प्रौद्योगिकी बहुत विकसित थी। आधुनिक वायुयान का आविष्कार दो अमेरिकी भाई (राइट ब्रदर्स) ओरविल और विल्बर ने 17 दिसंबर, 1903 को किया था। भारत का इतिहास सिंधु घाटी सभ्यता से प्रारंभ होता है जिसे हम हड़प्पा सभ्यता के नाम से भी जानते हैं। यह सभ्यता लगभग 2500 ईस्वी पूर्व दक्षिण एशिया के पश्चिमी भाग मैं फैली हुई थी,जो कि वर्तमान में पाकिस्तान तथा पश्चिमी भारत के नाम से जाना जाता है। सिंधु घाटी सभ्यता मिस्त्र, मेसोपोटामिया, भारत और चीन की चार सबसे बड़ी प्राचीन नगरीय सभ्यताओं से भी अधिक उन्नत थी। वर्ष 1920 में, भारतीय पुरातत्त्व विभाग द्वारा किये गए सिंधु घाटी के उत्खनन से प्राप्त अवशेषों से हड़प्पा तथा मोहनजोदडो जैसे दो प्राचीन नगरों की खोज हुई। हड़प्पा सभ्यता की खोज दयाराम साहनी ने वर्ष 1921 में की थी। यह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मोंटगोमरी जिले में रावी नदी के तट पर स्थित है। मनुष्य के शरीर की बलुआ पत्थर की बनी मूर्तियाँ, अन्नागार और बैलगाड़ी हड़प्पा सभ्यता की महत्वपूर्ण खोज है। मोहन जोदड़ो जिसे मृतकों का टीला भी कहा जाता है। इसकी खोज राखलदास बनर्जी ने वर्ष 1922 में की थी। यह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लरकाना जिले में सिंधु नदी के तट पर स्थित है। विशाल स्नानागर, अन्नागार, कांस्य की नर्तकी की मूर्ति, पशुपति महादेव की मुहर, दाढ़ी वाले मनुष्य की पत्थर की मूर्ति और बुने हुए कपड़े मोहनजोदड़ो सभ्यता की महत्वपूर्ण खोजें हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि प्राचीन भारतीय स्थल शिल्पकारी, भवन निर्माण या वास्तुविद आदि जैसी तकनीकियों के प्रमाण हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

भारत की आजादी के समय 70 फीसदी लोग खेती से जुड़े कामों में जुड़े थे। देश की राष्ट्रीय आय का 54 फीसदी हिस्सा भी इसी सेक्टर से आता था। लेकिन साल दर साल राष्ट्रीय उत्पाद में खेती का हिस्सा घटता चला गया। साल 2019-20 के आंकड़ों पर नजर डालें तो राष्ट्रीय उत्पाद में खेती का हिस्सा 17 फीसदी से भी कम रह गया। इसके साथ ही खेती से जुड़े लोगों की हिस्सेदारी में भी गिरावट आई है। आजादी के समय 70 फीसदी लोग खेती से जुड़े थे जो अब घटकर 54 फीसदी पर आ गई है। इसमें एक आंकड़ा और भी चैंकाने वाला है।

# किसान आंदोलन दोनों पक्ष दिखाएं समझदारी


राजेश माहेश्वरी

न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानून बनाने और स्वामीनाथन आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने की मांग को लेकर किसान आंदोलनरत हैं। नवंबर 2021 में किसानों ने आंदोलन खत्म किया था, लेकिन दो साल बाद वह फिर सड़कों पर हैं। संयुक्त किसान मोर्चा ने 13 फरवरी को दिल्ली कूच का ऐलान किया था। किसान यूनियनों ने दिल्ली चलो का नारा दिया है। पुलिस की सख्ती के चलते किसान अपने स्थान से आगे नहीं बढ़ पाये हैं। किसानों नेताओं और सरकार के प्रतिनिधियों के मध्य तीन दौर की वार्ता के बाद भी समस्या का कोई हल निकल नहीं पाया है। किसानों ने आगामी 29 फरवरी तक दिल्ली कूच का कार्यक्रम टाल दिया है। अब तक किसान आंदोलन के दौरान सात मौतें हो चुकी है। इन में चार किसान और तीन पुलिस कर्मचारी शामिल है। ये पहली बार नहीं है जब किसान आंदोलन कर रहे हैं। दो साल पहले दिल्ली की सीमाओं पर किसानों का ऐतिहासिक आंदोलन हुआ था तब मोदी सरकार को किसानों के आगे घुटने टेकने पड़े थे और संसद से पारित तीन कृषि कानूनों को रद्द करना पड़ा था। किसानों का डर था कि ये कानून न्यूनतम समर्थन मूल्य को खत्म कर सकते हैं और खेती-किसानी कॉर्पोरेट कंपनियों के हाथों में सौंप जा सकते हैं। हालांकि, कृषि कानूनों को लेकर किसानों को बड़ी कुर्बानी देनी पड़ी। किसान करीब एक साल तक लगातार धरना प्रदर्शन करते रहे। दो साल पहले सरकार ने न सिर्फ कानूनों को रद्द कर दिया, बल्कि एमएसपी पर गारंटी देने का वादा किया। इसके बाद किसानों ने आंदोलन वापस ले लिया थां लेकिन अब किसानों का कहना है कि सरकार ने एमएसपी को लेकर अपने वादे पूरे नहीं किए। हालांकि केंद्र सरकार और किसान नेताओं के बीच वार्ता भी जारी है किंतु अभी तक समझौता नहीं हो सका। ऐसे में प्रश्न उठता है कि आखिर ये संघर्ष कब तक चलता रहेगा।

असल में सरकार जो प्रस्ताव देती है उसे किसान नेता किसी न किसी बहाने से ठुकरा देते हैं। कृषक वर्ग के प्रति हर किसी की सहानुभूति होने के बावजूद इस आंदोलन के प्रति ये अवधारणा व्याप्त है कि ये पंजाब के बड़े किसानों द्वारा प्रायोजित है। जेसीबी और पोकलेन जैसी मशीनों का साथ होना स्पष्ट करता है कि आंदोलन के पीछे कुछ ऐसी शक्तियां छिपी हैं जिनका उद्देश्य शांति-व्यवस्था को खतरे में डालकर अपना स्वार्थ सिद्ध करना है। यही वजह है कि पंजाब से ही आंदोलन के विरुद्ध आवाजें उठने लगी हैं। जिस अकाली दल ने कृषि कानूनों के विरोध में मोदी सरकार से नाता तोड़ लिया वह भी खुलकर कह रहा है कि किसान पहले पंजाब सरकार के विरुद्ध आंदोलन करें जिसने उनके साथ किए वायदों पर अमल नहीं किया।

जहां तक एमएसपी का प्रश्न है तो उससे किसी को एतराज नहीं है। लेकिन सभी कृषि उत्पादों के लिए उसका तय किया जाना अव्यवहारिक लगता है। इसी तरह की कुछ और मांगें हैं जिनको



सैद्धांतिक सहमति के बावजूद स्वीकार करना मौजूदा स्थितियों में असंभव है । सबसे बड़ी बात ये है कि यह आंदोलन पूरे देश के किसानों की भावनाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करता। पिछली बार दिल्ली में चले लंबे किसान आंदोलन को ज्यादातर राजनीतिक दलों का समर्थन मिलने के बाद भी वह दिल्ली के निकटवर्ती कुछ राज्यों के किसानों तक सीमित होकर रह गया था। ये बात भी देखने मिल रही है कि आंदोलनकारी जिस अंदाज में दिल्ली आना चाहते हैं वह किसी हमले की तैयारी जैसा लगता है। पुलिस द्वारा लगाए गए अवरोधों को तोड़ने के लिए जेसीबी और पोकलेन मशीन जैसे उपकरण साथ लाना उनकी मंशा को स्पष्ट करता है।

जिस तरह से पुलिस के साथ उनका मुकाबला हो रहा है। उससे इस संदेह की पुष्टि होती है कि किसानों के कंधे पर रखकर कोई और बंदूक चला रहा है। यदि यह आंदोलन समूची किसान बिरादरी की आवाज होता तो अब तक दूसरे राज्यों से भी किसान दिल्ली आने लगते। और ऐसे समय जब रबी फसल तैयार होने को है और किसान का पूरा ध्यान कटाई के बाद अपनी फसल को सही समय पर बेचने में लगा हो तब उसका अपने खेत से दूर जाकर बैठ जाना चौंकाने वाला है।

किसान की आय बढ़े और खेती लाभ का व्यवसाय बने इसमें भी किसी को ऐतराज नहीं होगा। किसान की खुशहाली से ही भारत के उपभोक्ता बाजार में रौनक आती है। सड़क और बिजली पहुंचने के कारण ग्रामीण भारत की तस्वीर काफी हद तक बदल चुकी है। ऐसे में किसान समुदाय में खेती के प्रति लगाव बनाए रखने के लिए आवश्यक है उसका आर्थिक पक्ष सुदृढ़ हो। लेकिन यह एक क्रमिक प्रक्रिया है जो दबाव बनाकर पूरी करवाना संभव नहीं लगता। भारत की आजादी के समय 70 फीसदी लोग खेती से जुड़े कामों में जुड़े थे। देश की राष्ट्रीय आय का 54 फीसदी हिस्सा भी इसी सेक्टर से आता था। लेकिन साल दर साल राष्ट्रीय उत्पाद में खेती का हिस्सा घटता चला गया। साल 2019-20 के आंकड़ों पर नजर डालें तो राष्ट्रीय उत्पाद में खेती का हिस्सा 17 फीसदी से भी कम रह गया। इसके साथ ही खेती से जुड़े लोगों की हिस्सेदारी में भी गिरावट आई है। आजादी के समय 70 फीसदी लोग खेती से जुड़े थे जो अब घटकर 54 फीसदी पर आ गई है। इसमें एक आंकड़ा और भी चैंकाने वाला है. साल 2017 में किसानों की आय दोगुनी करने के लिए बनाई गई समिति ने पाया है कि भले ही देश की जीडीपी में खेती की हिस्सेदारी घट रही हो लेकिन इस सेक्टर में काम करने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। इसका मतलब साफ है कि खेती ही भले ही घाटे का सौदा बन रही है, लेकिन गांवों में बेरोजगारों को रोजी-रोटी देने में आज भी यही सेक्टर सबसे आगे है।

किसान को इज्जत से जीवन जीने का अधिकार है। किसान की इनकम कैसे बढ़े असली सवाल यही है, वह एमएसपी से आए ये जरूरी नहीं है। उसके और तरीके निकाले जाने चाहिए। अमेरिका में कैसे होता है, वैल्यू एडिशन पर टैक्स लगाकर उसे सरकार सब्सिडी के तौर पर दोबारा कृषि क्षेत्र में दे देती है। यह समझना चाहिए कि हम भारत में ऐसा सिस्टम क्यों नहीं बना सकते, बिल्कुल बना सकते हैं। केरल का उदाहरण, क्या दूसरे राज्य नहीं अपना सकते। एमएसपी राज्य सरकार का विषय है, वहां सुविधा दीजिए, कोई बाहर क्यों जाएगा। आजादी होनी चाहिए। बिचौलिये खत्म होने चाहिए। जब भी कोई आंदोलन होता है और आंदोलनकारी बातचीत की मेज पर जाते हैं तो उसकी एक माँग होती है। उनका आचार व्यवहार इस तरह का नहीं हो सकता कि सब लेंगे या कुछ नहीं लेंगे। दुनिया में कोई भी आंदोलन इस तरह से नहीं होता है। आंदोलनकारी जब बातचीत की मेज पर जाते हैं तो दोनों पक्ष थोड़ा-थोड़ा अपनी पोजिशन से हटते हैं और तभी बीच का रास्ता निकलता है। आंदोलनकारियों को ये समझना होगा कि उनकी सभी बातें स्वीकार करने के बाद भी उनका क्रियान्वयन न हो तो उसका लाभ ही क्या ? इसमें कोई संदेह नहीं है कि ज्यादातर किसान अभी तक बाजारवादी अर्थव्यवस्था के साथ सामंजस्य नहीं बिठा सके। वैसे भी प्रत्येक राज्य के किसानों की समस्याएं अलग-अलग हैं। एमएसपी के बारे में भी ऐसा ही है।

# समृद्धि के शिखर एवं गरीबी के गड्ढ़े वाली दुनिया

> भारतीय लोग इनदिनों इस बात से बहुत खुश होते रहते हैं कि भारत शीघ्र ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। लेकिन दुनिया के इस तीसरे सबसे बड़े मालदार एवं समृद्ध देश की असली हालत क्या है? ऑक्सफॉम के ताज़ा आंकड़ों के मुताबिक सिर्फ 100 भारतीय अरबपतियों की संपत्ति 54.12 लाख करोड़ रु. है यानि उनके पास इतना पैसा है कि वह भारत सरकार के डेढ़ साल के बजट से भी ज्यादा है। गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को अपनी रोजमर्रा के जरूरी चीजों को खरीदने पर बहुत ज्यादा टैक्स भरना पड़ता है, क्योंकि वर्तमान सरकार ने ऐसी व्यवस्था कर दी है कि वह बताए बिना ही चुपचाप काट लिया जाता है।


ललित गर्ग

वैश्विक संस्था ऑक्सफैम ने अपनी आर्थिक असमानता रिपोर्ट में समृद्धि के नाम पर पनप रहे नये नजरिया, विसंगतिपूर्ण आर्थिक संरचना एवं अमीरी गरीबी के बीच बढ़ते फासले की तथ्यपरक प्रभावी प्रस्तुति समय-समय पर देते हुए इसे संतुलित एवं समानतामय संसार-संरचना के लिये घातक बताया है। संभवतः यह एक बड़ी क्रांति एवं विद्रोह का कारण भी बन सकता है। ऑक्सफैम के अनुसार आर्थिक असमानता के लिहाज से पिछले कुछ साल काफी खराब साबित हुए हैं। आज देश एवं दुनिया की समृद्धि कुछ लोगों तक केन्द्रित हो गयी है, भारत में भी ऐसी तस्वीर दुनिया की तुलना में अधिक तीव्रता से देखने को मिल रही है। भारत में भी भले ही गरीबी कम हो रही हो, लेकिन अमीरी कुछ लोगों तक केन्द्रित हो गयी है। बीते चार सालों की घटनाएं, इनमें चाहे कोरोना हो या युद्ध या इससे उपजी महंगाई, बेरोजगारी, अभाव इन सभी कारणों के चलते साल 2020 के बाद दुनियाभर में करीब 5 अरब लोग गरीब हुए हैं। दूसरी ओर इसी रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के पांच शीर्ष धनाढ्यों की दौलत पिछले चार साल में 869 अरब डॉलर बढ़ी है। क्या यह आश्चर्य का विषय नहीं कि विकसित दुनिया की दौड़ में कुछेक लोग सबसे आगे दौड़ रहे हैं और बड़ी संख्या में गरीब दहलीज पर खड़े हैं? वो लोग जो अमीरी के शीर्ष पर हैं, वे वर्चुअल दुनिया और एक ग्लोबल बाजार के मालिक हैं। ऐसे लोगों के सामने आम आदमी की गरीबी दूर करने का नहीं, बल्कि अपनी समृद्धि बढ़ाने का लक्ष्य है। यह ऐसी दौड है जो असंतुलन को न्यौतती हैं, दुःख, अभाव एवं असंतोष बढ़ाती है। भारत में अंबानी एवं अडाणी छोटे व्यापारियों के निवाले छीन रहे हैं तो दुनिया के सबसे अमीर शख्सों में शुमार एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने इंसान के दिमाग में कृत्रिम चिप का प्रत्यारोपण बाजारवादी नीतियों का हिस्सा एवं ईश्वर की रची मानव-संरचना में बेहूदा हस्तक्षेप है। संवेदनशील मस्तिष्क में चिप लगाने के क्रम में इंसान के रोबट बन जाने की आशंकाएं भी निर्मूल नहीं हैं। ध्यान रहे कि इस प्रत्यारोपण का लक्ष्य मानव-कल्याण कदापि नहीं है। जाहिर है मस्तिष्क में चिप लगाने का प्रयोग उनके बाजार के गणित का ही हिस्सा है। वही मस्क जिन्होंने ट्विटर खरीदने और उसे एक्स में तब्दील करने के क्रम में कर्मचारियों की निर्ममता से छंटनी की थी। वही मस्क जो विश्व के अरबपतियों को अंतरिक्ष में सैर-सपाटा कराने के अलावा दुनिया के तमाम बड़े मुनाफे के कारोबार में लगे हुए हैं। यह सवाल मानवीय बिरादरी के लिये हमेशा मंथन का विषय रहेगा कि विज्ञान की खोज एवं कुछेक लोगों तक केन्द्रित होती समृद्धि मानवता की संहारक नहीं बन रही है? जनता में आक्रोश एवं विद्रोह का बड़ा कारण नहीं बन रही है? भारतीय लोग इनदिनों इस बात से बहुत खुश होते रहते हैं कि भारत शीघ्र ही



दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। लेकिन दुनिया के इस तीसरे सबसे बड़े मालदार एवं समृद्ध देश की असली हालत क्या है? ऑक्सफॉम के ताज़ा आंकड़ों के मुताबिक सिर्फ 100 भारतीय अरबपतियों की संपत्ति 54.12 लाख करोड़ रु. है यानि उनके पास इतना पैसा है कि वह भारत सरकार के डेढ़ साल के बजट से भी ज्यादा है। गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को अपनी रोजमर्रा के जरूरी चीजों को खरीदने पर बहुत ज्यादा टैक्स भरना पड़ता है, क्योंकि वर्तमान सरकार ने ऐसी व्यवस्था कर दी है कि वह बताए बिना ही चुपचाप काट लिया जाता है। इसी का नतीजा है कि देश के 70 करोड़ लोगों की कुल संपत्ति देश के सिर्फ 21 अरबपतियों से भी कम है। प्रश्न यह है कि क्या समृद्धि लोगों की शक्ति ही समाज के विकसित होने का मापदंड होती जा रही है? क्या इधर जीवन मूल्यों पर मनुष्य या मानव समाज की पकड़ कमजोर हो रही है और बाजार की मजबूत? क्योंकि इन समृद्ध लोगों की बाजारवादी नीतियों से खरीदना, निरंतर खरीदना एक सामाजिक आदत-सी बन गई है। आम जनता से अधिक इन समृद्ध लोगों पर सरकार का भरोसा बढ़ना एक आदर्श समाज व्यवस्था की बड़ी विसंगति एवं विडम्बना है। मुश्किल यह है कि किसी के दुख को समझने के लिए जो जीवन मूल्यों की नजर चाहिए, उसे बाजार ने हाई-जैक कर लिया है। इंसानियत कमतर हो तो कोई बात नहीं, ब्रांड वैल्यू बढ़नी चाहिए? ऐसी परिस्थिति में आम आदमी क्या करे?

महात्मा गांधी को पूजने वाले सत्ताशीर्ष का नेतृत्व उनके ट्रस्टीशीप के सिद्धान्त एवं ऐसे ही आर्थिक समानता के सिद्धांतों को बड़ी चतुराई से किनारे कर रखा है। यही कारण है कि एक ओर अमीरों की ऊंची अट्टालिकाएं हैं तो दूसरी ओर फुटपाथों पर रेंगती गरीबी। एक ओर वैभव ने व्यक्ति को विलासिता दी और विलासिता ने व्यक्ति के भीतर क्रूरता जगाई, तो दूसरी ओर गरीबी तथा अभावों की त्रासदी ने उसके भीतर विद्रोह की आग जला दी। वह प्रतिशोध में तपने लगा, अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। नई आर्थिक प्रक्रिया को आजादी के बाद दो अर्थों में और बल मिला। एक तो हमारे राष्ट्र का लक्ष्य समग्र मानवीय विकास के स्थान पर आर्थिक विकास रह गया। दूसरा सारे देश में उपभोग का एक ऊंचा स्तर प्राप्त करने की दौड़ शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया में सारा समाज ही अर्थ प्रधान हो गया है। ऐसे नये बन रहे आर्थिक समाज एवं चैट जीपीटी और जेमिनी के जमाने में बाजारवाद गूगल फिट जिस वर्ग को चहलकदमी के लिए प्रेरित करता है, वह वर्ग यह कैसे समझे कि युद्ध हो या महामारी, आर्थिक संकट हो या एआई का भय, हर परिस्थिति में गरीब, और गरीब होता जाएगा।

भारत आम चुनाव की चौखट पर खड़ा है, चुनाव में जीत हासिल करने की दौड़ तो सभी दलों में देखने को मिल रही है, लेकिन आम जनता के सामने खड़े बुनियादी प्रश्नों एवं संकटों का समाधान देने की पहल कोई दल करता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। इन सभी दलों को बाजार बनते भारत के फायदे तो नजर आ रहे हैं लेकिन भूख, अस्वास्थ्य, अशिक्षा, बेरोजगारी की समस्या का कोई ठोस समाधान इनमें से किसी भी दल के पास नहीं हैं। हर दशक गरीब और गरीब होते चले गए। और कहीं ना कहीं इसने एक सामाजिक निष्ठुरता को भी जन्म दिया जहां एक ओर तकनीक अपने चरम पर नजर आती है और वर्चुअल ही रियल बनता दिखता है और पैसा कमाना, रिश्ते बनाना और सामान खरीदना ही जीवन का यथार्थ बनता दिखता है। एमेजॉन ने हम सभी को बहुत सारी सुविधाएं तो दीं लेकिन साथ ही वस्तुओं को खरीदने व संग्रह करने की एक कभी ना खत्म होने वाली भूख भी दे दी। समस्या यह नहीं कि कुछ लोग अमीर क्यों हो गए? या यह दुनिया तकनीक से लैस क्यों हो गई? प्रश्न यह है कि आखिर गरीबी से यह पृथ्वी मुक्त कब होगी? या होगी भी कि नहीं? मंगल ग्रह पर वो गरीब कैसे जाएंगे जो पृथ्वी पर जीवन-मरण के संघर्ष से जूझ रहे हैं? अमीरों की चतुराई, चालाकी एवं समृद्धि की भूख समूची सृष्टि के विनाश का कारण बने, उससे पहले सरकारों को अपनी सोच को बदलना होगा।

# विज्ञान के दुरुपयोग का खामियाजा अंततः हमको ही भुगतना होगा


> औषधि जगत में विज्ञान के आश्चर्यजनक प्रगति की है। प्राचीन युग में मानव के लिए शल्य चिकित्सा बड़ी कष्टदायक थी। शल्य क्रिया का नाम सुनकर रोगी कांप उठता था। और जब यह क्रिया आवश्यक हो जाती थी तो रोगी को रोते-चीखते एवं दर्द से तड़पते हुए कार्य करना पड़ता था। बहुत से रोगी तो कष्ट और असह्य पीडा के कल्पना मात्र से ही आपरेशन टेबल पर अपना दम तोड देते थे, परतु विज्ञान ने क्लोरोफार्म नाम की एक अपूर्व औषधि के अविष्कार से मानव की पीड़ा को समाप्त कर दिया है।


सुरेश सिंह बैस

आज का युग विज्ञान का युग है। मानव जाति विज्ञान से इस कटर प्रभावित हुई है कि दुनिया को अब विज्ञान की दुनिया कहा जाने लगा है। विज्ञान ने मनुष्य की पुरानी काया ही पलट कर रख दी है। यदि आज सौ वर्ष की आयु का देहाती व्यक्ति हो तो वह टेलीविजन पर चलते-फिरते व्यक्तियों को भूत-प्रेत समझ कर भाग खड़ा हो, मनुष्य के जीवन का अब शायद ही कोई ऐसा पहलू बचा हो जहाँ विज्ञान की दखलंदाजी न हो। निश्चय ही मनुष्य की किसी घटना का कारण जानने की प्रवृत्ति के कारण ही पिछली दो ढाई शताब्दी में ढेरों वैज्ञानिक खोजें हुई हैं। मनुष्य के लिए विज्ञान की खोज एक-एक नवीन जिज्ञासा को जागृत करने वाली है। विश्व में चहुँ ओर विज्ञान की दुन्दुभी बज रही है। प्राचीन संस्कृत और धर्म के बंधन चरमरा कर टूट रहे हैं। नीवन मान्यताएं जन्म ले रही है। मानव जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे हैं। विज्ञान ने अनेको आश्चर्य जनक नीवन अविष्कारों के द्वारा मानव जीवन को सुखमय बना दिया है। इसमें कृषि, औषधि, मनोरंजन और आवागमन के साधनों में अभूतपूर्व प्रगति की है।

विज्ञान ने मानव जीवन को बहुत अधिक प्रभावित किया है। इसलिए उसे कुछ पंक्तियों में लिखना मुश्किल है। फिर भी मोटे तौर पर यह कहा जा सकता है। कि आज का मानव विज्ञान के अधीन है। वर्तमान सभ्यता के विकास का पूर्ण श्रेय विज्ञान को जाता है। आवागमन के दु्रत साधनों यथा हवाई जहाज, रेलगाड़ी, बस, मोटर, कार आदि तथा संचार की चमत्कारिक सुविधाओं यथा उपग्रह, इंटरनेट, वायरलैस, टेलीविजन, टेलीफोन, मोबाइल, इंटरनेट, फैक्स आदि ने दुरियों को लगभग समाप्त कर दिया है।

विज्ञान के एक महत्वपूर्ण अविष्कार बिजली ने दुनिया का रंग ही बदल दिया है। मशीन के अविष्कार के बाद आज मनुष्य ने कम्प्यूटर और उससे भी एक कदम आगे मशीनी मानव तक तैयार कर लिया है। अंतरिक्ष और दूसरे ग्रहों की सैर से लेकर दैनिक जीवन के हर मुकाम पर विज्ञान मौजूद है। चौबीस घंटे की हमारी दिनचर्या में हर वक्त किसी न किसी रूप में विज्ञान हमारे साथ होता है।विज्ञान ने कृषि के क्षेत्र में अपने नवीन अविष्कारों द्वारा दुनिया की तीव्र गति से बढ़ने वाली जनसंख्या को अनेकों प्रकार के खाद्य पदार्थ सुलभ कराने में बड़ी सहायता की है। रासायनिक खाद, ट्रैक्टर, कीटनाशक औषधि तथा ऐसे-ऐसे अविष्कार किए हैं जिनसे कृषक का जीवन सुखी हो गया है। नवीन प्रकार की उपज बढ़ाने वाले पदार्थों की खोज विज्ञान की देन है। ट्यूबवेल से सिंचाई में बड़ी सुविधा हुई है। और कृषको की वर्षा ऋतु के पानी पर निर्भरता बहुत कुछ कम हो गई है। विज्ञान ने भूमि के अतिरिक्त जल में भी रासायनिक तत्वों के आधार पर पौधे उगाना संभव कर दिया है। इन पौधों में भी सभी प्रकार के आवश्यक तत्व पाए जाते हैं। जापानी कृषि विज्ञान की नवीन खोजौ के आधार पर ही विश्व में ख्याति प्राप्त कर सके हैं। फसल काटने और बोने की नवीन




मशीनें विज्ञान की ही देन है। औषधि जगत में विज्ञान के आश्चर्यजनक प्रगति की है। प्राचीन युग में मानव के लिए शल्य चिकित्सा बड़ी कष्टदायक थी। शल्य क्रिया का नाम सुनकर रोगी कांप उठता था। और जब यह क्रिया आवश्यक हो जाती थी तो रोगी को रोते-चीखते एवं दर्द से तड़पते हुए कार्य करना पड़ता था। बहुत से रोगी तो कष्ट और असह्य पीडा के कल्पना मात्र से ही आपरेशन टेबल पर अपना दम तोड देते थे, परतु विज्ञान ने क्लोरोफार्म नाम की एक अपूर्व औषधि के अविष्कार से मानव की पीड़ा को समाप्त कर दिया है। अब गंभीर आपरेशन बिना किसी पीडा के संभव हो गये हैं। एक्सरे दूसरा महत्वपूर्ण अविष्कार है, जिसके द्वारा शरीर के आंतरिक अंगों का फोटो लेकर उनका उपचार करना संभव हो गया है। वही एण्डोस्कोपी, सोनोग्राफी के माध्यम से शरीर के अंदरुनी हिस्से की प्रत्येक नस-नस की जानकारी हमें सचित्र देखने को मिलने लगी है। फलतः शरीर की कोई भी व्याधि हो उसका पता लगाकर उसका उचित इलाज संभव हो गया है। इसके अतिरिक्त अनेको प्राणदायक इंजेक्शनों, वैक्सीन के द्वारा भी विज्ञान ने मानव जीवन की रक्षा के साधन जुटाए हैं। मनोरंजन के क्षेत्र में सिनेमा, रेडियो, टेलीविजन, विडियो, सी डी आदि मानव जीवन को सुखमय एवं आनंदप्रद बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। सिनेमा जन साधारण के मनोरंजन का सबसे सस्ता साधन है। इसका प्रयोग सभी के लिए सुलभ है। तीन घंटे का सस्ता मन बहलाव का साधन इसके अतिरिक्त अन्य कोई नहीं हो सकता वंही टेलीविजन के द्वारा हम अपने घरों पर ही मनोरंजक कार्यक्रम देख एवं सुन सकते हैं। रेडियो, टेप, सी डी के द्वारा मन पसंद गानों को सुन सकते हैं। इस प्रकार मानव ने मनोरंजन के लिए अनेको साधन जुटा लिए हैं विज्ञान के द्वारा। चंद्र विजय विज्ञान का अनोखा चमत्कार है। मानव प्राचीन काल से ही स्वर्ग की कल्पना करता आया है। और उसका विश्वास था कि देवता चंद्रलोक में निवास करते हैं। ज्ञान के पिपासु उनके वैज्ञानिकों ने मानव रहस्य की गुत्थी को सुलझा दिया और चंदा मामा दूर के जैसी लोरियों का मिथक तोड़ते हुए चंदा भामा को नजदीक ला दिया विज्ञान ने। रुस के आंतरिक्ष यान लूना-2 ने 12 सितंबर 1959 को चंद्रलोक में प्रथम उड़ान भरी थी। इसके बाद रुस ने 1960 में अंतरिक्ष यान द्वारा दो कुत्ते भेजे जो चंद्रलोक की यात्रा करके सफलता पूर्वक लौट आए। इसके पश्चात मानव को अंतरिक्ष में भेजने की योजनाएं बनाई जाने लगी। और 16 अप्रैल 1972 को अपोलो-16 चंद्रलोक की यात्रा पर चल पड़ा, विभिन्न कठिनाईयों के होते हुए भी इसने अपनी उड़ान जारी रखी ओर अंत में 21 अप्रैल सन 1972 को चंद्रमा के धरातल पर उतरने में सफलता प्राप्त की। चंद्रलोक में मनुष्य के कदम पहली बार पड़े थे । इसके पश्चात चंद्रलोक के यात्री अपनी दस दिन की उड़ान पूरी करके 27 अप्रैल 1972 की रात्रि को 3 बजकर 45 मिनट पर प्रशांत महासागर के द्वीप समूह में सकुशल उतरे थे। इस प्रकार इन अभूतपूर्व सफलता से विश्व अचंभे में पड़ गया। भविष्य में मानव की आवास समस्या इस सफलता के द्वारा हल करने में सहायता मिल सकेगी।

अब वह दिन दूर नहीं जब मानव पक्षियों की भांति उड़कर चंद्रलोक में अपना आशियाना स्थापित कर संसार की भीड़-भाड़ से बचकर शांतिपूर्ण जीवन यापन कर सकेगा। चंद्रलोक की सफलता से प्रेरित होकर अब विज्ञान ने एक कदम और आगे बढ़कर अब मंगल पर कदम रखने की कार्यवाही शुरु कर दी है। जिसमें भारत ने भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है अब तो भारत सूर्य के भी गहन अध्ययन के लिए अग्रसर हो चुका है। परंतु, उपरोक्त सभी उपलब्धियों के रचनात्मक पक्ष के ठीक उलट एक पक्ष और है जिसका रास्ता विध्वंसक है। मानव मस्तिष्क जब तक कल्याण विकास और रचना कृतित्व के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ रहेगा। तब तक तो कोई खतरा नहीं है। लेकिन जब मानव के छुद्र स्वार्थ बिगड़ी मानसिकता या किसी दुर्घटना के कारण यही विज्ञान हमारे लिए बहुत बडी समस्या और भयंकर तबाही भी बन सकता है। उदाहरणार्थ आज दुनिया के पास इतने ज्यादा परमाणु बम मौजूद हैं कि उनके विध्वंसक उपयोग से पृथ्वी को एक बार नहीं पचासों बार तबाह किया जा सकता है।

## जया बच्चन से मिला नाम, तीन पीढ़ी के नायकों से सम्मान

**सिक्किम के युकसोम में एक नेपाली भाषी भूटिया परिवार में 25 फरवरी 1948 को जन्मे डैनी डेन्जोंगपा का असली नाम शेरिंग फिंटसो डेन्जोंगपा है। लेकिन जब फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) में उन्होंने दाखिला लिया तो जया भादुड़ी (बच्चन) के सुझाव पर अपना नाम डैनी रख लिया क्योंकि मूल नाम के उच्चारण में सबको समस्या आ रही थी।**

अपने पांच दशक के लंबे करियर में डैनी डेन्जोंगपा ने करीब 190 फिल्मों में कई यादगार भूमिकाएं निभाई। आखिरी बार वह राजश्री प्रोडक्शन की फिल्म च्ऊंचाईज् में नजर आए। सिनेमा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए डैनी को साल 2003 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। एक इंटरव्यू से खत्म हो गई दोस्ती सबसे पहले परवीन बाबी की जिंदगी में डैनी डेन्जोंगपा की एंट्री हुई थी। चार साल तक दोनों का रिलेशन रहा था। उन दिनों अमिताभ बच्चन ने किसी इंटरव्यू में यह कह दिया कि वह डैनी डेन्जोंगपा के अच्छे दोस्त हैं। इंटरव्यू पढ़कर परवीन बॉबी के मन में यह बात बैठ गई कि डैनी, अमिताभ के दोस्त हैं तो उनके दोस्त नहीं हो सकते। परवीन बॉबी को अक्सर यह लगता था कि उनके खिलाफ साजिश हो रही है और अमिताभ बच्चन पर तो वह शक करती ही थीं। इस वजह से परवीन बॉबी और डैनी डेन्जोंगपा की दोस्ती टूट गई। अभिनेता कबीर बेदी और डैनी डेन्जोंगपा एक साथ मेरा शिकार जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। कबीर बेदी ने अपनी आत्मकथा आई मस्ट टेल‑ द इमोशनल लाइफ ऑफ एन एक्टर में डैनी और परवीन बॉबी के बीच रिश्ते का जिक्र किया है। उन्होंने लिखा है, जब डैनी से परवीन बॉबी का ब्रेकअप हुआ तो उनकी स्थिति बहुत ही नाजुक थी। मैं उसका फायदा नहीं उठाना चाह रहा था। रिश्ते का आधार आपसी संवेदनशीलता थी, लेकिन उनके साथ मेरा रिश्ता जटिल था क्योंकि परवीन की मानसिक स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही थी। अभिनेता नसीरुद्दीन शाह के इंडस्ट्री में बहुत ही कम दोस्त हैं। उनके करीबी दोस्तों में सिर्फ तीन लोग हैं, जिनमें डैनी डेन्जोंगपा, टीनू आनंद और जैकी श्रॉफ शामिल हैं। नसीरुद्दीन शाह और डैनी डेन्जोंगपा ने %राजकुमार%, %चाइना गेट% और %लक्ष्मण रेखा% जैसी फिल्मों में साथ काम भी कर चुके हैं। डैनी के बारे में नसीरुद्दीन शाह कहते हैं, %डैनी डेन्जोंगपा ज्यादातर सिक्किम ही रहते हैं। मेरा जब भी मन करता है सिक्किम मिलने चला जाता हूं और फिल्मों के अलावा सारी बातें होती हैं। प्राकृतिक सौंदर्यता के बीच डैनी के साथ कुछ क्षण व्यतीत करके बहुत अच्छा लगता है। अस्सी और नब्बे के दशक में अभिनेता डैनी डेन्जोंगपा और जैकी श्रॉफ ने कई हिट फिल्में साथ की हैं, जिनमें जैकी श्रॉफ ने ज्यादातर नायक और डैनी ने खलनायक की भूमिकाएं निभाईं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जैकी श्रॉफ ने



कहा, %वैसे तो अमृता सिंह, डिंपल कपाड़िया, जूही चावला, मीनाक्षी शेषाद्रि से मेरी दोस्ती हैं। जब हम मिलते हैं तो ठीक से बातचीत करते हैं, वे मुझसे प्यार करती हैं और मैं उनसे प्यार करता हूं। मेरी नजरों में उनकी इज्जत है। लेकिन मेरे सबसे घनिष्ठ मित्र डैनी हैं और मैं केवल उनके साथ ही बाहर जाता हूं। कभी-कभी अनिल कपूर के साथ भी जाता हूं। मेरी पत्नी डैनी को अपना भाई मानती हैं। अभिनेता संजय दत्त फिल्म %योद्धा% और %लक% जैसी फिल्मों में डैनी डेन्जोंगपा मे काम कर चुके हैं। %अग्निपथ% की रीमेक में उन्होंने कांचा चीना की भूमिका निभाई थी, जो मूल फिल्म में इसी किरदार को डैनी डेन्जोंगपा निभा चुके थे। फिल्म %अग्निपथ% के बारे में बात करते हुए संजय दत्त ने बताया था कि उन्होंने फिल्म में डैनी से कुछ भी कॉपी नहीं किया। डैनी के बारे में बात करते हुए संजय दत्त ने कहा, %डैनी डेन्जोंगपा एक महान अभिनेता हैं और कांचा के रूप में उन्होंने मूल फिल्म अग्निपथ में अद्भुत अभिनय किया है। फिल्म %बॉस% का निर्माण खुद अभिनेता अक्षय कुमार ने अश्विन वर्दे के साथ मिलकर किया था और फिल्म का निर्देशन %ब्लू% फेम एंथनी ने किया था। इस में डैनी डेन्जोंगपा ने सूर्या के गुरु और पिता तुल्य ताऊ जी (बिग बॉस) की भूमिका निभाई थी। और, इस फिल्म में अक्षय कुमार ने सूर्या (बॉस) नाम के एक गैंगस्टर की भूमिका की निभाई थी। अक्षय कुमार ने एक इंटरव्यू के दौरान इस बात का खुलासा किया कि वह हमेशा दिग्गज अभिनेता डैनी की तरह बनने की ख्वाहिश रखते थे। अक्षय कुमार ने कहा, %वही इंसान जो मैं कई साल से बनना चाहता था, डैनी साहब आप मेरी फिल्म के सच्चे बॉस हैं और ऐसा इंसान जो सभी पुरुषों को होना चाहिए। निर्माता-निर्देशक सावन कुमार की फिल्म %सनम बेवफा% में डैनी डेन्जोंगपा ने सलमान खान के पिता की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान सलमान खान एक दिन देरी से आए जिसकी वजह से डैनी के साथ उनकी बहस हो गई। इसका असर यह हुआ कि डैनी उस हर फिल्म में काम करने से इंकार कर देते थे, जिसमें सलमान खान हीरो होते थे। हालांकि के वक्त के साथ दोनों के बीच रिश्ते सही हो गए हुए और 23 साल के बाद दोनों ने एक साथ फिल्म %जय हो% में काम किया। इस फिल्म का निर्देशन सलमान खान के भाई सोहेल खान ने किया था। डैनी की तारीफ करते हुए सोहेल खान कहते हैं, %मैं प्रोफेशनल और व्यक्तिगत तौर पर उनका सबसे बड़ा फैन बन गया हूं। डैनी साहब हीरा हैं और उनके साथ काम करना एक बहुत बड़े सम्मान की बात है। अभिनेता सुनील शेट्टी ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत फिल्म %बलवान% से की थी। इस फिल्म में डैनी डेन्जोंगपा ने खलनायक की भूमिका निभाई थी। डैनी को सुनील अपना गुरु मानते हैं, जिन्होंने उनकी एक्शन हीरो की छवि बनाने में उनकी मदद की। एक इंटरव्यू के दौरान सुनील शेट्टी ने कहा, %मैं हमेशा डैनी साहब का ऋणी रहूंगा। फिल्म की शूटिंग के दौरान मुझे डैनी साहब को बुरी तरह से कुचल कर जमीन पर फेंकना था। मैं यह सीन करने में थोड़ा सा हिचक रहा था। जब डैनी साहब को यह पता चला, तो वह मेरे पास आए और बड़ी विनम्रता से बोले, %अरे, अगर मुझे उठाकर नहीं पटकेगा तो दर्शक तुम्हें बलवान कैसे समझेंगे ?% मैंने वह सीन किया और जब मैंने थिएटर में फिल्म देखी, तो मैं दर्शकों की प्रतिक्रिया से अभिभूत हो गया। अभिनेता ऋतिक रोशन ने डैनी डेन्जोंगपा के साथ फिल्म %बैंग बैंग% में साथ काम किया था। ऋतिक रोशन के डांस और फिटनेस पर सारी दुनिया फिदा है, लेकिन ऋतिक रोशन, डैनी की फिटनेस पर फिदा हैं। हाल ही में इस फिल्म की शूटिंग के दौरान अपने अनुभव को साझा करते हुए ऋतिक रोशन ने कहा, %डैनी सर जिस तरह से एक्शन सीन करते थे ऐसा लगा रहा था जैसे कोई 18 साल का लड़का काम कर रहा हो।

# नीता अंबानी ने जामनगर में करवाया 14 मंदिरों का निर्माण

**अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी इसी साल जुलाई में होने वाली है। भव्य शादी से पहले परिवार द्वारा मार्च में प्री-वेडिंग उत्सवों को भी शानदार तरीके से मनाए जाने की तैयारी है। इसमें पूरी दुनिया की बिलेनियर हस्तियों से लेकर मशहूर सितारें भी शामिल होंगे। ऐसे में जहां शादी के उत्सवों को मनाने की तैयारी जोर-शोर से की गई है, भारत के सबसे अमीर घराने द्वारा गुजरात के जामनगर में 14 नए मंदिरों को बनवाने के लिए सुविधाएं दी गई हैं।**



नीता अंबानी ने जामनगर में एक विशाल मंदिर परिसर के अंदर नए मंदिरों के निर्माण की सुविधा मुहैया करवाई है। इन नए मंदिरों में जहां खंबों पर खूबसूरत नक्काशी की जाएगी, वहीं देवी-देवताओं की मनमोहक मूर्तियां भी यहां देखने को मिलेंगी। फ्रेस्को शैली की पेंटिंग्स से लेकर वास्तुकला का अनोखा नमूना नजर आएगा। यह मंदिर परिसर भारत का समृद्ध कल्चर दिखाएगा। स्थानीय कारीगरों की अद्भुत कलाकारी भी यहां देखने को मिलेगी। मेहमानों को खासतौर पर तोहफे में स्टोल्स दिए जाएंगे, जिन्हें बनाने के लिए नीता अंबानी ने गुजरात की स्थानीय महिला कारीगरों से बात की है। खास बात यह रही कि नीता अंबानी ने खुद इनके प्रति आभार जताया और यह भी सीखा कि किस तरह से इन्हें बनाया गया है। दुल्हा और दुल्हन को सम्मानित करने के लिए भी स्पेशल स्कार्फ इन कारीगरों ने बनाए हैं। जुलाई में होने वाले इस भव्य शादी समारोह के लिए महाबलेश्वर से खासतौर पर मोमबत्तियां मंगवाई गई हैं। इन्हें दृष्टिहीन कारीगरों ने बनाया है। भावेश भाटिया के सनराइज कैंडल्स की टीम इसे पूरी मेहनत और उत्साह के साथ बना रही है।अब जब इतने जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं, तो हरेक को बस इंतजार है, इस शानदार शादी का जलवा देखने का!

## मातृत्व का सुख चाहती हैं शोभिता, नागा चैतन्य से डेटिंग की अफवाहों के बीच बड़ा खुलासा

**शोभिता धुलिपाला एक के बाद एक बेहतरीन प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनकर दर्शकों का दिल जीत रही हैं। अभिनेत्री आखिरी बार वेब सीरीज %मेड इन हेवन 2% में नजर आईं, जिसमें उन्होंने अपने अभिनय से काफी सुर्खियां बटोरीं। शोभिता इन दिनों हॉलीवुड डेब्यू को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। वहीं, अभिनेत्री ने हाल ही में एक बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि वे अपने जीवन में क्या करना चाहती हैं? शोभिता ने इस सवाल का दिलचस्प जवाब दिया।**

शोभिता ने बातचीत के दौरान पूछा गया कि वे अपने जीवन में क्या करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, %मैं ईमानदारी से कहूं तो, मुझे लगता है कि मैं जिस अनुभव का इंतजार कर रही हूं, वह मातृत्व है। जब भी यह खूबसूरत समय आएगा, तो वह आश्चर्यजनक होगा। अभिनेत्री का यह बयान उस समय आया है, जब उनकी नागा चैतन्य से डेटिंग की खबरें सामने आ रही हैं। हालांकि, अभिनेत्री ने कुछ समय पहले अपनी डेटिंग अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी थी। शोभिता ने कहा, %जो लोग बिना जानकारी के बोलते हैं, मुझे नहीं लगता कि मुझे उन्हें जवाब देने की जरूरत है, जब मैं कोई गलत काम नहीं कर रही हूं, तो मुझे चीजों को स्पष्ट करने की जरूरत महसूस नहीं होती। शोभिता धूलिपाला हॉलीवुड फिल्मों में कदम रखने जा रही हैं। अभिनेत्री देव पटेल के निर्देशन में बनी फिल्म %मंकी मैन% में नजर आएंगी। यह एक एक्शन फिल्म है। इस फिल्म से देव पटेल बतौर निर्देशक डेब्यू करने जा रहे हैं। यह फिल्म जॉर्डन पील के मंकीपॉ और यूनिवर्सल के जरिए रिलीज होगी। इस फिल्म में मकरंद देशपांडे, सिकंदर खेर, शार्ल्टो कोपले, पितोबाश, विपिन शर्मा, अदिति कालकुंटे और अश्विनी कालसेकर भी हैं। %मंकी मैन% का निर्माण देव पटेल, जोमन थॉमस, जॉर्डन पील, विन रोसेनफेल्ड, इयान कूपर, बेसिल इवानिक, एरिका ली, क्रिस्टीन हैबलर और अंजय नागपाल के जरिए किया गया है।



बताया जा रहा है कि यह फिल्म भगवान हनुमान की कथा से प्रेरित है। शोभिता के वर्कफ्रंट की बात करें, तो अभिनेत्री जोया अख्तर और रीमा कागती की हालिया रिलीज वेब सीरीज मेड इन हेवन 2 के अलावा मेड इन हेवन और द नाइट मैनेजर वेब शो और मन राघव 2.0, कालाकांडी जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा में भी नजर आएंगी। जिगरा फिल्म का निर्देशन वासन बाला के जरिए किया गया है।

## निर्देशक ने रानी मुर्खजी को कहे अपशब्द

यशराज फिल्म्स के सहायक निर्देशक रहे अनुराग गोपाल पांडे को कंपनी से निकाल दिया गया है। अनुराग बॉलीवुड में काफी वक्त से काम कर रहे हैं। उन्होंने राम गोपाल वर्मा के सहायक निर्देशक के रूप में भी काम किया है। यशराज फिल्म्स के लिए अनुराग गोपाल पांडे ने रब ने बना दी जोड़ी, सरकार और वीर-जारा जैसी फिल्मों में काम किया, लेकिन हाल ही में अनुराग तब चर्चा में आ गए, जब उन्होंने 22 फरवरी को खार में मनीष मल्होत्रा के स्टोर पर विवाद खड़ा कर दिया। दरअसल, अनुराग गोपाल पांडे का एक वीडियो बीते दिनों वायरल हुआ, जिसमें वे आदित्य चोपड़ा की पत्नी और अभिनेत्री रानी मुखर्जी को अपशब्द कहते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अनुराग ने वीडियो में यशराज फिल्म्स की कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा के लिए भी अपशब्दों का इस्तेमाल किया। इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और उन्हें साथ ले गई। इसके बाद अनुराग को साथ ले गई। वीडियो सामने आने के बाद अनुराग को यशराज फिल्म से निकाल दिया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनुराग अपने सहकर्मियों के साथ भी अपमानजनक और दुर्व्यवहार करते थें।





## रेड कलर की स्ट्रैपलेस ड्रेस में दिखी तमन्ना भाटिया

## एनिमल की सफलता को एजॉय नहीं कर पाईं रश्मिका





अभिनेत्री रश्मिका मंदाना अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। रश्मिका आखिरी बार संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनीं एनिमल में नजर आई थीं। रणबीर कपूर स्टारर एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कारोबार किया है। फिल्म में रणबीर की पत्नी गीतांजलि की भूमिका निभाने वाली रश्मिका ने हाल ही में फिल्म की जबरदस्त सफलता पर बात की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर नोट लिखा है।

रश्मिका मंदाना ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें साझा की हैं। उन्होंने इन तस्वीरों में अपना पूरा चेहरा नहीं दिखाया है। उनका ये लुक उनकी नई फिल्म से है, इसीलिए उन्होंने अपना चेहरा छुपाया हुआ है। अभिनेत्री ने नोट साझा कर लिखा, हाय दोस्तों, मैं अपना पूरा चेहरा नहीं दिखा सकती, क्योंकि यह एक नई फिल्म का लुक है और मैं हमेशा की तरह इसे अपनी फिल्म टीम बिना रिवील नहीं कर सकतीं। मगर फिल्म की शूटिंग वास्तव में अच्छी चल रही है, बस आप सभी को बताना चाहती थी। अभिनेत्री ने लिखा, %इसके अलावा एक और चीज जिसके बारे में मैं बात करना चाहती हूं। वह वह विषय है, जिसके बारे में कहा जा रहा था कि वह अपनी सफलता और उस सबका क्रेडिट नहीं ले रही हैं। ठीक है तो ये रही चीजें। उन्होंने आगे प्वाइंट्स में लिखा, हमने एक बड़ी फिल्म दी है और लोगों ने इसे पसंद किया और इसकी सराहना की। मैं भी इसका आनंद लेने के लिए कुछ समय निकालना चाहती थी, जैसा कि हम में से हर कोई चाहता है, लेकिन मैं अपनी फिल्म रिलीज के अगले दिन सेट पर वापस आ गई थी। मैं वर्कहॉलिक हूं। इसलिए मैं ऐसा करने में असमर्थ रही। रश्मिका ने आगे लिखा, मुझे काम के लिए रात भर ट्रेवल करना पड़ा रहा है और मैं अपने करियर की कुछ सबसे बड़ी और सबसे गहन फिल्मों की शूटिंग कर रही हूं। इसके साथ ही जैसा कि आप जानते होंगे, मैं वास्तव में अपनी फिल्म टीम के बिना अपना लुक नहीं दिखा सकती। इसलिए मैं आपकी या मेरी इच्छा के अनुसार तस्वीरें लेने या कुछ पोस्ट करने या लाइव आने में असमर्थ हूं। मुझे पता है कि आप मुझे याद कर रहे होंगे और मैं भी, लेकिन मैं निश्चित रूप से जानती हूं कि जब फिल्में रिलीज होंगी, तो आप सभी बेहद खुश होंगे। उन्होंन आगे लिखा, %मैं व्यक्तिगत रूप से उन पलों का इंतजार नहीं कर रही हूं। तो कृपया मेरे साथ धैर्य रखें क्योंकि आपको पता होना चाहिए कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही हूं। मैं आप सभी के लिए अपने लिए और अपनी टीमों के लिए ऐसा करने में खुश हूं।

रणबीर कपूर, अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, तृप्ति डिमरी और बॉबी देओल स्टारर एनिमल ने दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर 904.93 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। वहीं, रश्मिका इन दिनों अल्लू अर्जुन के साथ %पुष्पा 2% की शूटिंग में बिजी हैं, जो 15 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## शाहिद के करियर की बनी तीसरी बड़ी हिट

शाहिद कपूर इन दिनों अपनी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को लेकर चर्चा में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बॉक्स ऑफिस पर 70.85 करोड़ के कलेक्शन के साथ यह फिल्म शाहिद कपूर के करियर के तीसरी सबसे बड़ी हिट साबित हुई है। फिल्म में शाहिद के साथ कृति सेनन भी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 9 फरवरी को रिलीज हुई है, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद कर रहे हैं। मेकर्स फिल्म की सफलता का श्रेय शाहिद और कृति की मजबूत केमिस्ट्री, इसके संगीत और कहानी को दिया जा रहा है। हालांकि, इसे यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 से कड़ा मुकाबला मिल रहा है, जो बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति स्टारर मेरी क्रिसमस और ऋतिक रोशन स्टारर फाइटर के बाद शाहिद कपूर और कृति सेनन तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया साल 2024 की तीसरी बड़ी रिलीज थी। बीते साल रणवीर सिंह और आलिया भट्ट स्टारर रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की सफलता के बाद तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया बड़े पर्दे पर हिट होने वाली पहली लव-स्टोरी फिल्म थी।

# दर्शक कंटेंट देखते हैं, एटली की प्रतिक्रिया

एटली कुमार देश के सबसे चर्चित निर्देशकों में से एक हैं। वर्ष 2023 में रिलीज हुई उनकी फिल्म जवान ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। इस फिल्म को दर्शकों की सराहना ही नहीं, बल्कि कमाई के मामले में बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड तोड़ने में भी सफल रही है। हाल ही में एटली से एक बातचीत के दौरान पूछा गया कि दक्षिण भारत में दर्शक हिंदी फिल्मों को स्वीकार क्यों नहीं कर रहे हैं, लोगों की सोच कब बदलेगी? एटली ने कहा, सच कहूं तो शोले पूरे देश में बेहद पसंद की जाने वाली फिल्म है। ऐसा नहीं है कि दक्षिण के लोग हिंदी फिल्में नहीं देख रहे हैं। हमने शाहरुख खान, सलमान खान और ऋतिक रोशन की लगभग सभी फिल्में देखी हैं। यहीं नहीं आमिर खान की फिल्म %3 इडियट्स साउथ में सबसे बड़ी हिट रही। इसलिए, मुझे लगता है कि फिल्म का कंटेंट अच्छा होता है, तो उसे हर कोई देखता है। फिर दर्शक फिल्मों में साउथ या हिंदी नहीं देखते हैं।

### एटली को नहीं हैं पैन इंडिया शब्द

उन्होंने आगे कहा, मुझे पैन-इंडिया शब्द पसंद नहीं है। भारत में एकता और विविधता एक है और भाषाएं सिर्फ एक संचार माध्यम हैं, वे ज्ञान नहीं हैं। इसलिए, सभी फिल्में हर कोई देख रहा है। केजीएफ फिल्म साउथ फिल्म है, लेकिन यह हर जगह सबसे बड़ी हिट रही। हिंदी सिनेमा नहीं जानता कि यश कौन है,



लेकिन केजीएफ के बाद यश एक भारतीय सुपरस्टार हैं। इसी तरह अल्लू अर्जुन की पुष्पा, विजय की लियो और भी बहुत है, जिनकी फिल्में हर जगह हिट हैं। इसलिए, हम पैन-इंडियन फिल्म कहना पसंद नहीं करते हैं, हम भारतीय फिल्म और भारतीय फिल्म निर्माता कहलाना पसंद करते हैं। एटली %बेबी जॉन% नामक अपनी दूसरी बॉलीवुड फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म में वरुण धवन, कीर्ति सुरेश और वामीका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। %बेबी जॉन% मुराद खेतानी और एटली का संयुक्त प्रयास है। यह फिल्म जियो स्टूडियोज, एटली के ए फॉर एप्पल स्टूडियोज और सिने1 स्टूडियोज के बैनर तले बनी है। बता दें कि, बेबी जॉन 2016 की ब्लॉकबस्टर फिल्म थेरी का रीमेक है, जिसमें थलपति विजय, सामंथा रूथ प्रभु और एमी जैक्सन मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन खुद एटली ने किया था।

# आलिया की गंगूबाई काठियावाड़ी को दो वर्ष पूरे



आलिया भट्ट की वर्ष 2022 की ब्लॉबस्टर फिल्म %गंगूबाई काठियावाड़ी% को आज दो वर्ष पूरे हो गए हैं। इस फिल्म को दर्शकों से सरहाना ही नहीं, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली पांचवी फिल्म बनी है। इस फिल्म के लिए आलिया भट्ट को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला। वहीं, आज फिल्म के दो वर्ष पूरे होने पर फिल्म के प्रोडक्शन हाउस ने जश्न मनाया। साथ ही फिल्म के शानदार सीन का एक वीडियो भी साझा किया है। भंसाली प्रोडक्शन हाउस ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है। वीडियो में %गंगूबाई काठियावाड़ी% फिल्म के शानदार सीन की झलक दिखाई गई है। वीडियो साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, %रोना उसकी किस्मत थी, मुस्कुराना उसकी फितरत। हीरोइन बनने आई थी, कमबख्त पूरा का पूरा सिनेमा बन गई। हमारे चांद, गंगूबाई काठियावाड़ी के दो साल पूरे होने का जश्न मना रहा हूं। आलिया भट्ट की फिल्म %गंगूबाई काठियावाड़ी% का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। फिल्म में आलिया भट्ट के अलावा विजय राज, सीमा पाहवा, शांतनु माहेश्वरी, जिम सरभ और अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आए थे। फिल्म को दर्शकों से प्रशंसा ही नहीं मिली, बल्कि यह वर्ष 2022 की पांचवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी थी। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया था। वहीं, %गंगूबाई काठियावाड़ी% का निर्माण जयंती लाल गडा और संजय लीला भंसाली ने किया है। आलिया भट्ट के वर्कफ्रंट की बात करें, तो अभिनेत्री फिल्म च्जिगराज् में नजर आएंगी। इस फिल्म को साल 2024 में रिलीज किया जाएगा। गंगूबाई काठियावाड़ी के बाद, आलिया भट्ट और संजय लीला भंसाली एक बार फिर आगामी फिल्म %लव एंड वॉर% में साथ काम करेंगे। फिल्म में रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी मुख्य भूमिका में होंगे। यह फिल्म क्रिसमस 2025 पर रिलीज होने वाली है। फिल्म %संजू% के बाद रणबीर और विक्की बड़े पर्दे पर फिर से साथ आ रहे हैं और %ब्रह्मास्त्र% के बाद रणबीर और आलिया की जोड़ी एक साथ बन रही है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्यों की समीक्षा की

अवधनामा संवाददाता



**एटा।** जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने मंगलवार को अपरान्ह में कलक्ट्रेट में ईवीएम, वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। डीएम ने निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में बेहतर साफ सफाई रखने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे लगातार चलते रहने चाहिए। ईवीएम, वीवीपैट की सुरक्षा हेतु तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा नियमित रूप से पूर्ण मुस्तेदी के साथ ड्यूटी की जाए। मा0 आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करने के निर्देश समय-समय पर जारी किए जाते हैं जिसके क्रम में आज जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। डीईओ के निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में समस्त व्यवस्थाएं व्यवस्थित पाई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण करने के उपरान्त जिला निर्वाचन कार्यालय कलक्ट्रेट पहुंचकर आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु की गई तैयारियों के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान जनपद की 103 अलीगंज, 104 एटा सदर, 105 मारहरा, 106 जलेसर विधानसभा क्षेत्र में फार्म-06,07,08 के साथ-साथ ऐज कोहार्ड, महिला मतदाता, जेण्डर रेशियो की समीक्षा की। डीएम ने निर्देश दिए कि जनपद के सभी 1528 बूथों पर मा0 आयोग की मंशानुसार मूलभूत सुविधाएं अद्यतन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चैधरी, एएसडीएम वेद प्रिय आर्य, एडीईओ राजेन्द्र कुमार भारती सहित निर्वाचन कार्यालय के अन्य कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।

# कृषि विश्वविद्यालय के अर्थनियंत्रक ने किया निरीक्षण



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अर्थनित्रंक दिनेश कुमार एवं अधिष्ठाता, कृषि संकाय डा0 सीएल मौर्या ने कृषि इंजीनियरिंग कालेज का बारीकी से निरीक्षण करते हुये महाविद्यालय की व्यवस्थाओं एवं साफ-सफाई पर संतोष व्यक्त करते हुये अधिष्ठाता डा0एन0के0 शर्मा के द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की, साथ ही महाविद्यालय के विकास हेतु कई अहम सुझाव भी दिये। इस अवसर पर अधिष्ठाता श्री डा0शर्मा ने महाविद्यालय के छात्रावासों एवं परिसर में मरम्मत हेतु धन न होने से अवगत कराते हुये शासन स्तर से स्वीकृत आकस्मिक मद में आवंटित धनराशि को बढ़ाने का अनुरोध किया जिस पर अर्थनियंत्रक ने अधिष्ठाता को आश्वस्त किया कि वे शासन स्तर पर अपने स्तर से पूरा प्रयास करेंगे। इटावा परिसर स्थित तीनों महाविद्यालयों के विशाल परिसर को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये इनके निरन्तर प्रगति हेतु अपना सहयोग प्रदान करने का आश्वासन देते हुये यहॉ पढ़ाये जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली।

# जेल वाले सैय्यद बाबा का उर्स ग़ुस्ल व चादर पोशी के साथ हुआ शुरू

वहाज अली निहाल



**इटावा।** मरहूम बशीर अहमद नियाज़ी मेवाती टोला द्वारा स्थापित हज़रत नूर अली जेल वाले सैय्यद बाबा का दो दिवसीय सालाना 52 वां उर्स मुबारक पूरी शानो शौकत और उत्साह के साथ शुरु हुआ। मंगलवार को उर्स का शुभारंभ हज़रत नूर अली जेल वाले सैय्यद बाबा के गुस्ल के साथ हुआ।

रगाह हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा कमेटी के अध्यक्ष वसीम अहमद नियाज़ी जिम्मी बशीर व सेकेट्री इख्तियार अहमद मोनू बशीर की देखरेख में सालाना उर्स मुबारक सैयद एजाज हुसैन, हाफिज मोहम्मद अहमद चिश्ती, हाफिज फैजान चिश्ती के संचालन में शुरू हुआ। उर्स के प्रथम दिन जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह पर गुस्ल हुआ। इसके बाद मरहूम बशीर अहमद नियाजी के घर मेवाती टोला से मोनू बशीर, पप्पू बशीर, सोनू बशीर, जिम्मी बशीर की देखरेख में चादर रेलवे रोड होती हुई जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह शरीफ पर पेश की गई।

रात में जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह पर महफिले सिमा का आयोजन किया गया जिसमें सलीम झंकार कव्वाल ग्वालियर, मतलूब नियाजी कव्वाल शमशाबाद फर्रुखाबाद ने महफिले समां में बेहतरीन कलाम पेश कर जमकर वाहवाही हासिल की। उर्स के पहले दिन दरगाह पर श्रद्धालुओं के लिए लंगर का भी इंतजाम किया गया। उर्स की व्यवस्था में शुजा खान, रुहूल खान, चांद खां, इमरोज अनवर आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# 13 ग्राम पंचायतों नें क्षय रोग मुक्त होने का हासिल किया दावा

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिला क्षयरोग अधिकारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि देश को क्षय रोग की बीमारी से मुक्त करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन 2025 के लक्ष्य को सामने रखकर क्षय रोग मुक्त ग्राम पंचायत होने के 14 चयनित ग्राम पंचायतों में से 13 ग्राम पंचायतो ने दावे को हासिल किया है, केन्द्र सरकार की योजना अन्तर्गत जनपद पर नामित सत्यापन समिति द्वारा भौतिक सत्यापन कर इन पंचायतो को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित कर दिया गया है। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन के मामले में सामने आयी पहली कामयाबी का खुलासा सी0एम0ओ0 डॉ0 गीतम सिंह एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 बी0पी0 सिंह ने किया। बताया कि क्षय रोग को खत्म करने के प्रयास सफल होने पर जिले की 13 ग्राम पंचायतो को टी0बी0 मुक्त ग्राम पंचायत रहने का ब्यौरा शासन को जिलाधिकारी महोदय, हमीरपुर के माध्यम से भेजा गया है। ब्लॉक कुरारा में टोडरपुर, सुमेरपुर में चन्दौखी, मौदहा में सिजनौडा, और भैसता, मुस्करा में भुगैचा और भुजपुर, राठ में बरदा और सिकरौधा, सरीला में बधौली और तुरना एवं गोहाण्ड में जमखरी, लींगा और बीरा ग्राम पंचायते टी0बी0 मुक्त ग्राम पंचायत घोषित हुई।

# जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति द्वारा नि:शुल्क नेत्र शिविर लगाया गया

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति फिरोज़ाबाद द्वारा विशाल नेत्र शिविर आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल बलवीर सिंह ने किया ,विशेष अतिथि के रूप में सीएमओ डॉक्टर राम बदन राम सम्मानित अतिथि के रूप में सीएमएस डॉक्टर नवीन जैन सम्मिलित रहे। शिविर में महिला शक्ति की अध्यक्षा श्रीमती मधु गर्ग ने बताया की हमारी संस्था प्रत्येक वर्ष इस तरह के शिविर आयोजित कर्ता है जिसमें मरीज़ों का निशुल्क नेत्र परिक्षण करवाकर उन्हें चश्मे तथा ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया जता है। सचिव मोनिका रानीवाला ने बताया की कुल 1000 लोगो ने रजिस्ट्रेशन करवाया एवम वित्त निर्देशिका रीना गर्ग ने बताया कि चिन्हित 700 लोगो को 15 मार्च को शिविर लगाकर चश्मे प्रदान किए जाएंगे जिसमे 75 लोगो को मोतियाबिंद के ऑपरेशन केलिए पंजीकृत किया गया। उद्घाटन के दौरान जायंट्स ग्रुप के यूनिट डायरेक्टर सौम्या चौहान प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनु बंसल फेडरेशन अधिकारी वर्तिका जैन ग्रुप अध्यक्षा मधु गर्ग सचिव मोनिका रानीवाला और वित निर्देशिका रीना गर्ग, कल्पना रजोरिया राखी बंसल प्राची एकता सीमा पूनम तनु शीनु आदि उपस्थित सराहनीय रही।

## आजाद युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं: किशोर वार्ष्णेय

**प्रयागराज।** शहर के प्रमुख कांग्रेसजनों ने महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद को 93वां बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय ने प्रातः आजाद पार्क में उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कहा कि देश की आज़ादी ही उनका जुनून था। उनका अदम्य साहस, त्याग, बलिदान और देशप्रेम अद्वितीय है। वे युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। भारत के स्वाधीनता के लिए आजाद का सर्वोच्च बलिदान स्वर्णिम इतिहास के रूप में सदैव जाना जायेगा। इस दौरान फुज़ैल हाशमी, हरिकेश त्रिपाठी, परवेज़ सिद्दीकी, अजय श्रीवास्तव, विनय पांडेय, सरताज़ मोहम्मद, अजय मिश्रा, अनिल श्रीवास्तव, केशव पासी, अरूण चौरसिया, राजेन्द्र जायसवाल, मो. ज़ावेद आदि थे।

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं को स्वरोजगार के लिए दिया प्रशिक्षण



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** ग्लोबल पीस फाउंडेशन की ओर से महिलाओं को विभिन्न कार्यो के संबंध में प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया जिससे वह आत्मनिर्भर बन सके। इसके साथ ही इन महिलाओं द्वारा तैयार की गई सामग्री की खरीदारी भी की। फाउंडेशन की ओर से अध्यक्ष सीमा सिंह, सचिव गरिमा दुबे व प्रभा गावा ने बढ़पुरा ब्लाक के गांवों में जाकर महिलाओं को दाल की बड़ी और रुई की बत्ती बनाने जैसे कार्यो के लिए प्रशिक्षित किया गया। इससे महिलाएं यह छोटे-छोटे कार्य करके आत्मनिर्भर बन सकेंगी। इसके साथ ही वे घर में बैठकर ही धनार्जन कर सकेंगी जिससे उनकी पारिवारिक स्थिति बेहतर हो सके। फाउंडेशन की पदाधिकारियों ने बताया कि बेरोजगार महिलाओं को रोजगार के लिए प्रेरित करने और उनकी मदद करने का कार्य फाउंडेशन की ओर से किया जाता रहेगा।

### सम्मान: ज़िलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा को किया गया सम्मानित



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा मंगलवार को लखनऊ में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा पुरस्कार वितरण एवं समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्ष 2023 के सड़क दुर्घटनाओं के आकड़ो का विश्लेषण करने पर यह प्रकाश में आया है कि जनपद इटावा में मृतको की संख्या में विगत वर्ष 2022 के सापेक्ष 17.2 प्रतिशत तथा सड़क दुर्घटनाओं में 8 प्रतिशत की कमी की उपलब्धि हासिल कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया गया। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपरोक्त उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए जिलाधिकारी इटावा अवनीश कुमार रॉय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार वर्मा को सम्मानित किया गया।

# पान कुंवर स्कूल में पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** छात्र पर्यावरण संसद के बैनर तले पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में पी डब्लू डी के एक्स सी एन संजीव कुमार सैनी एवं ए ई गौरव जैन ने संयुक्त रूप से पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बताते चलें मंगलवार को एक कार्यक्रम में पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में वर्ष भर में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए संजीव कुमार सैनी एवं गौरव जैन ने बच्चों को मेडल एवं प्रशस्ति वितरण के साथ-साथ पौधा लगाकर बच्चों को शुभ आशीष दी। संजीव कुमार जी ने कहा कि पौधे पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद आवश्यक है। हम सभी को जब भी अवसर मिले पौधा रोपण अवश्य करना चाहिए। गौरव जैन ने कहा कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उनकी देखरेख करना भी बहुत आवश्यक है।

प्रबंधक कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि छात्र पर्यावरण संसद अपने गठन के उद्देश्य की पूर्ति हेतु छात्र-छात्राओं को पौधारोपण के लिए प्रेरित करती रहती है एवं अपील करती है कि वृक्षों को काटने से बचाया जाए तथा अधिक से अधिक पौधे लगाए जाए। जिससे हमारा पर्यावरण संतुलित रहे एवं मानव जीवन के लिए उपयुक्त बना रहे।

## गैर इरादतन हत्या के तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**हमीरपुर।** थाना मौदहा मे धारा 147,148,304,308 भारतीय दंड संहिता में 30 जून 2015 को थाना मौदहा में अभियुक्तगण भुइयादीन पुत्र सुखवा पाल, फूल सिंह पुत्र भुइयादीन, अमर सिंह पुत्र भुइयादीन, बलवन्त पाल पुत्र भुइयादीन (फाइल पृथक जुबनाइल कोर्ट) समस्त समझ जाएंगे निवासी गण ग्राम अरतरा थाना मौदहा हमीरपुर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप न्यायालय एडीजे प्रथम कोर्ट जनपद हमीरपुर, द्वारा दोषसिद्ध पाये जाने पर अभियुक्तगण भुइयादीन, फूल सिंह, अमर सिंह उपरोक्त प्रत्येक को आजीवन कारावास व प्रत्येक को दस-दस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# ग्रामीण न्यायालय के विरोध व समर्थ में अधिवक्ता बटे दो गुटे में

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** मंगलवार को ग्रामीण न्यायालय गठन के विरोध में अधिवक्ताओं की प्रांतीय महापंचायत बुलाई गई थी। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक कुमार पांडेय, मंत्री एडवोकेट सौरभ श्रीवास्तव के नेतृत्व में चल रही पंचायत के दौरान ग्रामीण न्यायालय के विरोध में गठित संघर्ष समिति के संयोजक एडवोकेट राजेंद्र सिंह के द्वारा सरकार के प्रस्ताव को मान लेने का निर्णय सुना दिया गया। इतना सुनते ही एक फरवरी से लगातार ग्रामीण न्यायालय के गठन के विरोध में चल रहे अधिवक्ता उग्र हो उठे। हंगामा देख संघर्ष समिति द्वारा प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए हड़ताल जारी रखने का फैसला लिया गया। बुधवार को अधिवक्ताओं की बैठक कर आगे की रणनीति तैयार करने की बात कही गई है। विश्व महापंचायत में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य हरिशंकर सिंह, विनोद कुमार पांडेय तथा देवरिया कुशीनगर गोंडा मिर्जापुर समेत कई जनपदों के अधिकता संगठनों की पदाधिकारी शामिल हुए। इसके अलावा दीवानी न्यायालय अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह शिव गोविंद यादव दयाराम यादव सूबेदार यादव प्रभाकर सिंह ओम प्रकाश मिश्रा अरुण कुमार श्रीवास्तव पूर्व मंत्री अनिल कुमार सिंह राजेश सिंह पाराशर प्रमोद कुमार सिंह समेत सैकड़ो अधिवक्ता शामिल हुए। इस महापंचायत की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार पांडे ने तथा संचालन संघ के मंत्री आनंद श्रीवास्तव ने किया।

# क्रास वोटिंग के खिलाफ सपा लोहिया वाहिनी का प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** राज्य सभा के लिए आज लखनऊ में हुए चुनाव के दौरान क्रास वोटिंग को लेकर सपा लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष गंगापार नवीन यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पत्थर गिरिजा घर स्थित धरना स्थल पर प्रदर्शन किया। सपा लोहिया वाहिनी के पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं के हाथ में क्रास वोटिंग के खिलाफ नारे लिखे बैनर सत्ता के लालची और पी डी ए विरोधी विधायकों को जनता माफ नहीं करेगी जिसे वह लहराते हुए नारे भी लगा रहे थे। लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नवीन यादव ने भाजपा सरकार पर धन, बल और दबाव की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव में की जा रही इस तरह की कार गुजारी लोकतान्त्रिक व्यवस्था की स्वस्थ परंपरा पर करारा चोट है। जिस तरह से सत्ताधारी दल विपक्ष के साथ तोड़ फोड़ और दबाव की राजनीति कर रही है उसे देश एवं प्रदेश की जनता देख रही है। लालच और दबाव में आकर क्रास वोटिंग कर पाला बदलने वाले विधायकों को भी जनता के सामने जवाब देना होगा। आगामी चुनाव में इसका बदला लेगी। इस दौरान प्रमुख रूप से नवीन यादव,अंशू यादव, अवध राज, रोहित मौर्य, विजय यादव, धीरज पासी, शिवा सिंह, बाबर साहू, रवि यादव, शिवा सिंघानिया, हर्ष मिश्रा, आयुष रावत, अमन कुमार, सौरभ यादव आदि शामिल रहे।

# शक्ति वंदन एनजीओ सम्मेलन कार्यक्रम हुआ संपन्न

अवधानामा संवाददाता




**हमीरपुर।** स्वयं सहायता समूहों के सशक्तीकरण एवं स्वावलम्बन हेतु '' शक्ति वन्दन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत समूह की महिलाओं को सम्मान एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली सक्रिय समूह की महिलाओं को शक्ति किट का वितरण कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय हमीरपुर के तत्वाधान में आयोजित किया गया कार्यक्रम में हमीरपुर भाजपा जिलाध्यक्ष , द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई वहीं उपस्थित मुख्य अतिथि बाबूराम निषाद राज्यसभा सांसद , उमाकान्त राजपूत, संगीता गुप्ता अशोक तिवारी मुकेश पालीवाल, किशन व्यास धीरेन्द्र शिवहरे योगेंद्र सिंह ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया उक्त आयोजित शक्ति वन्दन कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र में गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उद्योगों के माध्यम से जुडकर आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी होने के सम्बन्ध में तनुजा सिंह ने अपने अनुभव साझा कर तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा विभिन्न विभागों से संचालित योजनाओ से लाभान्वित होकर जीवन स्तर को ऊपर उठाये जाने हेतु प्रेरित किया वहीं कार्यक्रम में शहरी एवं ग्रमीण क्षेत्र के अन्तर्गत 100 से अधिक दीदियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें संघ के पदाधिकारी समूह सखी, बैंक सखी ,लखपति दीदी, बीटीसी सखी, आजीविका सखी, स्वास्थ्य सखी, ग्राम्य संगठन एवं समूह के सदस्य उपस्थित रहे,वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील पाठक ने भारत देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में व महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाये जाने के संबंध में विस्तार से बताया उपस्थित जनों से फिर एक बार मोदी सरकार एवं अबकी बार 400 पार का नारा दिलवाया एवं मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने गरीब कल्याण के लिए शौचालय, आवास, आयुष्मान कार्ड,किसान सम्मान निधि आदि से लोग लाभान्वित होकर अपने आप को सुखी महसूस कर रहे हैं ऐसी सोच के साथ आप लोग भी आने वाले चुनाव में मोदी का साथ दीजिए की बात कही इसी तरह कार्यक्रम को उमाकांत राजपूत ने सम्बोधित किया उक्त आयोजित कार्यक्रम में अरिमर्दन सिंह, मोहन कुशवाहा, सुमन, गीता देवी, कलावती सिंह, सोनल, सीतादेवी, चक्रवर्ती शुक्ला, लाल सिंह यादव, रेनू सिंह, नीतू द्विवेदी, अभिनव तिवारी सह जिला मीडिया प्रभारी भाजपा हमीरपुर, राखी शिवहरे, देवेंद्र गांधी, मुनीर खान,एस के चक्रवर्ती, राम रतन सिंह, रेखा चंदेल, कांति, निधि रागिनी,शीलू कमलेश, विमल, राजेश्वरी, उर्मिला सिंह, अमन धुरिया, अजय प्रजापति, राघवेंद्र भारतवंशी,लाल सिंह यादव,आदि सैकड़ो समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

# डुप्लीकेट मतदाताओं के फार्म 7 भराकर सही सूचना 28 को उपलब्ध करायें: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि जनपद की सभी विधान सभाओं में डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन कराया जा रहा है और सत्यापन में जहां डुप्लीकेट मतदाता होगें उनके तथा जिन मतदाताओं की मृत्यु हो गयी है उनका भी सत्यापन कराकर उनके नाम मतदाता सूची से काटे जायेगें। जिलाधिकारी ने बताया कि कुछ विद्यालयों के नाम परिवर्तन हुए है परन्तु मतदान केन्द्र वही हैं। उन्होने वीडियों कांफेन्स के माध्यम से सभी उप जिलाधिकारियों से वार्ता की तथा निर्देश दिये कि डुप्लीकेट मतदाताओं के फार्म 7 भराकर सही सूचना 28 फरवरी 2024 को उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी ने बताया इसके साथ ही डाकघर के माध्यम से नये मतदाताओं के मतदाता पहचान उनके निवास के पते भेजे जा रहे है। उन्होने प्रतिनिधियों से कहा कि अगर किसी विधान सभी की मतदाता सूची आदि में किसी प्रकार की त्रुटि हो तो उससे अवगत कराये, सत्यापन कराकर उनका समाधान कराया जायेगा। बैठक के उपरान्त जिलाधिकारी ने राजनैतिक प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन कार्यालय में ईवीएम मशीन स्टांग रूम का बाहर से निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी तथा भाजपा, कांग्रेस आदि पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला महानगर अध्यक्ष बनीं अपूर्वा, महामंत्री रेनू नियुक्त

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की एक आवश्यक बैठक महिलामंडल कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय प्रभारी विपिन गुप्ता, जिला अध्यक्ष लालू मित्तल, महानगर अध्यक्ष अनिमेष अग्रवाल, जिला महिला अध्यक्ष रतना जायसवाल की सहमति से अपूर्व चंद्रा को महानगर महिला अध्यक्ष, रेनू राज सिंह को महानगर महिला महामंत्री, नीलम केसरवानी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक की अध्यक्षता विपिन गुप्ता क्षेत्रीय प्रभारी द्वारा की गई और नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। जिला अध्यक्ष लालू मित्तल ने संगठन के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए मातृशक्ति को मुख्य धारा में जोड़ने का आवाहन करते हुए संगठन का विस्तार करने के बारे में बताया। महानगरअध्यक्ष अनिमेष अग्रवाल ने शीघ्र ही बाजार बाजार संगठन के विस्तार के बारे में योजना व तरीके से गठन करने के बारे में बताया। जिला अध्यक्ष महिला रतना जायसवाल ने अपूर्वा चंद्रा को महानगर अध्यक्ष, रेनू राज सिंह को महामंत्री, नीलम केसरवानी के उपाध्यक्ष बनने की औपचारिक घोषणा की औरआवश्यक नियम प्रोटोकॉल दिशा निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से रमन गुप्ता जय हिंद, संगठन मंत्री मनोज महेश्वरी, पूजा जायसवाल, काजल पटेल, विनीता अग्रहरि, सुधा मिश्रा, नेहा केसरवानी, रीना निषाद, निधि केसरवानी, पूजा जायसवाल, सीमा केसरवानी, मीनू गुप्ता आदि अनेक महिला उपस्थित रही।

# बैटरी व्यवसायी राहिल सगीर बने उघोग व्यापार मंडल के जिला सचिव

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित एंव जिलामहामंत्री रिषी पोरवाल नें नौरंगाबाद चौराहे पर स्थित अमन इन्टरप्राइजेज के प्रोपराइटर बैटरी व्यवसायी राहिल सगीर को व्यापार मंडल का जिला सचिव मनोनीत किया। मंगलवार को स्थानीय व्यापारियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि सरकार नित नये कानून बनाकर व्यापार करना कठिन करती जा रही है, आयकर विभाग की धारा 43 ए एमएसएमई कानून जिसमें व्यापारी को खरीदे गये माल का 15 दिन के अन्दर भुगतान करना होगा जो व्याहारिक रूप से कतई संभव नहीं है। अतःव्यापार मंडल इस कानून का विरोध करता है तथा इस कानून को वापस करनें की मांग करता है। इसके लिए व्यापार मंडल के केन्द्रीय नेतृत्व नें केन्द्रीय वित्त मंत्री से समय मांगा है, हम व्यापारियों को आशा है कि सरकार व्यापारियों की मांगों की समीक्षा करेगी और व्यापारी हित मे कार्य करेगी अगर सरकार नें हमारी मांगे नहीं मानी तो व्यापार मंडल प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर धरना प्रर्दशन आदि करनें को मजबूर होगा। इस अवसर पर सपा के वरिष्ठ नेता व जिला उपाध्यक्ष राहत हुसैन रिजवी, युवा जिला महासचिव अजीत कुमार, जिला सचिव कामरान खान, शहर उपाध्यक्ष शाकिर भाई, शहर संगठन मंत्री धर्मेंद्र यादव, युवा शहर अध्यक्ष बल्लू फैय्याज, सुनील गुप्ता, जगत शर्मा, नमित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# विराट कोहली आईपीएल नहीं खेलेंगे! पूर्व दिग्गज ने दिया बयान



पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर से जब पूछा गया कि क्या आरसीबी के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली इस बार भी आईपीएल में धमाल मचाने के लिए बेताब दिखेंगे तो गावस्कर ने मजाकिया अंदाज में कहा कि क्या वो खेलेंगे कुछ कारणों से खेल नहीं रहे हैं, शायद हो सकता है कि आईपीएल के लिए भी ना खेलें।

भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली कुछ दिन पहले दूसरी बार पिता बने हैं। विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में ना खेलने का फैसला इसी लिए लिया था, जिससे वह अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ समय बिता सके। विराट के निजी कारणों से बाहर रहने पर बीसीसीआई ने भी उनके निर्णय का सम्मान किया था। वहीं अब पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को आशंका है कि विराट कोहली आईपीएल के आगामी सीजन से भी दूर रह सकते हैं।

आईपीएल 2024 के पहले 15 दिन का शेड्यूल जारी हो चुका है। पहला मैच विराट कोहली कि आरसीबी और महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 22 मार्च को खेला जाएगा। बता दें कोहली को इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए पहले टीम इंडिया में चुना गया था, लेकिन बाद में उन्हें छुट्टी दे दी गई थी।

भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर से जब पूछा गया कि क्या आरसीबी के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली इस बार भी आईपीएल में धमाल मचाने के लिए बेताब दिखेंगे तो गावस्कर ने मजाकिया अंदाज में कहा कि क्या वो खेलेंगे कुछ कारणों से खेल नहीं रहे हैं, शायद हो सकता है कि आईपीएल के लिए भी ना खेलें।

## बाबर आजम ने ठोका शतक तो पेशावर जुल्मी के मालिक ने दे दी गिफ्ट में कार

कप्तान बाबर आजम को उनके 11वें टी20 शतक के बाद गिफ्ट देने की घोषणा की है। बाबर के शतक के बाद पेशावर जाल्मी ने गद्दाफी स्टेडियम में इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ 201 का बड़ा स्कोर किया। जिसके बाद टीम के मालिक अफरीदी ने घोषणा कि है कि बाबर को एमजी एचएस एसेंस कार गिफ्ट में दी जाएगी। पेशावर जाल्मी के मालिक जावेद अफरीदी ने टीम के कप्तान बाबर आजम को उनके 11वें टी20 शतक के बाद गिफ्ट देने की घोषणा की है। बाबर के शतक के बाद पेशावर जाल्मी ने गद्दाफी स्टेडियम में इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ 201 का बड़ा स्कोर किया। जिसके बाद टीम के मालिक अफरीदी ने घोषणा कि है कि बाबर को एमजी एचएस एसेंस कार गिफ्ट में दी जाएगी। अपने एक्स हैंडल पर अफरीदी ने खबर शेयर करते हुए कहा, बाबर आजम के लिए एमजी उपहार। वह एमजी एसेंस चलाने वाले पहले व्यक्ति होंगे। पाकिस्तान में निर्मित। बाबर आजम की इस ताबड़तोड़ पारी का मुख्य आकर्षण 18वां ओवर था, जहां उन्होंने युवा हुनैन शाह के खिलाफ आक्रामक रूप से चार चौके और एक छक्का लगाया।

# इंग्लैंड कप्तान बेन स्टोक्स का बयान, कहा हमारे पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका तक नहीं



बेन स्टोक्स ने कहा कि वर्तमान टेस्ट श्रृंखला में उनके पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका तक नहीं था लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मेजबान टीम को कड़ी चुनौती दी और इसलिए उन्हें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वर्तमान टेस्ट सीरीज में उनके पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका तक नहीं था लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मेजबान टीम को कड़ी चुनौती दी और इसलिए उन्हें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है। भारत ने इंग्लैंड को चौथे टेस्ट मैच में 5 विकेट से हराकर पांच मैच की सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

इंग्लैंड ने स्टोक्स के कप्तान और ब्रैंडन मैकुलम के मुख्य कोच बनने के बाद पहली बार कोई सीरीज गंवाई है। स्टोक्स ने ब्रिटिश मीडिया से कहा कि, 3-1 अच्छा नहीं लग रहा है लेकिन जिस तरह से हमने भारत को कड़ी चुनौती दी उस पर मुझे गर्व है।'' उन्होंने कहा,''यहां तक कि हमारे पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने तक का मौका नहीं था लेकिन यहां तक कि आज (सोमवार) भी हमने भारत को आसानी से नहीं जीतने दिया और मुझे लगता है कि वे इसे स्वीकार करेंगे। इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट मैच में एक समय अच्छी वापसी कर दी थी। चौथे दिन 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 120 रन था। इसके बाद शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने 72 रन की अटूट साझेदारी करके भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। स्टोक्स ने कहा,''यह युवा और कम अनुभवी टीम पिछले दो वर्ष से सफल रही है लेकिन भारत आना पूरी तरह से भिन्न होता है जिसका इस टीम को अभी तक अनुभव नहीं था।

उन्होंने कहा कि, हमने जिस तरह से उनकी हर चुनौती का कड़ा जवाब दिया उस पर मुझे वास्तव में गर्व है भले ही हमें हार का सामना करना पड़ा हो। हमारे प्रत्येक खिलाड़ी ने जिस तरह से आखिर तक हार नहीं मानी, उस पर मुझे गर्व है। कोई भी खिलाड़ी किसी भी समय पीछे नहीं हटा।

# नामीबिया के जान निकोल लॉफ्टी ने इतिहास रचा, नेपाल के खिलाफ टी20 मैच में 33 गेंदों में जड़ा शतक



मंगलवार को त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में नामीबिया के यान निकोल लॉफ्टी-ईटन ने नेपाल के खिलाफ 33 गेंद में शतक के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ा। मध्य क्रम के बल्लेबाज लॉफ्टी-ईटन ने नेपाल के कुशाल मल्ला के 34 गेंद में शतक के रिकॉर्ड को तोड़ा। मल्ला ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी जब उनकी टीम ने मंगोलिया के खिलाफ तीन विकेट पर 314 रन का विश्व रिकॉर्ड स्कोर बनाया था।

नामीबिया के यान निकोल लॉफ्टी-ईटन ने मंगलवार को त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में नेपाल के खिलाफ 33 गेंद में शतक के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ा। मध्य क्रम के बल्लेबाज लॉफ्टी-ईटन ने नेपाल के कुशाल मल्ला के 34 गेंद में शतक के रिकॉर्ड को तोड़ा।

मल्ला ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी जब उनकी टीम ने मंगोलिया के खिलाफ तीन विकेट पर 314 रन का विश्व रिकॉर्ड स्कोर बनाया था। लॉफ्टी-ईटन ने सिर्फ 36 गेंद में 101 रन की पारी खेली। उन्होंने 11 चौके और आठ छक्के लगाए तथा 280.55 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 92 रन बाउंड्री से जुटाए। बाइस साल के लॉफ्टी-ईटन ने अब तक 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय और 36 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय शतक है।

लॉफ्टी-ईटन के अलावा सलामी बल्लेबाज मलान क्रूगर ने भी नाबाद 59 रन की पारी खेली जिससे नामीबिया ने चार विकेट पर 206 रन बनाए। नेपाल की टीम इसके जवाब में 19वें ओवर में 186 रन पर सिमट गई। दीपेंद्र सिंह ऐरी (48) नेपाल की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे। नामीबिया की ओर से रूबेन ट्रंपलमैन ने 29 रन देकर चार विकेट चटकाए। टूर्नामेंट की तीसरी टीम नीदरलैंड है।

## भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी रक्षा ने इटैलियन जूनियर एकल का खिताब जीता

रक्षा कांदासामी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फाइनल में हमवतन अनन्या अग्रवाल को 21-14, 21-12 से हराकर इटैलियन जूनियर एकल खिताब जीता। इटली के मिलान में 23 से 25 फरवरी तक हुए टूर्नामेंट में रक्षा ने शानदार प्रदर्शन किया और 64 खिलाड़ियों के ड्रॉ में एक भी गेम नहीं गंवाते हुए खिताब जीता। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी रक्षा कांदासामी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फाइनल में हमवतन अनन्या अग्रवाल को 21-14, 21-12 से हराकर इटैलियन जूनियर एकल खिताब जीता। इटली के मिलान में 23 से 25 फरवरी तक हुए टूर्नामेंट में रक्षा ने शानदार प्रदर्शन किया और 64 खिलाड़ियों के ड्रॉ में एक भी गेम नहीं गंवाते हुए खिताब जीता। सेमीफाइनल में भी रक्षा ने एकतरफा मुकाबले में हमवतन भारतीय प्राकृति भरत को 21-10, 21-8 से हराया था जबकि क्वार्टर फाइनल में स्लोवेनिया की आंजा ब्लेजिना को 21-9, 21-14 से शिकस्त दी थी।

# एक बार फिर लियोनल मेसी लॉरेस साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के तौर पर नामित



लियोनेल मेसी को सोमवार को एक बार फिर लॉरेस के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। विश्व कप 2022 ट्रॉफी जीतने वाले अर्जेन्टीना के कप्तान मेस्सी ने 2023 में अपना रिकॉर्ड आठवां बेलोन डिओर खिताब जीता था। सुपरस्टार फुटबॉलर और पिछले साल के विजेता लियोनेल मेसी को सोमवार को एक बार फिर लॉरेस के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। विश्व कप 2022 ट्रॉफी जीतने वाले अर्जेन्टीना के कप्तान मेस्सी ने 2023 में अपना रिकॉर्ड आठवां बेलोन डिओर खिताब जीता था। मेसी ने लीग कप में मेजर लीग सॉकर टीम इंटर मियामी को रिकॉर्ड 44वां खिताब दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई। पच्चीसवें लॉरेस विश्व खेल पुरस्कार 22 अप्रैल को यहां दिए जाएंगे। मेस्सी को मैनचेस्टर सिटी के स्ट्राइकर एर्लिंग हैलेंड (नॉर्वे), टेनिस सुपरस्टार नोवाक जोकोविच (सर्बिया), विश्व रिकॉर्ड धारक पोल वाल्ट खिलाड़ी मोंडो डुप्लांटिस (स्वीडन), विश्व चैंपियन धावक नूह लायल्स (अमेरिका) और फार्मूला वन स्टार मैक्स वेरस्टेपेन (नीदरलैंड) से टक्कर मिलेगी। साल की सर्वश्रेष्ठ महिला पुरस्कार के लिए जिन खिलाड़ियों को नामित किया गया है उनमें से तीन ने पिछले साल बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया था। कीनिया की फेथ किपयेगॉन 1,500 और 5,000 मीटर का दोहरा खिताब जीतने वाली पहली महिला बनीं। अमेरिका की शाकैरी रिचर्डसन ने अपने पहले वैश्विक फाइनल में 100 मीटर का खिताब जीता और चार गुणा 100 मीटर में भी स्वर्ण पदक जीता। शेरिका जैकसन का 200 मीटर में 21.41 सेकेंड का विजयी समय अब तक का दूसरा सबसे तेज समय था। इनके अलावा पोलैंड की टेनिस खिलाड़ी ईगा स्वियाटेक, स्पेन की फुटबॉलर ऐटाना बोनमाटी और अल्पाइन स्कीयर अमेरिका की मिकाएला शिफरीन को भी नामित किया गया है।

स्टार अमेरिकी जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को सर्वश्रेष्ठ वापसी करने वाली छह खिलाड़ियों में नामांकन मिला है। दो साल की अनुपस्थिति के बाद उन्होंने विश्व चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण पदक के साथ वापसी की।

# अनुष्का शर्मा ने बेटे अकाय और विराट कोहली ने बेटी वामिका के साथ बिताया वक्त, लंदन में लंच पर गए दोनों



अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और उनके पति-क्रिकेटर विराट कोहली ने हाल ही में अपने बेटे अकाय के जन्म की घोषणा की। अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक तस्वीर सामने आई है जिसमें विराट कोहली अपनी बेटी वामिका के साथ लंच करते दिख रहे हैं। अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और उनके पति-क्रिकेटर विराट कोहली ने हाल ही में अपने बेटे अकाय के जन्म की घोषणा की। अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक तस्वीर सामने आई है जिसमें विराट कोहली अपनी बेटी वामिका के साथ लंच करते दिख रहे हैं।

रेडिट पर शेयर की गई फोटो के कैप्शन में लिखा है, विराट लंदन में वामिका के साथ स्पॉट हुए। पीछे से खींची गई तस्वीर में, विराट और वामिका एक मेज पर बैठे हुए थे और खाना खा रहे थे। दोनों ने ब्लैक एंड व्हाइट आउटफिट पहना था। तस्वीर पर प्रतिक्रिया देते हुए, एक प्रशंसक ने कहा, वह बहुत प्यारी लग रही है। उसके बाल बहुत पसंद हैं। एक व्यक्ति ने लिखा, विराट कोहली एक बहुत ही निवेशित पिता और पति की तरह लगते हैं, जो बहुत अच्छा है।

उपयोगकर्ता ने टिप्पणी की, डैडी-बेटी के साथ समय बिता रहे हैं, जबकि मम्मी और बेबी भाई एक-दूसरे के करीब आ रहे हैं। लेकिन जिसने भी तस्वीर ली, उसे इस तरह छिपकर नहीं जाना चाहिए था। एक टिप्पणी में कहा गया, ÷वह इतनी बड़ी लड़की और पोनीटेल जैसी दिखती है। यह बहुत प्यारी और मनमोहक है। मैं बस अनुष्का के जूनियर संस्करण की कल्पना कर रहा हूं। एक अन्य व्यक्ति ने कहा, ओह। विराट क्यूटी-पाई के साथ डैडी कर्तव्यों पर हैं।

पिछले हफ्ते, अनुष्का और विराट ने अपने बच्चे अकाय के जन्म की घोषणा की। जोड़े ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, बहुत सारी खुशियों और प्यार से भरे दिलों के साथ, हम सभी को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 15 फरवरी को, हमने अपने बच्चे अकाय और वामिका के छोटे भाई का इस दुनिया में स्वागत किया। हम आपका आशीर्वाद चाहते हैं। और हमारे जीवन के इस खूबसूरत समय के लिए शुभकामनाएं। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि इस समय हमारी निजता का सम्मान करें। प्यार और आभार। विराट और अनुष्का। विराट और अनुष्का ने 11 दिसंबर 2017 को इटली में शादी की थी। इस जोड़ी को 11 जनवरी, 2021 को वामिका का आशीर्वाद मिला था। यह जोड़ा अपनी दूसरी गर्भावस्था के बारे में चुप्पी साधे हुए था। फैंस अनुष्का को आगामी स्पोर्ट्स बायोपिक फिल्म चकदा एक्सप्रेस में देखेंगे। यह पूर्व भारतीय क्रिकेटर झूलन गोस्वामी के जीवन पर आधारित है और विशेष रूप से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा अभी नहीं की गई है।

# अर्जुन रामपाल ने किया खुलासा, यह फिल्म उनके करियर में बनीं थी टर्निंग प्वाइंट



अभिनेता ने उस फिल्म के नाम का खुलासा किया जिसने उनके करियर की दिशा को सकारात्मक रूप से बदल दिया। यह शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण-स्टारर ओम शांति ओम थी, जिसे फराह खान ने निर्देशित किया था।

अर्जुन रामपाल, जिनकी नवीनतम फिल्म क्रैक बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही है, ने हाल ही में अपने अभिनय करियर में एक परिवर्तनकारी क्षण के बारे में बात की। इंडिया टुडे के साथ हाल ही में एक साक्षात्कार में, अभिनेता ने उस फिल्म के नाम का खुलासा किया जिसने उनके करियर की दिशा को सकारात्मक रूप से बदल दिया।यह शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण-स्टारर ओम शांति ओम थी, जिसे फराह खान ने निर्देशित किया था।

उन्होंने कहा तब मैं कहूंगा कि एक महत्वपूर्ण मोड़ निश्चित रूप से ओम शांति ओम होगा, जहां मुझे यह नकारात्मक किरदार निभाने के लिए दिया गया था, और मैं ऐसा करने में बहुत असहज था। लेकिन मैंने इसे अपना लिया और यहीं मैं हमेशा कहता हूं कि यदि आप अपने आराम क्षेत्र से बाहर आते हैं, तो आपको हमेशा कुछ रोमांचक करने को मिलेगा, और इसने मेरे लिए चमत्कार किया। उन्होंने कहा, लोगों ने मुझे बहुत, बहुत अलग तरीके से देखना शुरू कर दिया।

ओम शांति ओम में अर्जुन रामपाल ने प्रतिपक्षी मुकेश मेहरा की भूमिका निभाई। यह फ़िल्म व्यावसायिक रूप से बड़ी सफल रही और इसे ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया। उन्होंने अन्य फिल्मों का भी जिक्र किया जिनसे उन्हें अपना फिल्मी करियर बनाने में मदद मिली। पहली फिल्म जिसने मेरी जिंदगी बदल दी वह जाहिर तौर पर मोक्ष थी जब मैंने इसे साइन किया था, मैं मॉडलिंग कर रही थी और मैं उस समय काफी प्रसिद्ध मॉडल थी। अक्षोक मेहता (निर्देशक) मेरे पास आए और मुझे मनीषा कोइराला के साथ चंबल की घाटियों में शूटिंग याद है, जो एक अभूतपूर्व अभिनेत्री हैं। यह एक दृश्य और मैंने इसकी भीड़ देखी, और जब मैंने इसे देखा तो मुझे खुद से नफरत हो गई। मुझे एहसास हुआ कि मुझे खुद से नफरत इसलिए थी क्योंकि जब भी कैमरा आता था, मैं एक मॉडल की तरह प्रदर्शन कर रही थी, एक अभिनेता की तरह नहीं। इसलिए मैंने फैसला किया कि मैं दोबारा मॉडलिंग नहीं करूंगी। उस दिन मैंने आधिकारिक तौर पर मॉडलिंग से संन्यास ले लिया। लेकिन उस फिल्म को भुगतान मिलने में छह साल लग गए, इसलिए मैं छह साल के लिए टूट गया। अभिनेता ने कहा, यह एक बड़ा बलिदान था।

# ऋतिक रोशन की इस हरकत ने लूट लिया फैंस का दिल, वाकई सबके सामने अपनी गलती मानने के लिए कलेजा चाहिए!!



ऋतिक रोशन इंडस्ट्री के सबसे लोकप्रिय बॉलीवुड सितारों में से एक हैं। उन्हें हाल ही में दीपिका पादुकोण, करण सिंह ग्रोवर और अन्य सेलेब्स के साथ फाइटर में देखा गया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किया होगा जितना सोचा गया था।

ऋतिक रोशन इंडस्ट्री के सबसे लोकप्रिय बॉलीवुड सितारों में से एक हैं। उन्हें हाल ही में दीपिका पादुकोण, करण सिंह ग्रोवर और अन्य सेलेब्स के साथ फाइटर में देखा गया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किया होगा जितना सोचा गया था। लेकिन अभिनेता अपने भरोसेमंद बयानों और प्रतिक्रियाओं से दिल जीत रहे हैं। हम शायद ही कभी अभिनेताओं को अपनी पिछली गलतियों को स्वीकार करते हुए देखते हैं। हाल ही में किरण राव ने खुलासा किया कि कैसे आमिर खान ने एक विचारोत्तेजक गाने को लेकर अपनी गलती मानी थी। और अब, ऋतिक ने एक पोषण पेय ब्रांड को उजागर करने के लिए एक प्रभावशाली व्यक्ति की प्रशंसा की है।

एक प्रभावशाली व्यक्ति ने बच्चों के पोषण पेय ब्रांड पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें बच्चों को लंबा, मजबूत और तेज़ बनाने का दावा किया गया है। प्रभावशाली व्यक्ति, रेवंत हिमतसिंग्का ने साझा किया कि ब्रांड में 50 प्रतिशत चीनी होती है जो हानिकारक है। एक्सपोज़ के बाद, ब्रांड की कंपनी ने रेवंत को वीडियो हटाने के लिए कहा, जो उसने हटा लिया। लेकिन वह फट पड़े। ब्रांड की कंपनी ने इसे अवैज्ञानिक बताते हुए रेवंत को कानूनी नोटिस भेजा। डॉक्टरों के एक समूह ने दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करते हुए दावा किया कि रेवंत का वीडियो पूरी तरह वैज्ञानिक था। कंपनी को एक और झटका तब लगा जब ब्रांड को सरकार से ही नोटिस मिला। कंपनी की मार्केटिंग का आह्वान किया गया और बदलाव करने को कहा गया। मामले के बाद कंपनी ने चीनी पर 15 की कटौती की। ऋतिक रोशन ने एक बार अपनी एक फिल्म में इस ब्रांड के बारे में बात की थी। फिल्म कोई मिल गया में उन्होंने एक मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति की भूमिका निभाई थी। यह ऋतिक की प्रतिष्ठित फिल्मों और प्रतिष्ठित किरदारों में से एक है। ब्रांड का उल्लेख करने वाला उनका दृश्य भी सबसे अधिक बार प्रदर्शित दृश्यों में से एक रहा है। ऋतिक रोशन ने कम्युनिटी पेज के उस पोस्ट पर टिप्पणी की जिसमें वीडियो साझा किया गया था। उन्होंने कुछ ताली बजाने वाले इमोटिकॉन्स के साथ लिखा, बहुत अच्छा आदमी। बहुत बढ़िया।

ऋतिक का ऐसा करना बहुत ही असामान्य और काफी सराहनीय है। उस फिल्म का हिस्सा बनना जिसने ब्रांड को बढ़ावा दिया और वीडियो पर उनकी प्रतिक्रिया वास्तव में दिखाती है कि वह कितने चिंतनशील हैं। ऋतिक रोशन की वॉर 2 बन रही है। फिल्म के सीक्वल का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। जूनियर एनटीआर ने इस बार ऋतिक से हाथ मिलाया है।

# नवाजुद्दीन सिद्दीक ने स्मिता पाटिल को याद करके लुक्स को लेकर शेयर किए अपने विचार



नवाजुद्दीन सिद्दीकी स्थिर सुंदरता को स्वीकार करने पर जोर देते हुए कहा कि उनके विचार में, कोई भी अभिनेत्री स्मिता पाटिल की सुंदरता को पार नहीं कर पाई है। उन्होंने बताया कि, सुंदरता के बारे में धारणाएं विभिन्न संस्कृतियों में अलग-अलग हैं, और कहा कि जो भारत में आकर्षक है वह फ्रांस या जर्मनी में समान नहीं हो सकता है।

बॉलीवुड के अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी बेहतरीन एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। अभिनेता अपने सरल और सहज अंदाज के लिए जाने जाते है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी अक्सर अपनी फिल्मों को लेकर लगातर सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में अभिनेता अपने एक बयान को लेकर काफी चर्चाओं में आ गए। अक्सर नवाजुद्दीन सिद्दीकी अच्छे लुक के बारे में सवालों से संघर्ष करते रहते है। इस बार बात करते हुए नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि जब उनके पेशे की बात आती है, तो किसी अभिनेता के लुक को कैमरे से देखने की जरुरत होती है। उन्होंने कहा किअच्छी शक्ल-सूरत के बारे में हर व्यक्ति के अपने विचार होते हैं। बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने हाल ही में लुक्स लेकर खुलकर बात की है। नवाजुद्दीन ने कहा अच्छी शक्ल-सूरत के बारे में हर व्यक्ति के अलग-अलग विचार होते हैं। आप जिस पुरुष या महिला को भारत में अच्छा दिखने वाला मानते हैं, वह फ्रांस या जर्मनी में अच्छा दिखने वाला नहीं माना जा सकता है। इस बारे में विस्तार से बात करते हुए अभिनेता ने कहा, हमारे यहां तो हम कुछ खास शारीरिक बनावट और कुछ खास त्वचा के रंग को अच्छा दिखने वाला मानते हैं। मगर मेरे लिए आज तक स्मिता पाटिल से खूबसूरत अभिनेत्री कोई आई ही नहीं है। ऐसा लगता है कि वह कैमरे के लिए ही बनी थीं।

अभिनेता ने आगे कहा- कैमरे का कुछ एक दूसरा परसेप्शन होता है। हम लोगों को लेंस के जरिए से देखा जाता है और हम लोग बिना कैमरा देखते हैं और फैसला करते हैं कि ये गुड लुकिंग है या नहीं। मगर जब फिल्मों की बात आती है, तो एक अभिनेता अच्छा दिखने वाली है या नहीं, इसका फैसला उन्हें उस किरदार के नजरिए से देखने के बाद किया जाना चाहिए। इसके साथ ही नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, स्मिता पाटिल को अगर हम यहां खड़े कर दिया जाता, तो वह बस एक सामान्य भारतीय लड़की की तरह सामने आ जातीं। मगर, जैसे ही वो कैमरे के सामने आती थीं, उनसे खूबसूरत कोई नहीं दिखता था। आज के समय में अगर वह होतीं तो अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं के लिए खुशी की बात होती।

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि स्लमडॉग मिलियनर में नजर आई एक्ट्रेस फ्रीडा पिटी के बारे में बात करते हुए कहा, मैं कान्स फिल्म फेस्टिवल में था। मैनें वहां फ्रीड़ की एक बड़ी होर्डिंग देखी। हम लोगों में से कई लोगों के लिए वह पड़ोस की किसा अन्य लड़की की तरह हो सकती है। लेकिन वहां पर मौजूद लोग कह रहे थे कि ये हॉलीवुड की किसी बड़ी एक्ट्रेस से भी ज्यादा खूबसूरत लग रहीं हैं। वहां लोग उस होर्डिंग की तस्वीर क्लिक कर रहे थे। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, तो, यह लोगों की धारणा में अंतर दिखाता है।

## गजुवाका के कोचिंग इंस्टीट्यूट में लगी आग, मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियां

**विशाखपटनम।** आंध्र प्रदेश के विशाखपटनम के गजुवाका में आज सुबह एक कोचिंग इंस्टीट्यूट में आग लग गई। वीडियो में देखा जा सकता है आसमान में धुएं का गुबार थीं। बाद में आग पूरी इमारत में फैल गई, जहां रेस्तरां और आभूषण की दुकानें भी स्थित हैं। तुरंत, अग्निशमन कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया गया।



उठ रहा है। दमकल की गाड़ियां मौके पर हैं और आग बुझाने की कोशिशें जारी हैं। जिला अग्निशमन अधिकारी की सूचना के अनुसार एक दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और दो और दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई। विशाखापत्तनम के डीसीपी लॉ एंड ऑर्डर ने कहा ÷एक शैक्षणिक संस्थान में आग लग गई, जहां दो दिनों में परीक्षाएं होने वाली किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सोमवार देर रात दिल्ली के लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल (एलएनजेपी) में सोमवार देर रात आग लग गई। चिकित्सा निदेशक सुरेश कुमार ने बताया कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट रहा। किसी भी मरीज को उनके वार्ड से स्थानांतरित करने की कोई जरूरत नहीं पड़ी।

# मनी लांड्रिंग मामले में तमिलनाडु सरकार को सुप्रीम कोर्ट की नसीहत

**याचिका**

**सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते मनी लांड्रिंग के मामले में ईडी की जांच के खिलाफ मद्रास हाई कोर्ट में याचिका दायर करने को लेकर तमिलनाडु सरकार से सवाल किया था।**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार से कहा कि राज्य मशीनरी को यह पता लगाने में ईडी की मदद करनी चाहिए कि क्या कोई अपराध हुआ है। इसमें कोई नुकसान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते मनी लांड्रिंग के मामले में ईडी की जांच के खिलाफ मद्रास हाई कोर्ट में याचिका दायर करने को




लेकर तमिलनाडु सरकार से सवाल किया था। ईडी ने अवैध रेत खनन से संबंधित मनी लांड्रिंग मामले की जांच के क्रम में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर व अरियालुर के जिलाधिकारियों को तलब किया था। इन नौकरशाहों के साथ-साथ राज्य सरकार ने हाई कोर्ट का रुख किया था, जिसने ईडी की ओर से जारी समन पर रोक लगा दी थी। जांच एजेंसी ने हाई कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। ईडी की याचिका सोमवार को जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आयी। कोर्ट ने कहा कि अगर राज्य मशीनरी को मदद करने के लिए कहा जाता है, तो इससे क्या नुकसान हुआ है? तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछली बार पूछा था कि राज्य सरकार हाई कोर्ट के समक्ष याचिका कैसे दायर कर सकती है? पीठ ने कहा, अगर जिलाधिकारी से कुछ पूछा जाता है तो राज्य सरकार को क्या परेशानी है? यदि व्यक्तिगत हैसियत से जिलाकिारी को परेशानी थी तो वह याचिका दायर कर सकते थे। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि राज्य सरकार के रवैये से ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार आरोपितों को बचाने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने पीठ को बताया कि मामले में एक प्रतिवादी द्वारा एक हलफनामा दायर किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हलफनामे को रिकार्ड पर रखा जाए और उसने मामले को मंगलवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

## रेड्डी सरकार ने की चंद्रबाबू नायडू की जमानत रद करने की मांग

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट से कौशल विकास निगम घोटाले में तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू को दी गई जमानत रद करने का अनुरोध



किया। साथ ही दावा किया कि उनके परिवार के सदस्यों ने जांच में बाधा डालने के लिए लोक सेवकों को धमकाने वाले बयान दिए हैं। राज्य सरकार ने जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ को बताया कि नायडू के परिवार के सदस्यों ने सार्वजनिक रूप से बयान दिया है कि वे सत्ता में आने पर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। शीर्ष अदालत मामले में नायडू को नियमित जमानत देने के आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के 20 नवंबर, 2023 के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही है। आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीठ से कहा कि हमने अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने के लिए एक आवेदन दायर किया है। नायडू के परिवार के सदस्यों द्वारा बयान दिए गए हैं। परिवार के सदस्य कह रहे हैं कि जब हम सत्ता में आएंगे, तो हम इन सभी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) में राज्य की प्रार्थना जमानत रद करने की है। मैं जमानत के आदेश के खिलाफ अपील करता हूं। मैं आपको एक परिस्थिति दिखा रहा हूं, जो प्रासंगिक है। राज्य सरकार ने अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति मांगी है।

## जगन मोहन रेड्डी की सरकार ये क्या कर रही, हनुमा विहारी के आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन पर लगाए आरोप के बाद TDP नेता की प्रतिक्रिया

**विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश)।** भारतीय बल्लेबाज हनुमा विहार के आंध्र प्रदेश टीम छोड़ने के फैसले के बाद तेलुगु देशम पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य



वर्ला रमैया ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी पर तीखा हमला बोला। विहारी ने सोमवार को घोषणा की कि वह कभी भी घरेलू क्रिकेट में आंध्र प्रदेश का प्रतिनिधित्व नहीं करेंगे। उन्होंने आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। विहारी ने यह खुलासा तब किया जब आंध्र प्रदेश की रणजी ट्रॉफी यात्रा क्वार्टर फाइनल के दौरान मध्य प्रदेश से चार रन से हार गई थी। पोलित ब्यूरो सदस्य ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, हनुमा विहारी जैसे होनहार क्रिकेटर ने जगन मोहन रेड्डी और उनके गुर्गों के कारण क्रिकेट छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने आंध्र के सीएम से सवाल किया कि उनकी पार्टी खेल क्षेत्र में हस्तक्षेप क्यों कर रही है और युवा प्रतिभाओं को परेशान कर रही है। उन्होंने कहा, यह जानना बहुत अजीब है कि जगन मोहन रेड्डी की सरकार और सत्तारूढ़ पार्टी हर चरण और हर क्षेत्र में हस्तक्षेप कर रही है और उनकी छवियों को नष्ट कर रही है। जगन मोहन रेड्डी के राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण आंध्र प्रदेश राज्य ने अपनी छवि खो दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में, विहारी ने आरोप लगाया कि जनवरी में बंगाल के खिलाफ आंध्र के शुरुआती दौर के मैच के बाद उन्हें कप्तानी से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। उस दौरान, उन्होंने अपने फैसले के लिए व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया था, लेकिन अब खुलासा हुआ है कि एसोसिएशन ने वास्तव में एक खिलाड़ी पर चिल्लाने के बाद राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण उनके खिलाफ कार्रवाई की थी। विहारी ने लिखा, बंगाल के खिलाफ पहले गेम में मैं कप्तान था और खेल के दौरान, मैं 17वें खिलाड़ी पर चिल्लाया। उनमें से एक खिलाड़ी ने अपने पिता से शिकायत कर दी, जो एक राजनेता हैं। इसके बदले में राजनेता ने एसोसिएशन से मेरे खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा। हालांकि, हमने पिछले साल के फाइनलिस्ट बंगाल के खिलाफ 410 रनों की बढ़त बनाई थी, लेकिन फिर भी मुझे बिना किसी गलती के कप्तानी से इस्तीफा देने के लिए कहा गया था। बल्लेबाज ने कहा कि उन्होंने अपमानित और शर्मिंदा महसूस किया, लेकिन फिर भी टीम और खेल के सम्मान में, नए कप्तान रिकी भुई के नेतृत्व में खेलना जारी रखा। उन्होंने कहा, मुझे शर्मिंदगी महसूस हुई, लेकिन इस सीजन में खेलना जारी रखने का एकमात्र कारण यह है कि मैं खेल और अपनी टीम का सम्मान करता हूं।

# एनआईए ने पंजाब, राजस्थान में 16 स्थानों पर छापेमारी की, 6 लोग हिरासत में लिए गए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने खालिस्तान और संगठित अपराधियों के गठजोड़ के

**शामिल**

**एनआईए की छापेमारी 16 ठिकानों पर चल रही है, जिसमें पंजाब के 14 और राजस्थान के दो ठिकाने शामिल हैं।**

खिलाफ चल रही जांच के तहत मंगलवार को पंजाब और राजस्थान में 16 स्थानों पर छापेमारी की और छह लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। एनआईए की छापेमारी 16 ठिकानों पर चल रही है, जिसमें पंजाब के 14 और राजस्थान के दो ठिकाने शामिल हैं। एनआईए की जांच में आतंकवादियों, गैंगस्टरों और ड्रग तस्करों के बीच सांठगांठ को नष्ट करने के प्रयास शामिल हैं। एनआईए का




लक्ष्य फंडिंग चैनलों सहित नेक्सस के बुनियादी ढांचे को नष्ट करना है। एजेंसी ने राज्य पुलिस बलों के साथ निकट समन्वय में मंगलवार सुबह से ही तलाशी अभियान चलाया है। कुछ खास इनपुट के आधार पर छापेमारी की जा रही है। जिन स्थानों की तलाशी ली जा रही है वे खालिस्तानी समर्थकों और आपराधिक सांठगांठ में शामिल लोगों के साथ संबंध रखने वाले संदिग्धों के आवासीय और अन्य परिसर हैं। एनआईए ने कहा, एनआईए खालिस्तान और संगठित आपराधिक सांठगांठ के खिलाफ चल रही जांच में पंजाब में 14 स्थानों और राजस्थान में 2 स्थानों पर तलाशी ले रही है। तलाशी के बाद, आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए छह लोगों की जांच की जा रही है। पूछताछ के लिए चुने गए छह लोग कथित तौर पर आतंकवादी गतिविधियों में शामिल हैं और सोशल मीडिया नेटवर्क और संचार के अन्य माध्यमों के माध्यम से कुछ भगोड़े नामित खालिस्तानी आतंकवादियों के साथ निकट संपर्क में हैं। यह कदम एनआईए के महानिदेशक दिनकर गुप्ता द्वारा दिसंबर 2023 में एफबीआई के निदेशक क्रिस्टोफर ए रे के साथ बैठक के दौरान स्पष्ट और व्यापक मुद्दों को उठाने के लगभग दो महीने बाद आया है।


उन्होंने बैठक में आतंकवादी-संगठित आपराधिक नेटवर्क की गतिविधियों, सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमले में अमेरिका में चल रही जांच और साइबर-आतंकवाद और विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों की जांच का मुद्दा उठाया था।

### मैंने कुछ कहा, कोई इशारा किया..., बीजेपी में जाने के सवाल पर कमलनाथ का आया पहला रिएक्शन

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले पिछले कई दिनों से अटकलें लगाई जा रही थी कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, इस पर कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने विराम लगाते हुए कहा कि यह महज अफवाह है, लेकिन अब खुद कमलनाथ का बयान सामने आया है। दरअसल, अटकलों के बीच कमलनाथ ने बीजेपी जॉइन करने के सवालों पर सवालिया लहजे में ही जवाब देते हुए कहा कि क्या कभी मेरे मुंह से सुना कि मैं कहीं जा रहा हूं। खुद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का बयान सामने आया है। गौरतलब है कि मंगलवार (27 फरवरी) कमलनाथ चार दिवसीय दौरे पर छिंदवाड़ा पहुंचे हैं, जहां मीडिया से बातचीत में उन्होंने यह बयान दिया।

# अमेरिकी अंतरिक्षयान ओडीसियस ने चंद्रमा से भेजी पहली तस्वीर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के टेक्सास की इंट्यूटिव मशीन का लूनार लैंडर ओडीसियस चंद्रमा पर लैंडिंग करने में सफल रहा, लेकिन



यह लैंडिंग पूरी तरह से सटीक नहीं थी और लैंडिंग के बाद यान थोड़ा सा टेढ़ा भी हो गया। इस घटना से यह कई मायनों में एक अनोखी लैंडिंग बन गई है। ओडीसियस, 1972 में अपोलो17 मिशन के बाद चंद्रमा पर पहुंचने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्षयान बन गया है। ओडीसियस ने चंद्रमा की दक्षिणी सतह से पहली तस्वीर भेजी है। इंट्यूएटिव मशीन्स ने एक्स पर सोमवार को एक पोस्ट पर कहा, ÷ओडीसियस चंद्रमा की सतह से नोवा कंट्रोल में फाइटर कंट्रोलर के साथ कम्यूनिकेट कर रहा है।÷ पोस्ट में दो तस्वीरें भी शेयर की गई हैं। पहली तस्वीर षट्भुज आकार के अंतरिक्ष यान के उतरने की, और दूसरी उसके गिरने के 35 सेकंड बाद ली गई, जिसमें मालापर्ट ए प्रभाव क्रेटर की पक्की मिट्टी का पता चलता है। आपको बता दें यह एक प्राइवेट कंपनी का लैंडर था, और इसमें नासा का भरपूर सहयोग था। चंद्रमा के मामले में नासा निजी कंपनियों की कमर्शियल लूनार पेलोड सर्विस कार्यक्रम के तहत वित्तीय सहायता करता रहा है। नासा कई प्रयोगों के लिए भी कंपनियों को प्रायोजित कर रहा है। इस साल के शुरू में एक और अमेरिकी कंपनी फर्म एस्ट्रोबायोटिक का अभियन पेरेग्राइन वन चंद्रमा पर लैंडिंग करने में नाकाम रहा था। लेकिन इंट्यूटिव मशीन सफल रही। ओडीसियस यान चंद्रमा की सतह पर उतरने के बाद टेढ़ा हो गया था। क्योंकि, लैंडिंग के समय इस यान का एक पैर टूट गया था। वहीं, वैज्ञानिकों का मानना है कि ओडीसियस की सॉफ्ट लैंडिंग तो सफल हो गई, लेकिन यान के काम करने की क्षमताओं पर असर हो सकता है।

### PAK की अदालत ने इमरान खान और बुशरा बीबी को दिया एक और झटका, भ्रष्टाचार के नए मामले में पाए गए दोषी

**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही। पाकिस्तान की एक अदालत ने मंगलवार को इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा को कथित तौर पर रिश्वत के रूप में जमीन लेने के आरोप में दोषी ठहराया है। 190 मिलियन पाउंड के अल कादिर भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान और उनकी पत्नी को दोषी ठहराया गया है। न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में सुनवाई की। न्यायाधीश ने अदालत कक्ष में इमरान खान और बुशरा की उपस्थिति में आरोप पत्र पढ़ा। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने अल कादिर यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के नाम पर सैकड़ों नहर भूमि के कथित अधिग्रहण के संबंध में इमरान खान और उनकी पत्नी के खिलाफ जांच शुरू की थी।

# सिडनी में लापता पूर्व टीवी प्रेजेंटर और उसके प्रेमी का शव बरामद, जांच में जुटी ऑस्ट्रेलियाई पुलिस

**सिडनी (ऑस्ट्रेलिया)।** ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने मंगलवार को कहा कि उनका मानना ??है कि उन्हें पूर्व टीवी एंकर जेसी बेयर्ड और उनके प्रेमी ल्यूक डेविस के शव मिले हैं, जिनकी पिछले हफ्ते देश के दक्षिणपूर्व में एक पुलिस अधिकारी ने कथित तौर पर हत्या कर दी थी। न्यू साउथ वेल्स राज्य के पुलिस आयुक्त करेन वेब्ब ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह खोज सिडनी से लगभग 185 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में बुंगोनिया शहर में एक संपत्ति पर हुई। कमिश्नर ने सिडनी में कहा, हमें पूरा यकीन है कि हमने ल्यूक और जेसी को ढूंढ लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जोड़े के रिश्तेदारों को पहले ही खोज के बारे में सूचित कर दिया है और शवों की औपचारिक पहचान के लिए उन्हें अपराध स्थल पर ले जाया जाएगा। वेब्ब ने इस बात से भी इनकार किया कि ये होमोफोबिया से प्रेरित हत्याएं हैं क्योंकि इन्हें घरेलू हिंसा से

**ल्यूक**

**कमिश्नर ने सिडनी में कहा, हमें पूरा यकीन है कि हमने ल्यूक और जेसी को ढूंढ लिया है।**

जुड़ा माना जाता है। बंगोनिया में शवों की खोज, जहां सोमवार को एक और संपत्ति की खोज की गई थी, रॉयल नेशनल पार्क और क्रोनुल्ला पड़ोस में एक खेल मैदान में गहन खोज के बाद हुई, दोनों सिडनी के उत्तर में 26 किलोमीटर से अधिक दूर हैं। ऑस्ट्रेलिया को झकझोर देने वाले इस अपराध की जांच के हिस्से के रूप में अधिकारियों ने 28 वर्षीय पुलिस अधिकारी ब्यू लैमरे, जिनके बारे में माना जाता है कि वह बेयर्ड के साथ शामिल थे, पर शुक्रवार को सिडनी



पुलिस स्टेशन में खुद को पेश करने के बाद हत्या के दो मामलों का आरोप लगाया। पुलिस का मानना ??है कि लैमरे ने 19 फरवरी को सिडनी के पूर्व में पैडिंगटन के उपनगर में ऑस्ट्रेलियाई चैनल नेटवर्क 10 के लोकप्रिय चेहरों में से एक, पूर्व टीवी एंकर के घर पर बेयर्ड और डेविस की बन्दूक से हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने दंपति के शवों को ठिकाने लगाने के लिए एक सफेद वैन किराए पर ली, जिसे तब से जब्त कर लिया गया है, जिनका सामान पिछले हफ्ते सोमवार को सिडनी के दक्षिण में क्रोनुल्ला में एक कूड़े के कंटेनर में मिला था। बेयर्ड और डेविस की हत्या ने एलजीटीबी+समुदाय में बड़ी बेचैनी पैदा कर दी है। वेब्ब ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस मामले पर मीडिया का ध्यान गया और 1970 से 2010 के बीच एलजीटीबी+ समुदाय के खिलाफ अपराधों की खराब जांच के लिए माफी मांगी।

पुलिस ने बुधवार को 26 वर्षीय बेयर्ड और क्वांटास एयरलाइन के 29 वर्षीय फ्लाइट अटेंडेंट डेविस के लापता होने की जांच शुरू कर दी, क्योंकि उस दिन उनका कुछ सामान क्रोनुल्ला में एक कचरे के कंटेनर में पाया गया था।

### मैं गाजा में हो रहे नरसंहार में शामिल नहीं होऊंगा, ये बोलकर अमेरिकी सैनिक ने इजरायली एंबेसी के सामने किया आत्मदाह

**वाशिंगटन।** गाजा में युद्ध के विरोध में वाशिंगटन में इजरायली दूतावास के बाहर खुद को आग लगाने वाले अमेरिकी वायु सेना के एयरमैन की मौत हो गई है। सेना और स्थानीय पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। वायु सेना ने एक बयान में कहा, 531वें इंटेलिजेंस सपोर्ट स्क्वाड्रन के साइबर रक्षा संचालन विशेषज्ञ, 25 वर्षीय वरिष्ठ एयरमैन आरोन बुशनेल की इस घटना में मौत हो गई है। अमेरिकी वायुसेना कर्नल सेलिना नॉयस ने बयान में कहा, जब इस तरह की कोई त्रासदी होती है, तो वायुसेना का हर सदस्य इसे महसूस करता है। हम वरिष्ठ एयरमैन बुशनेल के परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। हमारे विचार और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं, और हम चाहते हैं कि आप इस कठिन समय के दौरान उनकी गोपनीयता का सम्मान करें।


## आप्रवासन मतदाताओं का दिल जीतने में बाइडन और ट्रंप, एक ही दिन यूएस-मेक्सिको सीमा का दौरा करेंगे दोनों प्रतिद्वंद्वी नेता

**वाशिंगटन।** इस साल के अंत में पता चल जाएगा कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति कौन होगा।

**आरोप**

**ट्रंप के एक प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि बाइडन का उसी दिन सीमा पर जाना एक दिखावा को दर्शाता है।**

इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति जो बाइडन आप्रवासन मतदाताओं का दिल जीतने की होड़ में जुटे हुए हैं। दरअसल, रिपब्लिकन की तरफ से ट्रंप और डेमोक्रेट्स की ओर से बाइडन राष्ट्रपति उम्मीदवार घोषित किए गए है। अब प्रवासियों के वोट हासिल करने के लिए दोनों एक ही दिन यानी गुरुवार (29 फरवरी) को यूएस-मेक्सिको सीमा का दौरा करेंगे। बता दें कि प्रवासियों का मुद्दा 2024 के चुनाव में सबसे गर्म



मुद्दों में से एक बना हुआ है। हर साल अमेरिका में रिकॉर्ड संख्या में प्रवासी अवैध रूप से प्रवेश करते है। इसको लेकर बाइडन ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है। वहीं, ट्रंप हमेशा से कठोर आप्रवासन विरोधी रुख अपनाए हुए है। उन्होंने वादा किया है कि अगर वह सत्ता में वापस लौटे तो वह मेक्सिको से क्रॉसिंग पर रोक लगाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के आठ महीने से भी कम समय पहले दोनों ही प्रतिद्वंद्वी नेता गुरुवार को टेक्सास में सीमा के विभिन्न हिस्सों का दौरा करेंगे। माना जा रहा है कि ट्रंप के सीमा दौरा की घोषणा के बाद ही बाइडन ने भी जल्दबाजी में अपनी सीमा यात्रा की योजना बनाई थी। इस पर व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरिन जीन-पियरे ने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। ट्रंप के एक प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि बाइडन का उसी दिन सीमा पर जाना एक दिखावा को दर्शाता है। वो यह दिखाना चाहते है कि यह समस्या कितनी बड़ी है। बता दें कि रिपब्लिकन प्रवासियों के प्रवाह के लिए शरण के अधिकार के पक्ष में बाइडन की नीतियों को दोषी ठहराते हैं, जबकि व्हाइट हाउस का कहना है कि ट्रम्प की पार्टी जानबूझकर समाधान खोजने के प्रयास को विफल कर रही है।

एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, अवैध आप्रवासन के बारे में जनता की चिंता पिछले दो प्रशासनों की तुलना में बाइडन के तहत अधिक है। पहली बार अधिकांश अमेरिकी अब सीमा पर दीवार बनाने का समर्थन करते हैं, जो कि ट्रंप की एक प्रमुख नीति है।

## तंबाकू-सिगरेट पर लगे बैन को हटाएगा यह देश, वेपिंग पर नकेल कसने के लिए लागू होगा नया नियम

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड की नई सरकार तंबाकू की बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने जा रहा है। रिसर्चर और प्रचारकों द्वारा सरकार को तंबाकू से होने वाले मौतों के बारे में दी गई चेतावनी के बावजूद मंगलवार को सरकार ने इस पर लगे प्रतिबंध को हटाने की घोषणा की है।

ये इसी साल जुलाई से लागू हो जाएगा। इसके साथ ही स्मोक्ड तंबाकू उत्पादों में निकोटीन सामग्री में कटौती की जाएगी और तंबाकू खुदरा विक्रेताओं की संख्या 90त्न से अधिक कम हो जाएगी।

अक्टूबर में चुनी गई नई गठबंधन सरकार ने पुष्टि की कि मंगलवार को तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इस बीच सहयोगी स्वास्थ्य मंत्री केसी कॉस्टेलो ने कहा कि गठबंधन सरकार धूम्रपान को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन इस आदत को हतोत्साहित करने और इससे होने वाले नुकसान को कम करने के लिए एक अलग नियामक दृष्टिकोण अपना रही है। कॉस्टेलो ने कहा, मैं लोगों को धूम्रपान छोड़ने में मदद करने के लिए उपलब्ध उपकरणों को बढ़ाने के लिए जल्द ही कैबिनेट में उपायों का



एक पैकेज लाऊंगी। उन्होंने कहा कि युवा लोगों के वेपिंग करने को लेकर भी नियमों को कड़ा किया जाएगा। न्यूजीलैंड में स्वास्थ्य परिणामों पर इसके संभावित प्रभाव को लेकर इस फैसले की भारी आलोचना हुई है। साथ ही इसका माओरी और पसिफिका आबादी पर अधिक प्रभाव पड़ सकता है,क्योंकि यह उच्च धूम्रपान दर वाले समूह हैं। धूम्रपान कम करने के तरीकों का अध्ययन करने वाले एक समूह के सह-निदेशक होक ने कहा %बड़े पैमाने पर किए गए परीक्षणों से पता चलता है कि इससे धूम्रपान करने वालों के बीच धूम्रपान छोड़ने की दर तेजी से बढ़ेगी और युवा लोगों के लिए धूम्रपान करना कठिन हो जाएगा।

# सलाहकार समिति व बैंकर्स समिति की बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



जौनपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक एवं बैंकर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

वित्तीय वर्ष 2023-24, दिसंबर तिमाही एवं चतुर्थ तिमाही की लक्ष्य प्राप्ति हेतु बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा बैंक एवं सरकार प्रायोजित योजनाओ की बिन्दुवार समीक्षा की गई । बैठक में ऋण जमानुपात की विस्तृत चर्चा हुई और इसे बढ़ाने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिये गये।

जिले में काम कर रहे प्रत्येक बैंक शाखाओं एवं बैंक एटीएम की समीक्षा की साथ ही बैंक मित्रों के कार्य की समीक्षा की गई। शासन के द्वारा प्रायोजित योजनाओं यथा स्वयं सहायता समूह, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना ,एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम आदि पर विस्तृत समीक्षा करते हुये मुख्य मंत्री युवा स्वरोजगार एवं एक जनपद एक उत्पाद के लंबित आवेदनों का एक सप्ताह में निस्तारण कराने हेतु बैंको के प्रतिनिधियों निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने एनआरएलएम की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित आवेदनों को अविलम्ब निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिये गये कि पीएम स्वनिधि योजना और छोटे उद्यमियों को मुद्रा लोन देने में लापरवाही न बरती जाए। मुद्रा लोन के सम्बन्ध में बैंक स्तर से किसी भी प्रकार के पेन्डेन्सी न रहे। बैठक में खादी ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आज का वेतन रोकने के साथ ही स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यूनियन आरसेटी जौनपुर के निदेशक को स्वरोजगार की प्रशिक्षण को जनमानस तक पहुँच बनाने के निर्देश दिये तथा कहा कि प्रशिक्षण के उपरान्त स्वरोजगार प्राप्त किए लाभार्थियों के सफलता की कहानियों को लोगो के बीच प्रसारित किया जाए,ताकि अन्य लोग भी प्रेरित हो सके। डिप्टी पीडी आत्मा रमेश चन्द्र यादव ने बताया कि जनपद में वर्तमान सत्र में केसीसी का लक्ष्य नया 47117 एवं नवीनीकरण का लक्ष्य 69166 निर्धारित किया गया था जिसकी पूर्ति कर ली गयी है तथा 90861 लाख फसली ऋण के सापेक्ष 47225 लाख रूपया किसानों फसली ऋण वितरित कराया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसान फसली ऋण के लिए और मांग करते है तो उन्हे फसली ऋण वितरित कराया जाए ताकि किसान उन्नत खेती करके अपनी आमदनी बढा सके। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक शंकर चन्द्र सामंत, क्षेत्र प्रमुख यूनियन बैंक शैलेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी वीके यादव, डीसी एन आर एल एम् ओपी यादव सहित जनपद के समस्त बैंकों के जिला समन्वयक सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों से जनपद के राष्ट्रीय राजमार्गों जौनपुर-आजमगढ़ मार्ग, जौनपुर-वाराणसी राजमार्ग, जौनपुर-सुल्तानपुर राजमार्ग, जौनपुर-रायबरेली राजमार्ग पर सुधारात्मक कार्यवाही जैसे स्पीड ब्रेकर लगाने, रोड पर साइनस बोर्ड लगाए जाने, डिवाइडर लगाने, सभी क्षतिग्रस्त डिवाइडर को सही करने, सभी अंडरपास पर लाइट की व्यवस्था कराए जाने आदि के संदर्भ में जानकारी ली। नेशनल हाईवे से बदलापुर जाने वाली रोड पर तहसील बदलापुर तथा निरीक्षण भवन मार्ग पर जाने हेतु सांकेतिक बोर्ड लगवाने, वाराणसी से जौनपुर जाने वाले मार्ग पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगवाने, रोड पर पेंटिंग पट्टी लगवाने, रोड के किनारे पौधों पर की व्यवस्था करने, रोड पर पेंटेड पट्टी लगवाने के निदेश दिए।

दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों जैसे खाखोपुर, टेकारी चौराहा, बसुही पुलिया नेवादा हाईवे आदि जगहों पर किये गये सुधारात्मक प्रगति की समीक्षा करते हुए दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों पर सांकेतिक बोर्ड लगवाने, जहां जहां भी कट्स है वहां पर रंबल स्ट्रिप लगवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने हेलमेट सीटबेल्ट एवं सड़क सुरक्षा सम्बन्धी अन्य अभियोगो में प्रर्वतन कार्यवाही की समीक्षा स्कूल वाहनों के फिटनेश के जांच कराने के निर्देश दिये।

इसके साथ ही जौनपुर-रामपुर-भदोही मार्ग पर सुधारात्मक कार्यवाही में तेजी लाने, सभी एंबुलेंस क्रियाशील अवस्था में होने, जलापुर चौराहे पर सिटी बस खड़ा करने पर होने वाली दुर्घटना के संबंध में सीओ से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एक्सईएन जल जीवन मिशन को निर्देश दिए कि रोड की मरम्मत समय से हो, नमामि गंगे के तहत खोदी गई सड़को को मरम्मत कराए। सिपाह के पास ओवरब्रिज के नीचे एक हिस्सा टूटने की खबर पर निर्देश दिया कि दो दिनों में मरम्मत कराए। इस अवसर पर सीओ ट्रैफिक, एक्सईएन लोक निर्माण विभाग, एक्सईएन जल निगम सहित सड़क सुरक्षा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सठियांव के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण

मुबारकपुर (आजमगढ़)। शिक्षा क्षेत्र सठियांव के परीक्षा केंद्रों का मंगलवार को प्रथम पाली में औचक निरीक्षण जिला अधिकारी विशाल भारद्वाज और पुलिस कप्तान अनुराग आर्य ने एमपी इण्टर कालेज मुबारकपुर सहित पांच केन्द्रो का निरीक्षण कर नकल विहीन परीक्षा कराने का जायजा लिया।सर्व प्रथम एमपी इण्टर कॉलेज मुबारकपुर,पर पहुचे केन्द्र कक्षों में जाकर तथा सीसीटीवी कैमरे का भी जांच किए। यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल परीक्षा प्रथम पाली गणित के प्रश्न पत्र में जिला अधिकारी व पुलिस कप्तान ने निरीक्षण कर परीक्षा केन्द्रों का हाल जाना। जिलाधिकारी व पुलिस कप्तान के पहुंचने पर परीक्षा करा रहे केन्द्र ब्यवस्थापको व कक्ष निरीक्षकों के हाथ पांव फुल उठे।

# प्रो. अर्चना चहल ने इविवि के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष का कार्यभार सम्भाला

अवधनामा संवाददाता



प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रोफेसर अर्चना चहल विभागाध्यक्षा का कार्यभार सम्भाला। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्षा का कार्यभार प्रोफेसर अर्चना चहल ने संभालते हुए बताया की विभाग में क्लासेस एवं सत्र को नियामित कराना प्राथमिकता होगी। इस विभाग में अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला, सेमिनार भी जल्दी ही अयोजित करेगे। जैसा कि कुलपति प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव का लक्ष्य विश्वविद्यालय को नंबर वन रैंकिंग लाने का है। शारीरिक शिक्षा विभाग भी अपना शाना बशाना सहयोग कुलपति को करने के लिए अग्रसर रहेगा। प्रोफ़ेसर अर्चना चहल यूजीसी की उच्च स्तरीय एवं एनसीईआरटी द्वारा बनाई कमेटी मे अपना योगदान सदस्य के रूप मे दे चुकी है साथ ही साथ राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी स्वतंत्रत पर्यवेक्षक भी रह चुकी है। वर्तमान में प्रोफेसर चहल राष्ट्रीय शिक्षा शिक्षक परिषद की नई शिक्षा नीति पाठ्यक्रम समिति की सदस्य भी हैं। प्रोफेसर चहल पूर्व मे इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डिप्टी प्रॉक्टर, उप निदेशक स्पोर्ट्स बोर्ड और विश्वविद्यालय से संबंधित शिक्षा और अनुशासन प्रकोष्ठ की संयोजिका का दायित्व सफ़लतापूर्वक सम्भाल चुकी है। डीन आर्ट्स प्रोफेसर संजय सक्सेना, अश्वनी कुमार, मोहम्मद साबिर, बीर प्रताप सिंह, आबिद अली,नौशाद अली सहित एमपीएड के छात्र और कार्यालय स्टाफ ने गुलदस्ता भेंट कर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर चहल का स्वागत किया।

# नेशनल पर्यावरण यूथ पार्लियामेंट में रिंशिका दुबे प्रथम स्थान पर

**यूजीसी और एबीवीपी के संयुक्त तत्वाधान में हुई प्रतियोगिता**

अवधनामा संवाददाता



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बीटेक आईटी की छात्रा रिन्सिका दुबे ने नेशनल पर्यावरण यूथ पार्लियामेंट 2024 की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में पूरे देश के 21 विश्वविद्यालयों के छात्र और छात्रों ने भाग लिया था। यह आयोजन राष्ट्रीय स्तर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से विद्यार्थियों को पर्यावरण के संवर्धन के लिए आयोजित की गई थी। पीयू की ओर से इस प्रतियोगिता को कराने के लिए पर्यावरण विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुधीर उपाध्याय को कुलपति की तरफ से नोडल अधिकारी बनाया गया था। डॉ. उपाध्याय की देखरेख में पहले विभागवार पर्यावरण विषय में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थी राज्यस्तरीय प्रतियोगता में प्रतिभाग किए जिसमें पीयू के छह विद्यार्थी चयनित हुए। चयनित विद्यार्थियों में रिंसीका दुबे, शिवम पांडेय, गोपाल दुबे, अभिनव कीर्ति पाण्डेय, मेधा और यतनदीप दुबे रहे। इसके बाद स्क्रीनिंग के दौरान दो विद्यार्थी रिंसीका दुबे, शिवम पांडेय का चयन नागपुर के लिए हुआ। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने एयर फेयर देकर विद्यार्थी को प्रोत्साहित किया। इसके बाद नागपुर में हुई नेशनल पर्यावरण यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता में रिंसीका दुबे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने इस प्रक्रिया में सभी चयनित विद्यार्थियों को अपने कार्यालय में बुलाकर बधाई और शुभकामना दी।

उन्होंने नोडल अधिकारी डॉ. सुधीर उपाध्याय के मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसी तरह विश्वविद्यालय के विद्यार्थी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के इकाई अध्यक्ष भास्कर उपाध्याय ने चयन प्रक्रिया में पूरा सहयोग किया। साथ ही विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में कैसे प्रतिभाग करें का लगातार टिप्स देते रहें।

# निषाद रथ को झंडी दिखाकर पीयू मीडिया प्रभारी ने किया रवाना

अवधनामा संवाददाता



जौनपुर। जिले में पहली बार मॉ चौकिया धाम से अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को सुविधा मुहैया कराई जा रही है। यह सुविधा भगवान राम के नाम पर रामभक्तों के लिए निःशुल्क है। इसके लिए पांच बसें प्रतिदिन चल रही हैं। इस बस का नाम जौनपुर निषाद रथ है। यह नेक कार्य पूर्व आईएएस अभिषेक सिंह ने कराया है। इससे रामभक्तों में हर्षोल्लास का माहौल है।

मंगलवार को जौनपुर निषाद रथ को झंडा दिखाकर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं पीयू के मीडिया प्रभारी डॉ. सुनील कुमार ने मंगलवार को रवाना किया। उन्होंने कहा कि सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है, वह भी भगवान की सेवा तो सबसे बड़ा धर्म और नेक कार्य है। चौकिया धाम से रवाना होते समय बसों के यात्रियों पर फूलों की वर्षा की गई।

जयश्रीराम के जयकारे से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस दौरान अभिषेक सिंह के भाई वैभव सिंह ने रामभक्तों को शुभकामना दी। कहा कि आप रामलला के दर्शन कर श्रद्धापूर्वक पूजन करें। यह बस आपको ले जाने और लाने के लिए हैं। भगवान के प्रति आपकी श्रद्धा ही मेरे लिए आशीर्वाद है। आपकी सेवाकर मैं और मेरा परिवार आपका कृतघ्न है। उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भक्तों का तांता लगा हुआ है। दर्शन करने के लिए श्रद्धालु उतावले नजर आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में पहली बार अद्भुत नजारा देखने को मिला. हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई अयोध्या की बस को हरी झंडी दिखाने एक साथ आगे आ रहे हैं।

# शहीदों के बलिदान की गाथा को जन-जन तक पहुंचा रही है सरकार

**लाईट एंड म्यूजिक शो के जरिए युवाओं तक पहुंचाई जा रही है आजाद की गौरव गाथा, आजाद पर केंद्रित देश की पहली डिजिटल लाइब्रेरी का हुआ निर्माण**

अवधनामा संवाददाता



**चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस पर लगाई आजाद के दुर्लभ अभिलेखों और चित्रों की प्रदर्शनी**

प्रयागराज। प्रदेश की योगी सरकार जहां एक तरफ प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों और प्राचीन ऐतिहासिक स्मारकों को संरक्षित रखने का प्रयास कर रही तो वहीं देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की बलिदान की गाथा को भी जन जन तक पहुंचाने में लगी है।

अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद के शहादत दिवस पर प्रयागराज में उनकी शहादत स्थली में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अमर बलिदानी चन्द्रशेखर आजाद के शहीदी दिवस के अवसर पर प्रयागराज में आजाद के शहादत स्थल आजाद के जीवन से जुड़ी दुर्लभ चित्रों और अभिलेखों की प्रदर्शनी लगाई गई। क्षेत्रीय अभिलेख अधिकारी मोहम्मद मोहसिन नूरी के मुताबिक क्षेत्रीय अभिलेखागार, संस्कृति विभाग प्रयागराज द्वारा इसे लेकर अभिलेख प्रदर्शनी तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नई पीढ़ी को आजाद के बलिदान से अवगत कराने के लिए इसका आयोजन किया गया। शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क प्रयागराज में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ यूपी सरकार के पूर्व मंत्री नरेन्द्र कुमार सिंह गौर और इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जस्टिस तरुण अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में उर्दू शायरों द्वारा शहीदों के नाम काव्यपाठ किया गया। प्रदेश की बागडोर संभालते ही योगी सरकार ने उपेक्षित पड़े शहीद स्थलों और स्मारकों के जीर्णोधार कार्य शुरू किया। युवाओं और पर्यटकों को इनसे जोड़ने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित होने शुरू हुए। प्रयागराज में स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत ही चंद्रशेखर आजाद पार्क में प्रयागराज के धार्मिक और पौराणिक महत्व को नई पीढी से जोड़ने के लिए 7.78 करोड रुपए की लागत से लाइट एंड साउंड शो की शुरुआत हुई। इसमें आजाद के स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्ष के प्रसंग भी सम्मिलित किए गए।

**आजाद पर केंद्रित देश की पहली डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण**

प्रयागराज। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की शहादत की स्मृतियों को डिजिटल स्वरूप दिया गया है। प्रयागराज स्थित अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहीदी स्थल चंद्रशेखर आजाद पार्क में आजाद की देश की पहली डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण भी सरकार की तरफ से किया गया। 25 सितंबर 2023 को लोकार्पण किया गया। इलाहाबाद म्यूजियम के अंदर संस्कृति विभाग की तरफ से 10 करोड़ की लागत से आजाद गैलरी का निर्माण किया गया। आजादी के अमर सपूत वाले शहीद चंद्रशेखर आजाद को समर्पित देश की यह पहली ऐसी गैलरी है। जिसमें आडियो, वीडियो, लाइट और साउंड के माध्यम से आजाद के जीवन व उनसे जुड़ी स्मृतियों व उनसे जुड़ी सामग्री को दिखाया गया। इसमें आजाद की वह रिवाल्वर प्रमुख आकर्षण होगी, जिससे उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लिया था।

## नवागत अधिशासी अधिकारी ने संभाला पद भार

मुबारकपुर। नवागत अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मिश्रा ने मंगलवार को संभाला नगरपालिका मुबारकपुर का पदभार। देर शाम नपा मुबारकपुरपहुँचे नवागत अधिशासी अधिकारी का पदभार ग्रहण कर उन्होंने कहा की क्षेत्र में सफाई, प्रकाश सहित पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना, ही मेरी प्राथमिक होगी जिसके लिए पूरी निष्ठा एंव बिना किसी भेदभाव जनहित में कार्य शासन कि मंशा के अनुरूप करने का प्रयास करूंगा ताकि नगरवासियों को मूलभूत सुविधा समय से पूर्व उपलब्ध कराया जासके। उन्हेंने कहा मुबारकपुर नपा कार्यालय आने के बाद मुझे 16 नाराज चल रहे सभासदों के बारे में जानकारी हुई है जिसके चलते 10 माह से विकास कार्य रुके हुए थे प्रयास होगा कि सभी सभासदों के साथ सामंजस्य बनाकर सरकार कि मंशा के अनुरूप जनहित के सभी विकास कार्य किए जायेंगे। चेयर पर्सन डाक्टर सबा शमीम ने कहा कि मुझे इस बात का दुःख जरूर है कि दस माह का समय बीत गया जिसके लिए क्षेत्र कि जनता बधाई के पात्र है कि जनता ने धैर्य से काम लिया। उन्होंने आगे कहा कि मैंने पहले भी कहा था कि हर अँधेरे के बाद उजाना जरूर होता है। अब निश्चित रूप से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। पूर्व पालिकाध्यक्ष डाक्टर शमीम ने कहा कि दस महीने से पूर्व अधिशासी और सभासदों के विवादों से घिरे होने के विकास कार्य बाधित रहा लेकिन सरकारी धन पूरी तरह सुरक्षित है नवागत ई ओ के आने पर विकास कार्य तेजी से कराये जायेंगे। इस मौके पर नपा अवर अभियंता महावीर भारती, अम्मार अदीबी, राजन चौधरी, रागिब मसूद, आमिर फहीम, जमाल अशरफ हाफिज एकलाक सहित सभी सभासदगण मौजूद रहे।

# भारत के लोगों ने कभी भी गुलामी स्वीकार नहीं की: महापौर

अवधनामा संवाददाता



**राष्ट्रीय सेवा योजना, इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा संवाद- इंडिया 2047 कार्यक्रम आयोजित**

प्रयागराज। राष्ट्रीय सेवा योजना, इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ÷युवा संवाद- इंडिया ञ्च2047÷ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रयागराज के महापौर की गणेश केशरवानी ने कहा कि हम भारत के लोगों ने कभी भी गुलामी स्वीकार नहीं की। अपनी संस्कृति और सभ्यता को बचाने के लिए हम सदैव प्रयत्नशील रहे। राजनैतिक और सांस्कृतिक हितों की लड़ाई लड़ते रहे।बुनियादी मान्यताओं की रक्षा के लिए प्रयत्नशील रहे। स्वशासन, स्वभाषा, स्वसंस्कृति हमारी प्रेरणा का स्रोत रहा। आज भी समाज की सामूहिक शक्ति की सहायता से हम राष्ट्र निर्माण के लिये संकल्पबद्ध हैं। 2047 का भारत कैसा हो? आत्मनिर्भर, सशक्त, मज़बूत और दुनिया का नेतृत्व करने वाला हो, यह हमारी चिंता है और यह चिंता भारत के नौजवानों के बिना पूरी नहीं हो सकती।

विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी, प्रो.अतुल कुमार शरण ने कहा कि संवाद का जीवन में बहुत महत्व है। हमें लिसनिंग और हियरिंग में अंतर को समझकर लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रयत्नशील होना चाहिए। कर्तव्यशीलता या कर्तव्यहीनता व्यक्तिगत चरित्र से भी जुड़ती है इसका संबंध अनुसासन से भी है। विकसित भारत कर्तव्य बोध के बिना नहीं बन सकता।

विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. संजय सक्सेना ने कहा कि सभी देशों के नवयुवक अपने देश को श्रेष्ठ समझते हैं लेकिन हमें अपने उत्तरदायित्व को भी समझना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि, संयोजक संस्कृत विभाग, प्रो. प्रयाग नारायण मिश्र जी ने कहा कि नवयुवक को अपने भीतर छिपी शक्ति को पहचान कर अपने कर्म में रत होना चाहिए।

कार्यक्रम संयोजक, इलाहाबाद विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना, कार्यक्रम समन्वयक, डॉ. राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि अधिकार बोध से पहले कर्तव्य बोध का महत्व है।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र मिश्र जी ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पिंकी सैनी ने किया किया। अतिथियों का स्वागत डॉ. अनूप , डॉ. अर्चना, डॉ. रुचि ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्रों के साथ अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चंद्रशेखर आजाद ने भारत की स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी थी: राजेंद्र मिश्रा

अवधनामा संवाददाता



प्रयागराज। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रशेखर आजाद की 93 वीं बलिदान दिवस के अवसर पर चंद्रशेखर आजाद पार्क में उनकी प्रतिमा समक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने आजाद जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माँ भारती के अमर सपूत चंद्रशेखर आजाद ने अपने शौर्य और साहस से भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी थी। माँ भारती के स्वाधीनता महायज्ञ में अपना सर्वोच्च बलिदान देकर आजाद ने युवाओं के सामने राष्ट्र के लिए त्याग और समर्पण का उच्च मानदंड स्थापित किया। उनका जीवन राष्ट्र प्रथम को अपना ध्येय बनाकर जीनेवालों को युगों-युगों तक प्रेरित करता रहेगा। कहा कि हमें अब आजाद के सपनों को पूर्ण साकार करते हुए भारत को विकसित राष्ट्र बनाना होगा। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर आजाद पार्क पर लगे चंद्रशेखर आजाद की जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। श्रद्धांजलि देने वालों में राजेश केसरवानी, प्रशांत शुक्ला, राकेश भारती, लोकेश मुखर्जी, अंगद सिंह पटेल, राजकुमार केसरवानी नवाब खान आदि रहे।

# डॉ. मनीष को किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



आजमगढ़। प्रसिद्ध आर्थो सर्जन डॉ. मनीष त्रिपाठी को अंगवस्त्रम और सम्मानपत्र भेंट कर चिकित्सा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. सुभाष चंद्र तिवारी कुन्दन और राष्ट्रीय संगठन मंत्री पं. संजय कुमार पाण्डेय ने लछिरामपुर हड्डी अस्पताल में संयुक्त रूप से डॉ. मनीष त्रिपाठी को सम्मान पत्र भेट करते हुए कहा कि कुशल चिकित्सा और प्रशंसनीय समाजसेवा के बल पर इन्होंने लोकप्रियता हासिल की है, एक निष्काम कर्मयोगी की भांति इन्होने सदैव कुशलता पूर्वक समाजसेवा करते हुए असहायों को सहयोग दिया एवं अपने दायित्यो का निर्वहन किया। लोगों ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ. मनीष त्रिपाठी ने अपने सम्मान के लिये आभार व्यक्त करते हुये कहा कि मानव सेवा और परोपकार सबसे बड़ा धर्म है, एक चिकित्सक चाहे तो चिकित्सा सेवा के माध्यम से अपने जिम्मेदारी को सम्यक ढंग से पूरा कर समाज के लिये योगदान दे सकता है। इस मौके पर ओ.पी. मिश्र, बी.के. मिश्र, महंत संजय पाण्डेय, अशोक कुमार तिवारी, बाल मुकुंद त्रिपाठी, मनोज पाण्डेय, बंशीधर पाठक आदि लोग रहे।

## बेसहारा मुख्तार जलने के बाद जिंदगी और मौत से लड़ रहा

आजमगढ़। जिले के अहिरौला थाना अंतर्गत शंभूपुर ग्राम सभा में मनी पुत्र सत्र नाम का व्यक्ति जो पूरी जिंदगी रजाई धुलाई और सिलाई का काम घूम घूम के करता था घर परिवार से किसी भी प्रकार का कोई वास्ता इससे नहीं था आज उसे अचानक गांव के प्राइमरी विद्यालय पर उसे हालत में देखा गया कि उसकी पूरी शरीर जल गई है सिर्फचेहरा बचा हुआ है जब उससे पूछा गया कि तुम्हारी यह हालात कैसे हुई तो उसने बताया कि मुझे दौड़ा की बीमारी आती है और एक दिन पहले मुझे आग सेकते समय दौड़ा आ गया और आग में मैं झुलस गया जब मुझे लगा कि मेरी जिंदगी अब जा सकती है तो मैं किसी तरह से घर आ गया यहां आने के बाद भी मुझे ना किसी प्रकार का होता है और ना ही खाने को रोटी मकान और ना ही दवा दारू करने की कोई व्यवस्था ऐसी हालत में गांव के कुछ लोग आ रहे हैं।


# अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या

संदर्भ संख्या : 397/अ.वि.प्रा.-अयो./2023-24 दिनांक : 27.02.2024

**सामान्य- निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय-अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा ठेकेदारों (ओपेन टू आल) से निम्नानुसार प्रतिस्पर्धात्मक निविदा के माध्यम से आमन्त्रित की जाती है। विस्तृत नियम व शर्तो की जानकारी कार्यालय कार्य दिवस में अभियन्त्रण अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य (GST सहित) | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दर्शन नगर अयोध्या में स्थित सूर्यकुंड में शिव मन्दिर का विकास/ जीर्णोद्धार का कार्य। (पार्ट-01) | 6,70,832.38 | 14,000.00 | 1,180.00 | 05.03.2024 | 15 दिवस |
| 2 | दर्शन नगर अयोध्या में स्थित सूर्यकुंड में शिव मन्दिर का विकास/ जीर्णोद्धार का कार्य। (पार्ट-02) | 8,29,016.57 | 17,000.00 | 1,180.00 | 05.03.2024 | 15 दिवस |
| 3 | चिल्ड्रेन प्ले एरिया गुप्तारघाट पार्क के चारों ओर प्रकाश व्यवस्था का कार्य। | 8,24,544.00 | 16,500.00 | 1,180.00 | 05.03.2024 | 15 दिवस |
| 4 | Lotus Pond गुप्तारघाट पार्क के चारों ओर प्रकाश व्यवस्था का कार्य। | 8,24,544.00 | 16,500.00 | 1,180.00 | 05.03.2024 | 15 दिवस |

1 विस्तृत जानकारी प्राधिकरण की वेबसाइट www.ayodhyda.in एवं etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

अधि. अभि.
अयोध्या विकास प्राधिकरण,
अयोध्या

# निसान फॉर्मूला ई टीम ने सस्टेनेबल फैशन स्टार्ट-अप कोरल आईवियर से की साझेदारी

**जापानी टीम ने अपने साथ जोड़ा नया आईवियर सप्लायर**



**नई दिल्ली।** निसान फॉर्मूला ई टीम ने सनग्लासेज एवं अपेरल कंपनी कोरल आईवियर से साझेदारी का एलान किया है। दोनों के बीच मल्टी-ईयर डील हुई है।

इस साझेदारी के तहत 2023/24 में सभी कैंपेन एवं अन्य गतिविधियों के लिए कोरल आईवियर निसान फॉर्मूला ई टीम के सभी सदस्यों को अपने अनूठे प्रोडक्ट्स की आपूर्ति करेगी। इन प्रोडक्ट्स को रिसाइकिल्ड प्लास्टिक और प्लांट-बेस्ड मैटेरियल्स से बनाया गया है। इसके अतिरिक्त, कंपनी निसान फॉर्मूला ई टीम सनग्लासेज का स्पेशल एडिशन भी लॉन्च करेगी। मार्च के आखिर में टोक्यो ई-प्री के उद्घाटन से पहले इन सनग्लासेज को लॉन्च किया जाएगा। इनमें टीम के रंगों और लोगो का इस्तेमाल होगा।

निसान फॉर्मूला ई टीम के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं टीम प्रिंसिपल टोमासो वॉल्पे ने कहा, कोरल आईवियर के साथ इस साझेदारी की शुरुआत करते हुए मुझे खुशी हो रही है। उनका मिशन पूरी तरह से हमारी टीम और फॉर्मूला ई के सिद्धांतों के अनुरूप है। हम दोनों ही पर्यावरण के अनुकूल सॉल्यूशंस को बढ़ावा देना चाहते हैं और दुनिया को दिखाना चाहते हैं कि सस्टेनेबिलिटी के लिए गुणवत्ता से समझौता नहीं करना पड़ता है। आगामी वर्षों में अपने साझा लक्ष्य को पाने की दिशा में मैं कोरल आईवियर के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्साहित हूं। कोरल आईवियर के सह-संस्थापक जॉर्ज बेली ने कहा, हमें निसान फॉर्मूला ई टीम के साथ साझेदारी का गर्व है। यह चैंपियनशिप की सबसे पसंदीदा टीम में से है। ट्रैक से लेकर रोड व्हीकल्स तक इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे विकास को देखना वास्तव में रोमांचक है। यह टीम अपने मर्चेंडाइज एवं अन्य खरीद प्रक्रियाओं में पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों को चुनने के लिए प्रयासरत रहती है। 2024 में टोक्यो ई-प्रीअपने 10वें सीजन के लिए तैयार है। यह अपने सनग्लासेज को प्रदर्शित करने का हमारे लिए शानदार मौका है। मुझे भरोसा है कि यह साझेदारी इस उद्योग में बेहतर बदलाव लाने में हमारे लिए मददगार होगी।

कोरल आईवियर निसान फॉर्मूला ई टीम के लिए एक स्वाभाविक साझेदार है, क्योंकि दोनों ही ब्रांड सस्टेनेबिलिटी के लिए प्रतिबद्ध हैं और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करते हैं। इस साझेदारी से जापानी टीम और उसके ड्राइवर्स ओलिवर रॉलैंड एवं साशा फेनेस्ट्राज को एबीबी एफआईए फॉर्मूला ई वर्ल्ड चैंपियनशिप के दौरान दुनियाभर के दर्शकों के समक्ष सस्टेनेबल फैशन को बढ़ावा देने का मौका मिलेगा।

# स्कोडा ऑटो ने भारत के लिए ऑल न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा की



**लखनऊ।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी के लिए अपनी नई योजनाओं की घोषणा की। इस एसयूवी को 2025 की पहली छमाही में भारत में लॉन्च किया जाएगा यह कंपनी का तीसरा मेड-फॉर-इंडिया प्रोडक्ट होगा यह नई कार कुशाक और स्लाविया की तरह एमक्यूबी-ए0-आईएन प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी। इस नए लॉन्च के साथ, स्कोडा ऑटो इंडिया 2026 तक साल भर में 100,000 कारों की बिक्री के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। स्कोडा ऑटो ए. एस के सीईओ क्लॉस जेल्मर ने इस घोषणा के बारे में कहा पूरी दुनिया में स्कोडा ऑटो के विकास के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण बाजार है। भारत अपनी बाजार की जबर्दस्त ताकत के साथ दुनिया भर के अन्य देशों के बाजारों में स्कोडा ऑटो के विस्तार के लिए विकास और निर्माण का आधार भी है। इन देशों में आसियान और मध्यपूर्व के देश भी शामिल हैं। 2021 के बाद कंपनी ने भारत में अपनी कारों की बिक्री दोगुनी की है। अब हम भारत समेत दुनिया भर के अन्य देशों में अपने उपभोक्ताओं के लिए डिजाइन किए गए मॉडलों का विस्तार कर अगला कदम उठा रहे हैं। 2025 में लॉन्च की जाने वाली ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी से उपभोक्ताओं के लिए एक जरूरी सेग्मेंट जोड़ा जाएगा। मुझे पूरा विश्वास है कि स्कोडा के पोर्टफोलियो का विस्ताभर करने से भारत में कंपनी के विकास लक्ष्यह को पूरा करने में योगदान मिलेगा।

# रिलायंस फाउंडेशन ने किया वंतारा की घोषणा

**भारत में अपनी तरह का पहला पशु बचाव, देखभाल, संरक्षण और पुनर्वास कार्यक्रम**



**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज और रिलायंस फाउंडेशन ने आज अपने वंतारा (जंगल का सितारा) कार्यक्रम के शुभारंभ की घोषणा की, जो भारत सहित विदेशों में भी घायल, शोषित और खतरे में पड़े जानवरों के बचाव, उपचार, देखभाल और पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक व्यापक पहल है। गुजरात में रिलायंस के जामनगर रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स के ग्रीन बेल्ट के भीतर 3000 एकड़ में फैले वंतारा का लक्ष्य विश्व स्तर पर संरक्षण प्रयासों में अग्रणी योगदानकर्ताओं में से एक बनना है। जानवरों की देखभाल और कल्याण में अग्रणी विशेषज्ञों के साथ काम करके वंतारा ने 3000 एकड़ के विशाल स्थान को जंगल जैसे वातावरण में बदल दिया है, जो बचाई गई प्रजातियों के लिए प्राकृतिक, समृद्ध और हरे-भरे आवास की अनुभूति प्रदान करता है।

वंतारा पहल, भारत में अपनी तरह की पहली पहल है, जिसे आरआईएल और रिलायंस फाउंडेशन के निदेशक मंडल के निदेशक श्री अनंत अंबानी के उत्साही नेतृत्व में संकल्पित किया गया है। श्री अंबानी जामनगर में रिलायंस के महत्त्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा व्यवसाय का भी नेतृत्व कर रहे हैं और 2035 तक नेट कार्बन शून्य कंपनी बनने की रिलायंस की यात्रा का नेतृत्व करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

वंतारा अत्याधुनिक स्वास्थ्य देखभाल, अस्पतालों, अनुसंधान और शैक्षणिक केंद्रों सहित सर्वोत्तम श्रेणी के पशु संरक्षण व देखभाल पर केंद्रित है। अपने कार्यक्रमों के भीतर, वंतारा उन्नत अनुसंधान को एकीकृत करने और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों तथा संगठनों जैसे इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) और वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड फॉर नेचर (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) के साथ सहयोग पर भी ध्यान केंद्रित करता है।

पिछले कुछ वर्षों में, कार्यक्रम ने 200 से अधिक हाथियों, हजारों अन्य जानवरों, सरीसृपों और पक्षियों को असुरक्षित स्थितियों से बचाया है। इसने गैंडा, तेंदुआ और मगरमच्छ पुनर्वास सहित प्रमुख प्रजातियों में पहल की है। हाल ही में, वंतारा ने मैक्सिको, वेनेजुएला आदि देशों में विदेशी बचाव अभियानों में भी भाग लिया है। वंतारा कार्यक्रम के माध्यम से मध्य अमेरिकी चिड़ियाघर अधिकारियों के एक कॉल का जवाब देते हुए कई बड़े जानवरों को लाया गया है। ऐसे सभी बचाव और पुनर्वास मिशन भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सख्त कानूनी एवं नियामक ढांचे के तहत किए जाते हैं।

# मोबिक्विक ने बैंक खाते को लिंक किए बिना यूपीआई भुगतान की सुविधा के लिए पेश किया पॉकेट यूपीआई




**गुरुग्राम।** फिनटेक कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड (मोबिक्विक) ने अपने प्लेटफॉर्म पर एक नई सुविधा पॉकेट यूपीआई पेश की है जो यूजर्स को अपने बजट और फाइनेंशियल मैनेजमेंट पर बेहतर नियंत्रण रखने में सक्षम बनाती है। पॉकेट यूपीआई यूजर्स को अपने बैंक खाते को लिंक किए बिना मोबिक्विक वॉलट के माध्यम से यूपीआई भुगतान करने की सुविधा देता है। ऐसे में यूपीआई भुगतान करते समय यूजर्स के पास अतिरिक्त विकल्प के साथ अधिक शक्ति होती है।

पॉकेट यूपीआई सभी यूपीआई लेनदेन को कंसोलिडेट करके बैंक स्टेटमेंट को व्यवस्थित करने में सहायता करता है, जिससे खर्च करने की आदतों के बारे में स्पष्ट जानकारी मिलती है। वर्तमान में, यूपीआई के सीधे बैंक खातों से जुड़ा होने के कारण यूजर अक्सर छोटे और बार-बार होने वाले खर्चों को नजरअंदाज कर देते हैं।

इसमें यूजर अपने वॉलट में खर्च करने के लिए आवश्यक राशि लोड कर सकते हैं और फिर आवश्यकतानुसार टॉप-अप कर सकते हैं। यह प्लेटफ़ॉर्म क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या यूपीआई के माध्यम से बैलेंस लोडिंग को सपोर्ट करता है। यह रूपे, वीज़ा, अमेरिकन एक्सप्रेस और डाइनर्स क्लब सहित किसी भी नेटवर्क के कार्ड से भुगतान स्वीकार करता है। पॉकेट यूपीआई के माध्यम से विभिन्न चैनलों जैसे मर्चेंट क्यूआर कोड, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और पीयर-टू-पीयर ट्रांसफर में भुगतान हो सकता है।

पॉकेट यूपीआई यूजर को उनके बैंक खाते के बजाय मोबिक्विक वॉलट से धनराशि स्थानांतरित करके वित्तीय धोखाधड़ी से बचाता है।

# अमेज़ॅन मिनीटीवी ने रक्षक- इंडियाज़ ब्रेव- चैप्टर 2 के लिए एक रोमांचक ट्रेलर को प्रदर्शित किया




**मुंबई।** अमेज़ॅन मिनीटीवी- अमेज़ॅन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा अपनी आगामी श्रृंखला रक्षक- इंडियाज़ ब्रेव्स चैप्टर 2 के साथ दर्शकों की देशभक्ति की भावना को जगाने के लिए पूरी तरह तैयार है। दर्शकों को ऑपरेशन कुलगाम की याद दिलाते हुए, स्ट्रीमिंग सेवा ने आज श्रृंखला का भावनात्मक रूप से रोमांचित ट्रेलर जारी किया। मनोरंजक कथा सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जो नायब सूबेदार सोमबीर सिंह और डीवाईएसपी अमन ठाकुर की वीरता को श्रद्धांजलि अर्पित करती है, जिन्होंने सेना के काफिले पर दुर्भाग्यपूर्ण पुलवामा हमले के कुछ दिनों बाद कुलगाम जिले में A++ श्रेणी के आतंकवादियों के साथ करीबी लड़ाई में अपनी जान दे दी। जगरनॉट स्टूडियो द्वारा निर्मित और बरुण सोबती, सुरभि चंदना और विश्वास किनी की प्रमुख भूमिकाओं में शामिल हैं, रक्षक- इंडियाज़ ब्रेव्स- चैप्टर 2 का प्रीमियर 22 फरवरी से अमेज़ॅन मिनीटीवी पर मुफ्त में किया जाएगा। राष्ट्रभक्ति के जोश से भरपूर, ट्रेलर कुलगाम ऑपरेशन की साहसी और वीर गाथा में एक झलक प्रस्तुत करता है, जिसमें उच्च-संघर्ष युद्ध दृश्य, वास्तविक क्रिया, मोहक सिनेमेटोग्राफी, और गुणवत्ता वाले पात्र शामिल हैं। सीरीज के बारे में बात करते हुए बरुन सोबती, जो नायब सूबेदार सोमबीर सिंह की भूमिका निभा रहे हैं, ने साझा किया, मैं अमेज़ॅन मिनीटीवी पर रक्षक- इंडियाज ब्रेव्स चैप्टर 2 का हिस्सा बनकर बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। नायब सूबेदार सोमबीर सिंह का किरदार निभाने से मुझे कर्तव्य की गहरी भावना के साथ देशभक्ति को गहनता के साथ जानने का मौका मिला है और मैं दर्शकों द्वारा इस वीरतापूर्ण कहानी को देखने का और इंतजार नहीं कर सकता। हमारे देश के अप्रतिम नायकों की वीरता, समर्पण और बलिदान पर ध्यान केंद्रित करने वाली कहानी का हिस्सा होना सच में एक आनंद है। यह यात्रा एक गुणवत्ता से भरपूर अनुभव और सम्मान से भरी है, जो मुझ पर अटूट छाप छोड़ गई है। रक्षक भारत के ब्रेव्स- अध्याय 2 की कहानी देशभक्ति की भावना को खूबसूरती से दर्शाती है और हमारे वीर सैनिकों को दिल से श्रद्धांजलि अर्पित करती है।

मुझे उस परियोजना के एक हिस्से में योगदान करने पर बेहद गर्व हैठु, जो हमारे देश के नायकों की अटूट भावना का जश्न मनाती है। सुरभि चंदना ने श्रृंखला का हिस्सा बनने के बारे में बात करते हुए व्यक्त किया, ÷सुरभि चंदना ने श्रृंखला का हिस्सा बनने पर साझा किया। श्रृंखला में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, विश्वास किनी ने कहा, ÷रक्षक- इंडियाज़ ब्रेव ÷चैप्टर 2 में डीवाईएसपी अमन कुमार ठाकुर के चरित्र को चित्रित करना एक सम्मान और विशेषाधिकार रहा है। यह एक ऐसा चरित्र है जो हमारे वास्तविक जीवन के नायकों की वीरता और प्रतिबद्धता से गहराई से मेल खाता है।

# बीएमडब्ल्यू मोटोराड इंडिया ने बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी का 2024 संस्करण शुरू किया



**लखनऊ।** बीएमडब्ल्यू मोटोराड भारत में अपने सर्वाधिक प्रतीक्षित राइडिंग एक्सपीरियंस बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी का शुभारंभ कर रहा है। केवल ठर्ड मोटोराड ओनर्स के लिए संकल्पित बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी पूरी दुनिया में अल्टीमेट राइडिंग एक्सपीरियंस प्रदान करता है। श्री विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि, ÷मोटासाइकि्लग महज भ्रमण से कहीं ज्यादा है जो निजी जुनून की खोज करने, अनछुए इलाकों को सामने लाने, और बेमिसाल आजादी को अपनाने के लिए एक विशिष्ट रास्ता प्रदान करता है। बीएमडब्ल्यू मोटोराड अनुभवों का एक विस्तृत संसार प्रस्तुत करता है, जिसे हर राइडर की जरूरतों के अनुसार तैयार किया गया है। बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी का लक्ष्य नए ऐडवेंचर्स को जाहिर करना और मालिकों को उनकी मोटोराड मोटरसाइकिलों की क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने के लिए सशक्त बनाना है। दूसरों के साथ से राइडिंग का आनंद बढ़ जाता है और इस प्रकार ठर्ड मोटोराड सफारी को सभी प्रतिभागियों के लिए अविस्मरणीय यादों, विवरणों, और यात्राओं के लिए डिजाइन किया गया है, जो मोटरसाइकि्लग समुदाय को साझा बंधनों और यादों से समृद्ध करता है।÷बीएमडब्ल्यू मोटोराड वर्ष 2024 में मोटोराड सफारीज और वीकएंड एस्केप के माध्यम से 72 से ज्यादा एक्सपिडिशन्स पेश करेगा। यह विशिष्ट सफारी संपूर्ण इंडिया में फैले बीएमडब्ल्यू के व्यापक डीलर नेटवर्क के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी में 5 से 7.दिवसीय सम्मोहक यात्रा में विस्तारित भ्रमण का अहसास शामिल है। इसकी शुरुआत और समापन एक ही स्थान में होगा। सावधानीपूर्वक तैयार किया गया यह अभियान पूर्व-चयनित सुरम्य रास्तों से होकर गुजरेगा जिसमें प्रतिभागियों के लिए ठहरने, मनोरंजन, और स्वादिश्ट भोजन की व्यवस्था होगी। मार्ग का विस्तृत नक्शा पहले से ही प्रसारित कर दिया गया है जिससे राइडर्स को आगे आने वाले ऐडवेन्चर के लिए अच्छी तरह तैयार होने में आसानी होगी। बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी - साउथ अफ्रीका, 17.26 मार्च 2024 साउथ अफ्रिका ऐडवेन्चर गतिशील शहर केप टाउन से आरंभ होगी और आपको केप वाइनलैण्ड्स के हरे-भरे वाइनयार्ड्स से होते हुए शानदार केप प्वाइंट तक, तथा क्निस्ना एवं त्सित्सिकम्मा के सम्मोहक जंगलों के मध्य में ले जाएगी। बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी - भूटान, 19.25 अप्रैल 2024भूटान के जादुई भूदृश्यों से होकर सम्मोहक 7.दिवसीय यात्रा आरंभ करें। इस सफर की शुरुआत और समाप्ति सिलिगुड़ी में होगी। इस आकर्षिक भ्रमण में आप आध्यात्मिक राष्ट्र के मध्य में जायेंगे जहाँ आपको सुरम्य राजधानी शहर थिम्फू, मनोहारी पारो शहर, तथा पुनाखा की ऐतिहासिक घाटी का प्रत्यक्ष अनुभव करने का अवसर मिलेगा। बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी - स्पेन और फ्रांस, 27 मई से 03 जून 2024इस सफारी में एक साथ स्पेन और फ्रांस की भव्यता समाहित है। यह दुनिया के कुछ सबसे सम्मोहक भूदृश्यों से होकर गुजरेगी। लगभग 1350 किलोमीटर की दूरी का यह अभियान जीवंत शहर बार्सिलोना से आरंभ होगा और आपको कोस्टा ब्रावा के समानान्तर बढ़ते और ऐतिहासिक शहर ला सेऊ उर्गेल एवं कार्डोना से होते हुए आध्यात्मिक केन्द्र लॉर्डेस में प्रवेश करेगी, जहाँ से ऐन्सा की मध्ययुगीन आकर्षण की खोज करते हुए अंत में घूमते हुए वापस बार्सिलोना पहुँचेगा।

# परनोड रिकार्ड इंडिया की पहली लक्ज़री भारतीय सिंगल माल्ट लोंगीट्यूड 77 दुबई में लॉन्च के साथ हुई ग्लोबल




**नई दिल्ली।** दिसम्बर 2023 में भारत में लॉन्च के बाद परनोड रिकार्ड इंडिया की लक्ज़री भारतीय सिंगल माल्ट लोंगीट्यूड 77 को कल दुबई में लॉन्च किया गया। भारत की इस बेहतरीन माल्ट को दुनिया के लिए पेश करते हुए ब्राण्ड ने एक भव्य शाम के साथ इसके विस्तार की घोषणा की। भारतीय लक्ज़री के पारखियों के लिए पेश की गई इस शाम में देश की समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक कारीगरी और आकर्षक भावना का प्रतिनिधित्व किया गया। यह उस रेखा का प्रतीक है जो भारत के दिल और आत्मा से होकर गुज़रती है और जिसके नाम पर ब्राण्ड को नाम दिया गया है।

प्लाज़ो वर्साचे दुबई की लक्ज़री सेटिंग के बीच मेहमानों ने लोंगीट्यूड 77 की इस अनूठी यात्रा में प्रवेश किया। इस अवसर एक मनमोहक फैशन शो के माध्यम से ब्राण्ड के दृष्टिकोण 'इंडिया रीइमेजिन्ड' पर रोशनी डाली गई। नैरेटर कुब्रा सैत ने भारत के उत्तर से लेकर दक्षिण तक, दर्शकों को देश की बेहतरीन कारीगरी का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया। फैशन शो को जाने-माने डिज़ाइनर आशीष सोनी ने क्यूरेट किया था, साथ ही अन्य प्रतिष्ठित डिज़ाइनरों जैसे जेजे वलाया, वरूण बहल, राजेश प्रताप सिंह और शांतनु एवं निखिल ने भी न सिर्फ अपनी कला एवं कारीगरी का प्रदर्शन किया, बल्कि बड़ी ही खूबसूरती के साथ भारतीय फैशन को दुनिया के मानचित्र पर उतारा। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से प्रख्यात दिग्गज- ज़हीर खान, सागरिका घटगे, कनिका कपूर, उज्जवला राउत और फरहाना बोडी इस अवसर पर मौजूद रहे। भारतीय शेफ प्रतीक सधु ने भारत के बेहतरीन इन्ग्रीडिएन्ट्स के साथ अपनी अनूठी पाककला का अनुभव दर्शकों को प्रदान किया।

ब्राण्ड का नाम लोंगीट्यूड 77 उस रेखा से प्रेरित है जो 77डिग्री पूर्व में भारत की लम्बाई से होकर गुज़रती है और दुनिया के मानचित्र पर भारत की स्थिति को दर्शाती है। ब्राण्ड के मूल्य देश की धरोहर पर आधारित हैं और परनोड रिकार्ड इंडिया इनोवेशन के साथ प्रतिबद्धता बनाए रखते हुए मेड इन इंडिया प्रोडक्ट्स में निवेश करती है। ब्राण्ड ने भारतीय लक्ज़री को नया आयाम देते हुए देश की धरोहर के साथ गहरा रिश्ता बनाया है। यह सिंगल माल्ट प्रीमियम एवं स्वदेशी भारतीय स्पिरिट की बढ़ती मांग को पूरा करेगी।

छोटे बैचेज़ में बनाई गई लोंगीट्यूड 77 के इन्ग्रीडिएन्ट्स को स्थानीय स्रोतों से प्राप्त किया जाता है, परनोड रिकार्ड के मास्टर ड्रिलर अपनी कारीगरी के साथ लक्ज़री का शानदार स्वाद पेश करते हैं। डबल मैच्योर्ड, मैलोड और अमेरिकन बैरल्स एवं वाईन कास्क में परफेक्शन के साथ निटेड, इस सिंगल माल्ट को सहयाद्री रेंज में डिंडोरी नासिक के शुष्क एवं ठंडे वातावरण में एक्स्ट्रा ऐज किया जाता है।

# सैमसंग के सबसे इंटेलिजेंट पीसी लाइनअप गैलेक्सी बुक4 सीरीज की भारत में बिक्री शुरू

**गुरुग्राम।** सैमसंग गैलेक्सी बुक4 सीरीज़, गैलेक्सी बुक4 प्रो 360, गैलेक्सी बुक4 प्रो और गैलेक्सी बुक4 360 के साथ सबसे इंटेलीजेट पीसी लाइनअप की आज से भारत में बिक्री शुरू हो जाएगी। गैलेक्सी बुक4 सीरीज़ एक नए इंटेलिजेंट प्रोसेसर, अधिक जीवंत और इंटरैक्टिव डिस्प्ले और एक मजबूत सुरक्षा प्रणाली के साथ आती है। यह एआई आधारित पीसी के एक नए युग की शुरुआत है जो अधिकतम उत्पादकता, गतिशीलता और कनेक्टिविटी प्रदान करती है। ये विकास न केवल डिवाइस को बेहतर बनाते हैं बल्कि पूरे सैमसंग गैलेक्सी इकोसिस्टम को उन्नत करते हैं, पीसी कैटेगरी को आगे बढ़ाते हैं और सैमसंग के एआई इनोवेशन के नजरिए को आज और कल के लिए नई गति देते हैं। अगले स्तर की कनेक्टिविटी, मोबिलिटी और प्रोडक्टिविटी पेश करते हुए, गैलेक्सी बुक4 सीराज यह तय करती है कि यूजर अपने पीसी, स्मार्टफोन, टैबलेट और अन्य उपकरणों के साथ कैसे बातचीत करते हैं। ये वास्तव में कनेक्टेड और इंटेलीजेंट अनुभव प्रदान करते हैं। ये पीसी ऑप्टमाइज्ड और फैमिलियर टच-आधारित यूजर इंटरफ़ेस के साथ पूरी तरह से इंटरैक्टिव है। ये बिल्कुल आपके स्मार्टफोन या टैबलेट जैसा अनुभव देते हैं। जोरदार प्रदर्शन के लिए एक इंटेलीजेंट प्रोसेसर की सुविधा के साथ, गैलेक्सी बुक4 सीरीज में एक नया इंटेल कोर अल्ट्रा 7/अल्ट्रा5 प्रोसेसर है जो एक तेज़ सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (सीपीयू), एक उच्च-परफॉर्मेंस ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) और एक नए जोड़े गये न्यूरल प्रोसेसिंग (एनपीयू) को जोड़ता है। एआई क्षमताओं को अगले स्तर पर ले जाते हुए गैलेक्सी बुक4 सीरीज में उत्पादकता बढ़ाने के लिए इंटेल का इंडस्ट्री फर्स्ट एआई पीसी एक्सेलेरेशन प्रोग्राम पेश किया गया है।

गैलेक्सी बुक4 सीरीज़ अपने डायनैमिक एमोलेड 2X डिस्प्ले के साथ एक शानदार और इंटरैक्टिव डिस्प्ले प्रदान करता है।

# जोरथांग में मेगा आशा हीलिंग कैंप में शामिल हुए मुख्यमंत्री तामांग

**लखनऊ।** हेवनली निर्वाण पथ द्वारा जोरेथांग खेल के मैदान में 15 दिवसीय मेगा आशा हीलिंग कैंप का



आयोजन किया गया। कैंप के आखिरी दिन में मुख्यमंत्री तामांग शामिल हुए।

सभा को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री तामांग ने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया और सिक्किम के लोगों के कल्याण के लिए सेवा प्रदान करने और काम करने के लिए उनके समर्पण और उल्लेखनीय बलिदान के लिए स्वामी बाल तपस्वी सद्गुरु मास्टर गॉड एंजेल की सराहना की।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि लविज्म एक विचारधारा है जो अहिंसा और प्रेम को बढ़ावा देती है। उन्होंने जनता से हर धर्म का समान रूप से सम्मान करने और नागरिकों के बीच शांति और सद्भाव फैलाने का आग्रह किया।

साथ ही मुख्यमंत्री तामांग ने नाडुगांव में निर्वाणिक आश्रम/आमाशा हीलिंग कैंप को विश्व स्तरीय केंद्र बनाने में राज्य सरकार और गुरु हजूर के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला जो दुनिया भर के लोगों की सेवा करता है। मुख्यमंत्री ने आगामी जन भरोसा सम्मेलन के बारे में भी जानकारी दी, जो जनता को विभिन्न लाभ प्रदान करने के लिए 26 फरवरी, 2024 से पूरे राज्य में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि 29 फरवरी, 2024 को रंगपो में %युवा भरोसा सम्मेलन% आयोजित किया जाएगा, जहां सिक्किम के युवाओं को नियुक्ति आदेश वितरित किए जाएंगे।

इस दिन नामची जिले के अंतर्गत विभिन्न शिक्षकों का अभिनंदन किया गया, जिन्होंने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के लिए मुख्यमंत्री कोचिंग सेंटर के माध्यम से अपनी सेवाओं का योगदान दिया था।

सिक्किम मिनी ओलंपिक गेम 2024 के विभिन्न खेल आयोजनों के तहत विजेताओं के साथ-साथ राज्य की विभिन्न खेल हस्तियों को भी सम्मानित किया गया, जिसका विषय नो ड्रग्स नो सुसाइड था। कार्यक्रम का आयोजन सिक्किम ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से लविज्म स्पोर्ट्स क्लब सिक्किम द्वारा किया गया था। मुख्यमंत्री विवेकाधीन अनुदान के तहत विभिन्न व्यक्तियों को आउटलेट, गाय, पोल्ट्री फार्म और कई अन्य उद्यमों को सहायता प्रदान करने के लिए चेक दिए गए।

# ट्रूकॉलर ने भारत में लॉन्च किया एआई-इनेबल्ड कॉल रिकॉर्डिंग फीचर, ट्रांसक्रिप्शन और कॉल समरी के साथ




**वाराणसी।** कॉन्टैक्ट्स को सत्यापित करने और अनचाहे कम्युनिकेशन्स को ब्लॉक करने में अग्रणी ग्लोबल प्लेटफॉर्म ट्रूकॉलर ने भारत में आईओएस और एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म्स के लिए एआई-पावर्ड कॉल रिकॉर्डिंग्स का लॉन्च किया है। इस नए फीचर के साथ यूज़र सीधे ट्रूकॉलर ऐप में इनकमिंग एवं आउटगोइंग कॉल्स को रिकॉर्ड कर सकेंगे और ज़रूरी बातचीत को आसानी से रिकॉर्ड और प्रबन्धित कर सकेंगे। आधुनिक आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स टेक्नोलॉजी का उपयोग कर ट्रूकॉलर यूज़र को लाईव बातचीत को रिकॉर्ड करने में मदद करेगा, इस तरह उन्हें फोन पर बात करते समय नोट्स लेने की ज़रूरत नहीं होगी और उनकी उत्पादकता बढ़ेगी। नए लॉन्च किए गए कॉल रिकॉर्डिंग फीचर में एआई को शामिल करना एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स की मदद से पूरे फोन कॉल को रिकॉर्ड करने में मदद करेगा।

आईफोन के लिए:

कॉल करने या कॉल का जवाब देने के बाद ट्रूकॉलर ऐप खोलें, सर्च टैब पर जाएं और 'रिकॉर्ड अ कॉल' पर टैप करें। इससे सीधे रिकॉर्डिंग लाईन पर कॉल लग जाएगा ,जो ट्रूकॉलर द्वारा उपलब्ध कराया गया विशेष नंबर है। इसके बाद कॉल स्क्रीन पर कॉल्स को मर्ज करने का विकल्प आएगा।

जब रिकॉर्डिंग तैयार हो, एक नोटिफिकेशन आपको एलर्ट करेगा। पहले से रिकॉर्ड किए कॉल्स भी ट्रूकॉलर में एक्सेस किए जा सकते हैं। आईफोन पर रिकॉर्ड किए गए सभी कॉल्स डिवाइस पर स्टोर रहते हैं, इस तरह यूज़र का इन पर पूरा नियन्त्रण होता है। इसके अलावा यूज़र के पास आईक्लाउड पर बैकअप लेने का विकल्प भी होता है, इस तरह उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा मिलती है।

# टीसीआई का स्वास्थ्य और सुरक्षा कार्यक्रम

**सुरक्षित सफर, सुरक्षित समर्थनः टीसीआई का सेफ सफर रोड सुरक्षा माह में**

**मथुरा।** टीसीआई ग्रुप, भारत की प्रमुख एकीकृत आपूर्ति श्रृंखला और लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदाता, अपने टीसीआई सेफ सफर सड़क सुरक्षा माह का सफल समापन घोषित करता है, जो 15 जनवरी से 14 फरवरी, 2024 तक था। इस व्यापक पहल को राष्ट्रीय स्तर पर अयोजित किया गया था। जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना था विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों पर उच्च दुर्घटना क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना था। भारत भर में 10 लाख व्यक्तियों तक पहुंचकर, सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने एवं परिवहन और लॉजिस्टिक्स उद्योगों में ड्राइवर्स के पद को ऊंचा करने का लक्ष्य पूरा किया। मार्ग परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट से प्रेरित होकर, टीसीआई सेफ सफर ने राष्ट्रीय राजमार्गों के दो उच्च जोखिम क्षेत्रों को सुरक्षित करने के लिए एक अभियान शुरू किया । बैंगलोर से चेन्नई (बैंगलोर चेन्नई हाईवे के माध्यम से) और चेन्नई से सलेम (NH32 के माध्यम से) हैं।

इस मार्ग पर होते हुए हमने, होसूर, कृष्णागिरी, वेल्लोर, कांचीपुरम, श्रीपेरंबदुर, चेन्नई में माधवाराम / एनोर पोर्ट, डबासपेट और दोड्डबल्लापुर तथा ग्रेटर नोएडा से आगरा (यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से) और आगरा से लखनऊ (आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के माध्यम से) इस मार्ग से होते हुए हमने , नोएडा, फरीदाबाद, रुद्रपुर, पंटनगर, बाजपुर, बदायूं, खातिमा, कानपुर, लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी में इस अभियान का सम्पादन किया ।




2019 में अपनी शुरुआत से ही, टीसीआई सेफ सफर एक माननीय कार्यक्रम बन गया है जो ड्राइवर समुदाय और उपयोगकर्ता उद्योग दोनों को प्राथमिकता देता है। सिर्फ जागरूकता अभियान से ज्यादा, इसका उद्देश्य विश्वभर के उद्योगों और अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ को बनाने वाले ड्राइवरों के महत्व को उच्च करना है।

## सहजनवां क्षेत्र में लकड़ी माफियाओ का बोलबाला



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा तहसील में कानून व्यवस्था को जेब में रख लकड़ी माफिया लगातार हरे पेड़ों की कटान कर रहे हैं। एक तरह से देखा जाय तो यहां लकड़ी माफियाओं का बोलबाला है। क्षेत्र में विभाग की मिली भगत से प्रतिबंधित हरे पेड़ो की अवैध कटान जारी है। वही वन विभाग के लोग पूछने पर हरकत में आते हैं और कारवाई के नाम खानापूर्ति कर कोरम पूरा कर लेते हैं। हालत ये है कि यहां विभागीय मिलीभगत से एक परमिट पर अलग अलग जगह दर्जनों पेड़ की कटान हो जाती है। वर्तमान समय में तहसील क्षेत्र के माडर सिवान में लकड़ी माफिया ने आम के हरे पेड़ो को कटा डाला। वही विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का कहना था की केवल एक आम के पेड़ की कटान की गई है। इस संदर्भ में रेंजर सहजनवा अखिलेश कुमार तिवारी ने कहा की कटे पेड़ो की जांच कर कारवाई कराई की जायेगी।

## लोगों को जागरूक के लिए एलईडी वैन हुई रवाना



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश व विकासखंड नेबुआ नौरंगिया के ब्लॉक परिसर में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विकासखंड के समस्त ग्राम पंचायतों एवं राजस्व गांवों में जल जागरूकता की समस्त टीमों की गाड़ियों को बीडीओ उषा पाल, एडीओ मोहन सिंह ने एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शेषनाथ यादव, बड़े बाबू शत्रुघ्न चौधरी, ब्लाक टी.ए. रमेश चंद्र त्रिपाठी, प्रधान प्रतिनिधि कौआसार नरेंद्र गुप्त, कंप्यूटर बाबू अभिषेक तिवारी, ताराचंद यादव, ग्राम प्रधान बंधवा सुरेश पांडे मौजूद रहे। वही मौके पर उपस्थित प्रशिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की। इस दौरान एडीपीसी मानवेंद्र सिंह, विवेक सिंह, मनोज, चंद्रकेश, कमलेश आदि भी उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय विकाश खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता

**तरकुलवा अवधनामा संवाददाता।** जनपद के विकासखंड तरकुलवा अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विकाश खण्ड तरकुलवा के श्री गांधी इंटर मीडिएट कॉलेज महुआपाटन बाजार में नेहरू युवा केन्द्र के तत्वाधान में दौड़ और कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ गोविंदपति त्रिपाठी व अर्जुन राव के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें बालिकाओं का 400 मीटर का दौड़ हुआ जिसमें प्रथम स्थान अंकिता प्रजापति दूसरा स्थान खुशी गोंड और तीसरा स्थान अंजली वर्मा रही। और कबड्डी खेल में कनकपुरा की टीम प्रथम आई जिसमें प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी नितिन,आनंद ,संजय , धर्मेन्द्र,राजा,अभिषेक,रियाजुदीन, आकाश,कृष्ण,विकास,अन्य खिलाड़ी शामिल रहे।और महुआरी की टीम दूसरे स्थान प्राप्त किया। यह कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक दीपक कुमार राव और अंकित सिंह रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित कुमार,अनुज , शुभम,और अन्य साथी ने अपना सहयोग दिया। विजय श्री हासिल करने वाले प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि आज के दौर में मतदाता जागरूकता अभियान खेल की दिशा से इसलिए शुरू किया गया की खेल के माध्यम से मतदाता आकर्षित होंगे। मंच का संचालन संदीप सिंह सहायक अध्यापक के द्वारा की गई।

## लाखों के जेवरात सहित नगदी चोरी

**गोरखपुर।** सहजनवां थाना क्षेत्र के सीहापार में बंद पड़े मकान को चोरो ने खंगाला और कमरे का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात सहित नगदी चुरा ले गए। मिली जानकारी के अनुसार सीहापार निवासी प्रवीन गुप्ता उर्फ सोनू का घर सीहापार हाल्ट से घघसरा जाने वाले मार्ग पर स्थित है ।सोनू और उसका भाई मोनू बाहर रहकर नौकरी करते है। तथा घर पर सोनू कि पत्नी नीलम गुप्ता बच्चों के साथ घर पर अकेली रहती हैं। जो घर में ताला लगाकर एक सप्ताह पहले अपने मायके रसुलपुर मगहर गई हुई थीं। इसी मौके का फायदा उठाकर चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे तथा अन्दर बेडरूम का भी ताला तोड़कर उसमें रखे जेवरात,जैसे-झुमका, मंगलसूत्र, अंगूठी, पायल आदि समेत बर्तन गैस सिलेंडर व 10 हजार रूपए नगदी चुरा ले गए। मंगलवार को जब वह घर लौटी तो देखी घर ताला टुटा हुआ अन्दर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था। सूचना सहजनवां पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर चोरों की खोजबीन में जुटी हुई हैं। एसओ मदन मोहन मिश्र ने कहा तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा।

## उत्कृष्ट आगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

### रॉकेट लर्निंग संस्था द्वारा 30 कार्यकत्रियों को मिला प्रमाण पत्र



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** पोषण भी पढ़ाई भी' कार्यक्रम बच्चों के लिए समग्र एवं गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक प्रोत्साहन और आरंभिक-प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा देने, विकासात्मक रूप से उपयुक्त शिक्षाशास्त्र के उपयोग को सुनिश्चित करने तथा प्राथमिक शिक्षा के साथ-साथ शुरुआती बचपन के समय में स्वास्थ्य व पोषण संबंधी सेवाओं पर जोर देने पर ध्यान केंद्रित करेगा। उपरोक्त बातें रॉकेट लर्निंग संस्था के जिला समन्वयक राहुल चौरसिया ने कही। कार्यक्रम के अंतर्गत में प्रमाणपत्र वितरण समारोह संपन्न हुआ,साथ ही साथ उन्हे शालापुर्व शिक्षा का प्रशिक्षण भी दिया गया।

बाल विकास परियोजना अधिकारी सुमन गौतम और मुख्यसेविका नंदनी पाण्डेय द्वारा 30 आगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में माया सिंह, शैलकुमारी, प्रवीन बानो, सर्वेश सिंह, कुसुम, पुष्पा, पूनम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# यू-डायस पोर्टल पर डाटा अपलोड नहीं, 192 स्कूलों को नोटिस

अवधनामा ब्यूरो



- बीएसए ने जारी किए निर्देश
- 28 फरवरी तक डाटा इंट्री नहीं करने वाले स्कूलों पर होगी विभागीय कार्रवाई

**कुशीनगर।** मान्यता प्राप्त विद्यालयों में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं का यू- डायस पोर्टल पर डाटा इंट्री करने में जिले के 192 विद्यालय फीसड्डी हैं। इसको गंभीरता से लेते हुए बीएसए ने नोटिस जारी कर 28 फरवरी तक शतप्रतिशत यू-डायस पोर्टल पर डाटा इंट्री का कार्य पूर्ण करने का आदेश दिया है। बीएसए ने चेताया कि यदि निर्धारित समय के भीतर डाटा इंट्री नहीं हुई तो स्कूलों की मान्यता को निरस्त करने समेत अन्य विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

बेसिक शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त 1180 स्कूल व माध्यमिक शिक्षा परिषद से 278 संचालित हैं। इन विद्यालयों में 192 विद्यालयों ने यू-डायस पोर्टल पर बच्चों के प्रोफाइल के डाटा का इंट्री का कार्य प्रारंभ नहीं किया है। बेसिक शिक्षा विभाग के तमाम प्रयास के बाद भी वित्तविहीन व मदरसा विद्यालय यू-डायस पोर्टल पर डाटा इंट्री के कार्य में फिसड्डी साबित हो रहे हैं। इस कारण यू-डायस पोर्टल पर जनपद का औसत प्रतिशत कम बना हुआ है। बीएसए डॉ. राम जियावन मौर्या ने दूसरी बाद नोटिस जारी करते हुए ऐसा नहीं करने पर इन विद्यालयों की मान्यता को निरस्त करने की चेतावनी दी है। डॉ. राम जियावन मौर्या, बीएसए ने कहा कि जिले के 192 प्राइवेट विद्यालयों की तरफ से यू-डायस पोर्टल पर छात्र-छात्राओं और शिक्षक से जुड़ी जानकारी अपलोड नहीं की गई है। इस संबंध में उन्हें पूर्व में भी पत्र जारी कर डाटा अपलोड करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद भी उनकी तरफ से डाटा इंट्री नहीं की जा रही है। इसको गंभीरता से लेते हुए उन्हें अंतिम बार पत्र जारी कर डाटा इंट्री के लिए निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भी अगर ऐसा नहीं होता है तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## मनुष्य जब अध्यात्म की ओर बढ़ता है तभी जीवन में मिलती है शांति

अवधनामा संवाददाता



**भेंटुआ (अमेठी)।** क्षेत्र के ग्राम सभा सरुवांवा के पूरे कंधई दुबे गांव में हो रही संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा में मंगलवार को कथा व्यास डॉ जयदेव त्रिपाठी महाराज ने नंद बाबा के घर जन्मोत्सव और भगवान की बाल लीलाओं सहित पूतना वध कालिया नाग का मान मर्दन समुद्र मंथन आदि प्रसंग का मार्मिक ढंग से वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का बालरूप अति मनमोहक था। कंस ने श्रीकृष्ण को मारने के लिए जिसको भी भेजा वो एक बार तो उनके मनोहारी रूप का वशीभूत हो गया। अपने बालरूप में ही भगवान ने अनेकों राक्षसों का वध करके संसार में धर्म की स्थापना की। पूतना वध और कालिया का मान मर्दन की कथा सुन श्रद्धालु अपनी भावुकता को नहीं रोक पाए। बाल लीलाओं के बाद व्यास ने श्रीकृष्ण की रास लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का नाम ही रास है। भगवान की अद्भुत लीलाओं से गोकुल और ब्रज वासी अचंभित थे। व्यास ने कहा कि मनुष्य को परम आनन्द की प्राप्ति ईश्वर के चरणों मे ही मिल सकती है। भौतिकता को त्याग जब मनुष्य अध्यात्म की ओर बढ़ता है तब उसके जीवन मे शांति मिलने लगती है। श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को परमात्मा से मिलाने की एक मजबूत कड़ी है। भगवान से मिलन करके ही हम अपने और अपनी आगामी पीढ़ियों को शांति व सद्भाव का मार्ग दिखा सकते हैं। कथा सुनकर मुख्य यजमान प्रेम शंकर द्विवेदी शरद द्विवेदी चंद्रिका प्रसाद मिश्र सुधीर द्विवेदी हरी राम तिवारी पूजा द्विवेदी उर्मिला तिवारी राजीव शुक्ल आदि सुधी श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने 15 हजार रामभक्तों के लिए वितरित किया पहचान पत्र

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** अयोध्या में प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए पूरे देश से श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है, भारतीय जनता पार्टी द्वारा श्री राम मंदिर दर्शन अभियान के तहत जिलेवार दर्शनार्थियों को अयोध्या ले जाया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने इस अभियान में लगे भाजपा पदाधिकारियों के साथ पार्टी कार्यालय औरा चौरी में बैठक कर बताया कि प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए जनपद से लगभग 15 हजार श्रद्धालु 290 बसों में सवार हो अयोध्या जायेंगे इसके लिए पार्टी के पदाधिकारियों को दर्शन अभियान से संबंधित विभिन्न जिम्मेदारियां दी गई हैं और लगभग सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।

बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि इसके लिए जिले के विभिन्न स्थानों पर एक एक बस प्रमुख बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए परिवहन विभाग के अधिकारियों से वार्ता हो चुकी है तथा 29 फरवरी की शाम को सभी चिन्हित स्थानों पर बसें लग जाएंगी तथा प्रस्तावित तारीख 1 मार्च को सभी रामभक्तों को बस से अयोध्या के लिए रवाना किया जायेगा। इसके लिए हर मंडलों में 10 - 10 बसें तथा हर विधान सभा में 40- 40 बसें लगाई जाएंगी तथा हर बूथ से कम से कम 5 रामभक्त प्रभु श्री राम का दर्शन करने अयोध्या जायेंगे। बसों में रामभक्तों के लिए नाश्ते पानी का भी इंतजाम पार्टी के तरफ से किया जायेगा। दर्शन के लिए बस का रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 100 रुपया रखा गया है । उन्होंने जिले के सभी 28 मंडलों के अध्यक्षों के माध्यम से अयोध्या जाने वाले रामभक्तों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से पहचान पत्र वितरित किया। उन्होंने बताया कि अयोध्या पहुंचने के उपरांत मंदिर परिसर में अधिकारियों द्वारा जांच पड़ताल के बाद ही प्रवेश की अनुमति होगी तथा सभी लोग सुरक्षित रूप से प्रभु श्रीराम का दर्शन कर जो जिस बस से गया है पुनः उसी बस में सवार होकर वापस लौट सके इसलिए सभी लोगों का पहचान पत्र बनाया गया है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, जिला महामंत्री रविंद्र कौशल, सी पी सिंह, नीरज शाही, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, राजीव पांडे, दिलीप जायसवाल, डा विनय राय, अंकुर राय, सतेंद्र मणि, तथा श्री राम दर्शन अभियान के संयोजक विजय बेलदार, सह संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, व अमित सिंह मौजूद रहे।

# सलेमपुर लोकसभा के पिछड़ेपन को दूर करना होगी प्राथमिकता: स्वामी आनंद स्वरूप

अवधनामा संवाददाता



**भाटपार रानी।** क्षेत्र के भटवा तिवारी में किसान पौधशाला के गेस्ट हाउस पर मंगलवार को शंकरा चार्य परिषद के अध्यक्ष स्वामी आनंद स्वरूप ने एक प्रेस वार्ता की। पत्रकारों को संबोधित करते हुए स्वामी ने कहा कि बीते 2 साल में प्रणाम यात्रा के माध्यम से में आप सभी के बीच गया तथा आपके परिवार का सदस्य बनाने के लिए आपसे निवेदन किया। आप सभी ने मेरे निवेदन को स्वीकारा और मुझे अपने परिवार का सदस्य बनाया। आप सभी अब मेरा परिवार हैं।

चुनाव लड़ना मेरे जीवन का उद्देश्य नहीं है, लेकिन परिवर्तन मेरे जीवन का लक्ष्य ज़रूर है। सलेमपुर के पिछड़ेपन को दूर करने का हमे बस एक मौका चाहिए। भारत का डंका पूरी दुनिया में बजे, भारत विश्वगुरु बने, भारत हिन्दू राष्ट्र बने, यह काम नरेंद्र मोदी जी के कुशल के न नेतृत्व में तेजी से चल रहा है। मैं चाहता हूँ कि सलमेपुर लोकसभा का भी इसमें योगदान हो किन्तु 40 वर्षो से एक ही परिवार केशासन ने सलेमपुर को खोखला कर दिया है। सलमेपुर को न सिर्फ विकास से वंचित किया है बल्कि यहां के संसाधनों का भी दोहन करने का काम भी किया है। पहले पिता, फिर पुत्र के शासन व्यवस्था ने सलेमपुर को अभाव के गर्त में धकेल दिया है। पूरे देश मे आज अच्छी सड़के बन रही हैं किन्तु सलमेपुर लोकसभा में सड़कों का हाल बहुत ही बुरा है। मेडिकल कालेज यहां आकर भी चला गया, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से सलेमपुर क्षेत्र कोसों दूर है इन सब समस्याओं काकारण है एक राजनीतिक परिवार। तो क्या आपको ऐसे परिवार और व्यक्ति की ज़रूरत है? क्या आपको ऐसा व्यक्ति चाहिए, जिनके पूर्वज राममन्दिरके स्थान पर शौचालय बनाने की बात करते थे ? क्या आपको ऐसा व्यक्ति चाहिए जो नशे में धुत रहता हो? बिल्कुल नहीं। आपको आपके परिवार का सदस्य चाहिए, जो आपके सुख दुख में खड़ा हो सके। जो सलमेपुर के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवा सके। जो गरीब बच्चियों की शादी करवा सके। यहां के धर्म तीर्थस्थलों की सूरत बदल सके। अच्छे हॉस्पिटल और अच्छे स्कूल बनवा सके। किसानों के लिए संचालित फसल क्रय केंद्रों की स्थिति सुधार सके साथ ही साथ 24 घंटे आपकेलिए उपलब्ध रह सके न कि शाम के बाद फोन ना उठाने वाला व्यक्ति चाहिए।

## भाजपा ने बनाये आईटी और सोशल मीडिया के संयोजक व सह संयोजक



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी आईटी विभाग का शिवेश पाण्डेय को संयोजक,रवि भूषण पाण्डेय रूपम को सहसंयोजक तथा सोशल मीडिया विभाग का शुभम मणि त्रिपाठी को संयोजक, राहुल कुमार व अंकित श्रीवास्तव को सह संयोजक बनाया गया है। इन सभी के मनोनयन के बाद औरा चौरी पार्टी कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने मिठाई खिला शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आज का समय आईटी और सोशल मीडिया का है। समाज में आईटी और सोशल मीडिया की विश्वसनीयता बहुत ज्यादे है। मुझे विश्वास है कि ये सभी लोग अपने कार्यो से लोगों के मन मे भाजपा और भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी कार्यो के प्रति विश्वास को और मजबूत करेंगे तथा जनपद में पार्टी को एक उचाई पर ले जायेंगे। वही नवनियुक्त आईटी विभाग और सोशल मीडिया विभाग के संयोजक और सह संयोजको ने यह विश्वास दिलाया कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसका पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करेंगे और पार्टी को और मजबूत करेंगे। इस दौरान राजेश कुमार मिश्रा,अम्बिकेश पाण्डेय,अक्षय सिंह,रवि पाण्डेय, संजीव राय,कामेश्वर पाण्डेय आदि रहे। वही इन सभी के मनोनयन पर सांसद डा.रमापतिराम त्रिपाठी,कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, सांसद रविन्द्र कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश तिवारी, राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, विधायक जयप्रकाश निषाद, विधायक शलभ मणि, विधायक सुरेन्द्र चौरसिया, विधायक दीपक मिश्रा, विधायक सभा कुअंर कुशवाहा,नपाध्यक्ष अलका सिंह, अजय शाही, अजय कुमार दूबे, गंगा कुशवाहा,उषा पासवान, रविन्द्र किशोर कौशल, श्रीनिवास मणि, प्रमोद शाही, महेश मणि, निर्मला गौतम, रामशंकर निषाद, अभिषेक जायसवाल, अजय उपाध्याय,अभिषेक राय अंकुर,सीपी सिंह आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया।

# सास, बहू, बेटा सम्मेलन में उपहार देकर लोगों को किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**खैरटवा, कुशीनगर।** सरकार द्वारा अभियान चला कर स्वास्थ्य विभाग में जन जन तक योजनाओं को लाभान्वित करने के लिए मुहिम चलाई जा रही है इसके उपरांत हर ग्रामवासी सास बहुओं को कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ग्रामीण इकाई पर योजनाओं से रूबरू कराया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम सभा खभराभार के एनम सेंटर पर सास बहू बेटा सम्मेलन का आयोजन मंगलवार को किया गया जिसमें डिह टोला, कचहरी, करनहा, पड़रहा, अगली टोला, सिंघारी, सबहवा, बाजार टोला को आशा बहनों ने महिलाओं और बेटों को बुलाकर एएनम सेंटर पर सम्मानित किया, हर ग्राम सभा की आशाएं अपने साथ सास बहू और बेटा की टोलियां को लेकर एएनएम सेन्टर पहुंचे जहां पर ग्राम प्रधान श्रीमती मीना साहनी तथा बी सीपीएम धर्मेंद्र यादव और सेंटर इंचार्ज एएनएम संगीता के द्वारा सास बहू को सम्मानित किया गया और बेटों को प्रेरित किया गया की अपने माता-पिता का ख्याल रखना चाहिए, बहु को समझाया गया कि अपने सास का ख्याल रखना चाहिए सेवा करना चाहिए सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं होता है सांस को भी समझाया गया की बहू बेटी के समान होती है इसी कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए ग्राम प्रधान द्वारा सभी महिलाओं को सभी सास बहू को उपहार भेंट किया और जलपान की व्यवस्था भी कराई गई इसके पश्चात स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां भी साझा किया गया और यह बताया गया कि समय समय से टीकाकरण दवाइयां यह सब का इस्तेमाल किया जाए जिससे कि बीमारी होने के खतरे से बचा जा सके, इस मौके पर निरंजना देवी, इंद्रावती राव आशा, बिंद्रावती साहनी, फूलमती, सरिता साहनी, नीलम इत्यादि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गाजे-बाजे के साथ निकली विष्णु महायज्ञ की कलश यात्रा



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** मोतीचक विकास खंड के ग्राम भलुही में मंगलवार से प्रारंभ हो रहे नव दिवसीय विष्णु महायज्ञ की कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई। यह कलश यात्रा यज्ञ स्थल आदर्श प्राथमिक विद्यालय भलुही से शुरू होकर ग्राम सभा के लोहवा टोला, पिपरा टोला, फुरसतपुर, सितुहिया, अमरुचियहवा टोला, खोखिया होते हुए महुई गुलरहवा गांवों का भ्रमण करते हुए चल रही थी जिसमें सैकड़ों युवक और कन्याएं हाथों में ध्वजा पताका लिए हुए हर हर महादेव का जय घोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे और कलश यात्रा महूई गुलरहवा बड़ी नहर के किनारे पहुंची जहां यज्ञ आचार्य रवि भूषण शुक्ल द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सैकड़ो कन्याओं ने कलश में जल भर कर यज्ञ स्थल प्राथमिक विद्यालय भलुही लाया गया। यह नव दिवसीय विष्णु महायज्ञ 27 फरवरी 2024 से प्रारंभ होगा 6 मार्च 2024 दिन बुद्धवार को समाप्त होगी जिसमें प्रतिदिन विद्वान प्रवचन कर्ता द्वारा प्रवचन से पूरे क्षेत्र को भक्ति से सराबोर किया जाएगा तथा इसमें प्रतिदिन रामलीला का कार्यक्रम मंडली द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर इस यज्ञ के जजमान शिवानंद सिंह, संजय सिंह, सुभाष सिंह, गोरख यादव, रंजीत यादव, जयप्रकाश सिंह, राधेश्याम सिंह रामविलास यादव घनश्याम साहनी, अखिलेश सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश सिंह सहित सैकड़ो ग्रामीण व कन्याएं कलश यात्रा में शामिल रहें।

## डीएम ने किया एफडीआर तकनीक से निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण

**देवरिया।** कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के एफडीआर टेक्नोलॉजी के अन्तर्गत निर्माणाधीन पैकेज संख्या यूपी 20129 सम्पर्क मार्ग टी 6- भटनी से बैकुण्ठपुर का औचक निरीक्षण जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान ग्राम सभा अहिरौली में एफडीआर के कार्य प्रगति में पाया गया कि मार्ग पर रिक्लेमर मशीन चल रहा था। साइट पर कार्य मानक के अनुरूप पाया गया। डीएम ने कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि 898.91 लाख रुपये की लागत स 9.5 किमी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। कार्य को 16 अप्रैल 2024 तक पूर्ण होना है। मौके पर अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, श्वेता मौर्या, सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पीआईयू, देवरिया, मनीष कुमार, शिवा सिंह, अवर अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पीआईयू, देवरिया व अन्य मौजूद रहे।

# समुदाय बैठक कर मुसहरों को टीबी रोग के प्रति किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



- दो हफ्ते से ज्यादा की खांसी हो सकती है टीबी : आशुतोष
- रोगी के सम्पर्क में रहने वाले भी कराए अपनी जांच : शाहिद
- आठ लक्षण युक्त व्यक्तियो के बलगम के नमूने जांच के लिए लाए गए

**कसया, कुशीनगर।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी यूनिट कसया के पर्यवेक्षको द्वारा मुसहर बस्ती धुरिया भाठ में समुदाय बैठक आयोजित कर टीबी रोग के प्रति महिलाओं एवं पुरुषों को जागरूक किया गया।

मुसहरों को सम्बोधित करते हुये वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र ने कहा कि दो हफ्ते से ज्यादा की खाँसी टीबी हो सकती है अतः जिनको भी दो हफ्ते से ज्यादा की खांसी, बलगम आये वे तत्काल अपनी जांच अवश्य कराये। उन्होंने ने कहा कि जाँच एवं उपचार की व्यवस्था निःशुल्क है। दवा के हाथ ही रोगी के बैक खाते में निक्षय पोषण योजना के तहत प्रतिमाह पाँच सौ रुपये इलाज पूर्ण होने तक दिये जाते है। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शाहिद अंसारी ने कहा कि जिनके परिवार में कोई टीबी का रोगी है तो उनके पूरे परिवार के लोगों को अपनी जाँच अवश्य करा लेनी चाहिये। रोगी को उपचार पूर्ण कर डॉ की सलाह पर ही दवा बंद करनी चाहिये। कोर्स के बीच मे दवा छोड़ना रोगी के लिये घातक हो सकता है। इस दौरान आठ लक्षणयुक्त व्यक्तियो के बलगम एकत्रित कर जाँच हेतु सीएचसी पर लाया गया।

## डे नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** ग्रामीण मिनी स्टेडियम घोरहा में तीसवीं बाबा भीष्म शाह राज्य स्तरीय डे नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हुई। उद्घाटन मैच में लखनऊ की टीम ने 20 ओवर में 215 रन बनाए। ज़बाब में उतरी कानपुर की टीम आठ ओवर में 44 रन बनाकर आल आउट हो गई।

अम्पायर का रोल विपिन सिंह और मोहित सिंह ने किया। विधायक प्रतिनिधि अरूण प्रजापति वरिष्ठ पत्रकार राजेश मिश्रा और पूर्व मा शि संघ के जिला उपाध्यक्ष संजीव भारती ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।पूरब द्वारा के खेल प्रेमी अशोक सिंह ने भी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। खेल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से 16 टीमों ने पंजीकरण कराया है। सोमवार को दोपहर बाद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। अरुण प्रजापति उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने खेलों के आयोजन और खेल प्रतिभाओं के विकास को लेकर घोरहा और भादर के लोगों के प्रयास की मुक्त कंठ से सराहना की और कहा कि यहां गांव की पिच पर खेल अभ्यास कर आगे बढ़ने वाले दर्जनों खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेठी का नाम रोशन कर रहे हैं।इस मौके पर गंगा राम सिंह, लल्लन सिंह मांझी डा आनंद सिंह कपिल देव सिंह विनोद मिश्रा अमित सिंह शिवेन्द्र प्रताप सिंह विपिन सिंह रोहित सिंह अमर बहादुर सिंह नरेन्द्र बहादुर सिंह विनोद सिंह कुलभूषण मनोज सिंह भोला सिंह आदि ने खेल मैदान में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

# खेल प्रतियोगिता में सम्मनित किये गये विजेता, उपविजेता खिलाड़ी

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** ''बहराइच महोत्सव-2024'' के अन्तर्गत आयोजित जिला स्तरीय बालक/बालिका वर्ग में एथलेटिक्स, बालक वर्ग में कबड्डी व फुटबाल, फन गेम्स तथा दिव्यांग खेल प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन दिव्यांग खिलाड़ियों को खेल प्रतियोगिता में विजेता, उपविजेता, तृतीय स्थान एवं सांत्वना पुरस्कार वितरण एवं समापन के मुख्य अतिथि पद्म सेन चौधरी मा0 सदस्य विधान परिषद उ0प्र0 तथा सामान्य खिलाड़ियों के प्रतियोगिता का समापन/पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि मा0 विधायक महसी सुरेश्वर सिंह के सुपुत्र अखण्ड प्रताप सिंह, मा0 विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के सुपुत्र निशंक त्रिपाठी द्वारा किया गया, तथा सम्बोधन में खेल के प्रति खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन किया गया। तथा प्रभारी क्रीड़ा अधिकारीमती अनुपमा धानुक द्वारा मुख्य अतिथि को बुके देकर एवं बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया। जबकि कार्यक्रम का संचालन उप क्रीड़ा अधिकारी अभिषेक कुमार की देख-रेख में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में रोहित सिंह जीवन रक्षक, वीरेन्द्र पाल सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, कुशुमेन्द्र कुमार सिंह, सन्तोष कुमार सिंह, विनोद यादव, सतपाल यादव, सुभाषचन्द्र वर्मा, राकेश पासवान फुटबाल प्रशिक्षक, आरिफ हॉकी प्रशिक्षक, विनोद कुमार फुटबाल खेलो इण्डिया प्रशिक्षक, सानू, विजय शंकर, सुशील कुमार राय तथा दिव्यांग खेल हेतु जय वीर सिंह स्पेशल एजुकेटर, कौशल किशोर पाण्डेय स्पेशल एजुकेटर, चन्द्रभानू, अरविन्द कुमार वर्मा स्पेशल एजुकेटर, गिरजेश कुमार पाण्डेय स्पेशल एजुकेटर आदि निर्णायक के रूप में रहें। सके अतिरिक्तमती बलमीत कौर प्रधानाचार्या बाबा सुन्दर दास मुकबधिर बहराइच, अटल सिंह सचिव जिला एथलेटिक्स संघ बहराइच, कैलाश चन्द्र यादव सचिव जिला बॉक्सिंग संघ बहराइच, दिव्यांग खेल हेतु जनपद बहराइच के समस्त ब्लाक के स्पेशल एजुकेटर व अभिभावक एवं वरिष्ठ खिलाड़ी आदि उपस्थित रहें।

### बहराइच महोत्सव के अन्तिम दिन सम्मानित हुई आंगनबाड़ी कार्यकत्री व मुख्य सेविकाएं

**बहराइच।** जनपद की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पौराणिक महत्व को सहेजने तथा आमजन से साक्षात्कार कराये जाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में 25 से 27 फरवरी 2024 तक आयोजित होने वाले 03 दिवसीय बहराइच महोत्सव के तीसरे दिन पोस्टर प्रतियोगिता, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं का प्रस्तुतिकरण, जूनियर व सीनियर वर्ग हेतु फैशन शो, मैट्रो एकेडमी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, मगन मिश्रा व निशांक भदौरिया द्वारा राई लोक नृत्य व प्रकृति यादव द्वारा लोक गायन व नृत्य, रूद्राक्ष बैण्ड द्वारा सूफी गायन, अल्ताफ राजा द्वारा बॉलीवुड नाईट, शिल्पीराज द्वारा भोजपुरी नाईट की प्रस्तुति के उपरान्त रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच बहराइच महोत्सव का समापन होगा। बहराइच महोत्सव के अन्तिम दिन गेंदघर मैदान में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग आयोजित कार्यक्रम में नन्हे गुन्ने बच्चों, किशोरियों तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा नारी सशक्तिकरण के उद्देश्य से बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं तथा कन्या भ्रूण हत्या पर प्रभावी अंकुश के लिए प्रस्तुत किये गये जागरूकता गीतों तथा लोकगीतों की प्रस्तुति का दर्शकों ने खूब आन्नद उठाया। परियोजना क्षेत्र रिसिया, नगर, तेजवापुर व चित्तौरा के समूह के बच्चों द्वारा समूह में प्रस्तुत किये गये गीत, नृत्य एवं वादन, रिसिया, नगर व तेजवापुर किशोरियों द्वारा प्रस्तुत किये गये।

# ललितपुर की आकांक्षा सेंगर बनी मेडिकल ऑफिसर



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** ओंमकार सिंह प्रवक्ता वर्णी जैन इंटर कॉलेज ललितपुर की पुत्रवधू आकांक्षा सेंगर का चयन लोक सेवा आयोग द्वारा जारी मेडिकल ऑफिसर की 600 की सूची में आकांक्षा सेंगर ने छठवीं रैंक प्राप्त किया। मुख्यमंत्री द्वारा ऑनलाइन नियुक्ति पत्र जारी किया गया है। ये नियुक्ति पत्र झांसी में अनुराग शर्मा सांसद, आयुक्त झांसी, जिलाधिकारी झांसी एवं उपनिदेशक (चिकित्सा) झांसी मंडल झांसी की उपस्थिति में आकांक्षा सेंगर को दिया गया। आकांक्षा सेंगर की तैनाती उरई जनपद जालौन में हुई है। आकांक्षा सेंगर के पति अविनाश सिंह कोल इंडिया बिलासपुर में प्रबंधक के पद पर तथा देवर अविचल सिंह एनटीपीसी रिहंद जनपद सोनभद्र में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के पद पर पदस्थ है। आकांक्षा सेंगर डॉक्टर बनने का श्रेय अपने माता-पिता, पारिवारिक जनो एवं गुरुजनों को दिया है।

# बच्चों मतदान एवं ईवीएम के प्रति जागरूकता

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन में मतदान के प्रति जन सामान्य में मतदान एवं ईवीएम के प्रति जागरूकता के लिए कलेक्ट्रेट भवन में स्थित गांधी हाल में लगे ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र पर अग्रसेन डिग्री कालेज, कौशल्या नर्सिंग कालेज, वेदान्ता नर्सिंग कालेज के लगभग 300 छात्राओं को ईवीएम एवं वीवीपैट से वोटिंग करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान छात्राओं ने ईवीएम के माध्यम से वोटिंग किया, वहीं वीवीपैट की उपयोगिता से भी परिचित हुए, जिसमें छात्राओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर इंजीनियर कुलभूषण सिंह ने बताया कि लोकतंत्र में मतदान की अहम भूमिका होती है, जिसके लिए युवाओं को जागरूक करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। सभी छात्राओं को डमी बैलट पेपर लगे बैलट यूनिट का बटन दबाकर मतदान करने के तरीके से अवगत कराया गया। इसके साथ ही वीवीपैट में दिए गए वोट का प्रिंट 7 सेकंड तक प्रत्याशी का नाम, क्रमांक तथा चुनाव चिन्ह देखने को लेकर छात्राओं को अभ्यस्त कराया गया। सभी छात्राओं द्वारा आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन में अपने परिवार एवं आस-पास के लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने हेतु जागरूक करने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये स्लोगन ÷वोट जैसा कुछ नहीं-वोट जरूर डालेंगे हम÷ की शपथ ली गयी। सभी उपस्थित छात्राओं ने उत्साह से जागरूकता अभियान में भाग लिया।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त पुलिस हिरासत में

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी महरौनी राजकुमार मिश्र के निकट पर्यवेक्षण मे थाना क्षेत्र में प्रभारी उ.नि. थाना महरौनी दयाशंकर सिंह के निर्देशन मे चलाये जा रहे अपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु संदिग्ध व्यक्तियों व तलाश वांछित अपराधियों की तलाश कर रहे थे। बताया कि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर छपरट पुल के पास धारा 354 क, 506 व 7/8 पॉक्सो एक्ट का वांछित अपराधी ग्राम समोगर निवासी अभिषेक कुशवाहा पुत्र सुन्दरलाल कुशवाहा को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि अभिषेक के खिलाफ नावालिक के साथ छेड़खानी व जान से मारने की धमकी का अपराध कारित किया गया था। जिसके आधार पर गांव के एक व्यक्ति द्वारा 26 फरवरी को शिकायत दर्ज करायी गयी थी। वांछित को पकड़ने वाली टीम में प्रभारी व उप निरीक्षक दयाशंकर सिंह, उप निरीक्षक साबिर अली, कां. सूरज कुमार शामिल रहे।

# जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने हेतु प्रयासरत है ग्रामीण डेवलपमेंट सर्विसेस संस्था

- समुदाय के सहयोग से संचालित हो रहे विभिन्न कार्यक्रम: अशोक तिवारी



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** आई टी सी लिमिटेड कोलकाता के सहयोग से व संस्था ग्रामीण डेवलपमेंट सर्विसेस ललितपुर के तकनीकी मार्गनिर्देशन में ललितपुर के बिरधा ब्लॉक के सगोरिया ग्राम में जलवायु परिवर्तन अनुकूल आधारभूत संरचना निर्माण कार्य हेतु पूर्व में निर्मित खोगडा तालाब के बांध के टूटे हुए हिस्से पर चैक डैम निर्माण कार्य के माध्यम से मृदा कटाव को रोकने तथा भू-जलतल विकास एवं वर्षा जल की तीव्रता को रोकने के लिए चैक डैम निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसके शैक्षणिक भ्रमण हेतु ग्राम कपासी एवं मादौन के किसान भाई अपनी समझ बनाने के लिए तथा साथ में जल उपभोक्ता समूह गठन करके अपने गांव में भी जलवायु परिवर्तन अनुकूल आधारभूत संरचना निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्माण कार्य स्थल पर भ्रमण कार्य किया गया जिसमें संस्था के प्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय सुपरवाइजर के माध्यम से शैक्षणिक भ्रमण में आए हुए किसानों में जलवायु परिवर्तन अनुकूल हो रहे प्रभावों एवं उनके न्यूनीकरण हेतु जागरूक तथा संवेदित करने के लिए उपायो को साझा किया गया इस अवसर पर ग्राम सागोरिया के गढमान्य किसान एवं संस्था के कार्यक्रम समन्वयक अशोक कुमार सिंह एवं तकनीकी विशेषज्ञ इंजीनियर अशोक तिवारी तथा कृषि विशेषज्ञ रोहित त्रिपाठी एवं क्षेत्रीय पर्यवेक्षक रोशनी शिव सिंह उपस्थित रहे शैक्षणिक भ्रमण में आए किसानों ने वर्तमान में चैक डैम के कार्य को अत्यंत साराहा तथा अपने गांव में भी इसी प्रकार के निर्माण कार्य कराए जाने के लिए संस्था के प्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्ताव रखा इस अवसर पर आज दिनांक 26 फरवरी को संस्था स्थापना दिवस का कार्यक्रम भी अत्यन्त जोर शोर से मनाया गया तालाब के चैक डैम का भ्रमण कराया गया यहां पर उपस्थित मिस्त्री व श्रमिकों से बात किया किसानों ने बताया कि इस चेक डैम से लगभग 80 से 90 किसानों को लाभ होगा और साथ ही साथ जमीनी जल स्तर में बढ़ोतरी होगी द्य यह कार्य परियोजना प्रोमोटिंग क्लाइमेट स्मार्ट विलिजेस इन ललितपुर के द्वारा किया जा रहा भ्रमण करने आए किसान काफी उत्साहित दिखे।

## संक्षिप्त समाचार

### शिकायतकर्ताओं व मीडिया की सक्रियता आई काम,बैकफुट पर आए भाजपा नेता

**सुल्तानपुर।** प्रशासन की सख्ती पर बैकफुट पर भाजपा नेता प्रियंक पांडेय आ गए हैं। अवैध कब्जा की हुई जमीन से रेडीमेड बाउंड्री वॉल हटना शुरू हो गई है। तहसीलदार सदर केपी सिंह ने हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में बाउंड्री हटाने का आदेश दिया था। नगर पालिका सभासदों की शिकायत पर मेनका गांधी ने प्रकरण को संज्ञान लिया था। डीएम के निर्देश पर पैमाइश की गई थी।अवैध रूप से बाउंड्री निर्माण हटाने का भाजपा नेता को अल्टीमेटम दिया गया था। शहर के विनोबापुरी में बेशकीमती जमीन को भाजपा नेता प्रियंक पांडेय द्वारा कब्ज़ा कर बाउंड्री वॉल बना लेने का मामला है।

### डंफर की टक्कर से भाजपा नेता की हुई दर्दनाक मौत



**सुल्तानपुर,भदैया।** उक्त संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात श्याम सुंदर ने बताया कि विकास खंड क्षेत्र के धर्म गंज बाजार के पास स्थित गांव पांडेयपुर निवासी रमेश मिश्रा (65 वर्ष) पुत्र दिवाकर मिश्रा की देर शाम 8 बजे के करीब हनुमान गंज बाजार के पास बाइक द्वारा शहर से गांव जाते समय एक डंफर ने टक्कर मार दिया।टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई।ज्ञातब्य है कि मृतक रमेश मिश्रा भदैया मंडल के अध्यक्ष रहे, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री रहे,भाजपा जिला कार्य समिति के सदस्य भी रह चुके हैं। रमेश मिश्रा का हनुमानगंज में ट्रक से एक्सीडेंट हो गया, जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। उनके मृत्यु पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गहरा दुख प्रकट किया है।

### आज 28 को लाभार्थियों को किसान सम्मान निधि योजना की मिलेगी 16वीं किश्त

**सुलतानपुर।** उप कृषि निदेशक रामाश्रय यादव द्वारा अवगत कराया गया कि बुधवार दिनांक 28.02.2024 को प्रधामनंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16 वीं किश्त किसानों के खाते में हस्तांतरित की जायेगी। जिसके लिए उक्त दिनांक को प्रातः 9.30बजे से प्रत्येक विकास खण्डों में जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि उत्सव के रूप में मनाया जायेगा।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संजीव प्रसारण एल0ई0डी0के माध्यम से दिखाया जायेगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के भाईयों एवं बहनों से अनुरोध है कि दिनांक 28.02.2024 को अपने विकास खण्ड में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें।

### गोल्ड मेडल हासिल करने पर राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं



**सुल्तानपुर,जयसिंहपुर।** श्याम कुमारी बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज पेमापुर रूपिनपुर जयसिंहपुर सुल्तानपुर की कक्षा 12 की छात्रा हर्षिता एवं छात्र हार्दिक साहू ने नई दिल्ली के डॉक्टर करणी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल करके प्रदेश और कालेज का नाम रोशन किया है। प्रदेश की राज्यपाल माननीया आनंदीबेन पटेल ने हर्षिता और हार्दिक को राजभवन में आमंत्रित करके उन्हें सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी। राजपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि हर्षिता और हार्दिक प्रसंसनीय है। उन्होंने दोनों के अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने हेतु अपनी शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने छात्र हार्दिक साहू और छात्रा हर्षिता को बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

### डॉ. रजनीश अध्यक्ष एवं डॉ. भारत आईडीए के सचिव नियुक्त

**सुल्तानपुर।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन की वार्षिक बैठक मेहमांन रेस्टोरेंट में सोमवार की सायं आयोजित की गई बैठक में सर्वसम्मत से डॉ रजनीश मल्होत्रा को अध्यक्ष व डॉक्टर भारत सिंह को सचिव मनोनीत किया गया।इंडियन डेंटल एसोसिएशन के निर्वाचित अध्यक्ष डॉक्टर रजनीश मल्होत्रा ने कहा कि अपने सदस्यों के हित के लिए कार्य करेगा, जहां भी संगठन की जरूरत पड़ेगी, सभी साथी एकजुट होकर मुकाबला करेंगे। डा सुनील गुप्ता कोषाध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष डा अनुराधा द्विवेदी व सचिव डा पावन रिबेलो ने नई कार्यकारिणी को दायित्व सौंपा। कार्यक्रम में आने वाले सत्र की रूपरेखा तैयार की गई।बैठक में डा मनोज सिंह, डा अनुपम पांडे,डा अमित सिंह,डा ए एम रिबेलो, डा रोहित शर्मा,डा अवनीश,डा रवि जायसवाल,डा एम रजा,डा इंद्रसेन,डा आदित्य सिंह,डा मनीष यादव,डा अभिनव मौजूद रहे।

### छात्रा सम्मेलन का आयोजन

**प्रयागराज।** जगत तारन महिला महाविद्यालय में आज पुरा छात्रा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्या प्रो अशिमा घोष ने स्वागत वक्तव्य से किया। पुरा छात्रा प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ विजयलक्ष्मी ने संचालन किया। सम्मेलन में कार्यकारिणी परिषद का गठन किया गया। सम्मेलन में पुरा छात्राओं ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

# एयरपोर्ट व मेडीकल कॉलेज के नाम आचार्यश्री के नाम रखने की मांग

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** ललितपुर में बन रहे हवाई अड्डा और मेडिकल कॉलेज को आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के नाम से बनाए जाने की मांग को लेकर सौरभ जैन ने केन्द्रीय मंत्री सहित उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया है। जिसमे उन्होंने केन्द्र अथवा राज्य सरकार से मांग कि है कि प्रख्यात संत आचार्यश्री 108 विद्यासागर महाराज, जिनकी विगत दिनों पहले सल्लेखना पूर्वक समाधि मरण हुआ है। आचार्यश्री का ललितपुर जनपद में हम बुन्देलखण्ड वासियों के सौभाग्य से उनका अधिकतर प्रवास बुन्देलखण्ड में रहा, जिसमें हमारे जनपद ललितपुर में भी उनके 4-5 प्रवास रहे। अन्तिम प्रवास ललितपुर में 2018 में हुआ था जिसमें उनकी अगवानी जब हुई थी तो सभी धर्म के लाखों लोगों ने नेशनल हाइवे पर बांसी से ललितपुर तक उनके स्वागत में अगवानी हेतु पहुंचकर एक विश्व रिकॉर्ड बनाया था। ललितपुर में यदि हवाई अड्डा और मेडिकल कॉलेज को आचार्य श्री के नाम से स्थापित किया जाता है तो यह हम ललितपुर बासियो का सौभाग्य होगा। सौरभ जैन ने अपनी बात रखते हुए कहा कि में उनके बारे जितना जानता हूं कि उनके वर्तमान समय में उनके जैसा त्यागी साधु / महापुरूष उनके समकक्ष कोई भी नहीं था ये बात स्वयं देश के प्रधानमंत्री मा. नरेन्द्र मोदी/गृहमंत्री अमित भाई शाह/ उत्तर-प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित पूर्व अथवा वर्तमान में भी देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री, अन्य धार्मिक महापुरूष भी उनकी प्रत्यक्ष अवस्था व विनयांजलि में कह चुके हैं। ऐसे आध्यात्मिक जागृति के लिए उनके प्रयास, गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, गौ संरक्षण, हथकरघा सहित जीव दया और करूणा के सागर जिन्हें प्राणी मात्र के उत्थान के लिये ही अपना समस्त जीवन जिया है जिन्हें हाल ही में धरती के देवता के नाम की उपाधि से भी अलंकृत किया गया था, जिनके ऊपर अनेकों पी.एच.डी. भी की जा चुकी हैं।

# लोगों को जगाने के लिये महिलाओं का जागृत होने पर दिया बल

अवधनामा संवाददाता




- एक महिला सीमेंट की तरह कार्य करती है जो अपने परिवार समाज और देश को जोड़कर रखती है: जयेश बादल
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत रैली निकाल कर महिलाओं के अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**ललितपुर।** मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत इस साल के थीम इन्वेस्ट इन वीमेन एक्सलेरेट प्रोग्रेस यानी महिलाओं में निवेश करें और प्रगति में तेजी लाएं विषय पर स्थानीय महिला महाविद्यालय पनारी में विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली और कनक जन कल्याण समिति द्वारा महिला दिवस के तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्रबंधक, अध्यक्ष, प्रबंध निर्देशिका, प्राचार्य एवं कनक जन कल्याण समिति के अध्यक्ष जयेश बादल द्वारा मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस, रोवर रेंजर्स, उन्नत भारत के वालंटियर एवं अन्य पाठ्यक्रमों में अध्यनरत छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विभिन्न कार्यक्रमों मे निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता एवं रैली निकाल कर महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक साप्ताहिक कार्यक्रमों का महाविद्यालय में आयोजन किया गया। प्राचार्य एवं संस्था कनक जन कल्याण समिति के अध्यक्ष जयेश बादल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में छात्र-छात्राओं ने नारों के जरिए नारी सशक्तिकरण का अलख जगाया। वहीं बाल विवाह, दहेज प्रथा और शराबबंदी के प्रति लोगों को जागरूक किया। छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भागीदारी दिखाने के लिए वक्ताओं ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरु द्वारा कहा गया मशहूर वाक्य लोगों को जगाने के लिये महिलाओं का जागृत होना जरुरी है। एक बार जब वो अपना कदम उठा लेती है, परिवार आगे बढ़ता है, गाँव आगे बढ़ता है और राष्ट्र विकास की ओर उन्मुख होता है। अन्य वक्ताओं ने छात्राओं को बताया कि सरकार को महिलाओं के वास्तविक विकास के लिये पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों में जाना होगा और वहाँ की महिलाओं को सरकार की तरफ से मिलने वाली सुविधाओं और उनके अधिकारों से अवगत कराना होगा जिससे उनका भविष्य बेहतर हो सके। महिला सशक्तिकरण के सपने को सच करने के लिये लड़कियों के महत्व और उनकी शिक्षा को प्रचारित करने की जरुरत है। कहा कि छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि जब महिलाओं और लड़कियों को उनके अधिकारों तक पूरी पहुंच मिलेगी तभी वे स्वतंत्रता के जीवन का आनंद ले सकेंगी। इसमें समान वेतन से लेकर भूमि स्वामित्व अधिकार और बहुत कुछ शामिल है। इसके अलावा, कोई भी देश तभी बदल सकता है जब उसकी महिलाओं को हर चीज में समान अधिकार मिले और उनके साथ समान व्यवहार किया जाए।

# मण्डलायुक्त ने की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



- विलम्बित निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर हैण्डओवर की कार्यवाही करें: मण्डलायुक्त

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चौहान ने मण्डल के जनपदों में 50 लाख एवं उससे अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि जो भी निर्माण कार्य विलम्बित हैं उससे शीघ्रता से पूरा कर हैण्डओवर की कार्यवाही की जाय। इसके अलावा जिन कार्यों में टेण्डर आदि की कार्यवाही की जानी है उसे भी तत्परता से पूरा किया जाय। मण्डलायुक्त श्री चौहान ने सोमवार को देर सायं अपने कार्यालय सभागार में आयोजित उक्त मण्डलीय समीक्षा बैठक में अधीक्षण अभियन्ता, ड्रेनेज मण्डल बलिया के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थिति के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। मण्डलायुक्त ने निर्माण कार्यों की प्रगति का कार्यदायी संस्थावार जायजा लेते हुए कहा कि पूर्वांचल विकास निधि के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 में जनपद आजमगढ़ में स्वीकृत 120 परियोजनाओं में 119 परियोजनायें पूर्ण हो चुकी है, जनपद मऊ में स्वीकृत 38 के सापेक्ष 37 परियोजनायें तथा बलिया में 70 के सापेक्ष 65 परियोजनायें पूर्ण हैं। उन्होंने बलिया में 5, आजमगढ़ एवं मऊ में 1-1 अपूर्ण कार्यों के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि इन कार्यों में अब और विलम्ब नहीं होना चाहिए, तत्काल पूर्ण कराय जाय। उन्होंने यह भी कहा 2022-23 में जितने भी कार्य हुए उनकी फोटोग्राफ्स भी उपलब्ध कराई जाय। कार्यदायी संस्थान यूपीपीसीएल द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकांश कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पूर्ण हो चुके हैं, जिनके हैण्डओवर की कार्यवाही की जानी है। मण्डलायुक्त ने इस सम्बन्ध में शिक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देश दिया कि हैण्डओवर की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाय। महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय को मुख्य सड़क से जोड़ने वाली फोरलेन सड़क की अद्यतन प्रगति के सम्बन्ध में मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि सड़क निर्माण का कार्य तेजी चल रहा है, अतिशीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। मण्डलायुक्त मनीष चौहान ने निर्माणाधीन परियोजनाओं से सम्बन्धित प्रशासकीय विभागों के अधिकारियों से कहा कि समय-समय पर मौके पर जाकर अपने विभाग से सम्बन्धित परियोजनाओं की प्रगति एवं गुणवत्ता को स्वयं भी देखें।

# शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्य तिथि पर प्रभातफेरी निकालकर दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** देश की आजादी में अपने प्राण का न्योछावर करने वाले वीर सपूत अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि के अवसर पर आजाद समाज सेवा समिति द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकालकर समस्त शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया । बस स्टेशन स्थित शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में एक विचार गोष्ठी आयोजित हुई। तत्पश्चात जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में संस्था के 19 पदाधिकारीयों द्वारा रक्तदान महादान किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एसके गोयल, ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर आरके मिश्रा ट्रामा सेंटर प्रभारी डॉक्टर आरपी सिंह सर्जन ने किया तथा रक्तदानियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान करने वाले 19 पदाधिकारीयों में प्रमुख रूप से आलोक निषाद, शराफत खान, मयंक पांडे, पवन शर्मा, योगेंद्र प्रताप सिंह, आदर्श सिंह, हर्षित तिवारी, अदनान खान, शैलेश वर्मा, विनोद रावत, अरविंद यादव, मकसूद अंसारी, गिरीश तिवारी उर्फ बबलू ,आशीष मिश्रा, हंसराज यादव, अमित शर्मा, सौरभ सिंह, रवि कुमार, दानिश खान ने रक्तदान महादान कर देश की आजादी में अपने प्राण न्योछव करने वाले वीर शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव ने आजाद समाज सेवा समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश की आजादी के महानायकों की जयंती व पुण्यतिथि पर संस्था द्वारा रचनात्मक कार्य कर लोगों में एक तरफ जहां राष्ट्र प्रेम की भावना जगाई जाती है वहीं दूसरी तरफ जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रहे मरीजो को रक्तदान महादान कर उनका जीवन बचाने का भरसक प्रयास किया जाता है। संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है इस बात का एहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई अपना खून के लिए जिंदगी और मौत के बीच जूझता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि हम सभी रक्तदान करके मरीजों का जीवन बचाने में सहयोगी बन सकते है। रक्तदान से हमें किसी भी प्रकार की कोई हानि नहीं होती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ओमप्रकाश गौड, मोहम्मद अहमद, श्याम नारायण पांडे, अब्दुल मन्नान, सरदार जेपी सिंह, राजा अब्बास विनय कुमार, मसूद अहमद, अशोक तिवारी, अनिल सिंह एडवोकेट, रिशु सिंह, रोहित सिंह, योगेंद्र विक्रम सिंह, प्रवक्ता सर्वेश सिंह, राजेंद्र कुमार पटवा, रविंद्र तिवारी, रवींद्र बहादुर सिंह, वीरू सिंह, सरदार सतपाल सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव मुन्ना मास्टर, संतोष गुप्ता, मोईद खान, घनश्याम जायसी, सहित सैकड़ो लोग कार्यक्रम में भाग लिए।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सूचना सं0 | 1129–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 24.02.2024 |
| 2. | कार्य का नाम | विभिन्न विद्युत सयंत्रों जैसे प्लेटफार्म लाइट, लिफ्ट/एस्कलेटर, पम्प, वातानुकूलित तंत्र एवं कालोनी शिकायत व्यवस्था का आटोमेशन, संचालन एवं आन लाइन मानीटरिंग तथा विद्युत ऊर्जा के सरंक्षण के लिए विक्रेता केन्द्रों पर प्रीपेड मीटर के संस्थापन का कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 2,27,80,950/– (दो करोड सत्ताइस लाख अस्सी हजार नौ सौ पचास रूपये मात्र) |
| 4. | बयाना राशि | रु. 2,64,000/– (दो लाख चौसठ हजार रूपये मात्र) |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |
| 6. | ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 27.03.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा० उत्तर रेलवे, हजरतगंज लखनऊ के कार्यालय में। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं0–1129–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 24.02.2024

621/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# काम में लापरवाही नाकाबिले बर्दाश्त: डीएम

- विकास के पैरामीटर में खराब चल रहे सचिव कार्यशैली में करें सुधार

अवधनामा संवाददाता




**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पाडेय की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थित में विकास कार्यो की विभिन्न पैरामीटर यथा आवास,ग्राम विकास, पंचायतीराज में हो रही खराब प्रगति के संबंध में सचिवों की समीक्षा बैठक डा.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विकास खण्डों के सचिवों के विकास के विभिन्न पैरामीटर में खराब प्रगति करने वाले सचिवों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि विकास की गति प्रदान करने में सचिव एक धुरी की भूमिका अदा करता है। आपके कार्यो के द्वारा ही जनपद की छवि बनती व बिगड़ती है। उन्होने सचिवों से रूबरू होते हुए कहा कि विकास के विभिन्न पैरामीटर में खराब चल रहे सचिव अपनी कार्यशैली में सुधार करें। उन्होने कहा कि आप लोगो की कार्यशैली की वजय से प्रदेश में जनपद की छवि खराब हो रही है। उन्होने कहा कि जो भी पंचायत सहायक काम नही कर रहे है,उनको प्रस्ताव पास करके सेवा समाप्त करें। काम में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। उन्होने कहा कि तंत्र में काम करने वालों की जगह है, काम न करने वालों की कोई जगह नही है। बैठक में चार्ज न देने वाले निलंबित सचिवों की सूची बनाकर संबंधित सचिवों को चार्ज देने का एक अवसर प्रदान करने के बाद चार्ज न देने वाले सचिवों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश संबंधित को दिए।जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को अपने स्तर से सचिवों की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि सचिवों का दायित्व काम करने का है, तथा उनके कार्यो का परिवेक्षण करने का दायित्व संबंधित एडीओ पंचायत तथा खण्ड विकास अधिकारियों का है। विकास के विभिन्न पैरामीटर में खराब प्रगति वाले सचिवों के साथ अगले 15 दिन में सुधार नही होने पर संबंधित सचिवों के साथ-साथ परिवेक्षणीय अधिकारियों का दायित्व निर्धारित किया जायेगा। उन्होने कहा कि सभी आवेदनों को समय सीमा पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी पंचायत सचिवों, एडीओ पंचायत, खण्ड विकास अधिकारियों को आवास पंचायतीराज के पैरामीटर में खरा उतरकर जिले की छवि सुधारने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक नागेन्द्र नाथ यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए साधना दीक्षित, जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी जितेन्द्र कुमार मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खंता पिकनिक स्पॉट के सौंदरीकरण हेतु किया गया एमओयू

**सोनभद्र/बीजपूर।** नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत एनटीपीसी रिहंद द्वारा म्योरपुर स्थित खंता पिकनिक स्पाट के विकास के लिए सोनभद्र जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एनटीपीसी रिहंद अपने सीएसआर मद से 4.98 करोड़ रुपये खर्च करके खंता पिकनिक स्पाट का सौंदरीकरण का कार्य करने हेतु डीएम चन्द्र विजय सिंह और एनटीपीसी रिहंद के महाप्रबंधक (एडीएम) एस एस प्रधान, उप महाप्रबंधक (विधि) प्रदीप कुमार एवं नर्गिस अंसारी द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। खंता पिकनिक स्पॉट,म्योरपुर हवाई अड्डे के पास स्थित है। इस पर्यटक स्थल पर मुख्य प्रवेश द्वार, विज़िटर शेड, टॉयलेट ब्लॉक, कैफेटेरिया, इंटरलॉकिंग टाइलें, सी.सी. सड़क, बागवानी कार्य, स्ट्रीट लाइटें, गार्ड रूम, बच्चों के खेलने के उपकरण, कचरे के डिब्बे, टाइप 2 निवास आदि संसाधनों को साइट पर उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा।

# सुमेरपुर क्षेत्र में फिर गिरे ओले, पांच गांव हुए प्रभावित

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** मंगलवार की सुबह अचानक मौसम गड़बड़ हुआ और बूंदा बांदी के साथ कहीं कहीं ओले गिर गए, ओले गिरने से पांच गांव प्रभावित बताए जा रहे हैं, जहां सुबह ओले गिरने से किसानो की फसल बर्बाद हुई है। मंगलवार की प्रातः आकाश में पहले से मौजूद बादलों ने अपना रुख बदल दिया और बूंदा बांदी की शुरुवात हो गई, किसानो को लगता था कि बूंदा बांदी तक ही मौसम सीमित रहेगा किन्तु सुमेरपुर ब्लाक के मौहर, धुंधपुर, गौरी,अतरैया कैथी गांव में ओले गिरने लगे तो किसान हाय हाय करने लगे, ओले थमे तो किसान अपने अपने खेत पहुंचे और ओलो से बर्बाद हुई फ़सल को देख दुख वयक्त करने लगे। ओला प्रभावित गांवो के किसानो ने बताया कि उनकी सारी फसल चौपट हो गई है, उनका जीवन यापन कैसे होगा, बड़ा सवाल बनकर खड़ा हो गया है। शादी विवाह, बच्चों की पढ़ाई लिखाई, रोटी कपड़ा और मकान आदि की व्यवस्था कर पाना पाना मुश्किल काम हो गया है।

## दलहनी और तिलहनी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए मंथन शुरू

**बांदा।** कृषि विश्वविद्यालय में कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग संस्थान कानपुर जोन-3 के तत्वावधान में तीन दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन हो रहा है। इसमें दलहनी ओर तिहनी फसलों की पेदावार बढ़ाने के लिए मंथन शुरू किया गया है। सूक्ष्म सिंचाई तकनीकी को अपनाकर फसल की उपज बढ़ाई जा सकती है। इसके साथ ही किसानों की मांग और परिस्थिति के अनुसार तकनीक का प्रसार करने की बात कही जा रही है।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश के 75 जिलों के 89 कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों को दलहन व तिलहन पर उपयोगी जानकारी व रणनीति तैयार करना है। कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि ने वैज्ञानिकों से अनुरोध किया कि तकनीकि के गैप को कम करने के लिए कृषकों को जागरूक करना व प्रदर्शन के माध्यम से उनके अन्दर विश्वास पैदा करना आवश्यक है। वैज्ञानिक बीज बाँटने तक ही सीमित न रहें।

# रेल भवन में पत्र देकर जिले में रेलवे स्टेशन बनाए जाने की मांग



अवधानामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिले में रेलवे स्टेशन न होने के कारण आम जनमानस बहुत ज्यादा परेशान हैं। रेलवे स्टेशन न होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रो का विकास न हो पाना,बच्चो का बड़े शहरों में जाकर शिक्षा न ग्रहण कर पाना व बस द्वारा मार्गो में जाम के कारण बीमार व्यक्ति का समय पर न पहुँच पाना और कुटीर उधोग व्यवसाय न हो पाना आदि जैसी समस्याओं का सामना लोगों को करना पड़ रहा है।

जनपद हमीरपुर वासियों की परेशानी को देखते हुए सभासद प्रतिनिधि बउआ ठाकुर ने नई दिल्ली मे भारत सरकार के रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के निजी सचिव अभय कुमार सिंह को बाई हैंड पत्र देकर हमीरपुर में रेलवे स्टेशन बनाए जाने की मांग की हैं। उन्होंने जिले के आम जनमानस से भी इस मुहिम में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने आगे कहा यह कार्य किसी के घर का नही हैं,यह हम सभी जनपद वासियों के लिए लाभगदायी सुविधा रहेगी।

# दूसरे दिन भी जारी रहा अनशन

- नहीं पहुंचा कोई जिम्मेदार अधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** मौदहा क्षेत्र के रमना किशनपुर में जर्जर सड़क निर्माण के लिए शुरू हुए अनशन के दूसरे दिन किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर पहुंच कर अनशन कारियों की सुध नहीं ली,जबकि खराब मौसम और हल्की बारिश भी अनशनकारियों के हौसले को नहीं डिगा सकी जबकि अनशनकारियों ने बुधवार से पास के तालाब में जल सत्याग्रह की घोषणा की है।कोतवाली क्षेत्र के रमना किशनपुर को मौदहा बसवारी मार्ग से जोड़ने वाली सड़क बीते एक दशक में मरम्मत के आभाव में लगभग समाप्त हो गई है जिसमें आना जाना भी मुश्किल हो गया है और किनारे पर बिना भीठ का तालाब होने के कारण आएदिन बाईक सवार और सायकिल सवार तालाब में गिरकर घायल होते रहते हैं।जिसके निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पिछले हमीरपुर सदर सीट के लिए हुए विधानसभा उपचुनाव में मतदान न करने का फैसला किया था लेकिन उसी दौरान अधिकारियों के गांव जाकर ग्रामीणों के साथ मानमनौव्वल और चुनाव बाद सड़क निर्माण के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने वोट डाले थे।लेकिन चुनाव के बाद रात गई बात गई वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए अधिकारी अपने आश्वासन भूल गए और स्थिति जस की तस बनी रही।उसके साथ ग्रामीणों ने फिर से अधिकारियों की टेबल पर कागज दौड़ाने शुरू कर दिए लेकिन समस्या का समाधान नहीं होने पर बुण्देलखण्ड नवनिर्माण सेना के जिलाध्यक्ष देव यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एसडीएम को पत्र देकर अनशन की घोषणा कर दी जिसका मंगलवार को दूसरा दिन था लेकिन खराब मौसम और हल्की बूंदाबांदी के बीच भी अनशनकारियों के हौसले पस्त नहीं हुए लेकिन अनशन के दूसरे दिन किसी जिम्मेदार अधिकारी ने अनशनकारियों की सुध नहीं ली जिसके चलते अनशनकारियों ने बुधवार को पास के तालाब में जल सत्याग्रह करने की घोषणा की है।इस दौरान दिनेश अनुरागी, प्यारेलाल, राजकुमार सविता, राहुल अनुरागी, श्रीओम पाल, रामविलास वर्मा, बबलू यादव, श्री राम औतार वर्मा, चंद्रभान सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सीडीएसी में प्रशिक्षु के रूप में चुने जाने पर बधाई

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र।** स्थानीय सिंदुरिया निवासी राकेश पांडेय की पुत्री खुशी पांडेय ने सीडीएसी में प्रशिक्षु के रूप में चुनी गई है। उसके इस सफलता पर जहां उसके घर खुशी का माहौल व्याप्त है। वहीं उसके सहपाठियों सहित आम लोगों ने उसे बधाई देते हुए उसके बेहतर भविष्य की कामना की है। खुशी पांडेय ने अपनी सफलता का श्रेय पिता व मां सुषमा पांडेय को दिया है। उन्होंने कहा कि पिता व मां ने जहां मुझे हमेशा आगे बढ़ने को प्रेरित किया। वहीं भाई के हौसलावर्द्धन ने हमें सफलता की मंजिल तक पहुंचाया। पिता राकेश पांडेय ने बताया कि खुशी बचपन से ही काफी मेधावी रही है। उसकी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय विद्यालय में हुई थी। वही केंद्रीय विद्यालय चोपन से जहां उसने वर्ष 2018 में प्रथम श्रेणी से मैट्रिक पास किया था। वहीं जवाहर नवोदय विद्यालय सोनभद्र से वर्ष 2020 में प्रथम श्रेणी से इंटर की परीक्षा पास किया था। अब खुशी का एक मार्च से 30 अगस्त तक के लिए इंटर्नशिप के लिए सीडीएसी के माध्यम से नोएडा में प्रशिक्षु के के लिए चुना गया है।

# जलजीवन मिशन के अंतर्गत प्रचार प्रसार वाहन किए गए रवाना

अवधनामा संवाददाता

**कुरारा/हमीरपुर।** आज जल जीवन मिशन के तहत राज्य पेयजल एवम स्वछता मिशन के सहयोग से इन्फोटेक सॉल्यूसन द्वारा जनजागरूकता हेतु प्रचार प्रसार वाहनों को कुरारा ब्लॉक प्रमुख आशीष कुमार पालीवाल ने हरी झंडी दिखाकर ब्लॉक से गांवो के लिए रवाना किया।

सर्वप्रथम ब्लाक में आई ई सी,जलगुनवत्ता जांच, सोसल मैपिंग, जलजनित बीमारियों से बचाव और एल ई डी वीडियो प्रोजेक्टर से प्रचार आदि पांच तरह की प्रदर्शनी लगाई गई इन प्रदर्शनी के स्टालों में प्रमुख जी ने जाकर अवलोकन किया और इनके बारे पूछा इन स्टालों में यूनोप्स के जिला सलाहकार सिद्धगोपाल त्रिवेदी ने प्रमुख जी और उपस्थित सभी लोगो इनके उपयोग की जानकारी दी तत्पश्चात ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल जी ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहनों को रवाना किया ये वाहन ब्लाक के सभी राजस्व गांवो में जाकर सामाजिक मानचित्रण, पानी की गुणवत्ता की जांच, जलजनित बीमारियों से बचाव, पानी व कूड़े कचरे के प्रबंधन और जल की सुरक्षा के बारे में प्रोजेक्टर और वीडियो के माध्यम से जनमानस को जागरूक करेंगे।

कार्यक्रम में जलनिगम ग्रामीण से शंकु कुमार, पी एम सी से संतोष कुमार, बिबेक त्यागी, बुसरा खान आदिल, इन्फोटेक सॉलुसन से अमन सिंह आदि उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान व पानी समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार अनुरागी ने लोगो को पानी की सुरक्षा करने और पेयजल योजना के रख रखाव में पानी समीतिवकी अहम भूमिका पर चर्चा की प्रशिक्षण में पंचायत सचिव विकास विकास चौधरी ने पेयजल योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए उपस्थित सदस्यों की सहमति से नियम व शर्ते लिपि बद्ध की तथा पंचायत सहायक रश्मि देवी ने बनाया गया बायलाज पढ़कर सुनाया और पानी बचाने के लिए शपथ लेकर प्रशिक्षण का समापन किया गया। बैठक में ग्राम प्रधान अनिल अनुरागी, कु.रश्मी देवी पंचायत सहायक, चंद्रपाल, राजकुमारी, आंगनवाड़ी, आशा और पानी समिति के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# बाल मजदूरी एवं महिला उत्पीड़न निषेध जागरूकता अभियान



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** बाल संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बाल विवाह, बाल मजदूरी एवं महिला उत्पीड़न निषेध जागरूकता अभियान 25 फरवरी से 10 मार्च तक हमीरपुर जनपद के सुमेरपुर एवं मौदहा ब्लॉक में साई ज्योति संस्थान शाखा हमीरपुर के जिला समन्वयक कैलाश नारायण गौतम के नेतृत्व में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सहयोग से शंकरलाल एंड साथी टीम ललितपुर नुक्कड़ नाटक के माध्यम की जा रही है।

कार्यक्रम के माध्यम से जनमानस में बाल विवाह निषेध, बाल श्रम निषेध एवं महिला उत्पीड़न निषेध जागरूकता चलाई जा रही है। नुक्कड़ नाटक के हास्य कलाकारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बच्चों के साथ हो रहे अपराधों को रोकने के लिए जनपद में लगभग 20 कार्यकर्ताओं की टीम से यह कार्यक्रम व्यक्तिगत शपथ, पारिवारिक शपथ, सामूहिक शपथ एवं संगोष्ठी के माध्यम से निरंतर चलाया जा रहा है।

# श्री सीता राम नाम पुस्तक वितरित कर दिया संदेश: रमाकांत शुक्ल

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज नगर स्थित हर्षनगर में श्री सीताराम नाम की पुस्तक को लेकर मंगलवार को एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें आए हुए लोगो को श्री सीताराम नाम के साथ पुस्तक वितरित करते हुए उनके जीवन पर डाला गया प्रकाश दिया गया एक संदेश। सोनभद के श्री सीताराम नाम बैंक शाखा 108 प्रबंधक रमाकांत शुक्ल ने बताया कि मंगलवार को रावटसगंज नगर स्थित हर्ष नगर बैंक परिसर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें प्रभु श्री सीताराम नाम बैंक के माध्यम से लेखन जब पुस्तिका को वितरित करते हुए लोगों को प्रेरित किया गया कि उनके द्वारा वहीं सुरेश शुक्ला ने बताया कि विश्व का कोई भी नर नारी बाल वृद्धि और सभी वर्णश्रर्मी अंतरराष्ट्रीय श्री सीताराम नाम बैंक का लेखक करते हुए प्रभु का नाम लेने का एक सरल माध्यम साधन है जिससे कि हमारी भारतीय संस्कृति को जोड़ने का काम किया जा रहा है जिसमें बढ़-चढ़ के लोग भारतीय संस्कृति के साथ हमारे हिंदू धर्म को जगाने का कार्य कर रहे हैं श्री शुक्ल ने बताया कि हम सभी प्रभु राम के ही भक्त हैं हमारे प्रभु राम है जिसका संदेश हर घर तक पहुंचाना हमारा काम है इस मौके पर राजेंद्र प्रताप सिंह, दीनानाथ तिवारी, शिव शंकर मिश्रा ,विनोद पांडे, हर्षित सिंह, पंकज पांडे, वीरेंद्र नाथ शुक्ला ,कमलेश पांडे सहित आंदी लोग मौजूद रहे।

# जनपदीय टास्कफोर्स की डीएम ने की समीक्षा बैठक

अवधनामा ब्यूरो



- रेण्डम आधार पर भ्रमणशील रहकर उच्च/प्राथमिक विद्यालयों का निरन्तर किया जाये निरीक्षण, लगातार अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकगणों के खिलाफ की जाये कठोर कार्यवाही: डीएम

**सोनभद्र।**जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति व एम.डी.एम. जनपदीय टास्कफोर्स की बैठक की, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण रेण्डम के आधार पर भ्रमणशील रहते हुए सुनिश्चित किया जाये, जिन विद्यालयों के शिक्षकगण लगातार अनुपस्थित पाये जाये उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। विद्यालयों में बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करायी जाये, इसके साथ ही एम.डी.एम. योजना के अन्तर्गत बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाये, उक्त मामले में शिथिलता पाये जाने पर सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिन भी जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा विद्यालयों के निरीक्षण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जाये। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने जनपद में नव निर्मित प्राथमिक विद्यालयों के निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की तो यह तथ्य संज्ञान में आया कि आर.ई.डी. विभाग द्वारा भवनों के निर्माण कार्य में शिथिलता बरती जा रही है व कार्य की गुणवत्ता ठीक नहीं पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने आर.ई.डी. विभाग के अवर अभियन्ता को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यपद्धति में सुधार लाया जाये और निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले कान्ट्रेक्टर की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने जर्जर विद्यालयों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की तो प्रगति बेहतर नहीं पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने डी.सी. निर्माण के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने आपरेशन कायाकल्प योजना के अन्तर्गत विद्यालयों में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने हेतु की जाने वाली कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा की और कार्य में तेजी लाने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किये, इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति के माध्यम से जनपद में किये जा रहे कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा की जाये और इसमें शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाये और बेहतर ढंग से मानीटरिंग की जाये।

# मेगा पेप टॉक का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्याचल।** सुरक्षा संस्कृति को विकसित करने के लिए एनटीपीसी विंध्याचल ने 20 फरवरी 2024 को एम जी आर में मेगा पेप टॉक का आयोजन किया। जिसमें परियोजना प्रमुख ई सत्यफणी, सीजीएम (ओ एंड एम) समीर शर्मा, जीएम (एम जी आर) किशोर कुमार होता, एचओडी (सुरक्षा) आशीष कुमार अग्रवाल तथा विभाग के सभी अनुभागीय प्रमुखों और विभिन्न विभागों के कार्यकारी उपस्थिति रहें। इस कार्यक्रम में 150 से अधिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सीजीएम( ओ एंड एम) ने अपने संबोधन में कहा की कभी भी किसी कार्य के दौरान कोशिश करें कि उस कार्य के लिए कम से कम दो लोग हों जिससे हम समय पड़ने पर एक दूसरे की मदद कर सकें और किसी जानकारी को साझा कर सकें। परिसर में कार्य के दौरान मोबाइल का प्रयोग न करें, जिससे कार्य करते समय हमारा ध्यान न भटके। साथ कहा की कार्य के दौरान अगर किसी तरह का तनाव है तो उससे डरने की ज़रूरत नहीं है बल्कि अपने साथी को इसकी जानकारी दें। जीएम (एम जी आर) ने अपने संबोधन में सुरक्षा के उपकरणों के बारे में जानकारी दी साथ ही पी टी डबल्यू सिस्टम के बारे में सभी संविदा कर्मियों जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन ए के सोनी (डीजीएम एमजीआर) ने किया। इसके बाद वहां पर उपस्थित संविदा कर्मियों से कुछ सवाल पूछे गए और सही उत्तर बताने वाले को पुरुस्कार दिया गया साथ ही कुछ संविदा कर्मियों को सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए भी पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन एस एल राम जी ने अपने वक्तव्य के साथ किया।

## जनपद में बारिश होने से किसानों की धड़कनें बढ़ी

**हमीरपुर।** बुन्देलखण्ड के किसान सदैव परेशानी में रहता है कभी प्राकृतिक आपदाओं से तो कभी खाद बीज आदि के संकट से जूझता रहता है अब जब खेतों में फसल पकी खड़ी है और किसानों की उम्मीदे फसलों को देखते हुए जागी हुयी है तब बारिश हो रही है ऐसे में जनपद के मौदहा, सुमेरपुर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से बादल छाए रहे तथा हल्की बारिश हुई।

बादल छाए रहने से किसानो की धड़कने बढ़ गई है। मटर की फसल खेतो में कटी पड़ी हुई है। आज सुबह आसमान में घने बादल छाए रहने से तथा आए दिन बरसात होने से किसान परेशान हैं।इस समय मटर की फसल पककर तैयार हो रही है। तथा कटाई चल रही है। तथा कटी फसल खेतो में पड़ी हुई है। सुबह हल्की बारिश हुई है। जिससे सूख रही कटी फसल फिर भीग गई है।

# बारिश के साथ फिर गिरे ओले, फसलें हुई बर्बाद

- प्रकृति के कहर से हताश हो रहा किसान

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** एक सप्ताह के अंदर दूसरी बार बारिश के साथ ओला गिरने से किसान परेशान हो उठा है। खेतों में पहुंचे किसान ने फसलों की बर्बादी देखी तो वह कराह उठा है। मंगलवार सुबह से ही आसमान पर बादल छा गए और कुछ ही देर के बाद बारिश और ओला गिरने का सिलसिला शुरू हुआ। 10 दिन के अंदर दो-दो बार प्रकृति की मार से क्षेत्र का अन्नदाता पूरी तरह से टूट गया है। क्षेत्र के किसान के भारी नुकसान को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व एसडीएम पैलानी को संज्ञान में लेकर लेखपालों से नुकसान का सर्वे कराकर सरकार से फसलों का उचित मुआवजा किसानों को जल्द से जल्द दिलाया जाए, जिससे किसानों को कुछ राहत मिले। जसपुरा ब्लाक के नरौली, सोनामऊ, चंदवारा, गौरी खुर्द समेत अन्य गांवों में ओलावृष्टि और बारिश होने की वजह से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। बारिश और ओलावृष्टि के बाद खेत पहुंचे किसानों ने माथा पकड़ लिया। किसानों ने कहा कि अबकी बार खेत में बोया गया दाना भी वापस लौटने वाला नहीं है। किसानों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

# उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से करें निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

- चित्रकूटधाम मंडलायुक्त ने बैठक में दिए निर्देश
- लाभार्थी परक योजनाओं का क्रियान्वयन समन्वय बनाकर करें



**बांदा।** आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय के सभागार में मण्डल स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने मण्डल स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर गम्भीरता से लेते हुए निस्तारण कराएं। लाभार्थीपरक योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन बैंको से समन्वय कर पूर्ण कराएं। आयुक्त ने बैठक में निवेश मित्र पोर्टल में लंबित यूपीएसआईडीसी, विद्युत से संबंधित समस्याओं को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा करते हुए योजनांतर्गत मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में इंडियन बैंक एवं एसबीआई बैंक में लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कराये जाने के निर्देश लीड बैंक मैनेजर को दिये। समीक्षा में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और एक जनपद एक उत्पाद योजना में लक्ष्य के सापेक्ष्य प्रगति पूर्ण पाई गई। उन्होंने क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा को औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में रिक्त भूखण्डों के प्लाट आवंटन के सम्बन्ध में कार्यवाही कराये जाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने भूरागढ़ में पानी की समस्या के निराकरण के लिए अधिशाषी अभियंता जलनिगम द्वारा तैयार किये गये आगणन रू0 1.61 करोड़ के प्रस्ताव को पुनः जिलाधिकारी के माध्यम से स्वीकृति के लिए पत्र प्रबन्ध निदेशक यूपी सीडा कानपुर को प्रेषित करने के निर्देश दिये। औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में अराजकतत्वों पर नजर रखने के लिए क्षेत्राधिकारी पुलिस को गश्त बढ़ाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2023 में एमएसएमई के अन्तर्गत जीबीसी के लिए तैयार इकाइयों की जानकारी प्राप्त करते हुए शासन की प्राथमिकता के अनुसार इन ईकाइयों को धरातल पर स्थापित कराये जाने के लिए उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण कर उद्योगों को मण्डल के जनपदों में शीघ्र स्थापित कराये जाने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल विकास योजना के अन्तर्गत शिल्पकारों, कारीगरों की सहायता के लिए योजना संचालित है, जिसमें शिल्पकारों को पहले चरण में एक लाख रूपये तथा दूसरे चरण में दो लाख तक सहायता महज पांच प्रतिशत ब्याज की दर का कोलरेट फ्री लोन दिया जाता है।

# आस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त ने मंत्री दानिश आज़ाद से आयात-निर्यात पर की चर्चा

- भारत और आस्ट्रेलिया के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध: दानिश आजाद अंसारी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारत में आस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ओएम ने मंगलवार को प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उत्तर प्रदेश और आस्ट्रेलिया के बीच यूपीजीआईएस-2023 और जीबीसी-4:0 में किये निवेश और एमओयू के साथ ही आयात-निर्यात पर चर्चा की। दानिश आजाद ने कहा कि भारत और आस्ट्रेलिया के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध हैं और इन संबंधों को प्रगाढ़ करने में प्रदेश की हमेशा सकारात्मक भूमिका रही है। आस्ट्रेलिया और प्रदेश सरकार के एक साथ काम करने से दोनों देशों के राजनैतिक और आर्थिक संबंध मजबूत होंगे, जिससे रोजगार और विकास के नए दरवाजे खुलेंगे। भविष्य में उत्तर प्रदेश अन्य क्षेत्रों में भी आस्ट्रेलिया के साथ बेहतर संभावनाएं तलाशने का प्रयास करेगा। श्री अंसारी ने कहा कि प्रदेश भारत और आस्ट्रेलिया के साथ संबंधों को बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदायों के बीच वृद्धि और विकास को बढ़ाने के लिए सरकार की नीतियों की पहल के बारे में जानकारी दी। आस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त ने प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश के साथ आयात-निर्यात को लेकर निवेश और औद्योगिक संबंधों को बढ़ाने पर बल दिया। इस मौके पर आस्ट्रेलिया उच्चायोग के सीनियर सेक्रेट्री माइकल रीस, सेकेण्ड सेक्रेट्री टॉम ओवर्टन क्लार्क और सीनियर रिसर्च ऑफिसर वंदना सेठ उपस्थित थीं।

## अनुप्रिया पटेल ने एनडीए के विजेता उम्मीदवारों को दी बधाई

**लखनऊ।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने उत्तर प्रदेश में हुए द्विवार्षिक राज्यसभा चुनाव में एनडीए के तीनों विजेता उम्मीदवारों की भारी जीत पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि यह जीत आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनकल्याणकारी नीतियों का सुखद परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने एनडीए का जो खूबसूरत गुलदस्ता बनाया है, उसमें समाज के सभी वर्गों को शामिल किया गया है। उत्तर प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में जिन आठ लोगों को उम्मीदवार घोषित किया गया, उसमें समाज के हर वर्ग के लोगों को प्रतिनिधित्व का मौका दिया गया है, वास्तव में एनडीए ही पीडीए का प्रतिनिधित्व करती है। दूसरी ओर, विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी पीडीए के नाम पर दलित- पिछड़ों को बरगलाने का कार्य कर रही है।



उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों पर हुए चुनाव का रिजल्ट जारी हो गया है इस चुनाव में बीजेपी ने आठ और सपा ने दो सीटों पर जीत दर्ज की है इसमें सबसे अधिक वोट सपा उम्मीदवार जया बच्चन को 41 वोट मिले हैं इसके साथ ही सपा के दूसरे उम्मीदवार रामजी लाल सुमन को 40 वोट मिले हैं। वहीं बीजेपी उम्मीदवार संजय सेठ को 29 वोट मिले हैं, जिनकी दूसरी वरीयता के आधार पर जीत हुई है बीजेपी के संजय सेठ और आरपीएन सिंह को छोड़कर सभी को 38 वोट मिले हैं और आरपीएन सिंह को 37 वोट मिले हैं।

# हज़रत अब्बास की विलादत की पूर्व संध्या पर सजीं महफिलें

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत अब्बास (अ.स.) की विलादत की पूर्व संध्या पर इमामबाड़ा आगा बाकर चौक में जश्ने बाबुल मुराद का आयोजन किया गया। महफिल को मौलाना मीसम जैदी ने खिताब किया। इसके बाद शायर एजाज जैदी, हसन फराज, अंजुम गदीरी, मुख्तार लखनवी, हैदर रजा, नदीम नजफी, फरीद मुस्तफा, खुशनूद मुस्तफा, गुलरेज नकी और मौलाना मोहम्मद अस्करी आदि ने अपने कलाम पेश किये। कार्यक्रम का आयोजन हुसैनी यूथ फेडरेशन ने किया था। अजाखाना मेहदी हुसैन मरहूम हसन पुरिया में आयोजित जश्ने बाबुल मुराद महफिल को सैफी नकी ने खिताब करते हुए हजरत अब्बास (अ.स.) की फजिलत बयान की। इसके बाद शायर कुमैल लखनवी, अजहर हुसैन,जव्वार नकी,मेहदी मुरदाबादी, गजनफर हुसैन,जाफर फतेहपुरी सहित अन्य शायरों ने अपने कलाम पेश किये। महफिल का आगाज कारी फुरकान हुसैन ने तिलावते कुराने पाक से व संचालन जफर बनारसी ने किया। जश्न में मौलाना यासूब अब्बास ने तरकीर करते हुए हजरत अब्बास (अ.स.) के फजायल बयान किये। इसके बाद शायरों ने अपने कलाम पेश किये। जश्न का आगाज कारी यूनुस ने तिलावते कुराने पाक से वे संचालन मशराकैन ने किया। जश्न में शायर शाहीन जैदी,मेहदी महमूदाबादी, मासूम रजा मुजफ्फरनगर, मीसम मुबारकपुरी, कामयाब सैंडलवी मोनिस कर्बलाई आदि ने कलाम पेश किए। जश्न का आयोजन हुसैनी विचार मंच ने किया था।


## तीन समाज सेवियों को मिला अवार्ड



**लखनऊ।** शियों के बारवें इमाम हजरत मेहदी (अ.स.) की यौमे विलादत के मौके पर अंजुमन खुद्दामे कर्बला की ओर से कर्बला मलका जहां ऐशबाग में आयोजित "जश्ने वली-ए-अस्र" में तीन समाज सेवियों को अवार्ड मिला। समारोह में समाजसेवी वफ़ा अब्बास, शेख सईद हुसैन, दिलावर हुसैन को समाजी सेवाओं के पेशे नजर एवार्ड से नवाजा गया। इस मौके पर मौलाना मीसम ज़ैदी, मौलाना यासूब अब्बास इमाम मेहदी सहित तमाम लोग शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन मौलाना उर्फी नानपारवी व कौसर जरवली, अध्यक्षता मौलाना मोहम्मद अब्बास तुराबी एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रिंस इकबाल मिर्जा ने दिया।

# संभल से सपा सांसद शफीकुर्रहमान का निधन, 94 साल की उम्र में ली आखिरी सांस

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का मंगलवार को 94 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने मुरादाबाद के सिद्ध हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। बता दें कि पिछले कुछ समय से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था। उन्हें शारीरिक कमजोरी और लूज मोशन के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने उन्हें किडनी में इन्फेक्शन की समस्या बताई थी।

शफीकुर्रहमान का जन्म 11 जुलाई 1930 को हुआ था। उन्होंने चौधरी चरण सिंह के साथ राजनीति की शुरुआत की थी। वह बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के संयोजक भी रहे। उन्हें देशभर में मुस्लिमों की आवाज बुलंद करने और ईमानदार छवि होने के लिए जाना जाता था। उन्होंने समाजवादी पार्टी के गठन के समय भी मुलायम सिंह यादव के साथ मिलकर काम किया था और वह सपा के फाउंडर मेंबर भी कहलाते थे।

वर्तमान में संभल से सपा के सांसद बर्क 5 बार लोकसभा चुनाव में अपनी जीत दर्ज करा चुके थे। उन्होंने साल 1996, 1998 और 2004 में सपा से मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 3 बार जीत दर्ज की। इसके बाद बसपा के टिकट पर संभल लोकसभा से 2009 में जीतने में कामयाब रहे। इसके बाद 2019 में उन्होंने सपा के टिकट पर संभल से दोबारा जीत दर्ज की थी।

# लगाया गया नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

- लगभग 150 मरीज़ों की जांच की गई
- 40 लोगों को चश्मा पहनाने की साथ चार मरीज़ों को आप्रेशन की दी सलाह

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** गोरखपुर मे स्थित इमामबारगह अशरफुन्न निसा ख़ानम निकट गीताप्रेस डाकघर में रफत हुसैन कि अध्यक्षता में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर मे सर्व-धर्म समभाव के तहद सभी धर्म,वर्ग के (औरत, मर्द तथा बच्चे) लगभग 150 मरीज़ों की जांच की गई। मरीज़ों की जांच कर रहे डॉक्टर अतीक अहमद और उनकी सहयोगी डॉक्टर सुमन ने 40 लोंगों को चश्मा पहनने की साथ ही 4 मरीज़ों को आप्रेशन की सलाह दी। शिविर में आए लोगों को मैनेजमेंट निःशुल्क चश्में भी उपलब्ध कराए। शिविर में दवाइयां और चश्में का खर्च सैय्यद क़ायाम हसन (मिसम) ने उठाया। शिविर का मैनेजमेंट देख रहे मिर्ज़ा मेहदी हसन ने बताया कि इस तरह के कैंप समय समय पर आयोजित किए जाते है, जिससे लोगों को घर के पास समय पर इलाज उपलब्ध कराया जाता है। कई बार लोग दिक्कत होने के बावजूद डॉक्टर के पास नहीं जाते है। ऐसे में उनकी बीमारी बढ़ जाती है। इस तरह के कैंप में लोग जांच कराने आते हैं, जहां पर जांच में गंभीर मरीजों का इलाज भी कराया जाता है, ताकि उनकी आंखों को बचाया जा सके। इस मौके पर मोहल्ला शेख़पुर के पार्षद अवधेश अग्रहरी भी मौजूद रहे और लोंगों को शिविर के महत्व से जागरूक कराया। इस शिविर को सफल बनाने मे जनाब मिर्ज़ा अलमदार हुसैन, रहबर हसन, अहमर रिज़्वी तथा मोहम्मद रिज़्वी का अहम योगदान रहा।

# नीरज बोरा ने बताई सरकार की उपलब्धियां



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** श्री संकट मोचन मन्दिर श्रीपुरम त्रिवेणीनगर, लखनऊ में युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आयोजन के तहत उत्तर मण्डल 2 के मण्डल संयोजक गौरव अवस्थी (युवा मोर्चा) द्वारा अयोजित कार्यक्रम में लखनऊ उत्तर विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ने युवा साथियों से संवाद कर भाजपा सरकार की विभिन्न उपलब्धियों से आम जनमानस को अवगत कराया।

# भाषा विश्वविद्यालय में हुआ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ वर्कशॉप का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नामक कार्यशाला का आयोजन किया गया। विदित है कि भारत और उत्तर प्रदेश सरकार बेटियों के विकास के लिए संकल्पित है। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की प्रभारी डॉ. रूचिता सुजॉय चौधरी के आईसीएसएसआर स्पॉन्सर्ड कार्यशाला का आयोजन माननीय कुलपति प्रो. एन.बी सिंह के मार्गदर्शन में ÷ जेंडर सेंसटाइजेशन थ्रू बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ~ अ रोड मैप फॉर सोशल चेंज ÷ विषय पर एक दिवसीय पर अटल हॉल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय में स्थित अटल सभागार में मुख्य अतिथि ज्वाइंट सेक्रेटरी , डायरेक्टोरेट ऑफ फैमिली वेलफेयर डा. अश्विन कुमार एवं स्टेट टेक्निकल कोऑर्डिनेटर ऑफ यूनीसेफ जावेद अंसारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। विश्वविद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति दी गई। मंच पर मंचासीन अतिथियों को पौध अर्पण कर उनका स्वागत किया गया।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए मंचासीन जावेद अंसारी ने अपनी प्रेजेंटेशन देते हुए अपने ÷उद्बोधन में मिशन शक्ति ,प्रशासन की पाठशाला जैसी और भी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है।

